कोडिअ. पुं० (कोटिक) एक जैन मुनि. Name of a Jain muni. कप्प०

कोडिअ. त्रि० (कोटित) संकोचित. Closed, Laded. धर्मसं० ३८८;

कोडिण्ण-न्न. न० (कौण्डिन्य) इस नाम का एक नगर. A city of this name. उप० ६४८ टी;

कोडिबद्ध. त्रि०(कोटिबद्ध) करोड़ संख्या वाला. Ten million. वव० ३;

कोडिल्ल. (कौटिल्य) इस नाम का एक ऋषि; चाणाक्य मुनि. A saint of this name. "Chanak Muni". वव० १;

कोणव. पुं० (कौणप) राक्षस; पिशाच. A demon. पाअ०

कोणायल. पुं० (कोणाचल) भगवान शान्तिनाथ के प्रथम श्रावक का नाम. Name of first follower (Saravak) of Jain Tirthanker Shantinath. विचार० ३७८;

कोत्तिअ. त्रि० (कौतुकिक) कौतुकी; कुतुहली. Vebernence, Dance. गा० ६७२;

कोध. पुं० (क्रोध) इस नाम का एक राजा, जिसने दाशरथी भरत के साथ जैन दीक्षा ली थी. A Raja of this name, who became Jain faqir (Sadhu) along with Bharat Son of Dashrath. पउम० ८५, ४;

कोबेरी. स्त्री०(कौबेरी) विद्या विशेष. A knowledge. पउम० ७, १४२ ;

कोमारी. स्त्री० (कौमारी) विद्या-विशेष. A knowledge. पउम० ७,१३७;

कोमुई. स्त्री०(कौमुदी) इस नाम की एक नगरी. Name of a city. पउम० ३६, १००;

कोरंटग. न०(कोरण्टक) इस नाम का भृगुकच्छ (भडौच) शहर का एक उपवन. A garden of Bharauch city. वव० १;

कोल. पुं० (क्रोड) उत्संग; कोला. Thigh. गउड०

कोल. पुं० (कोल) (१) देश विशेष. A country of this name. पउम० ६८, ६६; (२) अस्त्र विशेष. A weapon of this name. धम्म० ५; (३) मनुष्य की एक नीच जाति. A low family of shudras. आया० चू० ४;

कोल. त्रि० (कौल) (१) शक्ति का उपासक; तान्त्रिक मत का अनुयायी. Worshipper of Shakti, A follower of the doctrine taught by the Tantra. (२) तान्त्रिकमत से संबन्ध रखने वाला. Follower of Tantras. कप्पू०

कोलगिणी. स्त्री० (कोली, कोलकी) कोल-जातीय स्त्री०. Wife of a weaver, or a woman of low race. आया० चू० ४;

कोलालिय. पुं० (कौलालिक) मिट्टी का पात्र बेचने वाला. Potter. बृह० २;

कोलाहलिय. त्रि० (कोलाहलिक) कोलाहल वाला; शोरगुल वाला. Noisy. पउम० ११७, १६;

कोलिन्न. न० (कौलिन्य) कुलीनता; खानदानी. Of a good family. धर्मवि० १४६;

कोलीकय. त्रि० (क्रोडीकृत) स्वीकृत; अंगीकृत. Embraced. गउड०

कोलीण. न० (कौलीन) (१) किंवदन्ती; लोक-वार्ता; जन-श्रुति. Rumour. मा० ३७; (२) त्रि० वंश परंपरागत ; कुल क्रम से आयात. Family decent. (३) उत्तम कुलमें उत्पन्न. High birth. (४) तान्त्रिक मत का अनुयायी. A follower of Tantrik Shakti. नाट—महावी० १३३;

कोलेय. पुं० (कौलेयक) श्वान; कुत्ता Dog. सम्मत्त० १६०; धर्मवि० ५२;

कोल्लइर. न० (कोल्लकिर) (१) नगर विशेष. A city of this name. आव० ३; (२) वार्धक्य; बुढ़ापन. Old age. पिंड०

कोल्लापुर. न० (कोल्लापुर) दक्षिण देश का एक नगर. A city of this name in south country. ती० ३४;

कोल्लासुर. पुं० (कोल्लासुर) इस नाम का एक दैत्य. A demon of this name. ती० ३४;

कोवण. त्रि० (कोपन) क्रोधी; क्रोध युक्त. Wrathful. सु० च० ३८५;

कोवाय. पुं० (कोर्पक) अनार्य देश-विशेष. A country of this name. प्रव० २७४;

कोवि. त्रि० (कोपिन्) क्रोधी; क्रोध युक्त. Wrathful. सु० च० २८१;

कोविश्र. त्रि० (कोपित) (१) क्रुद्ध किया हुआ. Enraged. (२) दूषित; दोष युक्त किया हुआ. Falsely accused. उव०

कोविश्रार. पुं० (कोविदार) वृक्ष-विशेष. A tree of this name. विक्र० ३३;

कोविणी. स्त्री० (कोपिनी) कोप-युक्त स्त्री. Passionate or angry woman. श्रा० १२;

कोस. पु० (कोश-ष) (१) कुड्मल. A young shoot. कुमा० (२) मुकुल; कली. A bud. गउड० (३) दिव्य भेद; तप्त लोहे का स्पर्श वगैरः शपथ. Judicial trial by ordeal or by fire, water, poison, heated bars of iron. (४) अभिधान शास्त्र; शब्दार्थ-निरूपक ग्रन्थ Dictionary. (५) पुं० न० पान-पात्र; चषक. A pot in which beetles are kept. पाअ० (६) नगर-विशेष. A city of this name. स० १३३; (७) तलवार की म्यान. A Sheath. (८) गोल; वृत्ताकार. Round. सु० च० २०; —अहिव. पुं० (अधिप) खजानची; भंडारी. Cashier. सु० च० ७३;

कोसपाण. न० (कोशपान) सोगन; शपथ. An oath. गा० ४४८;

कोसल. न० (कौशल) कुशलता; निपुणता; चातुरी. Happiness, Complete, Intelligence. कुमा०

कोसल. पुं० (कोसल) एक जैन महर्षि; सुकोसल मुनि. Name of a Jain Saint (Sukosal). पउम० २२, ४४;

कोसल्ल. न० (कोशल्य) निपुणता; चतुराई. Cleverness. सु० च० १६; सुर० १०, ८०; कुमा०

कोसल्लया. स्त्री० (कौशल्य) निपुणता; चतुराई. Complete, Cleverness. सुपा० ६०३;

कोसल्ला. स्त्री० (कौशल्या) राम की

माता. Name of mother of Raja Ramchander ji (Kaushalya). उप० पृ० ३७४;

कोसा. स्त्री० (कोशा) इस नाम की एक प्रसिद्ध वेश्या, जिसके यहां जैन महर्षि श्री स्थूलभद्र मुनि ने निर्विकार भाव से चातुर्मास किया था. Name of a prostitute (Kosha) where Jain Saint Shri Sathul Bhadra passed his four rainy months in devotion controlling his passions. विवे० ३३;

कोसिए. त्रि० (कोष्ण) थोड़ा गरम. Little hot, Moderately warm. नाट-वेणी०

कोसिय. पुं० (कौशिक) (१) उलूक; घूक; उल्लू. Owl. पाश्र० सार्ध० ५६; (२) वृत्त-विशेष. Name of a tree. (३) इन्द्र. God Indra. (४) नकुल. An ichneumon. (५) कोशाध्यक्ष; खजानची. Cashier. (७) इस नाम का एक राजा. A Raja of this name. (८) इस नाम का एक असुर. A demon of this name. (६) सर्प को पकड़ने वाला; गारुड़िक. A snake catcher. (१०) अस्थि-सार; मज्जा. Marrow, Bone. (११) शृंगार रस. Love, the passion. हे० १, १५६; (१२) तापस-विशेष. Name of a devotee. भवि० (१३) पुं० सर्प विशेष; चण्डकोशिक नामक दृष्टिविष सर्प, जिस को भगवान महावीर स्वामी ने प्रबोधित किया था. A kind of snake, who was made to understand by Bhagwan "Mahabir." (१४) न० बीसवें नक्षत्र का गोत्र. Family name of the 20th "Nakshattra"

कोसिया. स्त्री० (कोशिका) (१) भारतवर्ष की एक नदी. A river of India of this name. कस० (२) इस नाम की एक विद्याधर-राज-कन्या. Name of a daughter of a Vidyadhar. पउम० ७, ५४; (३) चमड़े का जूता. Shoe. स० २२३;

कोसुम. त्रि० (कौसुम) फूल-संबन्धी; फूल का बना हुआ. Flowery. गउड०

कोह. पुं० (कोथ) कोथली; थैला. Bag. विशे० २६८८;

कोहंझाण. न० (क्रोधध्यान) क्रोध-युक्त चिन्तन. Thoughts. आउ० ११;

कोहंड. पुं० (कूष्माण्ड) व्यन्तर श्रेणीय देव जाति विशेष. Name of a family of a sprite. प्रव० १४;

कोहंडी. स्त्री० (कूष्माण्डी) कोहले का गाछ. A pumkin tree. हे० १, १२४;

कोहण. पुं० (क्रोधन) इस नाम का रावण का एक सुभट. A warrior of this name of Raja Rawna. पउम० ५६, ३२;

कोहलिअ. त्रि० (कुतूहलिन्) कुतूहली; कुतूहल प्रेमी. Eager, Impatient. गा० ७६८;

कोहलिया. स्त्री० (कूष्माण्डिका) कोहले का गाछ. A pumpkin tree. गा० ७६८;

ख

ख. पुं० (ख) व्यञ्जन वर्ण विशेष, इसका स्थान कंठ है. The second consonant of the Nagri alphabet which is spoken from throat. प्रामा० प्राप्र०

खइअ. त्रि० (क्षयित) क्षय प्राप्त; क्षीण. Wasting, decaying. सुर० १६, १६१;

खइअ-ग. पुं० (क्षायिक) (१) क्षय; विनाश; उन्मूलन. Waste, destruction, To take out from the root. (२) त्रि० क्षय से उत्पन्न; क्षय संबन्धी.

which has come to light after destructing karmas. (३)कर्मनाश से उत्पन्न.Createdafter destruction of Karmas. विशे० ३४६५; क० गं०१, १५, ३, १६; ४, २२; सम्य० २३;

खइत्त. न० (क्षैत्र) खेतों का समूह; अनेक खेत. Several fields. पि० ६१;

खइया. स्त्री० (खदिका) खाद्य-विशेष; सेका हुआ व्रीहि. Dried or parched grain. भवि०

खउड. पुं० (खपुट) स्वनाम प्रसिद्ध एक जैनाचार्य. A Jain Saint of this name. आवम०

खउर. पुं० न० (खपुर) खैर वगैरह का चिकना रस; गोंद. Gum. निसी० चू० १६;

खउर. न०(क्षौर) क्षौर-कर्म; हजामत. Shave. हेका० १८६;

खउरिअ. त्रि० (खपुरित) खरण्टित ; चिपकाया हुआ. Stitched. निसी० चू० ५;

खउरिअ. त्रि० (क्षौरित) मुण्डित; लुञ्चित; केश रहित किया हुआ. Shaved, To uproot the hairs by hand. से० १०, ४३;

खउरीकय. त्रि० (खपुरीकृत) गोंद वगैरः की तरह चिकना किया हुआ. Greasy. उव०

खंज. त्रि०(खञ्ज) लंगड़ा; पंगु; लूला. Lame. सु० च० २७६;

खंजा. स्त्री०(खञ्जा) छंद विशेष. A stanza. पिंग०

खंजिअ. त्रि० (खञ्जित) जो लंगड़ा हुआ हो; पंगुभूत.A Lame. कप्पू०

खंड. पुं० (खण्ड) एक नरक-स्थान. A Hell of this name. देवेन्द्र० २१; —कव्व. न० (काव्य) छोटा काव्य-ग्रन्थ. A book of small poetry. सम्मत्त० ८४;

खंडण. न० (खण्डन) (१) कण्डन; धान्य वगैरह का छिलका अलग करना. To remove husk of rice. सु० च० १४; (२) त्रि० विनाश करने वाला; नाशक. Destroyer. सु० च० ४३२;

खंडणा. स्त्री० (खण्डना) विच्छेद; विनाश. Destruction. निसी० चू० १;

खंडव. न० (खाण्डव) इन्द्र का वन-विशेष. A garden of Indra of this name. नाट०—वेणी० ११४;

खंडसो. अ० (खण्डशः) टुकड़ा टुकड़ा; खण्ड खण्ड. To cut into pieces. पि० ५११;

खंडा. स्त्री० (खण्डा) मिस्री; चीनी; सक्कर. Sugar. ओघ० नि० ३७३;

खंडा. स्त्री० (खण्डा) इस नाम की एक विद्याधर कन्या. A daughter of a Vidya-Dhar of this name. महा०

खंडाखंडीकय. त्रि० (खण्डखण्डीकृत) टुकड़ा टुकड़ा किया हुआ.Broken into pieces. सुर० १६, ५६;

खंडामणिकंचण. न० (खण्डामणिकाञ्चन)इस नाम का एक विद्याधर-नगर. A city of Vidya Dhar of this name. इक०

खंडावत्त. न० (खण्डावर्त्त) इस नाम का एक विद्याधर-नगर. A city of a Vidya Dhar of this name. इक०

खंडाहंड.त्रि०(खण्डाखण्ड) टुकड़ा टुकड़ा किया हुआ.Broken into pieces.सुपा०३८५;

खंडिआ. स्त्री० (खण्डिका) खण्ड; टुकड़ा. A piece. अभि० ६२;

खंतव्व. त्रि० (क्षन्तव्य) क्षमा-योग्य; माफ करने लायक. Excusable. विक्र० ३८; भवि०

खंद. पुं० (स्कन्द) राम का इस नाम का एक सुभट. A warrior of this name of Raja Ram. पउम० ६७, ११;

खंदकुमार. पुं० (स्कन्दकुमार) एक जैन-मुनि. A Jain Muni of this name. उव०

खंदरुद्द. न० (स्कन्दरुद्र) शास्त्र-विशेष. A

Religious book of this name. धर्मसं० ६३५;

खंध. पुं० (स्कन्ध) छंद-विशेष. A Stanza. पिंग०

खंधग्गि. पुं० (स्कन्धाग्नि) स्थूल काष्ठों की आग. Fire of big pieces of a wood. पाश्र०

खंधयट्ठि. स्त्री० (स्कन्धयष्टि) हाथ; भुजा. Arm. दे० २, ७१;

खंधर. पुं० स्त्री० (कन्धर) ग्रीवा; डोक. Neck. सण०

खंधसालि. पुं० (स्कन्धशालिन्) व्यन्तर देवों की एक जाति. A family of demons. राज०

खंधार. पुं० ब० (स्कन्धार) देश-विशेष. A country of this name. पउम० ६८, ६६;

खंधाल. त्रि० (स्कन्धमत्) स्कन्ध वाला. The trunk of a tree. सु० च० १२६;

खंभल्लिअ. त्रि० (स्तम्भनिगडित) खंभे से बांधा हुआ. Tied up with a pole. से० ६, ८५;

खंभाइत्त. न० (स्तम्भादित्य) गूर्जर देश का एक प्राचीन नगर; खंभात. An old city in Gujrat (Khambat). ती० २३;

खगामिणी. स्त्री० (खगामिनी) विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से आकाश में गमन किया जा सकता है. A Knowledge, by aid of which one can fly in the sky. पउम० ७, १४५;

खग्गाखग्गि न० (खड्गाखड्गि) तलवार की लड़ाई. Battle of swords. सिरि० १०३२;

खज्ज पुं० (खर्ज) वृक्ष-विशेष. A tree of this name. स० २५६;

खज्ज. त्रि० (क्षय्य) जिसका क्षय किया जासके वह. One, who can be destructed. कु०

खट्टंग. न० (खट्वाङ्ग) शिव का एक आयुध. A weapon of Lord Shiva. कुमा० (२) प्रायश्चित्तात्मक भिक्षा पात्र. (३) तान्त्रिक मुद्रा विशेष. A ring made of Tantras. वज्जा० ८८;

खट्टक्खड. पुं० (खट्वाक्षक) रत्नप्रभा नामक पृथ्वी का एक नरकावास. A hell. स० ८६

खट्टा. स्त्री० (खट्वा) खाट; पलंग; चारपाई. A cot. सुपा० ३३७; हे० १, १६५;

खट्टामल्ल. पुं० (खट्वामल्ल) बिमारी की प्रबलता से जो खाट से उठ न सकता हो वह. Who is unable to move from bed on account of sickness. बृह० १;

खडंग. न० (षडङ्ग) छः अंग; वेद के छः अंग-शिक्षा, कल्प, व्याकरण, ज्योतिष, छंद, निरुक्त. Six parts, Six parts of Vedas. —वि. त्रि० (वित्) छहों अंगों का जानकार One who knows six parts of Vedas. पि० २६५;

खडक्कार. पुं० (खटत्कार) आहट देना; ध्वनि के द्वारा सूचना. To Clack. सुर० ११, ११२; विक० ६०;

खडक्खड. पुं० (खटत्खट) खट खट आवाज. Sound of clack. मोह० ८६;

खडहड. पुं० (खटखट) साँकल वगैरह की आवाज; खटत्कार. Sound of chain. सु० च० ५०२;

खडिआ. स्त्री० (खटिका) खड़ी ; लड़कों के लिखने की खड़ी. Chalk. कप्पू०

खडी. स्त्री० (खटी) देखो 'खडिआ' शब्द. See word "Khariya" प्राकृ०.

खडुक्कय. पुं० न० (खटत्कृत) आहट देना; ध्वनि के द्वारा सूचना. To clack. सु० च० ४१४;

खणण. न० (खनन) खोदना. To dig. पउम० ८६, ६०; उप० पृ० २२१;

खणय. त्रि० (खनक) खोदने वाला. Digger,

One who digs. दे० १; ८५;

खणया. स्त्री० (क्षणदा) रात्रि; रात. Night. उप० ७६८ टी;

खणाविय. त्रि० (खानित) खुदाया हुआ. Which was dug into. सु० च० ४५४;

खणित्त. न० (खनित्र) खोदने का अस्त्र; खन्ती. A spade. दे० ४, ४;

खणिय. त्रि० (खनित) खुदा हुआ. Excavated. सु० च० २५६;

खणिय. त्रि० (क्षणिक) (१) क्षणविनश्वर; क्षणभंगुर. Frail. विशे० १६७२; (२) फुरसत वाला; काम-धंधा से रहित. Who has no work; Out of work; Unemployed. धर्म्म० ८ टी;

खणियवाइ. त्रि० (क्षणिकवादिन्) सर्व पदार्थ को क्षण-विनश्वर मानने वाला; बौद्धमत का अनुयायी. A follower of Budha, who cosiders momentry to every thing in the world. राज०

खण्ण. त्रि० (खन्य) खोदने योग्य. Fit to dig. दे० २, ३६;

खप्पर. पुं० (कर्पर) (१) मनुष्य-जाति-विशेष. Name of family of a human being. रंभा० (२) खोपड़ी; कपाल. Skull. हे० १, १८१; (३) घट वगैरः का टुकड़ा. A piece of earthen part. पउम० २०, १६६; (४) भिक्षा पात्र; कपाल. Name of a pot in which alm is collected 'Kapal". सु० च० ४६५;

खम. त्रि० (क्षम) उचित; योग्य. Able. adequate. पञ्च० ५४; पाअ०

खमा. स्त्री० (क्षमा) पृथ्वी; भूमि. Land; Earth. सु० च० ३४८; —हर. पुं० (धर) (१) पर्वत; पहाड़. Mountain. (२) साधु; मुनि. Mendicant, Muni. सु० च० ६२६;

खमाविय. त्रि० (क्षमित) माफ किया हुआ. Who was excused. हे० ३, १५२; सुपा० ३६४;

खमिय. त्रि० (क्षमित) माफ किया हुआ. Who was excused. कुम० १६;

खय. त्रि० (खग) आकाश तक ऊँचा पहुंचा हुआ. High up to sky. —राय. पुं० (राज) पक्षियों का राजा; गरुड़ पक्षि. A bird, King of birds. पाअ० —वइ. पुं० (पति) गरुड़ पक्षि. Lord of "Garuds" a bird. से० १५, ५०;

खय. न० (क्षत) (१) व्रण; घाव. Wound. उप० ७२८ टी; (२) त्रि० व्रणित; घवाया हुआ. Wounded. श्रा० १४; सुपा० ३४६; सुर० १२, ६१;

खय. त्रि० (खात) खोदा हुआ. Excavated. पउम० ६१, ४२;

खय. पुं० (क्षय) रोग-विशेष; राज-यक्ष्मा. Consumption, Phthisis. लहुअ० १५;

खयंकर. त्रि० (क्षयकर) नाश कारक. Destroying. पउम० ७, ८१; ६६, ३४; पुप्फ० ८२;

खयंतकर. त्रि० (क्षयान्तकर) नाश कारक. Destroying. पउम० ७, १७०;

खयकाल. पुं० (क्षयकाल) प्रलय काल. The time of destruction of all things. भवि० हे० ४, ३७०;

खयग्गि. पुं० (क्षयाग्नि) प्रलय काल की आग. Fire of the time of destruction of all things. से० १२, ८१;

खयर. पुं० स्त्री० (खचर) (१) आकाश में चलने वाला; पक्षी. A bird who flies in the sky. जी० २०; (२) विद्याधर; विद्या बल से आकाश में चलने वाला मनुष्य. Aerial, One who moves in the air. सु० च० २४०;

खयायार. पुं० स्त्री० (क्षताचार) शिथिलाचार

साधु या साध्वी. A degraded mendicant, A Sadhu or Sadhvi who was fallen from his or her acts. वव० ३;

खर. त्रि० (त्तर) विनश्वर; अस्थायी. Uncertain. विशे० ४४७;

खर. पुं० (खर) छन्द-विशेष. A stanza. पिंग०

खरंटण. न० (खरण्टन) (१) निर्भर्त्सन; परुष भाषण. Bitter talk. वव०१; (२) प्रेरणा. To request. श्रोघ० नि० ४०;

खरंटणा स्त्री० (खरण्टना) देखो 'खरंटण' शब्द. See word "Kharanton". श्रोघ० नि० ७४;

खरंटिश्र. त्रि० (खरण्टित) निर्भर्त्सित. Rebuked. कुप्र० ३१८ ;

खरकम्मिश्र. त्रि० (खरकर्मिन्) (१) निष्ठुर कर्म करने वाला. Cruel, (२) कोटवाल; दाण्डपाशिक. Kotwal, A Police officer. श्रोघ० २१८;

खरकिरण पुं० (खरकिरण) सूर्य;सूरज. Sun. पिंग० सण०

खरड. पुं० (खरट) एक जघन्य मनुष्य-जाति. A race of human being of this name. सुपा० ३६२;

खरडिश्र. त्रि० (लिप्त) जिसको लेप किया गया हो वह; पोता हुआ. Plastered. श्रोघ० नि० ३७३;

खरदूसण. पुं० (खरदूषण) इस नाम का एक विद्याधर राजा, जो रावण का बहनोई था. Name of a Vidyadhar Raja, who was brother-in-law of Rawana. पउम० १०, १७;

खरनिस्सण. पुं० (खरनिःस्वन) इस नाम का रावण का एक सुभट. A warrior of this name of Raja Rawna. पउम०५६,३०;

खरफरुस. पुं० (खरपरुष) एक नरक-स्थान. A place in hell. देवेन्द्र० २७;

खरमुही. स्त्री० (खरमुखी) नपुंसक दासी. An eunuch (she) वव० ६;

खरय. पुं० (खरक) महावीर प्रभु के कान में से खीला निकालने वाला एक वैद्य. A physician of this name who took out a nail from the ear of Mahabir Prabhu. चेइय०११;

खरसन्नय. न० (खरसंज्ञक) तिल का तैल. Oil of Til seeds. श्रोघ० नि० ४०६;

खलणा. स्त्री० (स्खलना) (१) गिर जाना; निपतन. To fall. (२) अटकायत; रुकावट. To stop. उप० ३३६ टी; (३) विराधना; भञ्जन. To fall out of his actions. श्रोघ० नि० ७८८;

खलपू. त्रि०(खलपू) खेले को साफ करने वाला. A sweeper, one who sweeps the ground in a field where cow is kept. कुमा० षड्० प्रामा०

खलहल-ल. पुं० (खलखल) नदी के प्रवाह की आवाज. The sound of floating river. सुर० ३, ११; २, ७४;

खलिश्र. त्रि० (स्खलित) (१) रुका हुआ. Stopped. (२) गिरा हुआ; पतित. Fallen. है० २, ७७; पाश्र०

खलिश्र. त्रि० (खलिक) खल से व्याप्त; खलिखचित. दे० ४, १०;

खलिण. न० (खलिन) कायोत्सर्ग का एक दोष. A fault while contemplating. प्रव० ५;

खलित्तार. त्रि०(स्खलितृ) स्खलना करने वाला. One who makes mistake. वज्जा० ५८; सण०

खलिया. स्त्री० (खलिका) तिल वगैरः का तैल-रहित चूर्ण. A compounded powder

of medicines without oil. सुपा० ४१४;

खलियार. पुं० (खलिकार) तिरस्कार; निर्भर्त्सना. Curse. पउम० ३६; ११६;

खलियारण. न० (खलीकरण) तिरस्कार. Curse. पउम० ३६, ८४;

खलियारणा. स्त्री० (खलीकरणा) वञ्चना; ठगाई. Deception, To cheat. स० २८;

खलियारिश्र. त्रि० (खलीकृत) (१) तिरस्कृत. Cursed. पउम० ६६, २; (२) वञ्चित; ठगा हुआ. Deceived. स० २८;

खलुखित्त. न० (खलुक्षेत्र) जहां पर जरूरी चीज मिले वह क्षेत्र. The place where the needed thing can be obtained. वव०

खल्लीड. पुं० (खल्वाट) जिस के सिर पर बाल न हों; गञ्जा; चंदला. Bald. है० १, ७४; कुमा०

खविश्र. त्रि० (क्षपित) उद्वेजित. Submitted to. गा० १३४;

खव्व. त्रि०(खर्व) (१) वामन; कुब्ज. Hump backed. पाश्र० (२) लघु; थोड़ा. Small; little. सिर० १७५;

खसखस. पुं० (खसखस) पोस्त का दाना; उशीर; खस. The poppy. सं० १६;

खसिश्र. न० (कसित) रोग-विशेष; खाँसी. Cough. है० १, १८१;

खाश्र. त्रि० (खादित) भुक्त; भक्षित. Eaten. गा० ६६८; भवि०

खाइ. स्त्री० (खाति) परिखा; खाई. Ditch. सुपा० २३४;

खाइर. त्रि० (खादिर) खदिर-वृक्ष-संबन्धी. Derived from the Khair tree है० १, ६७;

खाण. न० (खादन) भोजन; भक्षण. Food. गा० ६६२; पउम० १४, १३६;

खाण, न० (ख्यान) कथन; उक्ति. To relate. राज०

खाणिश्र. त्रि० (खानित) खुदवाया हुआ. To dug, Excavated. है० ३, ५७;

खाम. त्रि० (क्षाम) (१) कृश; दुर्बल. A kind of grass; weak. उप० ६८६ टी; पाश्र०

खामिश्र. त्रि० (क्षमित) (१) सहन किया हुआ. For bearing. (२) विलम्बित; विलम्ब किया हुआ. Delayed. पउम० ४३, ४१; है० ३, १५३;

खाय. पुं० (खाद्) पांचवी नरक भूमि का एक नरक स्थान. A place of the 5th hell. देवेन्द्र० ११;

खार. पुं० (क्षार) एक नरक स्थान. A place in a hell. देवेन्द्र० ३०;

खारि. स्त्री० (खारि) एक प्रकार का नाप. Name of a measure. गा० ८१२;

खारिय. त्रि० (क्षरित) पानी में घिसा हुआ. Rubbed in water. भवि० (२) क्षावित; झराया हुआ. Dropped. वव० ६;

खारोदा. स्त्री० (क्षारोदा) नदी विशेष. A river of this name. राज०

खालण. न० (क्षालन) प्रक्षालन; पखारना. To wash, To clean. सु० च० ३२८;

खावेंत. त्रि० (ख्यापयत्) प्रख्याति करता हुआ; प्रसिद्धि करता. To make known. उप० ८३३ टी;

खासि. त्रि० (कासिन्) खाँसी का रोग वाला. A patient suffering from cough. सु० च० ५७६;

खिइगोयर. पुं० (क्षितिगोचर) मनुष्य; आदमी. Man. पउम० ५३, ४३;

खिइपइट्ठ. न० (क्षितिप्रतिष्ठ) नगर विशेष. A city of this name. स० ६;

खिइसार. पुं०(क्षितिसार) इस नाम का एक दुर्ग. A fort of this name. पउम० ८०, ६;

खिंग. पुं० (खिङ्ग) रंडीबाज; व्यभिचारी. A whoremonger. रंभा०

खिज्जिश्रय. न० (खेदितक) छंद विशेष. A stanza. अजि० ७;

खिज्जित्तार. त्रि० (खेदितृ) खेद करने वाला; खिन्न होने की आदत वाला. Harassed; Pained. कुमा० ७, ६०;

खिड्ड. न० (खेल) खेल; क्रीड़ा; मजाक. Play. सु० च० ३०२;

खिरण. त्रि० (खिन्न) (१) खिन्न; खेद प्राप्त. Pained, Distressed. (२) श्रान्त; थका हुआ. Tired. गा० २६६;

खित्त. त्रि० (क्षिप्त) प्रेरित. Who was requested. —मण. त्रि० (मनस्) चित्त-भ्रम-वाला. Fickle minded. महा०

खित्तज. पुं० (क्षेत्रज) गोद लिया हुआ लड़का. Adopted son. कुप्र० २०८;

खित्तय. न०(क्षिप्तक) छन्द-विशेष. A stanza. अजि० २४; २५;

खित्तिश्र. त्रि० (क्षैत्रिक) (१) क्षेत्र संबन्धी. Relating to a field. (२) पुं० व्याधि विशेष. A kind of sickness or disease. श्रा० १२;

खिप्पं. श्र० (क्षिप्रम्) शीघ्र; जल्दी. Haste. प्रासू० ३७; पडि०

खिमा. स्त्री० (क्षमा) पृथ्वी. Earth. चंड०

खिरिय. त्रि० (क्षरित) (१) टपका हुआ. Leaked. (२) गिरा हुआ. Fallen. पाश्र०

खीर. न० (क्षीर) (१) पानी; जल. Water. हे० २, १७; (२) बेला; दो दिन का उपवास. Two days fast. संबोध० ५८;

खीरि. त्रि० (क्षीरिन्) (१) दूध वाला. Milky. (२) जिसमें दूध निकलता है ऐसे वृक्ष की जाति. A kind of tree which gives milk. उप० १०३१ टी;

खीरी. स्त्री० (क्षैरेयी) खीर; पकान्न विशेष. Preparation of milk and rice. सु० च० ६३६;

खीलिया. स्त्री०(कीलिका) छोटी खूँटी. Small nail. श्राव०

खिलीकरण. न०(खिलीकरण) खाली करना; शून्य करना. To Vacate. मै० ८;

खिल्लण. न०(खेलन) खिलौना; खेलनक. Toy. सुर० १५, २०८;

खिवण. न० (क्षेपण) (१) फेंकना; क्षेपण. To throw. से० १२, ३६; (२) प्रेरण; इधर उधर चलाना. To request, To send hither and thither. से० ५, ३;

खीयमाण. त्रि० (क्षीयमाण) जिसका क्षय होता हो वह. One who is destroying, Perishing. गा० ६८६ टी;

खीव. पुं०(क्षीव) मद-प्राप्त; मदोन्मत. Drunk intoxicated. दे० ८, ६६;

खु. श्र० (खलु) (१) वितर्क; विचार. An expression. (२) संशय; संदेह. Doubt (३) संभावना. To think over. (४) विस्मय; आश्चर्य. Astonishment. हे० २, १६८; षड्० गा० ६; १४२; ४०१; स्वप्न० ६; कुमा०

खुडिश्र. त्रि० (खण्डित) त्रुटित; खण्डित; विच्छिन्न. Broken. हे० १, ५३; षड्०

खुरण. त्रि० (क्षुण्ण) मर्दित. Rubbed. गा० ४४५; निसी० चू० १; (२) मग्न; लीन. Immersed. चउ० ३८; संस्था० (३) चूर्णित. Broken into pieces. दे० ५, ४५;

खुद्ध. त्रि० (क्षुब्ध) क्षोभ प्राप्त; घबड़ाया हुआ. Confused; Disturbed. सु० च० ३२५;

खुधा. स्त्री० (क्षुध्) भूख. Hunger. धर्मसं० १०६२;

खुब्भण. न० (क्षोभण) क्षोभ; घबड़ाहट. Confusion. राज०

खुभिश्र. न० (क्षुभित) (१) क्षोभ; घबड़ाहट.

Frightened. Alarmed. ओघ० (२) कलह; झगड़ा. Quarrel. बृह० ३;

खुय. न० (क्षुत) छींक. Sneeze. चेइय०४३३;

खुरप्प. पुं० न० (क्षुरप्र) एक तरह का जहाज. A kind of a ship. सिरि० ३८३;

खुरसाण. पुं० (खुरशान) (१) देश विशेष. A country of this name. (२) खुरशान देशका राजा. King of khurashan. पिंग०

खुरु. पुं० (खुरु) प्रहरण विशेष; आयुध विशेष. A kind of a weapon. सुर०१३, १६३;

खूण. न० (खूण) (१) नुकसान; हानि. Loss. सुर० ४, ११३; महा० (२) अपराध; गुनाह. Fault. मह० (३) न्यूनता; कमी. Difficiency; Deficiency. सु० च०७, ४३०;

खेअ. पुं०।(खेद) संयम; विरति. Forebearrance; Humanity. —ण्ण. त्रि० (ज्ञ) निपुण; कुशल; चतुर. Complete; Wise. ओघ० नि० ६४७;

खेअ. पुं० (क्षेप) त्याग; मोचन. Leaving; Abandoning. से० १२, ४८;

खेअण. न० (खेदन) (१) खेद; उद्वेग. Sorrow. (२) खेद उपजाने वाला. Who pains. कुमा०

खेअरिंद. पुं० (खेचरेन्द्र) खेचरों का राजा. The king of birds. पउम० ६, ५२;

खेइय. त्रि०(खेदित) खिन्न किया हुआ. Troubled; Pained; Harassed. स० ६३४;

खेड. पुं० (खेट) मृगया; शिकार. Game. भवि०

खेडण. न० (खेटन) खदेड़ना; पीछे हटाना. To push back. उप० २२६;

खेडणअ. न०(खेलनक) खिलौना. Toy. नाट० रत्ना० ६२;

खेडय. पुं० (क्ष्वेटक) (१) विष; जहर. Poison. हे० २, ६; (२) ज्वर-विशेष. A kind of fever. कमा०

खेडय. त्रि० (स्फेटक) नाशक; नाश करने वाला. Destructor. हे० २, ६; कुमा०

खेडय. न० (खेटक) छोटा गाँव. A smll village. पाअ० सुर० २, ११२;

खेडावग. त्रि० (खेलक) खेल करने वाला; तमासगिर. An actor. उप० पृ० १८८;

खेडिअ. पुं० (स्फेटिक) (१) नाश वाला; नश्वर. Rending. (२) अनादर वाला. Disrespected. हे० २, ६;

खेत्तकप्प. पुं०(क्षेत्रकल्प) (१) देश का रिवाज. A custom of the country. बृह०६; (२) क्षेत्र-संबन्धी अनुष्ठान. To worship in connection with the country. (३) ग्रन्थ-विशेष, जिसमें क्षेत्र-विषयक आचार का प्रतिपादन हो. A religious book in connection with the county. पंचू०

खेमलिज्जया. स्त्री० (क्षेमलिया) जैन मुनि गण की एक शाखा. A party of Jain saints. कप्प०

खेलण-खेलणय. न० (खेलन-क) (१) क्रीड़ा; खेल. Play. (२) खिलौना. Toy. आक० स० १२७;

खेव. पुं०(क्षेप) (१) न्यास; स्थापना. To fix. विशे०६१२; (२) संख्या विशेष. Counting. क० गं० ४, ८१-८४; (३) विलम्ब; देरी. Late, delay. स० ७५५;

खेवय. त्रि० (क्षेपक) फेंकने वाला. Who throws. गा० २४२;

खेविय. त्रि० (खेदित) खिन्न किया हुआ. Annoyed, Harassed, Distressed, Pained. भवि०

खोक्खा-खोखा. स्त्री०(खोखा) वानर की आवाज. Voice of a monkey. गा० ५३२;

खोड. पुं० (स्फोट) फोड़ा. Boil. प्राकृ० १८;

खोडय. पुं० (क्ष्वोटक) नख से चर्म का निष्पीडन. To itch. दे० २, ६;

खोणिंद. पुं॰ (क्षोणीन्द्र) राजा; भूमि-पति. King. सण॰

खोद. पुं॰ (क्षोद) चूर्ण; बुकनी. Powder of digestive medicines. हम्मीर॰ २४;

खोभ. पुं॰ (क्षोभ) इस नाम का रावण का एक सुभट. A warrior of Ravna's name. पउम॰ ४६, ३२;

ग

ग. पुं॰(ग) व्यञ्जन वर्ण विशेष. The third consonant of the nagri Alphabet. प्रामा॰ प्राप्र॰

गअवंत. त्रि॰ (गतवत्) गया हुआ. Having gone. प्राकृ॰ ३२;

गइ. स्त्री॰(गति) प्रकार; भेद. State, mode of existence. से॰ १, ११; —तस. पुं॰ (त्रस) अग्नि और वायु के जीव. Insects of air and water. क॰ गं॰ ३,१३;४, १६;

गइंद. पुं॰ (गजेन्द्र) (१) ऐरावत हाथी; इन्द्र-हस्ती. The king of Elephants, Elephant of "Indra". (२) श्रेष्ठ-हाथी. Best elephant. गउड॰ कुमा॰

गउ-गउअ. पुं॰ (गो) बैल; वृषभ; सांढ़. Ox, Bull. हे॰ १, १५८; —पुच्छ. पुं॰ न॰ (पुच्छ) (१) बैल का पूंछ. Tail of an ox. (२) बाण-विशेष. Arrow. कुमा॰

गउअ. पुं॰ (गवय) गो-तुल्य आकृति वाला जंगली पशु-विशेष. A forest animal like an ox or cow; A Species of cow found in jungle. कुमा॰

गउआ स्त्री॰(गो)गैया;गौ. Cow. हे॰११५८;

गउड. पुं॰ (गौड) (१) इस नाम का देश; बंगाल का पूर्वी भाग. Name of a country Province of Eastern Bengal. सु॰ च॰ ३८६; (२) गौड़ देश का निवासी. An inhabitant of Gaur county (province). हे॰ १, २०२; (३) गौड़ देश का राजा. Raja (King) of Gaur country. गउड॰ कुमा॰ —वह. पुं॰(वध) वाक्पतिराज का बनाया हुआ प्राकृत-भाषा का एक काव्य-ग्रन्थ. A book of poems compiled by "Vakpati Raj". गउड॰

गउण. त्रि॰ (गौण) अप्रधान; अमुख्य. Hidden. दे॰ १, ३;

गउणी. स्त्री॰ (गौणी) शक्ति विशेष; शब्द की एक शक्ति. Power of speaking. दे॰१,३;

गउरविय. त्रि॰ (गौरवित) गौरव-युक्त किया गया हो वह. One who has been honoured. सुपा॰ ३५६; ३६०;

गउरी. स्त्री॰(गौरी) (१) गौर वर्ण वाली स्त्री. A beautiful or a handsome lady. कुमा॰ (२) पार्वती; शिव पत्नी. "Parbati" Wife of Shiva. सु॰ च॰ १०६; —सुत्त. पुं॰ (पुत्र) पार्वती का पुत्र; कार्त्तिकेय. Son of Parbati, Kartik. सु॰ च॰ ४०१;

गंगा. स्त्री॰ (गङ्गा) गंगा नदी की अधिष्ठात्री देवी. A principal goddess of River Ganges. आवम॰

गंजण. त्रि॰ (गञ्जन) (१) मर्दन-कर्ता. One who rubs. सिरि॰ ५४६; (२) न॰ अपमान; तिरस्कार. Disgrace. सु॰ च॰ ४८०; (३) न॰ कलंक; दाग. Slander. वज्जा॰ १८;

गंजा. स्त्री॰ (गञ्जा) सुरा-गृह; मद्य की दुकान. Shop of liquor. दे॰ २, ८५ टी;

गंजिअ. पुं॰ (गाञ्जिक) कल्य-पाल; दारू बेचने वाला; कलाल. Liquor seller. दे॰२,८५टी;

गंजिअ. त्रि॰ (गञ्जित) (१) पराजित; अभिभूत. Vanquished. उप॰ ६८६ टी, (२) हत; मारा हुआ; विनाशित. Afflicted. पिंग॰

(३) पीड़ित. Pained. हैं० ४, ४०१;

गंठि. स्त्री० (गृष्टि) एक बार ब्यायी हुई गौ. A cow which has given the first calf. प्राकृ० ३२;

गंड. पुं० (गण्ड) (१) हाथी का कुम्भस्थल. An elephant's temple or cheek. प्रव० २१; (२) पुं० न० ऊख का जत्था; इक्षु-समूह. A bundle of sugar cane. उप०पृ०३२१;(३) छन्द-विशेष.A Stanza. पिंग० —विइवाय. पुं० (व्यतिपात) ज्योतिष शास्त्र-प्रसिद्ध एक योग. The seventeenth of the Astrological yogas. संबोध० ५४ ;

गंडइया. स्त्री० (गण्डकिका) नदी विशेष. Name of a river. आवम०

गंडभेअत्र. पुं० (गण्डभेदक) चोर विशेष; पाकेटमार. Thief, Pick pocketer. अवि० १७; अभि० १८४;

गंडय. पुं० (गण्डक) गेंडा; जानवर विशेष. Rhinoceros. पाअ०

गंडीव. न० (गाण्डीव) धनुष. Bow. महा० पाअ०

गंडीवि पुं० (गाण्डीविन्) अर्जुन; मध्यम-पाण्डव. (Arjun). The third son of Raja Pandava. वेणी० ५८;

गंडुअ.न०(गण्डु) ओसीसा;सिरहना. Pillow. महा०

गंडुअ. न० (गण्डुत्) तृण-विशेष. A kind of grass. दे० २, ७५;

गंडुवहाण. न० (गण्डोपधान) गाल का तकिया. Cheek pillow, A pillow which is kept under the cheek. प्रव० ८४;

गंडूस. पुं०(गण्डूष) पानी का कुल्ला; Gurgle of water. गा० २७०; सुपा० ४४१; उप० ६८६ टी;

गंती. स्त्री० (गन्त्री) शकट; गाड़ी. Country cart, A cart drawn by oxen. सु० च० २७७;

गंतुकाम. त्रि०(गन्तुकाम) जाने की इच्छा वाला. One anxious to go. श्रा० १४;

गंथि.त्रि०(ग्रन्थिन्) रचना-कर्ता.An author. सम्मत्त० १३१;

गंध. पुं० (गन्ध) (१) लव; लेश. Little, a small quantity. से० ६, ३; (२) वाणव्यन्तर देवों की एक जाति. A race of demons (Banveanter). इक० —मय. पुं० (मृग) कस्तूरी मृग; कस्तूरिया हरिन. A deer having musk.सु०च०२; —समिद्ध. त्रि० (समृद्ध) (१) सुगंधित; सुगंध पूर्ण. Fragrant; Sweet smelling. (२) न० नगर विशेष A city. आवम०

गंधवाह. पुं० (गन्धवाह) पवन. Air. समु० १८०;

गंधव्व. त्रि० (गान्धर्व) (१) गन्धर्व संबन्धी; गंधर्वसे संबंध रखनेवाला.One connected with a singer. (२) न० उत्सव हीन विवाह; विवाह विशेष. A marriage void of ceremonies, A marriage.आवम०

गंधव्वि.त्रि०(गन्धर्विन्) गाने वाला. Singer. ती० ३;

गंधव्विअ. त्रि० (गान्धर्विक) गंधर्व विद्या में कुशल. A musician or a singer. सु० च० १११;

गंधा. स्त्री० (गन्धा) नगरी-विशेष. A Village, or a town इक०

गंधाण.न०(गन्धान) छंद विशेष. A stanza. पिंग०

गंधिअ.पुं०(गान्धिक) गन्ध द्रव्य बेचने वाला; पन्सारी. Grocer. दे० २, ८७;

गंधुत्तमा. स्त्री० (गन्धोत्तमा) मदिरा; शराब. Wine. दे० २, ८१;

गंभीर. पुं॰ (गम्भीर) रावण का एक सुभट. A warrior of Ravana. पउम॰ ५६, ३; (३) न॰ समुद्र के किनारे पर स्थित इस नाम का एक नगर. A city of this name at the shore. सुर॰ १३, ३०;

गंभीर. न॰ (गाम्भीर्य) (१) गम्भीरता. Gravity; Seriousness. (२) अनौद्धत्य. In-opposed; Humble. सूयनि॰ ६६;

गंभीरा. स्त्री॰ (गम्भीरा) (१) मात्रा-छंद का एक भेद. Part of a stanza. पिंग॰ (२) स्त्री॰ गंभीर हृदया स्त्री. Serious minded lady. वव॰ ५;

गंभीरिश्र. न॰ (गाम्भीर्य) गंभीरता; गम्भीरपन. Seriousness; Gravity. हे॰ २, १०७;

गंभीरिम. पुं॰ स्त्री॰ (गाम्भीर्य) गंभीरता; गंभीरपन. Gravity; Seriousness. सण॰

गगणंग. पुं॰ न॰ (गगनाङ्ग) छंद-विशेष. A stanza. पिंग॰

गग्गरी. स्त्री॰ (गर्गरी) गगरी; छोटा घड़ा. small earthen pot for water, Ghara. सुपा॰ ३३६;

गच्छविहार. पुं॰ (गच्छविहार) गच्छ की समाचारी; गच्छ का आचार. Conduct or manner of life of a party. वव॰ १;

गच्छिल्ल. त्रि॰ (गच्छवत्) गच्छ वाला; गच्छ में रहने वाला. One who lives in a party. बृह॰ १;

गज्जण. न॰ (गर्जन) (१) गर्जन; भयानक ध्वनि; मेघ या सिंह का नाद. Roar of a thunder; Roar of a lion. (२) नगर विशेष. A city; A town. वप॰ ७६५;

गज्जणसद्द. पुं॰ (गर्जनशब्द) पशु और हाथी की आवाज. Voice of elephant or animal. वप॰ ७६५;

गज्जभ. पुं॰ (गर्जभ) पश्चिमोत्तर दिशा की पवन. Air of north-west. आवम॰

गज्जल. त्रि॰ (गर्जल) गर्जन करने वाला. One who thunders. निसी॰ चू॰ ७;

गज्जि. स्त्री॰ (गर्जि) गर्जन; हाथी वगैरः की आवाज. Scream or roar of an elephant. कुमा॰ सुपा॰ ८६; उप॰ पृ॰ ११७;

गट्टण. पुं॰ (गट्टन) धरणेन्द्र की नाट्य सेना का अधिपति. Lord of the dancing party (actors) of Indra of earth, "Dharan Indra". राज॰

गड. न॰ (गड) (१) विस्तीर्ण शिला; मोटा पत्थर. A slab of stone. (२) गर्त; खाई. Ditch. सुर॰ १३, ४१;

गड्डह. पुं॰ स्त्री॰ (गर्दभ) गदहा; गधा. Donkey. हे॰ २, ३७; —वाहण. पुं॰ (वाहन) रावण; दशानन. Ravan Raja. कुमा॰

गण. पुं॰ (गण) शिव का अनुचर. A servant or obedient of lord Shiva. पाश्र॰ कुमा॰

गणणाइया. स्त्री॰ (गणनायका) पार्वती; चंडी. Parvati, wife of Shiva. दे॰ २, ८७;

गणविश्र. त्रि॰ (गणित) गिनती कराया हुआ. Having been counted. स॰ ६२६;

गणित्तार. त्रि॰ (गणयितृ) गिनती करने वाला. Counter. गा॰ २०८;

गणिय. त्रि॰ (गणित) जैन साधुओं का एक कुल. A sect of Jain Sadhus. कप्प॰

गणेसर. पुं॰ (गणेश्वर) (१) गण का नायक. Leader or head of "Ganas." (२) छंद-विशेष. A stanza. पिंग॰

गण्ण. त्रि॰ (गण्य) गणनीय; संख्येय. One that can be counted. संबोध॰ १०;

गद्दभिल्ल. पुं॰ (गर्दभिल्ल) उज्जयिनी का एक राजा. The king of Ujjain. निसी॰ चू॰ १०;

गद्दभी. स्त्री॰ (गर्दभी) (१) गधी; गदही. She

Ass. पि० २११; (२) विद्या विशेष. A knowledge. काल०

गद्दहय. पुं० (गर्दभक) क्षुद्र जन्तु-विशेष; जो गो-शाला वगैरः में उत्पन्न होता है. An insect, which is brewed in Gaushala (where cows are kept). जी० १७;

गन्न. त्रि० (गण्य) (१) माननीय; आदरास्पद. One deserving the respect. उव० (१) न० गणना; गिनती. Counting. सुपा० २५३;

गब्भमास. पुं० (गर्भमास) कार्तिक से लेकर माघ तक का महीना. 4 months from Katak to Magh (October to January). वव० ७;

गब्भर. न० (गह्वर) (१) कोटर; गुहा. Cave. (२) गहन स्थान; विषम स्थान. Inexcessible. आव० ४;

गब्भवई. स्त्री० (गर्भवती) गर्भिणी स्त्री. Pregnant. सु० च० २७६;

गमग. त्रि० (गमक) बोधक; निश्चायक. One who knows. विशे० ३१५;

गमण. न० (गमन) (१) व्याख्यान; टीका. Speech; Annotation. (२) पुष्य वगैरः नव नक्षत्र. Nine "Nakshatras." राज०

गमणिया. स्त्री० (गमनिका) (१) संक्षिप्त-व्याख्यान; दिग्-दर्शन. Abridged speech. राज० (२) गुजारना; अतिक्रमण. To bring to pass. उप० ७२८ टी;

गमणी. स्त्री० (गमनी) जूता. Shoe. सुपा० ६१०;

गमिय. त्रि० (गमित) (१) ज्ञापित; बोधित; निवेदित. Known or thought of. विशे० ५५६; (२) गुजारा हुआ; अतिक्रान्त. Passed. गउड०

गमिर. त्रि० (गन्तृ) जाने वाला. One who goes; Goer. हे० २, १४५;

गम्म. त्रि० (गम्य) (१) जानने योग्य. Worthy of knowledge. (२) जो जाना जासके. The one that could be known. उवर० १७०; सुपा० ४२६; (३) हराने योग्य; आक्रमणीय. Worth vanquishing. सुर० २, १२६; १५; १४४; (४) भोगने योग्य. Worthy of use. सुर० १२, ५२;

गय. पुं० (गद) रोग; बीमारी. Sickness. सु० च० ५७८;

गय. त्रि० (गत) (१) विज्ञात; जाना हुआ. Known. गउड० (२) नष्ट; हत. Ruin; Perish. उप० ७२८ टी; —**अणुगइअ.** त्रि० (अनुगतिक) अंध परम्परा का अनुयायी; अंध-श्रद्धालु. Blind faith. उवर० ४६; —**वइया.** स्त्री० (पतिका) (१) विधवा; रांड. Widow. पउम० २६, ४२; (२) जिस का पति विदेश गया हो वह स्त्री; प्रोषित-भर्तृका. A lady whose husband has gone to foreign country. गा० ३३२; पउम० २६, ४२; —**वय.** त्रि० (वयस्) वृद्ध; बुड्ढा. Old. पाअ०

गय. पुं० (गज) (१) इस नाम का एक सेठ. A rich man of this name. उप० ७६८ टी; (२) रावण का एक सुभट. A warrior of Ravana. पउम० ५६, २; —**आरोह.** पुं० (आरोह) हस्तिपक; महावत. Driver of an elephant; Elephant's driver. पाअ० —**ग्गपय.** पुं० (अग्रपद) पर्वत विशेष. A mountain. आक० —**बंधय.** पुं० (बन्धक) हाथी को पकड़ने वाली एक जाति. One who drives or catches the elephant. सुपा० ६४२; —**मुह.** पुं० (मुख) (१) गणेश; गणपति. Ganesh; son of Shiva.

(२) यक्ष विशेष. A demon. पाय०

गयण. न० (गगन) 'ह' अक्षर. The thirty third or last consonant of the nagri alphabet. सिरि० ११९; **—मणि.** पुं०(मणि) सूर्य; सूरज. The sun. कुम्प०२१;

गयणगइ. पुं० (गगनगति) एक राजकुमार. A son of a Raja. दंस०

गयणमंडल. पुं० (गगनमण्डल) एक राजा. A Raja of this name. दंस०

गयणिंदु. पुं० (गगनेन्दु) विद्याधर वंश के एक राजा का नाम. A Raja of Vidyadhar family. पउम० ५, ४५;

गयनिमीलिया. स्त्री० (गजनिमीलिका) उपेक्षा; उदासीनता. To consider equally. स० ७५१;

गया. स्त्री० (गया) स्वनाम-प्रसिद्ध नगर विशेष. A city of this name. उप० २५१;

गया. स्त्री०(गदा) एक देव विमान. An aeroplane of a deva. देवेन्द्र० १३३;

गर. पुं० (गर) ज्योतिष शास्त्र प्रसिद्ध बवादि करणों में से एक. One of the famous part of astronomy. विशे० ३३४८; (२) न० विष; जहर. Poison. पाय० प्रासू० ३६;

गरलिगावद्ध. त्रि० (गरलिकाबद्ध) निक्षिप्त; उपन्यस्त. Kept. निसी० चू० १;

गरहण. न० (गर्हण) निन्दा; घृणा. Censuring; Blame. पि० १३२;

गरिम. पुं० स्त्री० (गरिमन्) गुरुता; गुरुत्व; गौरव. Greatness. हे० १, ३५; सुपा० २३, १०६;

गरिह. पुं० (गर्ह) निन्दा; गर्हा. To blame; To censure. माग्र०

गरुइय. त्रि० (गुरुकित) बड़ा किया हुआ. The one who has been greatly honoured. से० ६, २०; गउड०

गरुड. पुं० (गरुड) छंद विशेष. A stanza. पिंग० **—त्थ.** न० (अस्त्र) अस्त्र-विशेष; उरगास्त्र का प्रतिपक्षी अस्त्र. "Gained" An enemy of sequent arrow. पउम० १२,१३०; ७१, ६६; **—द्धय.** पुं० (ध्वज) विष्णु; वासुदेव. Vishnu; Basudev. One of the names of God. पउम० ६१, ४७; **वूह.** पुं० (व्यूह) सेना की एक प्रकार की रचना. To organize the army. महा० पि० २४०;

गरुडंक. पुं० (गरुडाङ्क) (१) विष्णु; वासुदेव. Name of God. (२) इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम. Name of a raja of Ikshvaku dynesty; पउम० ५, ७;

गरुल. पुं० (गरुड) (१) सुपर्ण कुमार देवों का इन्द्र. "Suparan Kumar" Indra of devas. (२) एक देव विमान. An aeroplane of devas. देवेन्द्र० १३४; **—ज्झय.** पुं० (ध्वज) (१) गरुड़ पक्षी के चित्र वाली ध्वजा. Banner carrying the emblem of "Garud". राय० (२) वासुदेव. Name of God. (३) देव जाति विशेष. सुपर्णकुमार देव. Suparankumar Deva; A race of devas. आवम०

गलहत्थिअ. त्रि० (गलहस्तित) गला पकड़ कर बाहर निकाला हुआ. One who was thrown out by neck. वज्जा० १३८;

गलिअ. त्रि० (गलित) (१) क्षालित; प्रक्षालित. Cleaned; Washed. कुमा०(२) स्खलित; पतित. Fallen. से० १, २; (३) नष्टः नाश-प्राप्त. Ruined; Perished. सुपा० २४३; सण०

गलिर त्रि०(गलितृ) निरन्तर पिघलता; टपकता. Constantly drizzling. आ० १४;

गल्ल. पुं० (गल्ल) (१) गाल; कपाल. Cheek, Skull. (२) हाथी का गण्ड-स्थल;

कुम्भ-स्थल. Temple of elephant. पद० —मसूरिया. स्त्री० (मसूरिका) गाल का उपधान. Pillow of cheek. जीत०

गवायणी. स्त्री० (गवादनी) इन्द्रवारुणी; वनस्पति विशेष. A drug "Indravaruni" दे० २, ८२;

गवेधुश्रा. स्त्री० (गवेधुका) जैन मुनि गण की एक शाखा. One sect of Jain Munies. कप्प०

गवेसणया. स्त्री० (गवेषणा) शुद्ध भिक्षा की याचना. Desire of pure bhojan according to the career of Sadhus. श्रोघ० नि० ३;

गवेसाविय. त्रि० (गवेषित) दूसरे से खोजवाया हुआ; दूसरे द्वारा खोज किया गया. Sought, Enquired. श्रोघ० नि० ६२२;

गवेसि. त्रि० (गवेषिन्) खोज करने वाला. Discoverer, Explorer. पुप्फ० ४४०;

गवेसिश्र. त्रि०(गवेषित) श्रन्वेषित; खोजा हुश्रा. Searched. सुर० १५, १२६;

गःवर. न० (गह्वर) कोटर; गुहा. Cave स० ३६३;

गव्वि. त्रि० (गर्विन्) अभिमानी; गर्व-युक्त. Proud. श्रा० १२;

गव्विट्ठ. त्रि० (गर्विष्ठ) विशेष-अभिमानी; गर्व करने वाला. Proud. दे० १, १२८;

गव्विर. त्रि० (गर्विन्) अहंकारी; अभिमानी. Proud. हे० २, १५६; हेका० ४५;

गसण. न० (ग्रसन) भक्षण; निगलना. To swallow. स० ३५७;

गह. पुं० (ग्रह) (१) संबन्ध. Relation, connection. धर्मसं० ३६३; (२) ज्ञान; ग्रहण. Knowledge; To obtain; To accept. धर्मसं० १३६४; —भिन्न. न० (भिन्न) जिसके बीच से ग्रह का गमन हो वह नक्षत्र. Passing of a planet. वव० १; —सम. न० (सम) गेय काव्य का एक भेद. A part of a poetry. दसनि० २, २३;

गहकल्लोल. पुं० (ग्रहकल्लोल) राहु; ग्रह-विशेष "Rahu" A "grah" "A planet". पाश्र०

गहचरिय. न० (ग्रहचरित) (१) ज्योतिष शास्त्र Astronomy. वव० ४;

गहण. न० (ग्रहण) (१) इन्द्रिय An organ sense. विशे० १७०७; (२) शिक्षा-विशेष. Teaching. श्राव० (३) श्रादर; सन्मान. To honour. (४) ज्ञान; श्रवबोध. Knowledge. से० ४, ३३;

गहत्थि. पुं० (गभस्ति) किरण; Rays. पाश्र०

गहर. पुं० न० (गह्वर) (१) निकुंज. A dense bush. (२) वन; जंगल. Forest. (३) दंभ; कपट. Cheat, Deceit. (४) विषम स्थान. Inexcessible. —(५) रुदन. To weep. (६) गुफा. Cave. (७) संकट. Trouble. प्राकृ० २४;

गहवइ. पुं० (गृहपति) कृषक; खेती करने वाला. Farmer. पाश्र०

गहिल. त्रि० (ग्रहिल) भूतादि से आविष्ट; पागल. One ridden by demons. श्रा० १४;

गहिलिय-गहिल्ल. त्रि० (ग्रहिल) आवेश युक्त, पागल; भ्रान्त-चित्त Mad. पउम० ११३, ४३; पउ०; श्रा० १२; उप० ५६७ टी; भवि.

गहीरिश्र. न० (गाभीर्य) गहराई; गम्भीरपन. Depth, Gravity. ई० २,१०७;

गाश्र. पुं० (गो) बैल; वृषभ; सांड. Ox, Bull. हे० १, १५८;

गाश्र. त्रि० (गायक) गाने वाला. Singer. कुमा०

गाश्रंक. पुं० (गवाङ्क) महादेव; शिव. Lord "Shiv' कुमा०

गाश्रण. त्रि० (गायन) गाने वाला; गवैया.

Singer. सुपा० ५५; सम०

गाइअ. त्रि०(गीत) (१) गाया हुआ. Sung. सु० च० ११; (२) न० गीत; गान; गाना. Song. आव० ४;

गाइआ. स्त्री० (गायिका) गाने वाली स्त्री. She who sings. गा० ६४४;

गाई. स्त्री० (गो) गैया; गौ. Cow. हे० १, १५८; गा० २७१; सुर० ७, ६५;

गाण. न० (गान) गीत; गाना. Song. हे० ४, ६;

गाण. त्रि० (गायन) गवैया; संगीत प्रवीण. Singer, song-complete (master). दे० २, १०८;

गाध. त्रि० (गाध) स्ताघ; अ-गहरा. Not very deep; Shallow. दे० ५, २४;

गाम. पुं०(ग्राम) (१) प्राणि समूह; जन्तु निकर. A swarm. विशे० २८१६; —**आचार.** पुं० (आचार) विषय. To think about. आवम० —**णिद्धमण.** न० (निर्धमन) गांव का पानी जाने का रास्ता; नाला. Village drain. कप्प० —**द्ध.** पुं० न० (अर्ध) (१) आधा गांव. Half village. (२) उत्तर भारत; भारत का उत्तर प्रदेश. The northern part of Bharat. निसी चू० १२;

गामड. पु० (ग्रामक) गांव; छोटा गांव. A small village. आ० १६;

गामणी. त्रि० (ग्रामणी) (१) श्रेष्ठ; प्रधान; नायक. President. से० ७, ६०; पण्ण० १; गा० ४४६; षड्०

गामाग. पु० (ग्रामाक) ग्राम विशेष; इस नाम का एक संनिवेश. The village of this name. आवम०

गामिअ. त्रि० (ग्रामिक) (१) ग्राम का मुखिया. Head man of a village. निसी० चू० २; (२) विषयाभिलाषी. One who is after the desires of Vishhaya.

गामिणिआ. स्त्री० (गामिनिका) गमन करने वाली स्त्री. A lady who goes here and there. अजि० २६;

गामुअ. त्रि० (गामुक) जाने वाला. One who goes. स० १७५;

गामेयग. त्रि० (ग्रामेयक) गंवार; गांव का निवासी. Villager. वृह० १;

गायण. त्रि० (गायन) गवैया. Singer. सिरि० ७०१;

गार. पु० (ग्रावन्) पत्थर; पाषाण. Stone. वव० ४;

गारविल्ल. त्रि० (गौरववत्) देखो 'गारविय' शब्द. See "Shabd Garvia" क० गं १, ५६;

गारहत्थ. त्रि० (गार्हस्थ) गृहस्थ-सम्बन्धी. Householder, Connected with the household affairs. प्रव० २३५;

गालिय. त्रि० (गालित) (१) अतिक्रान्त. Pass through. (२) विनाशित. One who is perished. (३) क्षिप्त. महा०

गाव-गावाण. पुं० (ग्रावन्) (१) पत्थर; पाषाण. Stone. पाअ० (२) पहाड़. Mountain. हे० ३, ५६;

गाह. पुं० (ग्राह) हठ; आग्रह. Opposition, Perversity. विशे० २५८६;

गाहा. स्त्री० (गाथा) (१) प्रतिष्ठा. Assurance. (२) निश्चय. To think about; To find out. आव० ४;

गाहाविय. त्रि० (ग्राहित) जिसको ग्रहण कराया गया हो वह. One, who has been mad to accept or take. सुर० ११, १८३;

गाहिणी. स्त्री० (गाहिनी) छंद विशेष. A stanza. पिंग०

गाहिपुर. न० (गाधिपुर) नगर विशेष. A

city of this name. गउड०

गाहु. स्त्री० (गाहु) छन्द विशेष. A stanza. पिंग०

गिट्ठि. स्त्री० (गृष्टि) (१) एक बार ब्यायी हुई. She, who has delivered once. (२) एक बार ब्यायी हुई गौ. Cow, who has delivered once. हे० १,२६;

गिएहाविश्र. त्रि० (ग्राहित) ग्रहण कराया हुआ. Having been accepted. धर्मवि० ११६;

गिद्धि. स्त्री० (गृद्धि) एक देव विमान. A Devas aeroplane. देवेन्द्र० १३४;

गिरिंद. पुं० गिरीन्द्र (१) श्रेष्ठ पर्वत. Holy; Worthy mountain. (२) मेरु पर्वत. Meru, A mountain of this name. (३) हिमाचल. Himachal, A mountain of this name, Himalaya. कप्पू०

गिरिफुल्लिय. न० (गिरिपुष्पित) नगर विशेष. A city of this name. पिंड० ४६१;

गिरिस. पुं० (गिरीश) महादेव; शिव. Lord Shiva. पाश्र० —**वास.** पुं०(वास) कैलाश पर्वत. A mountain of this name "Kailash" से० ६, ७५;

गिरीस. पुं० (गिरीश) (१) हिमाचल पर्वत. A mountain of this name "Himachal" Himalaya. (२) महादेव; शिव. Lord Shiva. पिंग०

गिलण. न० (गरण) निगरण; भक्षण. Swallowing. हे० ४, ४४५;

गिलिश्रवंत. त्रि० (गिलितवत्) जिसने भक्षण किया हो वह. One, who has swallowed पि० ५६६;

गिव्वाण. पुं० (गीर्वाण) देव; सुर; त्रिदश. A deva. उप० ५३० टी;

गिहमेहि. पुं० (गृहमेधिन्) गृहस्थ. Wordly affairs. धर्मवि० २६

गिहिश्र. त्रि० (गृहीत) आत्त; उपात्त; ग्रहण किया हुआ. Accepted. स० ४२८;

गिहिणी. स्त्री० (गृहिणी) गृहिणी; भार्या; स्त्री. Wife. सुपा० ८३; श्रा० १६;

गिहेलुय. पुं०(गृहैलुक) देहली; द्वार के नीचे की लकड़ी. Bottom wood of the door. निसी० चू० १३;

गी. स्त्री० (गिर्) वाणी; भाषा; वाक्. Speech, Speaking. गउड०

गीश्रा. स्त्री० (गीता) छंद विशेष. A stanza; Poetry. पिंग०

गुंज. पुं० (गुञ्ज) (१) गुञ्जारव करता वायु. murmuring sound of air. पउम० १३, ४३; (२) पर्वत विशेष. A mountain of this name. पउम० ८, ६०; ६४; (४) लता विशेष. A small shrub. सुर० २, ६; —**हल.** न० (फल) फल विशेष; घुङ्गची. A fruit of this name. सुर० २,६;

गुंजिर. त्रि० (गुञ्जितृ) गुन गुन आवाज करने वाला.One who murmurs, or who utters in a low tone. उप० १०३१ टी;

गुंठिश्र स्त्री० (गुण्ठित) (१) धूसरित. Any thing of a grey tint. (२) व्याप्त. Spread. (३) आच्छादित. Covered. दे० १, ८५;

गुंथण. न० (ग्रन्थन) गूंथना; गठना. Stringing, tying or connecting together. रयण० १८;

गुंद्र. न० (गुन्द्र) वृक्ष विशेष. A tree of this name. पाश्र०

गुंफ. पुं० (गुम्फ) रचना; ग्रन्थन; गूंथना. To string together; To work. उप० १०३१ टी;

गुग्गुल. पुं०(गुग्गुल) सुगन्धित द्रव्य विशेष;

गुगल. A fragrant gum resin. सु० च० १४१;

गुग्गुली. स्त्री० (गुग्गुल) गूगल का पेड़. A plant producing a fragrant gum resin. जी० १०;

गुज्जर. पुं० (गूर्जर) (१) भारत का एक प्रान्त; गुजरात देश. A province in India "Gujrat" पिंग० (२) त्रि० गुजरात का निवासी. An inhabitant of Gujrat, (a province in India) नाट०

गुज्जरत्ता. स्त्री० (गूर्जरत्रा) गुजरात देश. Province Gujrat, (In India). सार्ध० ६८;

गुडिआ. स्त्री० (गुटिका) गोली. A pill. गा० १७७;

गुण. पुं० न० (गुण) (१) लाभ; फायदा. Profit. सु० च० १०३; व्याकरण प्रसिद्ध ए, ओ, और अर् रूप स्वर विकार. The substitution of E, O and E. सु० च० १०३; (३) अंश; विभाग. अणुजो० Part. (४) उपकार; हित. Assistance, Kindness. पंचा० ५; (५) प्रत्यञ्चा; धनुष का डोरा. A bow string. कुमा० (६) अप्रधान; गौण. Secondary subordinate. हें० १, ३४;

गुणचन्द. पुं० (गुणचन्द्र) एक राजकुमार. A monarch's son named "Gun chandar." आवम०

गुणवुड्ढि. स्त्री० (गुणवृद्धि) लगातार आठ दिनों का उपवास. Fast for eight consecutive days. संबोध० ५८;

गुणाविय. त्रि० (गुणित) पढ़ाया हुआ; पाठित. Tutored; Instructed. महा०

गुणिअ. त्रि० (गुणित) (१) पठित; अधीत. Read, Studied. ओघ० नि० ६२; (२) जिस पाठ की आवृत्ति की गई हो वह; परावर्तित. Repeated. बव०३;

गुणिल्ल. त्रि० (गुणवत्) गुणी; गुण-युक्त. Possessing attributes; Endowed with good qualities. पि० ५९५;

गुत्ति. स्त्री० (गुप्ति)(१) कैदखाना; जेल. Prison; Jail. सु० च० ६३;

गुत्थ. त्रि० (ग्रथित) गुम्फित; गूंथा हुआ. Strung, Tied; Affixed. स० ३०३; प्रप० गा० ६३; कप्पू०

गुद्दह. न० (गोद्रह) नगर विशेष. A city of this name. मोह० ८८;

गुप्पई. स्त्री० (गोष्पदी) गौ का पैर डूबे इतना गहरा. A pit as much deep as will hold a cow's foot. धम्म० १२ टी;

गुमिअ. त्रि० (भ्रमित) भ्रमित; घुमाया हुआ. Whirling, Going round. कुमा०

गुम्म. पुं० न० (गुल्म) (१) झाड़ी; वृक्ष-घटा. Bush. पाश्र० (२) सेना-विशेष, जिसमें २७ हाथी, २७ रथ, ८१ घोड़े और १३५ प्यादे हों ऐसी सेना. The division of an army, a body of troops, consisting of nine platoons, nine elephants, nine chriots, twenty seven horses and forty five foot. पउम० ५६, ५ (३) गच्छ का एक हिस्सा; जैन मुनि समाज का एक अंश. A small party of Jain munis. स्थान; जगह. Place. ओघ० १६३;

गुरु. पुं० (गुरु) (१) शिक्षक; विद्या दाता; पढ़ाने वाला. A spirtual teacher; Tutor. बव० १; (२) बड़ा; महान्. Big; Great. (३) उत्कृष्ट; उत्तम. Best, Great, Excellent. क० गं० ४, ७२-७६; (४) बृहस्पति; ग्रह-विशेष. A planet, "Brahspati" पउम० १७, १०८; कुमा० (५) स्वर-विशेष; दो मात्रा वाला आ, ई वगैरः स्वर;

जिसके पीछे अनुस्वार या संयुक्त व्यञ्जन हो ऐसा भी स्वर वर्ण. The long vowel equal to two matras simple sound. पिंग०

गुरुणी. स्त्री० (गुर्वी) (१) गुरु-स्थानीय स्त्री. The wife of a Guru, or of a spiritual teacher. सुर० ११, २११; (२) धर्मोपदेशिका; साध्वी. A spiritual teacher (she). उप० ७२८ टी;

गुरेड. न० (गुरेट) तृण विशेष. A kind of grass. दे० १, ४४;

गुललावणिश्रा. स्त्री० (गुडलावणिका) (१) एक तरह की मिठाई; गोलपापड़ी. A kind of sweetmeat prepared of Jagree. (२) गुड़धाना. Jagree and Dhanya combined. प्रव० २४६; सू० प० २०टी;

गुलुंछ. पुं० (गुलुच्छ) गुच्छ; गुच्छा. A bunch. दे० २, ६२;

गुलुच्छ. पुं० (गुलुच्छ) गुच्छा; स्तबक. Bunch. पाश्र०

गुविल. त्रि० (गुपिल) गहन; गहरा; गाढ़; निबिड़. Strong, Good. सुर० ६, ६६; उप० पृ० ३०; (२) न० झाड़ी; जंगल. Bush; Jungle. उप० ८३३ टी० पञ्च० ४४;

गुह. पुं० (गुह) कार्तिकेय; एक शिव पुत्र. A son of Lord Shiva "Kartik" पाश्र०

गूह. न० (गूथ) गू; विष्टा. Ordure. तंदु०

गूहिय. त्रि० (गूहित) छिपाया हुआ. Hidden. स० १८६;

गेंदुश्र. पुं० (कन्दुक) गेंद. Ball. हे० १, ५७; १८२; सुर० १; १२१;

गेज्झ. त्रि० (ग्राह्य) ग्रहण-योग्य. To fit to accept, to take. हे० १, ७८;

गेण्हण. न० (ग्रहण) आदान; उपादान; लेना. To take. उप० १३६, स० ३७५;

गेण्हणया. स्त्री० (ग्रहणा) ग्रहण; आदान. To take. उप० ५२६;

गेण्हाविय. त्रि० (ग्राहित) ग्रहण कराया हुआ. Taking, Seizing, Accepting. स० ५२६; महा०

गेहालु. त्रि (गेहवत्) घर वाला; गृही; संसारी. Owner of the house. षड्०

गो. पुं० (गो) (१) स्वर्ग; देवभूमि. Heaven. सु० च० १४२; (२) स्त्री० वाणी; वाग्. Speech. (३) भूमि. Earth. सु० च० १४२; (४) भूप; राजा. King. वव० १; (५) रश्मि; किरण. Rays. गउड०; —उल. न० (कुल) गायों का समूह. Herd of cows; A multitude of cows. आव० ३; (२) गोष्ठ; गोवाड़ा. Place where cows are kept, A cow house. आवम०—भूमि. स्त्री० (भूमि) गायों के चरने की जगह. Meadow. आवम० —माहिसक. न० (माहिषक) गौ और भैंस का यूथ. A multitude of cows and buffalloes. स० ६८६; —वाड. पुं० (गौवाट) गौओं का बाड़ा. A cow house. दे० १, १४६;

गोश्रलिणी. स्त्री० (गोपालिनी) ग्वालिन. A female cowherd. धर्मवि० ५५;

गोश्रा. स्त्री० (गोदा) नदी विशेष; गोदावरी नदी. A river of this name "Godavari" गा० १७५;

गोश्राश्ररी. स्त्री० (गोदावरी) नदी विशेष; गोदावरी. A river of this name "Godavari". गा० ३५५;

गोउलिश्र. त्रि० (गोकुलिक) गो-धन पर नियुक्त पुरुष; गोकुल रक्षक. Cowherd. कुम्र० ३१;

गोक्खुरय. पुं० (गोक्षुरक) एक औषधि का नाम; गोखरू. A drug of this name "Gokhru" स० २२६;

गोट्ठ. पुं० (गोष्ठ) गोबाड़ा; गौओं के रहने का स्थान. A cow house or pen. महा० पउम० १०३, ४०; गा० ४४७;

गोडा. स्त्री० (गोला) नदी विशेष; गोदावरी. A river of this name "Godavri" गा० ५८, १०३;

गोडी. स्त्री० (गौडी) गुड़ की बनी हुई मदिरा; गुड़ की दारू, Wine of Jagree; Liquor made of Jagree. बृह० २;

गोणंगणा. स्त्री० (गवाङ्गना) गैया; गौ. Cow. सुपा० ४६५;

गोत्त. पुं०(गोत्र) पर्वत; पहाड़. Mountain. आ० १४; —देवया. स्त्री०(देवता) कुल देवी. A family Goddess. आ० १४;

गोत्ति. त्रि० (गोत्रिन्) कुटुम्बी; स्वजन. One from the same family, Of one family or race. सुपा० १०६;

गोत्तिअ. त्रि० (गोत्रिक) समान गोत्र वाला; स्वजन. Of one family or race. आ० २७;

गोथूभ. न० (गोस्तूप) मानुषोत्तर पर्वत का एक शिखर. A top of mountain "Manushottar". दीव०

गोदा. स्त्री० (गोदा) नदी विशेष; गोदावरी नदी. A river of this name "Godavri" षड्० गा० ६५५;

गोध. पुं० (गोध) (१) म्लेच्छ देश. A barbarian country. (२) गोध देश का निवासी मनुष्य. An inhabitant of a barbarian country. राज०

गोबल. न० (गोबल) गोधन; गोकुल; गौओं का समूह. A Cow Pen. सुपा० ४३३;

गोयमज्जिया. स्त्री० (गौतमार्यिका) जैन मुनि गण की एक शाखा. A party of Jain munis. कप्प०

गोयमसगुत्त. त्रि० (गौतमसगोत्र) गौतम गोत्रीय. One from the family of Gautama. आवम०

गोयर. पुं० (गोचर) गौओं के चरने की जगह. Meadow. बृह० ३;

गोयरी. स्त्री० (गौचरी) भिक्षा; मधुकरी. The alms obtained from different places by a religious mendicant. सुपा० २६६;

गोरंग. त्रि० (गौराङ्ग) शुक्ल शरीर वाला. One of white and pale body. कप्पू०

गोरगिरि. पुं० (गौरगिरि) पर्वत विशेष; हिमाचल. A mountain, Himalaya. निसी० चू० १;

गोरव. न०(गौरव) आदर; सम्मान. Respect. विशे० ३४७३;

गोरविअ. त्रि० (गौरवित) सम्मानित; जिसका आदर किया गया हो वह. Respected, Respectable. दे० ४, ५;

गोरव्व. त्रि० (गौरव्य) गौरव-योग्य. Respectable. धर्मवि० ६४; कुम्र० ३७७;

गोरस. पुं० (गोरस) वाणी का आनन्द. Sweet speech. सिरी० ४०;

गोरिअ. न० (गौरिक) विद्याधर का नगर विशेष. A city of "Vidya Dhar". इक०

गोरी. स्त्री० (गौरी) इस नाम की एक विद्या देवी. A goddess of this name. संति०६; —कूड. न० (कूट) विद्याधर-नगर विशेष. A city of "Vidya Dhar". इक०

गोल. पुं० (गोल) (१) वृक्ष विशेष. A tree. अच्चु० ५८; (२) गोलक; कुंडा. A big water jar. सुपा० २७०;

गोलिअ. पुं० (गौडिक) गुड़ बनाने वाला. One who prepares Jagree. वव० ६;

गोल्ल. पुं० (गौल्य) देश-विशेष. A

country. आवम०

गोवण. न० (गोपन) (१) रक्षण. To save, To protect. (२) छिपाना. To hide. आ० २८; उप० ५६७ टी;

गोवद्धण. पुं० (गोवर्धन) (१) पर्वत-विशेष. A mountain of this name "Gover dhan" which was held by Lord Krishna on a finger. पि० २११; (२) ग्राम-विशेष. A village of this name. पउम० २०, ११५;

गोवय. त्रि० (गोपक) छिपाने वाला; ढांकने वाला. One who guards or protects. संबोध० ३४;

गोवल्ल. पुं० न० (गोवल) गोत्र-विशेष. A family, A race. सू० प० १०, १६ टी;

गोवा. पुं० (गोपा) ग्वाला; गौओं का पालन करने वाला. A cowherd. प्रामा०

गोवालि. पुं० (गोपालिन्) ग्वाला; गोप; अहीर. A cowherd. सुपा० ४३२; ४३३;

गोवालिणी. स्त्री० (गोपालिनी) गोप-स्त्री; अहीरिन. A cowherd's wife. सुपा० ४३२;

गोवालिय. पुं० (गोपालिक) गोप; अहीर; ग्वाला. A cowherd. सुपा० ४३३;

गोविअ. त्रि० (गोपित) (१) छिपाया हुआ. Having hidden. (२) रक्षित. Protected. सुर० १, ८८;

गोविआ. स्त्री० (गोपिका) गोपांगना; अहीरिन. A cowhead's wife. कुमा० गा० ११४;

गोविंदणिज्जुत्ति. स्त्री० (गोविंदनिर्युक्ति) इस नाम का एक जैन दार्शनिक ग्रन्थ A sacred book of Jainisim. निसी० चू० ११;

गोवी. स्त्री० (गोपी) गोपांगना; अहीरिन. A cowherd's wife. सुपा० ४३५;

गोसंधिय. पुं० (गोसन्धित) गोपाल; अहीर. A cowherd. राज०

गोसग्ग. पुं० न० (गोसर्ग) प्रातःकाल; प्रभात. Morning. पाअ०

गोहरे-गोहरेय. पुं० (गोधरे) जन्तु-विशेष; सांप की तरह का जानवर. An Iguava, A kind of lizard like a snake. पउम० ४८, ८२;

घ

घ. पुं० (घ) कण्ठ-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण विशेष. The fourth consonant of the Sanskrit; A rattling or gurggling sound. प्राप० प्रामा०

घंटिय. पुं० (घण्टिक) चाण्डाल का कुल-देवता; यक्ष-विशेष. A family God of inferior caste of Hindus. बृह० १;

घग्घर. पुं० (घर्घर) शब्द-विशेष. One of the tones or notes in music. गा० ८००; (२) खोखला गला. A sound of throat. (३) खोखली आवाज. Hollow sound. सुर० २, ११२; (४) शाद्वल. शैवाल वगैरः का समूह. Moss of scum of water. गउड०

घटुक्कय. पुं० (घटोत्कच) भीम का पुत्र. A son of "Bhim". हे० ४,२९९;

घट्ट. पुं० (घट्ट) (१) शर्करा प्रभा नामक नरक भूमि का एक नरकावास. A place in hell "Sharkarprabha". इक० (२) न० जमाव. To gather. आ० २८; (३) समूह; जत्था. Crowd. सु० च० २५६; (४) त्रि० गाढा; निबिड. Strong. सु० च० ११;

घट्टंसुअ. न० (घट्टांशुक) वस्त्र विशेष; बूटेदार, कौसुम्भ वस्त्र. Spotted cloth. कुमा०

घट्टण. त्रि० (घट्टन) चालक; हिला देने वाला.

One who shakes, Shaker. पिंड० ६३३;

घट्टणया-घट्टणा. स्त्री० (घट्टना) (१) विचार. To think. (२) पृच्छा. Question. बृह० ४; (३) आघात; आहनन. To suffer so now in mind. (४) चलन; हिलन. To shake; To tremble. ओघ०नि०६;(५) कदर्थना; पीड़ा. Trouble.

घडचडग. पुं० (घटचटक) एक हिंसा-प्रधान संप्रदाय. A part of a family, race. मोह० १००;

घडण. न० (घटन) घड़ना; कृति; निर्माण. To effort, To exert. से० ७, ७१;

घडणा. स्त्री० न० (घटन) घटना; प्रसंग. Assembling, Occurring. त्रि० १३; (२) संबन्ध; अन्वय. Joinning. चेइय. ६७;४

तिवरणी. स्त्री० (त्रिवर्णी) एक महौषधि. A kind of medicine. ती० ४;

तिवय. त्रि० (त्रिपद्) तीन पांव वाला. Three-legged. दे० ८,१;

तिवहुआ. स्त्री० (त्रिपथगा) गंगा नदी. The Ganges. से० ६,८; अचु० ३;

तिविक्कम. पुं० (त्रिविक्रम) विष्णुकुमार नामक एक प्रसिद्ध जैन मुनि. A well-known Jaina saint named Vishnu Kumar. धर्मवि० ८६;

तिसंकु. पुं०(त्रिशङ्कु) सूर्यवंशीय एक राजा. A king of the solar lineage. अभि० ८२;

तिसंथ. त्रि० (त्रिसंस्थ) तीन बार सुनने से अच्छी तरह याद कर लेने की शक्ति वाला. Able to repeat the same after hearing three times. धर्मसं० १२०७;

तिसट्ठ. त्रि० (त्रिषष्ट) त्रेसठवां; ६३वां. The sixty-third. पउम० ६३, ७३;

तिसट्ठि स्त्री० (त्रिषष्टि) त्रेसठ; ६३. Sixty-three. भवि०

तिसत्त. त्रि० ब० (त्रिसप्तन्) एक्कीस. Twenty one. आ० ६;

तिसरिय. न० (त्रिसरिक) (१) तीन सरा वाला हार. Three lined necklace. कप्प० (२) वाद्य-विशेष. A kind of musical instrument. पउम० ११३, ११;

तिसिर. पुं० व. (त्रिशिरस्) (१) देश-विशेष. The country. पउम० ९८,६४; (२)पुं० नृप-विशेष. The king. पउम० ६६,४६; (३) रावण का एक पुत्र. A son of Ravana. से० १२, ४६;

तिसीस. पुं० (त्रिशीर्ष) देव-विशेष. A kind of gods. दीव०

तिसूलपाणि. पुं० (त्रिशूलपाणि) महादेव; शिव. Mahadeo; God Shiva. (२) त्रिशूल को हाथ में रखने वाला सुभट. A warrior with the three-pointed spear in his hand. पउम० ५६, ३५;

तिहत्तर. त्रि० (त्रिसप्तत) तिहत्तरवां; ७३ वां. The seventy third. पउम०७३,३६;

तीमण. न० (तीमन) कढ़ी; खाद्य-विशेष. Curry. सण०

तीमिअ. त्रि० (तीमित) आर्द्र; गीला. Wet; Moistened. कुप्र० ३७३;

तीरट्ठ. पुं० (तीरस्थ) साधु; मुनि; श्रमण. A saint; A sage. दसनि० २, ६;

तीसम. त्रि० (त्रिंश) तीसवां. Thirtieth. भवि०

तीसिया. स्त्री० (त्रिंशिका) तीस वर्ष के उम्र की स्त्री. A female, thirty years old. वव० ७;

तुंग. पुं०(तुङ्ग) छन्द विशेष. A particular verse. पिंग०

तुंगार. पुं० (तुङ्गार) अग्निकोण का पवन. The south-east wind. आवम०

तुंगिम. पुं० स्त्री० (तुङ्गिमन्) ऊँचाई; उच्चत्व. Height; Loftiness. सुपा० १२४; वज्जा० १५०; कप्पू० सण०

तुंगीय. पुं० (तुङ्गीय) पर्वत-विशेष. A particular mountain. सुर० १, २००;

तुंद. न० (तुन्द) उदर; पेट. The stomach;

The belly. उप० ७२८ टी;

तुंबवण. न० (तुम्बवन) संनिवेश विशेष; एक गांव का नाम. A village so called. सार्ध० २५;

तुंबिणी. स्त्री० (तुम्बिनी) वल्ली विशेष. A particular creeper. है०४, ४२७;राज०

तुंबी स्त्री० (तुम्बी) जैन साधुओं का एक पात्र; तरपनी. A vessel of Jaina saint. सुपा० ६४१;

तुच्छिम. पुं०स्त्री०(तुच्छत्व) तुच्छता. Insignificance; Meanness. वज्जा० १५६;

तुट्ट. त्रि० (त्रुटित) टूटा हुआ; छिन्न; खण्डित. Broken. स० ७१८; सुक्त० १७;

तुट्टिअ. त्रि० (त्रुटित) छिन्न; खण्डित. Broken. कुमा०

तुट्टिर. त्रि० (त्रुटितृ) टूटने वाला. Brittle. कुमा० सण०

तुट्ठि. स्त्री०(तुष्टि) कृपा; मेहरबानी. Favour; Kindness. कुम्र० १;

तुडि. स्त्री० (त्रुटि) (१) न्यूनता; कमी. Deficiency. (२) दोष; दूषण. A fault. हे० ४, ३९०; (३) संदेह, संशय. A doubt; Suspician. सुर० ३, १११;

तुडिअ. त्रि० (त्रुटित) टूटा हुआ; विच्छिन्न. Shattered to pieces. अच्चु० ३३; दे० १, १५६; सुपा ८५;

तुण्णण. न० (तुन्नन) फटे हुए वस्त्र का सन्धान. Sewing the torn garments. उप० पृ० ४१३;

तुण्हिं. अ० (तूष्णीम्) मौन, चुपकी. Silence; Taciturnity. भवि०

तुण्णार.पुं०(तुन्नकार) रफू करने वाला; शिल्पी. A carder; A darner. धर्मवि० ७३;

तुमंतुम. त्रि० (त्वंत्वम्) तूकारे से बात करने वाला. Addressing disrespectfully with thou; Theeing and thouing. संबोध० १७;

तुमुल. पुं० (तुमुल) (१) लोम-हर्षण युद्ध; भयानक संग्राम. A terrible fight; A horrible war. गउड० (२) न० शोर-गुल. Noise; Disturbance. पाअ०

तुम्हकेर. त्रि० (त्वदीय) तेरा. Thy; Thine. कुमा०

तुम्हकेर. त्रि० (युष्मदीय) आपका; तुम्हारा. Your; Yours. हे० १, २४६; २, १४७;

तुम्हेच्चय. त्रि० (यौष्माक) आपका; तुम्हारा. Your; Yours. हे० २, १४९; कुमा० षड्०

तुरंग. पुं० (तुरङ्ग) रामचन्द्र का एक सुभट. A warrior of Ramachandra. पउम० ५९, ३८;

तुरंगिआ. स्त्री० (तुरङ्गिका) घोड़ी. A mare. पाअ०

तुर-तुरा. स्त्री० (त्वरा) शीघ्रता; जल्दी. Speed; Haste. दे० ५, १६;

तुरय. पुं० (तुरग) छन्द विशेष. A particular verse. पिंग०

तुरावंत. त्रि० (त्वरावत्) त्वरायुक्त; त्वरा वाला. Speedy; Hasty. से० ४, ३०;

तुरिअनिद्दा. स्त्री० (तुर्यनिद्रा) मरणदशा. The death-bed. उप० पृ० १४३;

तुरुक्क. पुं० (तुरुष्क) (१) देश विशेष; तुर्किस्तान. Turkistan, a country. (२) त्रि० तुर्किस्तान का. Relating to Turkistan. स० १३;

तुरुक्की. स्त्री० (तुरुष्की) लिपि विशेष. A kind of the alphabet. विशे० ४६४टी;

तुलण. न० (तुलन) तौलना; तोलन. Weighing. कप्पू० वज्जा०१५७;

तुलणा. स्त्री० (तुलना) तौल; वजन. Weight. धर्मवि०६;

तुलय. त्रि० (तोलक) तौलने वाला. A weigher; A weigh man. सुपा०११७;

तुलसिश्रा. स्त्री० (तुलसिका) लता विशेष; तुलसी. A holy plant of Tulsi; Holy basil. कुमा०

तुला. स्त्री० (तुला) राशि विशेष. Librae; The seventh sign in zodiac which the sun enters at the autumnal equinox in September. सुपा०३६; —सम. त्रि० (सम) राग द्वेष रहित; मध्यस्थ Free from passions; Impartial. बृह० ६;

तुलिश्र. त्रि० (तुलित) (१) उठाया हुआ; ऊंचा किया हुआ. Lifted. से० ६, २०; (२) गुना हुआ. Multiplied. राज०

तुवट्ट. पुं० (त्वग्वर्त) शयन; लेटना. Sleeping. वव० ४;

तुहिण. न० (तुहिन) हिम; तुषार. Snow; Ice. पाश्र० —इरि. पुं० (गिरि) हिमालय पर्वत. The Himalayas. गउड०—कर. पुं० (कर) चन्द्रमा. The moon. कप्पू०

तूयरी. स्त्री० (तूवरी) रहर. A kind of pulse. पिंड० ६२३;

तूरवइ. पुं० (तूर्यपति) नटों का मुखिया. The head of dancers. बृह० १;

तूरविश्र. त्रि० (त्वरित) जिसको शीघ्रता कराई गई हो वह. Caused to haste. से० १२,८३;

तूरिश्र. पुं० (तौर्यिक) वाद्य बजाने वाला. A musician. स० ७०५;

तूलिल्ल. त्रि० (तूलिकावत्) तसवीर बनाने की कलम वाला; कूर्चिका युक्त. Having a painting-brush. गउड०

तेश्र. पुं० (तेजस्) (१) प्रताप. Majesty; Dignity; Prowess. (२) महात्म्य; प्रभाव. Awe. (३) बल; पराक्रम. Strength. कुमा०

तेश्रण. न० (तेजन) (१) तेज करना; पैनाना. Sharpenning. (२) उत्तेजन. Encouragement. हे० ४, १०४; (३) त्रि० उत्तेजित करने वाला. An encourager. कुमा०

तेश्रविश्र. त्रि० (प्रदीप्त) (१) जला हुआ. Burnt. कुमा० (२) चमका हुआ; उद्दीप्त. Glistened; Glittered. पाश्र०

तेश्रविश्र. त्रि० (तेजित) तेज किया हुआ. Sharpened. दे० ८, १३;

तेश्रस्सि. पुं० (तेजस्विन्) इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम. A king of the Ekshvakur lineage. पउम० ५, ५;

तेश्रा. स्त्री० (त्रेता) युग विशेष; दूसरा युग. The second of the four Yugas of the Hindus. ती० २६;

तेइच्छी. स्त्री० (चिकित्सा-चैकित्सी) प्रतीकार; इलाज. A remedy; Cure. कप्प०

तेइज्जग. त्रि० (तार्तीयीक) (१) तीसरा. The third. (२) ज्वर-विशेष; तीसरे २ दिन पर आता ज्वर. The intermittant fever. उत्तनि० ३;

तेंदु-तेंदुश्र-ग. पुं० (तिन्दुक) गेंद; कन्दुक. A ball. पउम० १५,१३;

तेज. पुं० (तेज) देश विशेष. A particular country. सम्मत्त० २१६;

तेजपाल. पुं० (तेजपाल) गुजरात के राजा वीरधवल का एक यशस्वी मंत्री. A renowned minister of Virdhaval, a king of Gujarat. ती० २;

तेजलपुर. न० (तेजलपुर) गिरनार पर्वत के पास मंत्री तेजपाल का बसाया हुआ नगर. A city eastablished by the minister Tejapala near the mount Girnar. ती० २;

तेण. अ० (तेन) लक्षण-सूचक अव्यय. A characterizing adverb. हे० १, १८३; कुमा०

तेणप्पओग. पुं॰ (स्तेनप्रयोग) (१) चोर को चोरी करने के लिए प्रेरणा करना. To instigate a thief to steal. (२) चोरी के साधनों का दान या विक्रय. To give or sell the implements for stealing. धर्म॰ २;

तेणी. स्त्री॰ (स्तेना) चोर-स्त्री. A wife of a thief. सम्मत्त॰ १६१;

तेण्हाइअ. त्रि॰ (तृष्णित) तृष्णा-युक्त; प्यासा. Thirsty. से॰ १३, ३६;

तेतलि. पुं॰ (तेतलिन्) धरणेन्द्र के गन्धर्व सेना का नायक. The commander of an army of celestial choristers of Dharendra. इक॰

तेत्तिअ. त्रि॰ (तावत्) उतना. That much. प्राप्र॰ गउड॰ गा॰ ७१; कुमा॰

तेत्तिल. त्रि॰ (तावत्) उतना. That much. हे॰ २, १४७; कुमा॰

तेत्तिल. न॰ (तैतिल) ज्योतिष-प्रसिद्ध करण-विशेष. A Karana (a division of the day) famous in astrology. सूयनि॰ ११;

तेद्दह. त्रि॰ (तावत्) उतना. That much. हे॰ २,१४७; प्राप्र॰ षड्॰ कुमा॰

तेमासिअ. त्रि॰ (त्रैमासिक) (१) तीन मास में होने वाला. One occurs during three months. (२) तीन मास संबन्धी. Relating to three months. सूर॰ ६, २११; १४, २२८;

तेर. त्रि॰ (त्रयोदश) तेरहवां. Thirteenth. कम्म॰ ६,१६;

तेरसुत्तरसय. त्रि॰ (त्रयोदशोत्तरशततम) एक सौ तेरहवां; ११३ वां. One hundred and thirteenth. पउम॰ ११३,७२;

तेरासि. पुं॰(त्रैराशिक) नपुंसक. An impotent person. पिंड॰ ५७३;

तेलंग पुं॰ व॰ (तैलङ्ग) (१) देश-विशेष. A particular country. (२) पुं॰ स्त्री॰ देश विशेष का निवासी मनुष्य. An inhabitant of that country. पिंग॰

तेलाडी. स्त्री॰ (तैलाटी) कीट-विशेष; गंधोली. An insect. दे॰ ७,८४;

तेल्लपाइया. स्त्री॰(तैलपायिका) क्षुद्र जन्तु विशेष. An insect. आवम॰

तेल्लिअ. पुं॰ (तैलिक) तेली; तेल बेचने वाला. An oil-man. वव॰ ६;

तेवण्णासा. स्त्री॰ (त्रिपञ्चाशत्) त्रेपन; ५३; Fifty three. प्राकृ॰ ३१;

तो. अ॰ (तदा) तब; उस समय. Then; At that time. कुमा॰

तोटय. न॰ (त्रोटक) छन्द विशेष. A particular verse. पिंग॰

तोड. पुं॰ (त्रोट) त्रुटि, A defect. उप॰ पृ॰ १८;

तोडिअ. त्रि॰ (त्रोटित) तोड़ा हुआ. Broken. महा॰ सण॰

तोणीर. पुं॰ न॰ (तूणीर) शरधि; भाथा. An arrow case; A quiver. पाअ॰ हे॰ १, १२४; भवि॰

तोमर. न॰ (तोमर) छन्द-विशेष. A particular verse. पिंग॰

तोलण. न॰ (तोलन) तौल करना; तौलना; नाप करना. Weighing राज॰

तोल्ल. न॰ (तौल्य-तौल) तौल; वजन. Weighed. कुप्र॰ १४६;

तोलिय. त्रि॰ (तोलित) तौला हुआ. Weighed. महा॰

तोसयर. त्रि॰ (तोषकर) संतोष कारक. Satisfactory. काल॰

तोसलिय. पुं॰ (तोसलिक) तोसलि ग्राम का अधीश क्षत्रिय. A ruling Kshatriya of Tosali village. आवम॰

थ

थ. पुं० (थ) दन्त-स्थानीय व्यञ्जन-विशेष. A particular dental consonant. प्राप० प्रामा०

थइअ. त्रि० (स्थगित) आच्छादित; ढका हुआ. Covered; Concealed. से० ५, ४३; गा० ५७०;

थइआइत्त. पुं० (स्थगिकावत्) ताम्बूल-पात्र-वाहक नौकर. A servant who carries betel-leaf box. कुम्र० ७१;

थइआधर. पुं० (स्थगिकाधर) ताम्बूल पात्र का वाहक नौकर. A servant who carries betel-leaf box. सुपा० १०७;

थउड. न० (स्थपुट) (१) विषम और उन्नत प्रदेश. Uneven region. (२) त्रि० नीचा ऊँचा. Uneven. गउड०

थउडिअ. त्रि० (स्थपुटित) विषम और उन्नत प्रदेश वाला. Having difficult and lofty region. (२) नीचा-ऊँचा प्रदेश वाला. Having uneven district. गउड०

थंभविज्जा. स्त्री० (स्तम्भविद्या) स्तब्ध करने की विद्या. Magical skill of stupefying. सुपा० ४६३;

थंभण. न० (स्तम्भन) गुजरात का एक नगर; खंभात. Cambay, a city of Gujrat. ती०५१;—पुर. न०(पुर) नगर विशेष खंभात. A city named Cambay. सिग्ध०१;

थंभणिया. स्त्री० (स्तम्भनिका) विद्या विशेष. A kind of science. धर्मवि० १२४;

थक्क. त्रि० (स्थित) रहा हुआ. Stayed; Situated. कुमा० वज्जा०३८; सुपा० २३७; आरा० ७७; सट्टि० ६;

थक्किअ. त्रि० (श्रान्त) थका हुआ. Fatigued; Weary; Tired. पिंग०

थड्ढ. त्रि० (स्तब्ध) (१) निश्चल. Fixed; Immovable. (२) अभिमानी; गर्विष्ठ. Insolent; Arrogant. सुपा० ४३७; ५८२;

थड्ढिअ. त्रि० (स्तम्भित) स्तब्ध किया हुआ. Brought to a stand. (२) स्तब्ध; निश्चल. Insensible; Motionless. (३) न० गुरु-वन्दन का एक दोष; अकड़ रह कर गुरु को किया जाता प्रणाम. A fault in saluting the spiritual teacher. गुभा० २३;

थण. पुं० (स्तन) कुच; पयोधर; थन. A nipple; A pap. कुमा० काप्र० ६६१; —जीवि. त्रि० (जीविन्) स्तन-पान कर निभने वाला बालक. A child living on sucking; A suckling. आ० १४; —वई. स्त्री० (वती) बड़े स्तन वाली. A female having big breasts. गउड०—विसारि. त्रि० (विसारिन्) स्तन पर फैलने वाला. Spreading on breasts. गउड०—सुत्त. न० (सूत्र) उरः-सूत्र. A necklace of pearls hanging over the breast.—हर. पुं० (भर) स्तन का बोझ. The weight or heaviness of breasts. हे० १, १८६;

थणंधय. पुं० (स्तनन्धय) स्तन पान करने वाला बालक; छोटा बच्चा. A small child; An infant; A suckling. सुर० १०, ३७; अच्चु० ६३;

थणण. न० (स्तनन) आक्रोश; अभिशाप. A curse; A malediction. राज०

थणय. पुं० (स्तनक) दूसरी नरक-भूमि का एक नरक स्थान. An abode of the second hell. देवेन्द्र० ६;

थणलोलुअ. पुं० (स्तनलोलुप) दूसरी नरक भूमि का एक नरक-स्थान. A dwelling of the second hell. देवेन्द्र० ७;

थणिअ. पुं॰ (स्तनित) एक नरक-स्थान. A dwelling in a hell. देवेन्द्र॰ ६; २६;

थणिल्ल. त्रि॰ (स्तनवत्) स्तन वाला. Having breasts. कप्पू॰

थणुल्लअ. पुं॰ (स्तनक) छोटा स्तन. A small teat. गउड॰

थन्न. न॰ (स्तन्य) स्तन का दूध. Milk of breasts; Breast-milk.—जीवि. त्रि॰ (जीविन्) छोटा बच्चा. A small young one. सुपा॰ ६१६;

थप्पण. न॰ (स्थापन) न्यास; न्यसन. Depositing; Establishment. कुप्र॰ ११७;

थप्पिअ. त्रि॰ (स्थापित) रक्खा हुआ; न्यस्त. Deposited; Established. पिंग॰

थय. त्रि॰ (स्तृत) व्याप्त; भरपूर. Pervaded; Full of. से॰ १, १;

थयण. न॰ (स्तवन) स्तुति; स्तवन; गुण-कीर्तन. Praising. आव॰ २;

थरु. पुं॰ (त्सरु) खड्ग-मुष्टि. A hilt or handle of a sword. दे॰ ५, २४;

थरुगिण. पुं॰ (थरुकिन) (१) देश विशेष. A country so called. (२) उस देश का निवासी. An inhabitant of that country. इक॰

थल. न॰ (स्थल) ग्रास लेते समय खुले हुए मुंह की कांक; खुले हुए मुंह की खाली जगह. A hollow place in the open mouth at the time of taking morsel. वव॰ ७; —इल्ल. त्रि॰ (वत्) स्थल युक्त. Spacious. गउड॰—कुकुडियंड. न॰ (कुकुटयण्ड) कवल प्रक्षेप के लिये खुला हुआ मुख. A mouth opened for taking a morsel. वव॰ ७;—चार. पुं॰ (चार) जमीव पर चलना. To walk on the ground.—नलिणी. स्त्री॰ (नलिनी) जमीन में होने वाला कमल का गाछ. A lotus-plant growing in ground. कुमा॰

थलीघोडय. पुं॰ (स्थलीघोटक) पशु विशेष. A kind of beast. वव॰ ७;

थल्लिया. स्त्री॰ (स्थालिका) थलिया; छोटा थाल; भोजन करने का बरतन. A large plate. पउम॰ २०, १६६;

थवइ. पुं॰ (स्थपति) वर्धकि; बढ़ई. A carpenter. दे॰ २, २२;

थवणिगा. स्त्री॰ (स्थापनिका) न्यास; जमा रखी हुई वस्तु. Capital; Deposited. सुपा॰ २७५;

थविय. त्रि॰ (स्थापित) न्यस्त; निहित. Deposited. भवि॰

थविय. त्रि॰ (स्तुत) जिसकी स्तुति की गई हो वह; श्लाघित. Praised; Eulogized. सुपा॰ ३४३;

थविर. त्रि॰ (स्थविर) वृद्ध; बूढ़ा. Old; Aged. धर्मवि॰ १३४;

थाइणी. स्त्री॰ (स्थायिनी) वर्ष वर्ष पर प्रसव करने वाली घोड़ी. A mare delivering every year. राज॰

थाणय. न॰ (स्थानक) आलवाल; कियारी. A basin for water near the root of a tree. दे॰ ५, २७;

थाणीय. त्रि॰ (स्थानीय) स्थानापन्न. Reached to a place; Officiating. स॰ ६६७;

थाणु. पुं॰ (स्थाणु) (१) महादेव; शिव. Mahadeo; Shiva. हे॰ २, ७; कुमा॰ पाअ॰ (२) खीला. A nail. (३) स्तम्भ. A pillar. राज॰

थाणेसर. न॰ (स्थानेश्वर) समुद्र के किनारे पर का एक शहर. A city on the sea-shore. उप॰ ७२८ टी; स॰ १४८;

थावण. न॰ (स्थापन) न्यास; आधान. Placing; Depositing. स॰ २१३;

थिश्र. त्रि० (स्थित) रहा हुआ. Stayed; Situated. स० २७०; विशे० १०३५;भवि०

थिएण. त्रि० (स्यान) कठिन; जमा हुआ. Collected into a mass;Congealed. हे० १, ७४; २, ६६; से० २, ३०;

थिबुग. पुं० (स्तिबुक) कन्द-विशेष. A kind of tuberous root. सुख०३६,६६;

थिबुग-थिबुय. पुं० (स्तिबुक) जल-बिन्दु. A drop of water. विशे० ७०४; ७०५; —संकम. पुं० (संक्रम) कर्म प्रकृतिश्रों का आपस में संक्रमण विशेष. Transition ofKarmic natures among themselves. पंचा० ५;

थिमिश्र. त्रि० (स्तिमित) मन्थर; धीमा. Slow. पाश्र०

थिरिम. पुं०स्त्री० (स्थैर्य) स्थिरता. Firmness; Stability; Steadiness. सण०

थुश्र. त्रि० (स्तुत) जिसकी स्तुति की गई हो वह; प्रशंसित Praised; Eulogized. धण० ५०; अजि० १८;

थुइवाय. पुं० (स्तुतिवाद) प्रशंसा-वचन. A laudatory speech; Panegyric. चेइय० ७४४;

थुक्क. न० (थूत्कृत) थूक; कफ; खखार. Spittle; Saliva. दे० ४, ४१;

थुक्किश्र. त्रि० (थूत्कृत) थूका हुआ. Spitted. सुपा० ३४६;

थुणण. न० (स्तवन) गुण-कीर्तन; स्तुति. Praise; Commendation. सुपा० ३७;

थुणाग. पुं० (स्थूणाक) शन्निवेश विशेष; ग्राम-विशेष. A particular village आवम०

थुणिर. त्रि० (स्तोतृ) स्तुति करने वाला. One who praises. काल०

थुत्त. न० (स्तोत्र) स्तुति-पाठ. Praise; Reciting of praises. भवि०

थुत्थुक्कारिय. त्रि० (थुथुत्कारित) थुतकारा हुआ; तिरस्कृत; अपमानित. Despised; Scorned; Insulted. भवि०

थुथूक्कार. पुं० (थुथूत्कार) तिरस्कार. Hatred;Contempt; Disdain. प्रयौ० ८१;

थुल्ल. त्रि० (स्थुल) मोटा; तगड़ा. Fat; Stout; Corpulent. पिंड० ४२६;

थुवश्र. त्रि० (स्तावक) स्तुति करने वाला. A praiser; Panegyrist. हे० १, ७५;

थुवण. न० (स्तवन) स्तुति; स्तव. Praise; Laudation. कुप्र०

थेश्र. त्रि० (स्थेय) (१) रहने योग्य. Inhabitable. (२) जो रह सकता हो. One who can live. (३) पुं०, फैसला करने वाला; न्यायाधीश. A judge. हे० ४, २६७;

थेण. पुं० (स्तेन) चोर; तस्कर. A thief. हे० १, १४७;

थेरिश्र. न० (स्थैर्य) स्थिरता. Steadiness; Stability; Firmness. कुमा०

थोभ-थोभय. पुं० (स्तोभ-क) 'च' 'वै' आदि निरर्थक अव्ययका प्रयोग. An use of useless adverbs. च, वै etc. बृह० १, विशे० ६६६ टी;

द

दइश्र. त्रि० (दयित) अभीष्ट; वाञ्छित. Desired; Wished. सुर० ३, २३८; —यम. त्रि० (तम) अत्यन्त प्रिय. Exeedingly loved. (२) पुं० पति; भर्त्ता. A husband. पउम० ७७, ६२;

दइच्च. पुं० (दैत्य) दानव; असुर. A demon; An evil spirit. हे० १, १५१; कुमा० पाश्र० —गुरु. पुं० (गुरु) शुक्र.

The planet Venus; Name of the preceptor of demons. पाश्र०

दइन्न. न०(दैन्य) दीनता; गरीबपन. Poverty; Mis rable-state. हे० १,१५१;

दइव पुं० न० (दैव) दैव; भाग्य; अदृष्ट; प्रारब्ध. Fate; Destiny; Fortune. 'अहवा कुविश्रो दइवो' सुर० ८,३४; हे० १,१५३; कुमा० महा० पउम० २८,६०;

दइविग. त्रि० (दैविक) देव- सम्बन्धी; दिव्य. Relating to the gods; Divine. स० ५०६;

दंठि. त्रि० (दंष्ट्रिन्) बड़े दांत वाला; हिंसक जन्तु A wild boar; A savage animal; A beast of pray. नाट-वेणी०२४;

दंड. पुं० (दण्ड) (१) दुःख-जनक; परिताप जनक. Painful; Troublesome. (२) छन्द विशेष. A particular verse. पिंग० (३) एक जैन उपासक का नाम. A name of a Jain Upasaka. संथा०६१; (४) दण्ड- नायक; सेनापति. A general. वव० १; —जुज्झ. न० (युद्ध) (१) यष्टि-युद्ध. Stick against stick; Fighting with sticks and staves; Cudgelling. —लत्तिश्र. त्रि० (लात) दण्ड देने वाला. One who inflicts a punishment; One who inflicts a fine. वव०१;–पासिग. पुं०(पाशिक) कोतवाल. A police magistrate. कुम० १५५; स० २६५; उप० १०३१ टी; –रास. पुं० (रास) एक प्रकार का नाच. A kind of dance. कप्पू०

दंडश्रल. पुं० (दण्डकल) छन्द-विशेष. A kind of verse. पिंग०

दंडग–दंडय. पुं० (दण्डक) (१) कर्ण-कुण्डल नगर का एक राजा. A king of Karna Kundla city. पउम० १, ६६; (२) दण्डाकार वाक्य पद्धति; ग्रन्थांश-विशेष. A sentence in the form of a stick. राज० (३) न० दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध जंगल. A famous forest of the Deccan (India). पउम० ३१,२५; –गिरि. पुं० (गिरि) पर्वत विशेष. A mountain. पउम० ४२, १४;

दंडलइश्र. त्रि०(दण्डलातिक) दण्ड लेने वाला. One who exacts a fine वव० १;

दंडारक्खिग. पुं० (दण्डारक्षिक) दण्ड धारी प्रतीहार. A door-keeper with a staff. निसी० चू० ६;

दंडारण्ण. न० (दण्डारण्य) दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध जंगल. A renowned forest of the Deccan (India) पउम० ४१, १; ७६, ५;

दंडावण. न० (दण्डन) सजा कराना; निग्रह कराना. Causing to punish. श्रा० १४;

दंडाविश्र. त्रि०(दण्डित) जिसको दण्ड दिलाया गया हो वह. Caused to punish, one chastised. श्रोघ० ५६७ टी;

दंडिश्र. पुं० (दण्डिक) (१) सामन्त राजा. A neighbouring king. प्रव० २६८; (२) राजकुलानुगत पुरुष. A descendant of royal family. प्रव० ६१; (३) दाण्डपाशिक; कोतवाल. A police-magistrate; Kotwal. धर्मसं० ५६६; (४) दण्ड वाला. Punished. वव० ४, (५) पुं० दण्ड-दाता; अपराध विचार-कर्त्ता. One who inflicts a punishment. वव० १;

दंडिश्र. त्रि० (दण्डित) जिसको सजा दी गई हो वह. Punished. सुपा० ४६२;

दंत. त्रि० (ददत्) दान करता; देता. One giving; Donor. पिंड० ५६४;

दंत. त्रि० (दान्त) (१) जिसका दमन किया गया हो वह; वश में किया हुआ. Restrain-

ed; Briddled. प्रासू० १६५; (२) दो उपवास; बेला. Two fasts. संबोध० ५८;

दंतच्छुश्र. पुं०(दन्तच्छद) ओष्ठ; होठ. A lip. पाश्र०

दंतपुर. न०(दन्तपुर) नगर विशेष. A particular city. वव० १;

दंतवलहिया. स्त्री० (दन्तवलभिका) उद्यान-विशेष. A garden. स० ७०;

दंति. पुं०(दन्तिन्) पर्वत-विशेष. A mountain so called. पउम० १५,६;

दंतुर. त्रि०(दन्तुर) (१) उन्नत दांतवाला; जिसके दाँत उभड़ खाभड़ हों. Having long and projecting teeth.(२)ऊँचा नीचा स्थान; विषम स्थान. An uneven place. (३)आगे आया हुआ; आगे निकल आया,हुआ. Projected. कप्पू०

दंतुरिय. त्रि० (दन्तुरित) देखो 'दन्तुर' शब्द. Vide 'दंतुर'. उप० १०३१ टी० सुपा० २००;

दंद. पुं० (द्वन्द्व) (१) कलह; क्लेश. Quarrel; Strife. (२) युद्ध; संग्राम. War; Battle; Contest. सुपा० १४७; कुमा०

दंपइ. पुं० व० (दम्पति) स्त्री पुरुष का युगल; पति-पत्नी. A couple; husband and wife. सिरि० २४८;

दंभ. पुं० (दम्भ) (१) माया; कपट. Deceit; Fraud. हे० १, १२७; (२) छन्द विशेष. A particular verse. पिंग०(३) ठगाई; वञ्चना. A deceit; Trickery. प्रव० २;

दंभग. त्रि०(दम्भक) दम्भी; ठग. Rogue. सुख० २, १७;

दंभोलि. पुं०(दम्भोलि) वज्र. A thunder-bolt; कुम्र० २७०;

दंस. पुं० (दंश) दंतक्षत; सर्प या अन्य किसी विषैले कीड़े का काटा हुआ घाव. A sting; A bite. हे० १, २६० टी०;

दंसग. त्रि० (दर्शक) दिखलाने वाला. One who shows; exhibitioner. स०४८१;

दंसण. न० (दंशन) दांत से काटना. Biting or crushing with teeth;Chewing. से० १, १७;

दंसणि. त्रि० (दर्शनिन्) किसी धर्म का अनुयायी. A follower of a religion. सुपा० ४६६; (२) दार्शनिक; दर्शन शास्त्र का जानकार. One familiar with the systems of philosophy. कुम्र० २६; कुम्मा० २१;

दंसावण. न० (दर्शन) दिखाना. To show. उप० २११ टी;

दंसाविश्र. त्रि० (दर्शित) दिखलाया हुआ. Shown; Displayed. सुपा० ३८६;

दक्क. त्रि० (दष्ट) जो दांत से काटा गया हो वह. Bitten. षड्०

दक्ख. पुं० (दक्ष) भगवान् मुनिसुव्रत स्वामी का एक पौत्र. A grandson of Lord Munisuwrata. पउम० २१, २७;

दक्खण. न० (दर्शन) (१) अवलोकन; निरीक्षण. Observation; Inspection. (२) देखनेवाला; निरीक्षक. One who sees; Inspector. कुमा०

दक्खविश्र. त्रि० (दर्शित) दिखलाया हुआ. Shown. पाश्र० कुमा०

दक्खा. स्त्री० (द्राक्षा) (१) वल्ली-विशेष; दाख का पेड़. A creeper of grapes; Vine. (२) फल विशेष; दाख; अंगूर. Grape. कप्पू० सुपा० २६७; ५३६;

दक्खायणी. स्त्री० (दाक्षायणी) गौरी; शिव-पत्नी. Parvati; Gauri; wife of Lord Shiva. पाश्र०

दक्खिण. त्रि० (दक्षिण) (१) दक्षिण दिशा में स्थित. Situated in the south. सुर० ३, १८; गउड० (२) निपुण; चतुर.

Skilld; Proficient. प्रामा॰ (३) हितकर; अनुकूल. Favourable. (४) अपसव्य; वामेतर; दाहिना. Right. कुमा॰ —पच्छिमा. स्त्री॰ (पश्चिमा) दक्षिण और पश्चिम के बीच की दिशा; नैऋत कोण. South-west direction. आवम॰ —पुव्वा. स्त्री॰(पूर्वा) अग्नि कोण. South-east direction. चंद॰ १;

दक्खिणा. स्त्री॰ (दक्षिणा) (१) दक्षिण दिशा. The south. जो॰ १; (२) दक्षिण देश. Southern Country. कप्पू॰ —कंखि. त्रि॰ (काङ्क्षिन्) दक्षिण का अभिलाषी. Desirous of the Deccan. पउम॰३०, ६३; —यण. न॰ (यन) (१) सूर्य का दक्षिण दिशा में गमन. Inclination or Passing of the Sun towards the South. The fist half of the year in which the sun moves from the south to the north; the Summer Solstice. (२) कर्क की संक्रान्ति से धन की संक्रान्ति तक के छः मास का काल. The second half of the year in which the sun moves from the north to the south; the winter solstice. जो॰ १;

दक्खिण्ण. अ॰ न॰ (दाक्षिण्य) (१) उदारता; औदार्य. Generosity; Liberality. (२) सरलता; मार्दव. Gentleness; Frankness; Straightness. सुर॰ १, ६५; २, ६२; प्रासू॰ ८; (३) अनुकूलता. Favourableness; Agreeableness. वंस॰ २;

दक्खिय. त्रि॰ (दर्शित) दिखलाया हुआ. Shown. भवि॰

दट्ठंतिय. त्रि॰ (दार्ष्टान्तिक) जिस पर दृष्टान्त दिया गया हो वह अर्थ. Thing some explained or illustrated by an example. उप॰ पृ॰ १४३;

दढ. त्रि॰ (दृढ) (१) अति-निबिड; प्रगाढ. Dense; Impervious. (२) कठोर; कठिन. Hard; Harsh. पंचा॰ ४; (३) क्रि॰ वि॰ अतिशय; अत्यन्त. Excessive; Much. पंचा॰ १, ७; —धिइय. त्रि॰ (धृतिक) अतिशय धैर्य वाला. Having excessive patience. पउम॰ २१, २२; —मूढ. त्रि॰ (मूढ) नितान्त मूर्ख. Exeedingly foolish. दे॰ १, ४;

दढभूमि. स्त्री॰ (दृढभूमि) एक गांव का नाम. Name of a village. आवम॰

दढिअ. त्रि॰ (दृढित) दृढ किया हुआ. Fixed; Confirmed. कुमा॰

दत्त. त्रि॰ (दत्त) न्यस्त; स्थापित. Established; Placed. (२) पुं॰ स्वनाम-ख्यात एक श्रेष्ठि-पुत्र. A son of a wealthy man. उप॰ ५६२; ७६८ टी; (३) एक जैन मुनि. A Jaina saint. आक॰(४)एक जैन आचार्य. A Jaina preceptor. कुप्र॰ ६;

दत्त. न॰ (दात्र) दांती; घास काटने की हंसिया. An instrument of grass cutting or sickle. दे॰ १, १४;

दत्तिय. पुं॰ (दत्रिक) वायु-पूर्ण चर्म. Leather full of air. राज॰

दत्तिया. स्त्री॰ (दात्रिका) (१) छोटी दांती, घास काटने का शस्त्र विशेष. A small scythe. राज॰ (२) दान देने वाली स्त्री. A female donor. चारु॰ २;

दद्दुर. पुं॰ (दर्दुर) (१) वाद्य-विशेष. A kind of musical instrument. गउड॰ (२) प्रहार; आघात. A blow; धर्मवि॰८५;

दद्दुल. त्रि॰ (दद्रुमत्) दाद रोग वाला. Having ringworm. सिरि॰ ११६;

दप्पि. त्रि॰ (दर्पिन्) अभिमानी; गर्विष्ठ.

Arrogant; Proud. कप्पू०

दप्पिअ. त्रि० (दर्पिक) दर्प-जनित. Produced by arrogance. उवर० १३१;

दप्पुल. त्रि० (दर्पवत्) अहंकार वाला. Arrogant; Insolent. हे० २, १५९; षड्०

दब्भिय. न० (दार्भिक) गोत्र-विशेष. Name of a lineage. सू० प० १०, १६ टी;

दमग. त्रि० (दमक) दमन करने वाला. A tyrant; An oppressor. निसी० चू० ६;

दमणग-य. पुं० न० (दमनक) (१) छन्द-विशेष. A particular verse. पिंग० (२) गन्ध-द्रव्य-विशेष. A fragrant substance. राज०

दमधर. पुं० (दमधर) एक जैन मुनि का नाम. Name of a Jaina saint. पउम० २०, १६३;

दमयंती. स्त्री० (दमयन्ती) राजा नल की पत्नी का नाम. The queen of king Nala. पडि० कुम्र० ५४; ५६;

दमिल. पुं० (द्रविड) (१) एक भारतीय देश. A region of India. (२) पुं० स्त्री० उसके निवासी मनुष्य. An inhabitant of that district. कुम्र० १७२; इक०

दम्म. पुं०(द्रम्म) सोने का सिक्का; सोना-मोहर. A gold-coin. उप० पृ० ३८७; हे० ४, ४२२;

दय. न० (दक) पानी; जल. Water. बृह० १;

दयावर. त्रि० (दयावर) दयालु. Kind; Merciful; Compassionate. पउम० २६, ४०; उप० पृ० १६१;

दर. पुं०न० (दर) (१) गुफा; कन्दरा. Cave. (२) गर्त; गड्हा. A pit. धर्मवि० १४०; (३) भय; डर. Fear; Dread. कुमा०

दरमलिय. त्रि० (मर्दित) आहत; चूर्णित. Beaten; Pounded. भवि०

दरि. स्त्री० (दरि) गुफा; कन्दरा. Cave. —आर. पुं० (चर) किंनर. A mythical being with a human figure and the head of a horse. से० ६, ४४;

दरिअ. त्रि० (दीर्ण) डरा हुआ; भीत. Feared; Frightened. कुमा० सुपा० ६४५;

दरिआ. स्त्री० (दरिका) कन्दरा; गुफा. Den; Cave नाट-विक्र० ८४;

दरिद्द. त्रि० (दरिद्रिन्) निर्धन; दीन; गरीब. Poor. 'अम्हे दरिद्दिणो' महा० सया०

दरिद्दिय. त्रि० (दरिद्रित) दुःस्थित; जो धन-रहित हुआ हो. Poor and wretched. महा० पि० २५७;

दरिसणीय. न० (दर्शनीय) भेट; उपहार. A present; A gift. सुर० १०, ६;

दरिसावण. न० (दर्शन) (१) दर्शन; साक्षात्कार. Observing; Seeing. आव १; (२) त्रि० दर्शक; दिखलाने वाला. One who shows. भवि०

दरिसाव. न० (दर्शन) दर्शन; साक्षात्कार. Looking at; Face to face. महा० सुपा० ११५;

दरिसिअ. त्रि० (दर्शित) दिखलाया हुआ. Showed; Displayed. कुमा० उव०

दल. न० (दल) (१) सैन्य; लश्कर. Army; A body of troops. कुमा० (२) धन; सम्पत्ति. Wealth; Riches. सुपा० ६३८;

दलण. न० (दलन) (१) पीसना; चूर्णन. Levigating; Pounding. Grinding. सुपा० १४; ६११; (२) चूर्ण करने वाला. One who levigates. सुपा० २३४; ४६७; कुम्र० १३२; ३८३;

दलिअ. त्रि० (दलित) विकसित. Bloomed; Expanded. से० १२, १; (२) पीसा हुआ. Levigated; Crushed. पाम्र० गा० ६६१; (३) विदारित; खण्डित. Broken; Torn. सुर० ४, १५२

दवद्दवा. स्त्री० (द्रवद्रवा) वेग वाली गति. Speedy motion. पउम० ८, १७३;

दवरिया. स्त्री० (दवरिका) छोटी रस्सी. String. विशे०

दवावण. न० (दापन) दिलाना. Causing to give. निसी० चू० २;

दवाविश्र. त्रि० (दापित) दिलाया हुआ. Caused to give. सुपा० १३०; स० १६३; महा० उप० पृ० ३८४; ७२८ टी;

दविश्र. त्रि० (द्रवित) द्रव-युक्त; पनीली वस्तु. Liquid; Fluid. श्रोघ०

दविडी. स्त्री० (द्राविडी) लिपि विशेष. A particularal alphabet. विशे० ४६४टी;

दव्व. पुं० न० (द्रव्य) (१) गौण; अप्रधान; Subordinate; Secondary; Unessential. (२) बाह्य; अतथ्य. External; Exterior. पंचा० ४; ६; (३) न० योग्यता. Fitness; Propriety. पंचा० ६, १०; —लिंगि. त्रि० (लिङ्गिन्) भेषधारी साधु. A disguised saint. गु० १०; —वेय. पुं० (वेद) पुरुष आदि का बाह्य आकार. The external form of man etc. राज०

दसकंठ. पुं० (दशकण्ठ) रावण; Name of a celebrated demon; King of Lanka से० १४, ६१;

दसकंधर. पुं० (दशकन्धर) राजा रावण. The king Ravana of Lanka. गउड०

दसग्गीव. पुं० (दशग्रीव) रावण. King Ravana. पउम० ७३, ८;

दसण. न० (दशन) डंश; काटना. Biting; Stinging प्रव० ३८;

दसणच्छय. पुं० (दशनच्छद) होठ; A lip. सुर० १२, २३४;

दसबल. पुं० (दशबल) भगवान् बुद्ध. Lord Buddha. पाश्र० हे० १, २६२;

दसमासिश्र. त्रि० (दशमाषिक) दस मासे का तौल वाला; दस मासे का परिमाण वाला. Weighing ten Mashas (A kind of weight). कप्पू०

दसवश्रण. पुं० (दशवदन) राजा रावण. King Ravana. से० १०, ५;

दसा. स्त्री० (दशा) (१) सौ वर्ष के प्राणी की दस२ वर्ष की अवस्था. A hundred years old creature's course of life after every ten years. दसनि० १; (२) सूत या ऊन का छोटा। और पतला धागा. A cotton or woollen small and thin thread. श्रोघ० ७२५;

दसाणण. पुं० (दशानन) राक्षसेश्वर रावण. Ravana, a king of demons. से० ३, ६३;

दसुत्तरसय. न० (दशोत्तरशत) (१) एक सौ दस. One hundred and ten. (२) त्रि० एक सौ दसवां; ११०वां. One hundred and tenth. पउम० ११०, ४५;

दहण. पुं० (दहन) अग्नि. Fire. उप० पृ० २२; सुपा० ४७४; श्रा० २८;

दहणी. स्त्री० (दहनी) विद्या विशेष. A kind of magical skill. पउम० ७, १३८;

दहावण. त्रि० (दाहक) जलाने वाला. One who burns or kindles. सण०

दहि. स्त्री० (दधि) तेला; लगातार तीन दिन का उपवास. Three fasts at a stretch. संबोध० ५८;

दहिमुह. पुं० (दधिमुख) (१) द्वीप-विशेष. A particular island. पउम० ५१, १; (२) एक नगर. City. पउम० ५१, २;

दहिवाहण. पुं० (दधिवाहन) नृप-विशेष. Name of a king. महा०

दहिसर. पुं० (दधिसर) खाद्य द्रव्य-विशेष. A kind of eatable. दे० ३, २६; ५, ३६;

दाइ. त्रि० (दायिन्) दाता; देने वाला. A donor. उप० पृ० १६२;

दाइअ. पुं० (दायिक) (१) पैतृक संपत्ति का हिस्सेदार. A partner of patrimony. उप० पृ० ४७; महा० (२) समान गोत्रीय. A kinsman of the same family. कप्प०

दाइज्जय. न० (देयक) पाणि ग्रहण के समय वधू-वर को दिया जाता द्रव्य. A nuptial present given to the bride and the bride-groom. सिरि० ४६६;

दाडिमी. स्त्री० (दाडिमी) अनार का पेड़. The pomegranate tree. पि० २४०;

दाढि. त्रि० (दंष्ट्रिन्) सूअर; वराह. A wild boar. पउम० ७, १८;

दाण. पुं० न० (दान) हाथी का मद. Ichor or the juice that exudes from the temples of an elephant in rut. पत्र० पद्० गउड०

दाणपरमिया. स्त्री० (दानपारमिता) दान; उत्सर्ग; समर्पण. Giving; Granting; Donation. धर्मसं० ७३७;

दाणविरय. पुं० (दानविरत) एक राजा. King. सुपा० १००;

दाथ. त्रि० (द्वाःस्थ) (१) द्वार पर स्थित. Stood on the door. (२) प्रतीहार; चपरासी. A door-keeper. दे० ६, ७२;

दापण. न० (दापन) दिलाना. Causing to give. सत्त० २६ टी;

दामड्ढि. पुं० (दामार्थिन्) सौधर्म देवलोक के इन्द्र के वृषभ-सैन्य का अधिपति देव. A commanding god of the bullock-army of the lord of the Saudharma heaven. इक०

दामवंत. त्रि० (दामन्वत्) माला वाला. Having a garland. कुमा०

दामिय. त्रि० (दामित) संयमित; नियन्त्रित. Restrained; Bridled. सण०

दामोअर. पुं० (दामोदर) श्रीकृष्ण वासुदेव. Shree Krishna Vasudeo. ती० ४;

दारग्गला. स्त्री० (द्वारार्गला) दरवाजे का आगल. The bolt of a door. गा० ३२२;

दारट्ठ-दारत्थ. त्रि० (द्वारस्थ) (१) द्वार में स्थित. Stood in the door. (२) पुं० दरवान; प्रतीहार. A door-keeper. बृह० १;

दारपाल. पुं०(द्वारपाल) दरवान; द्वार-रक्षक. A gate-keepr or janitor or porter. उप० ५३० टी० सुर० १०, १३६; महा०

दारवालय. पुं० (द्वारपालक) दरवान; प्रतीहार. A door-keeper; A janitor. पउम० १७, १६; सुपा० ४६६;

दारय. त्रि० (दारक) विदारण करनेवाला; विध्वंसक. One who destroys. कुम्र० १३०;

दारिअ. त्रि० (दारित) विदारित; फाड़ा हुआ. Torn; Divided; Split; Rent. पाअ०

दारिद्द. न० (दारिद्र्य) आलस्य. Idleness; Laziness. प्रामा०

दारिद्दिय. त्रि० (दारिद्रित) दरिद्रता-प्राप्त; दरिद्र. Indigent; Poor. पउम० ५५,२५;

दारुग्गाम. पुं० (दारुग्राम) ग्राम-विशेष. Village. पउम० ३०, ६०;

दारुण. त्रि० (दारुण) (१) क्रोध-युक्त; रौद्र. Indignant; Wrathful; Fierce. वव० १; (२) कष्ट; दुःख. Evil; Misery; Suffering; Hardship. स० ३२२; (३) दुर्भिक्ष; अकाल. Scarcity of provisions; Dearth; Famine. उप० १३६ टी;

दारुणी. स्त्री० (दारुणी) विद्या-देवी-विशेष. Name of goddess. पउम० ७, १४०;

दारुपुत्तय. पुं० (दारुपुत्रक) कठपुतला. A wooden doll; Puppet. अच्चु० ८२;

दाव. पुं० (दाव) (१) वन; जंगल. A forest or jungle. (२) देव; देवता; A god. से० ६, ४३; (३) जंगल की अग्नि. A forest-conflagration. पाअ० —अणल. पुं० (अनल) जंगल की आग. A forest-conflagration. सण० सुपा० १६७; पडि०—ग्गि. पुं० (अग्नि) जंगल की आग. A fire in the forest; a forest on fire. सण० सुपा० १६७; पडि०

दावण. न० (दापण) दिलाना. Causing to give. सुपा० ४६६;

दावणया. स्त्री० (दापना) दिलाना. To cause to give. स० ५१; पडि०

दाविअ. त्रि० (दर्शित) दिखलाया हुआ; प्रदर्शित. Shown; Displayed. पाअ० से० १, ५३; ५, ८०;

दाविअ. त्रि० (दापित) दिलाया हुआ. Caused to give. सुपा० २४१;

दाविअ. त्रि० (द्रावित) (१) झराया हुआ; टपकाया हुआ. Caused to ooze. (२) नरम किया हुआ. Made soft; Softened. अच्चु० ८८;

दास. पुं०(दर्श) दर्शन; अवलोकन. Looking at; Seeing; Observation. षड्०

दास. पुं० (दास) धीवर. A hunter; A fowler. 'केवट्टो धीवरो दासो' पाअ०

दासरहि. पुं० (दाशरथि) राजा दशरथ का पुत्र रामचन्द्र. Name of Rama, a son of Dasaratha. से० १, १४;

दाससच्च. पुं०(दाससत्य) श्रीकृष्ण. Shree Krishna. अच्चु० १७;

दाहण. न० (दाहन) जलाना; भस्म कराना. Burning; Reducing to ashes. पउम० १०२, १६१;

दाहविय. त्रि० (दाहित) जलवाया हुआ; आग लगवाया हुआ. Burnt; हम्मीर० २७;

दाहिणपह. पुं० (दक्षिणपथ) (१) दक्षिण देश की ओर का रास्ता. A road to the Daccan. (२) दक्षिण देश. The southern part of India; The Deccan. 'गच्छामि दाहिणपहं' पउम० ३२, १३;

दाहिणी. स्त्री० (दक्षिणा) दक्षिण दिशा. The south. कुमा०

दि० त्रि० ब० (द्वि) दो; दो की संख्या वाला. Two. हे० १, ६४; से० ६, ५३;

दिअ. पुं० (द्विज)(१) दन्त; दांत. A tooth. (२) ब्राह्मण आदि तीन वर्ण; ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य. The first three castes of the Hindus viz. A Brahmana, Kshatriya and Vaishya. (३) वृक्ष विशेष; टिंबरु का पेड़. A kind of tree. हे० १. ६४; —राय. पुं० (राज) (१) उत्तम द्विज. The best Brahmana. (२) चन्द्रमा. The moon. सुपा० ४१२; कुम्र० १६;

दिअ. पुं० (द्विक) काक; कौआ. A crow. उप० ७६८ टी;

दिअ. पुं० (द्विप) हस्ती; हाथी. An elephant. हे० २, ७६;

दिअ. त्रि० (हत) हत; मार डाला हुआ. Killed. कुम्र० १६;

दिअ. त्रि०(दित) छिन्न. Cut; Torn; Rent. धम्मो० १;

दिअंबर. त्रि० (दिगम्बर) नग्न; वस्त्र-रहित. Stark naked; Unclothed. (२) पुं० एक जैन संप्रदाय. A Jaina Sampradaya; A Jain sect. भवि० उवर० १२२; कुम्र० ४४३;

दिअस. पुं० न० (दिवस) दिन; दिवस. A day. गउड० पि० २६४;—कर. पुं० (कर) सूर्य; रवि. The sun. से० १, ५३; —नाह. पुं० (नाथ) सूर्य; सूरज. The sun. पउम० १४, ८३;

दिउण. त्रि० (द्विगुण) दूना; दुगुना. Two fold; Double; Twice. पि० २६८;

दिक्काण. पुं० (द्रेष्काण) मेष आदि लग्नों का दशवाँ हिस्सा. The tenth part of the Masha etc. (the sign of Aries of the zodiac.) राज०

दिग्घिआ. स्त्री० (दीर्घिका) वापी; सीढ़ी वाला कूप. A large well with steps leading down to the water's edge. स्वप्न० ५६; विक्र० १२६;

दिच्छा. स्त्री० (दित्सा) देने की इच्छा. Desire of giving. कुम० २६६;

दिट्ठ. त्रि० (दृष्ट) (१) अभिमत Approved. Accepted; Admitted. (२) ज्ञात; प्रमाण से जाना हुआ. Known; Understood. उप० ८८२; बृह० १; —पाठि. त्रि० (पाठिन्) चरक-सुश्रुतादि का जानकार. Knowing or familiar with Charaka and Sushruta. श्रोघ० ७४;

दिट्ठंतिअ. त्रि० (दार्ष्टान्तिक) जिस पर उदाहरण दिया गया हो वह. Explained by illustration. विशे० १००५ टी;

दिट्ठि. स्त्री० (दृष्टि) तारा, मित्रा आदि योग दृष्टि. Yogic dristi(A kind of vision) called Tara and Mitra. सिरि०४२३;

दिट्ठिकीव. पुं० (दृष्टिक्लीब) नपुंसक विशेष. A kind of impotent person. निसी० चू०४;

दिट्ठिबंध. पुं० (दृष्टिबन्ध) नजर बांधना. Fascination or deception of the sight; Jugglery. उप० ७२८ टी;

दिट्ठिराय पुं० (दृष्टिराग) (१) दर्शन राग; अपने धर्म पर अनुराग. Affection for one's own religion. धर्म० २; (२) चाक्षुष स्नेह. Optical love. अभि० ७४;

दिट्ठिल्ल. त्रि० (दृष्टिमत्) प्रशस्त दृष्टि वाला. Having praiseworthy eyes. पउम० २८,२२;

दिट्ठिविस. पुं० (दृष्टिविष) जिसकी दृष्टि में विष हो ऐसा सर्प. A serpent. से० ४, ४०;

दिणइंद. पुं०(दिनेन्द्र) सूर्य; रवि. The sun. सण०

दिणबंधु. पुं० (दिनबन्धु) सूर्य; रवि. The sun. पुष्फ० ३७;

दिणमुह. न० (दिनमुख) प्रभात; प्रातःकाल. Morning; The day-break. पाश्र०

दिणरयणिकरी. स्त्री० (दिनरजनिकरी) विद्याविशेष. A kind of magical skill. पउम० ७, १३८;

दिणिंद. पुं० (दिनेन्द्र) सूर्य; रवि. The sun. सुपा० २४०;

दिणेस. पुं० (दिनेश) (१) सूर्य; सूरज. Sun. कप्पू० (२) बारह की संख्या. A number of twelve. विवे० १४४;

दिण्णेल्लय. त्रि० (दत्त) दिया हुआ. Given. श्रोघ० २२ भा०टी.

दित्त. त्रि० (दीप्त) (१) तीक्ष्णीभूत; निशित. Sharpened; Whetted. लहुअ० ११;

दित्त. त्रि० (दृप्त) (१) मारने वाला. A killer. (२) हानि-कारक. Injurious. श्रोघ० ३०२;

दित्तिल्ल. त्रि० (दीप्तिमान्) प्रकाश वाला. Bright; Shining. सम्मत्त० १५६;

दिदिक्खा-दिदिच्छा. स्त्री० (दिदृक्षा) देखने की इच्छा. Desire of giving. राज० सुपा० २६४;

दिद्ध. त्रि० (दिग्ध) लिप्त. Smeared; Anointed; Daubed. निसी० चू० १;

दिप्प. त्रि० (दीप्र) चमकने वाला; तेजस्वी. Shining; Brilliant; Radiant. से० १६१;

दिरय. पुं० (द्विरद) हस्ती; हाथी. An elephant. हे० १, ६४;

दिवाइत्ति. पुं० (दिवाकीर्ति) चाण्डाल; भंगी. A pariah; A scavenger. दे० ५, ४१;

दिवाकित्ति. पुं० (दीवाकीर्त्ति) नापित; हजाम A barber. कुप्र० २८८;

दिवामुह. न० (दिवामुख) प्रभात. Morning; Dawn; Day-break. गउड०

दिवायर. पुं० (दिवाकर) (१) सिद्धसेन नामक विख्यात जैन कवि और तार्किक. A well-known poet and philosopher named Siddhasena. (२) पूर्वधर मुनि. A saint versed in Purvas. सम्मत्त० १४१;

दिवायरत्थ. न० (दिवाकरास्त्र) प्रकाश कारक अस्त्र-विशेष. A kind of missile, casting light. पउम० ६१, ४४;

दिविश्र. पुं० (द्विविद्) वानर-विशेष. A kind of monkey. से० ४, ८; १३, ७२;

दिविज. त्रि० (दिविज) (१) स्वर्ग में उत्पन्न. Born in the heaven. (२) पुं० देव; देवता. A god. अजि० ७;

दिव्व. न० (दिव्य) (१) शपथ विशेष; आरोप को शुद्धिके लिए किया जाता अग्निप्रवेश आदि. A kind of oath; A solemn declaration. उप० ८०४; (२) प्राचीन काल में अपुत्रक राजा की मृत्यु होजाने पर जिस चमत्कार जनक घटना से राज-गद्दी के लिए किसी मनुष्य का निर्वाचन होता था वह हस्ति गर्जन, अश्वहेषा आदि अलौकिक प्रमाण. In the old days, when a king died heirless, any person appointed as a king on the base of wonderful events. The trumpeting of an elephant, neighing of a horse etc. were supernatural proofs. उप० १०३१ टी; (३) तेला; तीन दिन का लगातार उपवास. Three fasts at a time. संबोध० ५८;

—**माणुस.** न० (मानुष) देव और मनुष्य संबन्धी हकीकतों का जिसमें वर्णन हो ऐसी कथा वस्तु. A story describing the details relating to gods and man. स० २;

दिस. पुं० (दिश) एक देव-विमान. A celestial air-ship. देवेन्द्र० १३१;

दिस. त्रि० (दिश्य) दिशा में उत्पन्न. Produced in any quarter. से० ६, ५०;

दिसश्रा. स्त्री० (दृषद्) पत्थर; पाषाण. Stone. षड्०

दिसाश्रक्क. न० (दिशाचक्र) दिशाओं का समूह. A collection of directions. गा० ५३०;

दिसागश्र. पुं० (दिग्गज) दिग्-हस्ती. One of the eight elephants said to guard and preside over the eight cardinal points. से० २, ३; १०, ४६;

दिसादंति. पुं० (दिग्दन्तिन्) दिग्-हस्ती. Vide 'दिसागश्र'. सुपा० ४८;

दिसामत्त. न० (दिङ्मात्र) अत्यल्प; संक्षिप्त. The mere direction or indication; Hint. उप० ४७६;

दिसेभ. पुं० (दिगिभ) दिग्गज; दिग्-हस्ती. Vide 'दिसागश्र'. गउड०

दिस्स. त्रि० (दृश्य) देखने योग्य; प्रत्यक्ष ज्ञान का विषय. Visible; Worthy to be seen. धर्मसं० ४२८;

दिहि. स्त्री०(धृति) धैर्य; धीरज. Patience. हे० २, १३१; कुमा०

दिहा. अ० (द्विधा) दो प्रकार. Indeclinable–In two parts; Two kinds; Dilemma. हे० १, ६७;

दिहिम. त्रि० (धृतिमत्) धैर्य-शाली; धीर. Firm; Steady; Resolute. कुमा०

दीव. पुं० (द्वीप) सौराष्ट्र का एक नगर; दीव. A city called Diva in Saurrashtra. प्रव० १११;

दीवश्र. न० (दीपक) छन्द विशेष. A particular verse अजि० २६;

दीवरणु. त्रि० (द्वीपज्ञ) द्वीप के मार्ग का जानकार. Knowing the road to Diva. उप० ५६५;

दीवाली. स्त्री० (दीपाली) (१) दीप-पङ्क्ति. A row of lights; Nocturnal illumination. (२) दीवाली; पर्व-विशेष; कार्तिक वदि अमास. The festival called Diwali held on the night of new moon in the Ashvina month. दे० ३, ४३;

दीवावली. स्त्री० (दीपावली) देखो 'दीवाली' शब्द. Vide 'दीवाली'. ती० १६;

दीविअंग. पुं० (दीपिकाङ्ग) कल्प वृक्ष की एक जाति जो अन्धकार को दूर करती है. A kind of tree which removes darkness. पउम० १०२; १२५;

दीवी. स्त्री० (दीपिका) लघु प्रदीप. A small lamp. आ० १६;

दीवूसव. पुं० (दीपोत्सव) कार्तिक वदि अमावस; दीवाली. The festival called Diwali held on the night of new moon in the Ashvina. ती० १६;

दीह. पुं० (दीर्घ) (१) दो मात्रा वाला स्वर-वर्ण. Long vowel. पिंग० (२) कोशल देश का एक राजा. A king of Koshala country. उप० पृ० ५८; —णिद्दा. स्त्री० (निद्रा) मरण; मौत. The death. राज० —दंसि. त्रि० (दर्शिन्) दूरदर्शी; दूरन्देशी. Provident;Prudent;Far-sighted. सुर० ३, ३; सं० ३२; —दिट्ठि. त्रि० (दृष्टि) (१) दूर-दर्शी; दूरन्देशी. Provident; Long-sighted. (२) स्त्री० दीर्घ-दर्शिता. Providence; Foresight. धर्म० १; —पेहि. त्रि० (प्रेक्षिन्) दूर-दर्शी. Provident; Far-sighted. पउम० २६,२२; ३१,१०६;

दीहंध. त्रि० (दिवसान्ध) दिन को देखने में असमर्थ. Unable to see in the day. प्रासू० १७६;

दीहडक्क. त्रि० (दीर्घदष्ट) जिसको सांप ने काटा हो वह. One who is stung by a serpent. निसी० चू० १;

दीहपट्ठ. पुं० (दीर्घपृष्ठ) यवराज का एक मन्त्री. A minister of Yavraja. बृह० १;

दीहरिय. त्रि० (दीर्घित) लम्बा किया हुआ. Lengthened; Elongated. गउड०

दु. पुं० (द्रु) वृक्ष; पेड़. गच्छ. A tree. उर० ५;

दु. अ० (द्विस्) दो वार; दो दफा. Two times; Twice. सुर० १६, ५५;

दु. अ० (दुर्) (१) मुश्किली; कठिनाई. Difficulty. (२) निन्दा. Blame; Censure. हे० २, २१७; प्रासू० २५८; सुपा० १४३;

दुअ. त्रि० (द्रुत) पीड़ित; हैरान किया हुआ. Pained; Harassed; Tormented. उप० ३२० टी;

दुअक्खर. त्रि० (द्व्यक्षर) (१) अज्ञान; मूर्ख; अल्पज्ञ. Foolish; Silly. उप० १२६ टी; (२) पुं० स्त्री० दास; नौकर. A servant. पिंड०

दुअणुअ. पुं० (द्व्यणुक) दो परमाणुओं का स्कन्ध. An aggregate or molecule of two atoms. विशे० २१६२;

दुअर. त्रि० (दुष्कर) मुश्किल; कठिनाई से जो किया जा सके वह. Difficult. प्राकृ० २६;

दुअल्ल. न० (दुकूल) (१) वस्त्र; कपड़ा. A cloth; A garment.(२) मलिन वस्त्र;

सूक्ष्म वस्त्र. A very fine garment. हे० १, ११६; प्राप्र०

दुआइ. पुं० (द्विजाति) ब्राह्मण, क्षत्रिय, और वैश्य ये तीन वर्ण. The three castes of Hindus e.g. A Brahman, Kshatriya and Vaishya. हे० १, ६४; २, ७६;

दुउणिअ. त्रि० (द्विगुणित) दूना; दुगुना. Twice; Double; Two-fold. कुमा०

दुंडुभ-दुंदुह. पुं० (दुन्दुभ) (१) सर्प की एक जाति. A kind of serpent. दे० ७, ५१;

दुकम्म. न० (दुष्कर्मन्) पाप; निन्दित काज. Sin; Wicked action. आ० २७; भवि०

दुकाल. पुं० (दुष्काल) अकाल. Famine; Dearth. सिरि० ४१;

दुक्कंदिर. त्रि० (दुष्कन्दिन्) अत्यन्त आक्रन्द करने वाला. One who laments profusely. भवि.

दुक्कप्प. पुं० (दुष्कल्प) शिथिल साधु का आचरण; पतित साधु का आचार. Conduct of the feeble saint. पंचभा०

दुक्कम्म. न० (दुष्कर्मन्) दुष्ट कर्म; असदाचरण. Wicked action; Bad conduct. सुपा० २८; १२०; ५००;

दुक्करकरण. न० (दुष्करकरण) पांच दिन का लगातार उपवास. Five fasts at a time. संबोध० ५८;

दुक्कुल. न० (दुष्कुल) निन्दित कुल. A bad or low family. धर्म० १;

दुक्ख. क्रिवि० (दुःख) कष्ट से; मुश्किली से. With great difficulty or trouble. वसु० (२) त्रि० दुःख वाला; दुःखित; दुःख-युक्त. Unhappy; Miserable. वै० ३३;—आराह. त्रि० (आराध्य) दुःख से आराधन योग्य. Worshipable with great difficulty. वज्जा० ११२;–आवह त्रि० (आवह) दुःख-प्रद. Painful; Troublesome. पउम० १५, १००;—कर. त्रि० (कर) दुःख जनक. Painful; Troublesome. सुपा० १६५; –मज्जिय. त्रि० (अर्जित) जिसने दुःख उपार्जन किया हो वह. One who has got pain;

दुक्खत्त. त्रि० (दुःखार्त) दुःख से पीड़ित. Distressed; Afflicted. सुपा० १६१; स० ६४२; प्रासू० १४४; —गवेसण. न० (गवेषण) दुःख से पीड़ित की सेवा; आर्त शुश्रूषा. Service of the distressed. पंचा० १६;

दुक्खरिय. पुं० (दुष्करिक) दास; नौकर. A servant. निसी०चू० १६;

दुक्खरिया. स्त्री०(दुष्करिका) (१) दासी; नौकरानी. A maid-servant. निसी०चू०१६; (२) वेश्या;वरांगना. A harlot; A prostitute; A concubine. निसी० चू०१६;

दुक्खविअ. त्रि० (दुःखित) दुःखी किया हुआ. Distressed; Afflicted. उप० ६३४; भवि०

दुक्खोह. पुं० (दुःखौघ) दुःख; राशि. Flood of unhappiness. पउम० १०३, १५५; सुपा० १६१;

दुक्खोह. त्रि० (दुःक्षोभ) कष्ट-क्षोभ्य; सुस्थिर. Steady; Immoveable. सुपा० १६१; ६२६;

दुखंड. त्रि० (द्विखण्ड) दो टुकड़े वाला. Having two pieces. उप० ६८६ टी; भवि०

दुगंछण. स्त्री०(जुगुप्सना) घृणा; निन्दा. Censure; Reproach. पउम० ६५, ६५;

दुगंछा. स्त्री० (जुगुप्सा) घृणा; निन्दा. Disgust ;Aversion; Contempt. पाअ० कुम० ४०७;

दुगसंपुराण. नं० (द्विकसंपूर्ण) लगातार बीस दिन का उपवास. Twenty fasts at a time. संबोध० ४८;

दुगुंछग. त्रि० (जुगुप्सक) घृणा करने वाला. One who abhors or abominates. आव० ३;

दुगुंछण. न० (जुगुप्सन) घृणा; निन्दा. Disgust; Abhorrence. पि० ७४;

दुगुंदुग. पु० (दौगुन्दुक) एक समृद्धि शाली देव. A flourishing god. सुपा० ३२८;

दुग्गंठि. स्त्री० (दुर्ग्रन्थि) दुष्ट ग्रन्थि. A bad knot. पि० ३३३;

दुग्गय. न०(दुर्गत) (१) दरिद्रता. Distress. (२) दुःख. Pain; Affliction.संबोध०४;

दुग्गह. त्रि० (दुर्ग्रह) जिसका ग्रहण दुःख से हो सके वह. Which can be taken with difficulty. Difficult to be gained or accomplished. उप० पृ० ३६०;

दुग्गा. स्त्री० (दुर्गा) (१) पार्वती; गौरी. Parvati; Gauri. पाश्र० सुपा० १४८; (२) पक्षि विशेष. A kind of bird. श्रा० १६;

दुग्गाई-दुग्गाएवी-दुग्गादेई-दुग्गावी. स्त्री० (दुर्गादेवी) (१) पार्वती; गौरी. Parvati. (२) देवी विशेष. Durga goddess. षड्० हे० १, २७०; कुमा०—रमण. पुं० (रमण) महादेव; शिव. Mahadeo; Shiva. षड्०

दुग्गूढ. त्रि० (दुर्गूढ) अत्यन्त गुप्त; अति-प्रच्छन्न. Much concealed. वव० ७;

दुग्घड. त्रि०(दुर्घट) असंगत. Improbable; Inconsistent. धर्मवि० २७०;

दुग्घडिश्र. त्रि० (दुर्घटित) दुःख से संयुक्त. Unhappy. (२) खराब रीति से बना हुआ. Badly made. 'दुग्घडिश्रमंचश्रस्स' गा० ६१०;

दुग्घर. न० (दुर्गृह) दुष्ट घर. A bad house. भवि०

दुग्घास. पुं० (दुर्ग्रास) दुर्भिक्ष; अकाल. Dearth; Famine. बृह० ३;

दुच्च. न० (दौत्य) दूत कर्म; समाचार पहुँचाने का कार्य. Message; Mission Errand. पाश्र०

दुच्चज्ज-दुच्चय. त्रि० (दुस्त्यज) दुःख से त्यागने योग्य. Difficult to be abondoned. कुमा० उप० ७६८ टी;

दुच्चार. त्रि० (दुश्चार) दुराचारी. Vicious; Licentious. भवि०

दुच्चारि. त्रि० (दुश्चारिन्) दुराचारी; दुष्ट आचरण वाला. Vicious; Wicked. स० ५०३;

दुच्चिंतिय. त्रि०(दुश्चिन्तित)(१) दुष्ट-चिन्तित. Badly meditated. पउम० ११८, ६७; (२) न० खराब चिन्तन. Vile contemplation. पडि०

दुच्चिगिच्छ. त्रि० (दुश्चिकित्स) जिसका प्रतीकार मुश्किल से हो वह. Difficult to be cured. स० ७६१;

दुच्चेट्ठिय. न० (दुश्चेष्टित) शारीरिक दुष्ट आचरण. Wicked geesture. पडि० सुर० ६, २३२;

दुच्छड्ड. त्रि० (दुश्छर्द) दुस्त्यज; दुःख से छोड़ने योग्य. Difficult to be abandoned. धर्मवि० १२४;

दुच्छेज्ज. त्रि० (दुश्छेद) जिसका छेदन दुःख से हो सके वह. Difficult to be cut. पउम० ३१, ५६;

दुजीह. पुं० (द्विजिह्व) (१) सर्प; सांप. A snake; A serpent. (२) दुर्जन; खल पुरुष. An insincere person. A wicked man. सट्टि० ६३; कुमा०

दुज्जाय. त्रि० (दुर्जात) दुःख से निकलने योग्य. Difficult to come out. से०१२, ६२;

दुज्जित. पुं० (दुर्यन्त) एक प्राचीन जैन मुनि.

An ancient Jaina Saint. कप्प०

दुज्जीव. न० (दुर्जीव) आजीविका का भय. Fear of maintenance. विशे० ३४४२;

दुज्जेअ. त्रि० (दुर्जेय) दुःख से जीतने योग्य. Conquerable with difficulty. सुपा० २४८; महा०

दुज्झाण. न० (दुर्ध्यान) दुष्ट चिन्तन. Bad meditation. धर्म० २;

दुट्ठप्प. पु० (दुष्टात्मन्) दुष्ट जीव; पापी प्राणी. An evil soul. पउम० ६, १३६; ७५, १२;

दुणिअ. त्रि० (दून) पीड़ित; दुःखित. Distressed; Afflicted. गा० ११;

दुणिक्खेव त्रि० (दुर्निक्षेप) दुःख से स्थापन करने योग्य. Difficult to be established. गा० १५४;

दुणिमिअ. त्रि० (दुर्नियोजित) दुःख से जोड़ा हुआ. Joined with difficulty. से० १२,१६;

दुणिमित्त. न० (दुर्निमित्त) खराब शकुन; अपशकुन. An ill omen; An evil augury. पउम० ७०,५;

दुणिविट्ठ. त्रि० (दुर्निविष्ट) दुराग्रही. Obstinate; Persistent. निसी०चू० ११;

दुणेय. त्रि० (दुर्ज्ञेय) जिसका ज्ञान कष्ट साध्य हो वह. Difficult to be known; Incomprehensible. उवर० १२८; उप० ३२८;

दुत्तडी. स्त्री०(दुस्तटी) खराब किनारा. A bad shore or bank. धम्म० १२ टी;

दुत्तव. त्रि० (दुस्तप) कष्ट से तपने योग्य; दुःख से करने योग्य (तप). Difficult to be observed or practised. धर्मा० १७;

दुत्तुंड. पुं० (दुस्तुण्ड) दुर्मुख; दुर्जन. A wicked man. सुपा० २७८;

दुत्थ, न० (दौःस्थ्य) दुर्गति; दुःस्थिता. A bad state; 'दुत्थेवि धीरा' कुप्र०५४; सुपा०२४४;

दुत्थिअ. त्रि० (दुःस्थित) (१) दुर्गत; विपत्तिग्रस्त. Distressed; In trouble. रयण० ७५; भवि० सण० (२) निर्धन; गरीब. Indigent; Poor. कुप्र० १४६;

दुद्दंस. त्रि० (दुर्दश) दुरालोक; जो कठिनाई से देखा जा सके. Which can be seen with difficulty. उत्तर० १४१;

दुद्दम. पुं० (दुर्दम) राजा अश्वग्रीव का एक दूत. A messenger of the king Ashvagriva. आक०

दुद्देय. त्रि० (दुर्देय) दुःख से देने योग्य. Difficult to be given. उप० ६२४;

दुद्धंस. त्रि० (दुर्ध्वंस) जिसका नाश मुश्किली से हो. Difficult to be perished. सुर० १, १२;

दुद्धर. त्रि०(दुर्धर) (१) दुर्जय. Invincible; Unconquerable. कुमा० (२) पुं० रावण का एक सुभट. A warrior of Ravana. पउम० ५६, ३०;

दुद्धसमुद्द. पुं० (दुग्धसमुद्र) क्षीर समुद्र, जिस का पानी दूध के जैसा स्वादिष्ट है. The sea of milk. गा० ३८८;

दुद्धोअहि-दुद्धोदहि. पुं० (दुग्धोदधि) क्षीर समुद्र, जिसका पानी दूध की तरह स्वादिष्ट है. A sea, of which water is milk-like tasteful; An ocean of milk. गा० ४७५; उप० २११ टी;

दुन्नय. पुं० (दुर्नय) (१) अनेक धर्म वाली वस्तु में किसी एक ही धर्म को मान कर अन्य धर्म का प्रतिवाद करने वाला पक्ष. A party which disowns or conceals other natures and accepts only one nature of a thing having numerous natures. सम्म० १५; (२) त्रि० दुष्ट नीति वाला; अन्याय कारी. Having or of wicked policy. उप० ७६८ टी;

—कारि. त्रि० (कारिन्) अन्याय करने वाला. Unjust. सुपा० ३४६;

दुन्निग्गह. त्रि० (दुर्निग्रह) जिसका निग्रह दुःख से हो सके वह; अनिवार्य. Irrepressible; Ungovernable. उप० पृ० १२३;

दुन्निवार. त्रि० (दुर्निवार) रोकने के लिये अशक्य; जिसका निवारण मुश्किल से हो सके वह. Difficult to be checked; Irresistible. सुपा० १२३; महा०

दुन्निवारणीय. त्रि० (दुर्निवारणीय) देखो 'दुन्निवार' शब्द. Vide 'दुन्निवार'. स० ३४३; ७४१;

दुपरिच्चणीय. त्रि० (दुष्परित्यजनीय) दुस्त्यज; दुःख से छोड़ने योग्य. Difficult to be abandoned. काल०

दुपुत्त पुं० (दुष्पुत्र) कुपुत्र; कपूत. A disobedient son. पउम० २६, २३;

दुपेच्छ. त्रि० (दुष्प्रेक्ष) दुर्दर्श; अदर्शनीय. Difficult to be seen. भवि०

दुप्पइ. पुं० (दुष्पति) दुष्ट स्वामी. A wicked husband. भवि०

दुप्पक्खाल. त्रि० (दुष्प्रक्षाल) जिसका प्रक्षालन कष्ट साध्य हो वह. Difficult to be washed. सुपा० ६०८;

दुप्पच्चुप्पेक्खिय. त्रि० (दुष्प्रत्युत्प्रेक्षित) ठीक ठीक नहीं देखा हुआ. Badly seen. प्रव० ६;

दुप्पजीवि. त्रि० (दुष्प्रजीविन्) दुःख से जीने वाला. Living with difficulty. दसचू० १;

दुप्पडिगार. त्रि० (दुष्प्रतिकर) जिसका प्रतीकार दुःख से किया जा सके. Difficult to be resisted. बृह० ३;

दुप्पडिपूर. त्रि० (दुष्प्रतिपूर) पूरने के लिये अशक्य. Difficult to be filled. तंदु०

दुप्पणिहिय. त्रि० (दुष्प्रणिहित) दुष्प्रयुक्त; जिसका दुरुपयोग किया गया हो वह. Which is misused. सुपा० ५४०; . . . .

दुप्पधंस. त्रि० (दुष्प्रधर्ष) दुर्धर्ष; दुर्जय. Invincible. पि० ३०५;

दुप्परिइअ. त्रि० (दुष्परिचित) अपरिचित. Unacquainted. से० १३, १३;

दुप्परिणाम. त्रि० (दुष्परिणाम) जिसका परिणाम खराब हो; दुर्विपाक. Whose result is bad. भवि०

दुप्परिमास. त्रि० (दुष्परिमर्ष) कष्ट साध्य स्पर्श वाला. Difficult to be touched. से० ६, २४;

दुप्परिवत्तण. त्रि० (दुष्परिवर्त्तन) (१) जिसका परिवर्तन दुःख से हो सके वह. Difficult to be changed. (२) न० दुःख से पीछे लौटना. To return with difficulty. तंदु०

दुप्पवंच. पुं० (दुष्प्रपञ्च) दुष्ट प्रपंच. An evil trick. भवि०

दुप्पवण. पुं० (दुष्पवन) दुष्ट वायु. A bad wind. भवि०

दुप्पह. त्रि० (दुष्पथ) जहां दुःख से जा सके वह; दुर्गम. Difficult to be known; Hard to be understood. मोह० ७२;

दुप्पाय. न० (दुष्प्राप) तप-विशेष; आयंबिल तप. A kind of austerity. संबोध० ५८;

दुप्पिउ. पुं० (दुष्पितृ) दुष्ट पिता. An evil father. सुपा० ३८७; भवि०

दुप्पिय. त्रि० (दुष्प्रिय) अप्रिय. Disliked; Disagreeable.—भासि. त्रि० (भाषिन्) अप्रिय-वक्ता. Speaking unkind or harsh words. सुपा० ३१४;

दुप्पेक्खणिज्ज. त्रि० (दुष्प्रेक्षणीय) कष्ट से दर्शनीय. Difficult to be seen. नाट० वेणी० २५;

दुप्फड. त्रि० (दुष्फट) मुश्किल से फटने योग्य. Difficult to be rent. त्रि० ८३.

दुब्भ. त्रि० (दुग्ध)(१) दुहा हुआ. Milked. (२) न० दुहन. To milk. प्राकृ० ७७;

दुब्भरणि. स्त्री० (दुर्भरणि, दुःख से निर्वाह. Difficult to be maintained. सुपा० ३७०;

दुब्भाव. पुं० (दुर्भाव) (१) हेय पदार्थ. An object fit to be left or abandoned. पउम० ८६, ६१; (२) खराब असर. A bad impression. सुर० ३, १६;

दुब्भाव. पुं० (द्विर्भाव) द्वित्व; दुगुनापन. Twice; Double. चेइय० ६१०;

दुब्भाव. पुं० (द्विभाव) विभाग; जुदाई. A division. सुर० ३, १६;

दुब्भूइ. स्त्री० (दुर्भूति) अशिव; अमंगल. Inauspiciousness. बृह० ३;

दुब्भेज्ज. त्रि० (दुर्भेद्य) तोड़ने को अशक्य. Unable to break. पि० ८४; २८७; नाट-मृच्छ० १३३;

दुभव. न० (द्विभव) वर्तमान और आगामी जन्म. The present and future birth. श्रा० २७;

दुमकंत. न० (द्रुमकान्त) एक विद्याधर नगर. A Vidyadhar city. इक०

दुमत्त. त्रि० (द्विमात्र) दो मात्रा वाला स्वर वर्ण. A long vowel. हे० १, ६४;

दुमासिय. त्रि० (द्वैमासिक) दो मास का; दो मास सम्बन्धी. Two months old; Of two months. सण०

दुमुहुत. पुं० न० (दुर्मुहूर्त) खराब मुहूर्त; दुष्ट समय. An inauspicious moment. सुपा० २३७;

दुम्महिला. स्त्री० (दुर्महिला) दुष्ट स्त्री० A wicked lady. ओघ० ४६४ टी;

दुम्माण. पुं० (दुर्मान) झूठा अभिमान; मिथ्या गर्व. Arrogance. अच्चु० ५४;

दुम्मार. पुं०(दुर्मार) विषम मार; भयंकर ताड़न. Heavy beating; Merciless flogging. 'दुम्मारेण मओ सोवि' श्रा० १२;

दुम्मारुय. पुं० (दुर्मारुत) दुष्ट पवन. Bad wind. भवि०

पुरिल्ल. त्रि० (पौरस्त्य) पुरो-भव, पुरोवर्ती, अग्र-गामी. Going before or infront. से० १३, २; हे० २, १६३; प्राप्र०, षड्०

पुरिल्ल. त्रि० (पौर) पुर-भव, नागरिक. Relating to a city or town. प्राक० ३५; हे० २, १६३.

पुरिल्ला. अ० (पुरा) (१) निरन्तर-क्रिया-

करण, विच्छेद रहित क्रिया करना. Continuous activity, an activity which is free from clearing effects. (२) प्राचीन, पुराना. Ancient. (३) पुराने समय में. In former times, formerly. (४) भावी. Future. (५) निकट, सन्निहित. Near. (६) इतिहास, पुरावृत्त. History. है० २, १६४.

पुरिल्ला. अ० (पुरस्) आगे, अग्रत. Before, in front. है० २, १६४.

पुरिसाइय. न० (पुरुषायित) विपरीत मैथुन. A kind of coitus or mode of sexual enjoyment in which the woman incites the man. दे० १, ४२.

पुरिसाइर. त्रि० (पुरुषायितृ) विपरीत रत करने वाला. Displeaure, that which displeases. 'दरपुरिसाइरि विमसिरि' गा० ५२; ४४६.

पुरिसुत्तिम-पुरिसोत्तम. पुं० (पुरुषोत्तम) (१)भगवान् अनन्तनाथ का प्रथम श्रावक. The first Shravaka of Lord Anantanatha. विचार० ३७८; (२) श्रीकृष्ण. Shree Krishna. सम्मत्त० २२६.

पुरी. स्त्री० (पुरी) नगरी, शहर. City. कुमा०; —नाह. पुं० (नाथ) नगरी का अधिपति, राजा. King, ruler. उप० ७२८ टी.

पुरु. पुं० (पुरु) स्वनाम ख्यात एक राजा. Name of a king. अभि० १७६; (२) प्रचुर, प्रभूत. Much, abundant, excessive. प्राकृ० २८.

पुरुरव. पुं० (पुरूरवस्) एक चन्द्र-वंशीय राजा. A king of the lunar race. पि० ४०८; ४०६.

पुरुहूअ. पुं० (पुरुहूत) इन्द्र, देव-राज. Indra, a lord of gods. गउड०.

पुरेस. पुं० (पुरेश) नगर स्वामी. King, ruler. भवि०

पुरोत्तमपुर. न० (पुरोत्तमपुर) एक विद्याधर नगर का नाम. Name of a Vidyadhar city. इक०

पुरोह. पुं० (पुरोधस्) पुरोहित. Family-priest. उप० ७२८ टी; धर्मवि० १४६.

पुलअग. त्रि० (दर्शन) देखने वाला, प्रेक्षक. Spectator. कुमा०

पुलअग. न० (पुलकन) पुलकित होना. Erection of the hairs of the body, Horripilation. कप्पू०

पुलइअ. त्रि० (दृष्ट) देखा हुआ. Seen. गा० ११८; सुर० १४, ११; पाअ०

पुलइल्ल. त्रि० (पुलकित) रोमाञ्च-युक्त, रोमाञ्चित. Having the hairs of the body erect. वज्जा० १६४.

पुलाग-य. पुं० न० (पुलाक) (१) लेहसन आदि दुर्गन्ध द्रव्य. A vegetable with bad smelling e. g. Garlic, etc. (२) दुष्ट रस वाला द्रव्य. A substance having a bad juice. 'गंधेय रसपुलाए य' बृह० ५.

पुलिण. न० (पुलिन) लगातार बाईस दिनों का उपवास. Twenty-two fasts at a time. संबोध० ५८.

पुलुठ. त्रि० (प्लुष्ट) दग्ध. Burnt. पाअ०

पुलोअण. न० (दर्शन-प्रलोकन) विलोकन. Looking at, observing. दे० ६; ३०; गा० ३२२.

पुलोइअ. त्रि० (दृष्ट-प्रलोकित) (१) देखा हुआ. Seen, observed. सुर० ३, १६४; (२) अवलोकन. Observation, inspection. से० ७, ५६.

पुलोम. पुं० (पुलोमन्) दैत्य विशेष. Name of a demon, the father-in-law

of Indra. —तणया. स्त्री० (तनया) शची, इन्द्राणी. Sachi, daughter of Puloman and wife of Indra. पाश्र०

पुलोमी. स्त्री० (पौलोमी) इन्द्राणी. Sachi, daughter of Puloman, and wife of Indra. प्राकृ० १०; हे० १६०.

पलोस. पुं० (प्लोष) दाह, दहन. Burning, combustion. गउड०

पुव्व. त्रि० (पूर्व) (१) समस्त, सकल. All, whole. (२) ज्येष्ठ भ्राता. Eldest. हे० २, १३५. पछ०; (३) कारण, हेतु. Reason. —एह. पुं० (ह्न) तप-विशेष. A religious austerity. संबोध० ५८; —पय. न० (पद) उत्सर्ग-स्थान. A place prescribed by a general rule or precept. निसी० चू० १; —सुय. न० (श्रुत) पूर्व का ज्ञान. Knowledge of the past life. राज०; —सूरि. पुं० (सूरि) प्राचीन आचार्य. An ancient Acharya. जीव १.

पुव्वय. पुं० (पूर्वज) पूर्व पुरुष, पुरखा. Ancestor, forefather. सुपा० २३२.

पुव्वा. स्त्री० (पूर्वा) पूर्व दिशा. East. कुमा०

पुव्वामेव. अ० (पूर्वमेव) पहले ही. Formerly, before. कस०

पुव्वावईणय. न० (पूर्वावकीर्णक) नगर-विशेष. City. इक०

पुव्विम. पुं० स्त्री० (पूर्वत्व) पहिलापन, प्रथमता. Priority. षड्०

पुस. पुं० (पौष) मास-विशेष, पौष-मास. The month of Pausha. 'पुसो' प्राकृ० १०.

पुसिअ. त्रि० (प्रोञ्छित-मृष्ट) पोंछा हुआ. Cleansed properly, swept carefully. गउड० से० १०, ४२; गा० ५४.

पुसिअ. पुं० (पृषत्) मृग-विशेष. The spotted antelope. गा० ९२१.

पुह-पुहं. अ० (पृथक्) अलग, जुदा. Separate. हे० १, १८८; —ब्भूय. त्रि० अलग, जो जुदा किया हुआ हो. Separated. अज्झ० ६०.

पुहइ-ई. स्त्री० (पृथ्वी) एक नगरी का नाम. Name of a city. पउम० २०, १८८.

पुहईसर. पुं० (पृथ्वीश्वर) राजा. King, ruler. सुपा० १०७; २४१.

पुहत्त. न० (पृथक्त्व) (१) विस्तार, Expanse, magnitude. राज०; (२) त्रि० भिन्न, अलग. Separate, different. 'अत्थपुहत्तस्स' विशे० १०६६.

पुहवि-वी. स्त्री० (पृथ्वी) भगवान् श्रेयांसनाथ की दीक्षा शिबिका. A palanquin at the time of initiation of Lord Shreyansnatha. विचार० १२६; (२) एक छन्द का नाम. Name of a metre. पिंग०.

पुहवीचंद. पुं० (पृथ्वीचन्द्र) एक राजा. Name of a king. यति० ५०.

पुहवीपाल. पुं० (पृथ्वीपाल) एक राजकुमार. Name of a prince. उप० ९८६ टी.

पुहवीपुर. न० (पृथ्वीपुर) एक नगर का नाम. Name of a city. उप० ८४४.

पुहवीस. पुं० (पृथ्वीश) राजा. King; sovereign. हे० १, ६.

पुहु. त्रि० (पृथु) विशाल, विस्तीर्ण Broad, wide, expansive. प्राकृ० २८.

पूअ. पुं० (पूग) (१) वृक्ष-विशेष, सुपारी का गाछ. The areca or betel-nut tree. गउड०. (२) न० फल-विशेष, सुपारी. The areca or betel-nut. स० ३४५.

पूअ. न० (पूर्त) तालाब, कुआं आदि खुदवाना, अन्न-दान करना, आदि जन समूह के हित का कार्य. An act of pious liberality. स० ७१३.

पूञ्च. न० (पूत) लगातार छः दिनों का उपवास. Six fasts at a time. संबोध० ४८.

पूञ्चल. पुं० (पूप) अपूप, पूआ, खाद्य-विशेष. A kind of eatable. दे० ६, १८.

पूञ्चारह. पुं० (पूजारथ) राक्षस वंश में उत्पन्न एक राजा, एक लंका-पति. Name of a king born in a demon family. पउम० ५, २५६.

पूञ्चाहिज्ज. त्रि० (पूजाहार्य) पूजित-पूजक. Venerable, worshipful. ठा० ५,३,टी.

पूइ. स्त्री० (पूति) रोग-विशेष, एक नासिका का रोग, नास कोथ. A kind of disease. विशे० २०८.

पूइम. त्रि० (पूज्य) पूजा के योग्य, संमाननीय, Deserving respect, worthy of honour. 'जया य पूइमो' दसचू० १, ४.

पूग. पुं० (पूग) समूह, संघात. Multitude, collection, gathering. मोह० २८.

पूगी. स्त्री० (पूगी) सुपारी का पेड़. The areca or betel-nut tree. —फल. न० (फल) सुपारी. The areca or betel-nut. रयण० ५५.

पूयावणा. स्त्री० (पूजना) पूजा करना. Worshipping, adoring, संबोध० १५.

पूर. पुं० (पूर) खाद्य-विशेष. A kind of eatable. 'कप्पूरपूरसहिए तंबाले' सुर० २, ६०; (२) त्रि० पूरा, पूर्ण. Full, complete. स० ३१३.

पूरंतिञ्चा. स्त्री० (पूरयन्तिका) राजा की एक परिषत्-परिवार. An assembly of a king. राज०

पूरण. न० (पूरण) (१) शूर्प, सूप. A winnowing fan. दे० ६, ५६. (२) पूर्ति. Filling up, completing. 'समस्सापूरणं' सिरि० ६६८; (३) पालन. Nourishing maintaining. आया० चू० २.

पूरिग. स्त्री० (पूरिका) मोटा कपड़ा. A big garment. राज०.

पूरी. स्त्री० (पूरी) तन्तुवाय का एक उपकरण. An implement of a weaver. दे० ६, ५६.

पूल. पुं० न० (पूल) पूला, घास की अंटिया. A bundle of grass. उप० ३२० टी; कुम्र० २१५.

पूस. पुं० (पूषन्) सूर्य, रवि. Sun. हे० ३, ५६; (२) मणि-विशेष. Precious stone. पउम० ६, ३६.

पूसगिरि. पुं० (पुष्यगिरि) एक जैन मुनि. A Jaina saint. कप्प०.

पूसमित्त. पुं० (पुष्यमित्र) एक राजा. King. विचार० ४६३.

पूसमित्तिय. न० (पुष्यमित्रीय) एक जैन मुनि-कुल. A group of a Jaina saints. कप्प०

पेञ्च. पुं० (प्रेत)(१) व्यन्तर-भेद, एक देव जाति. Evil spirits. सुपा० ४६१; ४६२; जय० २६; (२) मृतक. Dead, attainment of eternal bliss. पउम० ५, ६०.

पेञ्च. त्रि० (प्रेयस्) अतिशय प्रिय. Dearer, beloved. सम्मत्त० १७५. —कम्म. न०(कर्म्मन्)अन्त्येष्टि क्रिया.मृत का दाहादि कार्य. Obsequial or funeral rites. पउम० २३, २४; —अहिव. पुं० (अधिप) यम, जमराज. An epithet of Yama-raja, or Demons. पाअ० करणिज्ज. न० (करणीय) अन्त्येष्टि क्रिया. Obsequial or funeral rites. पउम० ७५, १; —नाह. पुं० (नाथ) यमराज, जम. Demon. स० ३१६; —भूमि. मी स्त्री० (भूमि) श्मशान. Cemetery. सुपा० २६५;—लोय. पुं० (लोक) श्मशान. Cemetery, Burial grounds. पउम० ८६,

४३;—वइ. पुं० (पति) यम. Demon. उप० ७२८ टी; —वण. न० (वन) श्मशान. Cemetery. पाश्च० सुर० १६, २०४; वज्जा० २; सुपा० ५१२.

पेश्रा. स्त्री० (पेया) यवागू, पीने की वस्तु-विशेष. Rice-gruel. हे० १, २४८.

पेईहर. न० (पितृगृह-पैतृकगृह) पीहर, स्त्री के पिता का घर. A woman's father's house. 'धणसिरिपेईहरम्मि' सुपा० ६०३.

पेऊस. न० (पीयूष) अमृत, सुधा. Nectar, ambrosia. हे० १, १०५; गा० ६५; कपू० —श्रहण. पुं० (अशन) देव, सुर. Gods. कुमा०

पेंखिश्र. त्रि० (प्रेङ्खित) कम्पित. Trembled. कप्पू०

पेंडविर. त्रि० (प्रस्थापयितृ) प्रस्थापन करने वाला. Establishing. कुमा०

पेक्खश्र-ग. त्रि० (प्रेक्षक) देखने वाला, निरीक्षक, द्रष्टा. Spectator. सुर० ७, ८०; स० ३७६; महा०

पेक्खण. न० (प्रेक्षण) निरीक्षण, अवलोकन, देखना. Viewing, seeing. सुपा० ११६; अभि० ५३.

पेक्खा. स्त्री० (प्रेक्षा) निरीक्षण, अवलोकन, देखना. Viewing, beholding. पउम० ७२, २६.

पेच्छ. त्रि० (पेक्ष) द्रष्टा, दर्शक. Spectator. 'अपरमत्थपेच्छो' स० ७१५.

पेच्छय. त्रि० (प्रेक्षक) द्रष्टा, निरीक्षक. Spectator, beholder. पउम० ८६, ७१; स० ३६१; गा० ४१८.

पेच्छि. त्रि०(प्रेक्षिन्) प्रेक्षक, द्रष्टा. Spectator, On-looker. चेइय० १०६; गा० २१४.

पेच्छिश्र. त्रि० (प्रेक्षित) (१) निरीक्षित, अवलोकित. Viewed, beheld. कुमा० (२) न० निरीक्षण, अवलोकन. A look, a glance. सुर० १२, १८३, गा० २२५.

पेच्छिर. त्रि० (प्रेक्षिन्) निरीक्षक, द्रष्टा. Spectator, beholder. गा० १७४; ३७१.

पेज्ज. त्रि० (प्रेज्य) पूज्य, पूजनीय. Respectable. राज०

पेडक-य. न० (पेटक) समूह, यूथ. A collection, multitude. 'नडपेडकसंनिहा जाण' संबोध० १५; सुपा० ५४६; सिरि० १६३; महा०

पेडावइ. पुं० (पेटकपति) यूथ का नायक. A leader of a multitude. सुपा० ५४६.

पेडिश्रा. स्त्री० (पेटिका) मञ्जूषा. Box. मुद्रा० २४०.

पेढाल. त्रि० (पीठवत्) पीठ-युक्त. Having a back. गउड०

पेढाल. पुं० (पेढाल) (१) ग्यारह रुद्र पुरुषों में से दसवां. The tenth of eleven Rudras. विचार० ४७३; (२) एक ग्राम जहां भगवान् महावीर का विचरण हुआ था. A city, visited by Lord Mahavira. 'पेढालग्गाममागओ भयवं' आवम०; (३) न० एक उद्यान. Garden. 'तीसे बाहिं पेढालं नाम उज्जाणं', आव०१.

पेढिया. स्त्री० (पीठिका) ग्रन्थ की भूमिका, प्रस्तावना. Preface. वसु०

पेमालुश्र. त्रि० (प्रेमिन्) प्रेमी, अनुरागी. Loving, affectionate. उप०९८६ टी.

पेम्मा. स्त्री० (प्रेमा) छन्द-विशेष. A kind of a metre. पिंग०.

पेरग. त्रि० (प्रेरक) प्रेरणा करने वाला, पूर्वपक्षी. Instigator. धर्मसं० ५८७.

पेरणा. स्त्री० (प्रेरणा) प्रेरणा. Impelling, inciting, instigation. सम्मत्त ०१५७.

पेरिश्र. त्रि० (प्रेरित) जिसको प्रेरणा की गई हो. Incited, instigated, impelled. दे० ८, १२; भवि०,

पेल्लिश्र. त्रि० (पीडित) पीडित. Afflicted, pained. दे० ६, ५७; महा०

पेस. त्रि० (प्रेष्य) भेजने योग्य. Deserving to be sent. हे० २, ६२.

पेसण. न० (प्रेषण) श्राज्ञा, श्रादेश. Command, order. से० ३, ५४.

पेसणा. स्त्री० (पेषण) पीसना, पेषण. Pounding, pulverizing. उप० ५६७, टी.

पेसविश्र. त्रि० (प्रेषित) भेजवाया हुश्रा, प्रस्थापित. Sent. पाश्र० उप० पृ० ५८.

पेसाय. त्रि० (पैशाच) पिशाच-सम्बन्धी. Demoniacal, infernal. बृह० २.

पेसिश्रार. पुं० (प्रेषितकार) नौकर, भृत्य, कर्मकर. Servant. पउम० ६, ३५.

पेहाविय. त्रि० (प्रेक्षित) दर्शित, दिखलाया हुश्रा. Shown, displayed. उप०पृ०३८८.

पेहि त्रि० (प्रेक्षिन्) निरीक्षक. Spectator. उव०

पोश्र. त्रि० (प्रोत) पिरोया हुश्रा. Pierced, transfixed. दे० १, ७६.

पोश्रण. न० (प्रोतन) पिरोना, गुम्फन. Piercing, transfixing. श्रावम०.

पोश्रणा. स्त्री० (प्रोतना) पिरोना. Piercing. transfixing. उप० ३५६.

पोइय. त्रि०(प्रोत) पिरोया हुश्रा. Pierced, transfixed. दे०७, ४४; उप०, पृ० १०६; पाश्र०

पोंडरीश्र-ग. न० (पौण्डरीक) गणित-विशेष, रज्जु गणित. A kind of mathematics. सूयनि० १५४.

पोकण. न० (पूत्करण-व्याहरण) (१) पुकार, श्राह्वान. Calling aloud. (२) पुकारने वाला. One who calls. कुमा०

पोक्करिय. त्रि० (पूत्कृत) पुकारा हुश्रा. Called out, cried aloud. सुर० ६, १६४; (२) पुकार. Loud cry. दंस० ३.

पोक्खर. न० (पुष्कर) (१) जल, पानी. Water. (२) पद्म-कोष. The calyx of a lotus. (३) हाथी की सूण्ड का श्रग्र भाग. The tip of an elephant's proboscis. (४) श्रापण, दुकान. Shop. (५) श्रसि-कोष, तलवार की म्यान. The sheath of a sword. (६) मुख, मुंह. Mouth. (७) कुष्ठरोग की श्रौषधि. Medicine. (८) द्वीप-विशेष. Name of an island. (९) युद्ध, लड़ाई. War, battle. (१०) शर, बाण. Arrow. (११) श्राकाश. Sky. 'पोक्खरं' हे० १, ११६; २, ४; संक्षि० ४; (१२) नाग-विशेष. A big serpent. (१३) रोग-विशेष. disease. (१४) सारस पक्षी. The crane or swan. (१५) एक राजा का नाम. King; (१६) पर्वत-विशेष. Mountain; (१७) वरुण-पुत्र. Son of god Varuna. 'पोक्खरो' प्राप्र०

पोच्छाहण. न० (प्रोत्साहन) उत्तेजन. Excitement, instigation. वेणी० १०५.

पोच्छाहिश्र. त्रि० (प्रोत्साहित) विशेष उत्साहित किया हुश्रा, उत्तेजित. Incited, instigated. सुर० १३, २६.

पोट्ट. पुं० (पुत्र) लड़का. Son. 'चारभड पोट्टेण' वव० १ टी.

पोट्टिल. पुं० (पोट्टिल) एक जैन मुनि. A Jain saint. पउम० २०, २१.

पोट्टिस. पुं० (पोट्टिस) एक कवि का नाम. Name of a poet. कप्पू०.

पोढ. त्रि० (प्रौढ) (१) समर्थ. Powerful, strong. पाश्र०; (२) निपुण, चतुर. Quickwitted, skilful. (३) प्रगल्भ. Bold, confident. उप० पृ०८६; रंभा०

—वाय. पुं० (वाद) प्रतिज्ञा-पूर्वक-प्रत्याख्यान. An emphatic assertion. गा० ४२२.

पोढा. स्त्री० (प्रौढा) (१) तीस से पचपन वर्ष तक की स्त्री. A woman of advanced age. कुम० १८४. (२) नायिका का एक भेद. One of the four principal female charactors in poetic compositions. प्राकृ० १०.

पोढि. स्त्री० (प्रौढि) प्रौढता, प्रौढपन. Full growth or development. कुम० ४०७.

पोढिम. पुं० स्त्री० (प्रौढिमन्) प्रौढता, प्रौढपन. Full growth. मोह० २.

पोत्त. न० (पोत) प्रवहण, नौका. Boat, barge. 'तेण पोत्ताणि' उप० ४६७ टी.

पोत्तिआ. स्त्री० (पौत्रिका) पुत्र की लड़की. Grand daughter. रंभा०

पोत्थिया. स्त्री० (पुस्तिका) पोथी, पुस्तक. Book. 'पोत्थियावलगगहत्था' काल०

पोप्फल. न० (पुगफल) सुपारी. Nuts. हे० १, १७०; कुमा०

पोप्फली. स्त्री० (पुगफली) सुपारी का पेड़. Tree of nuts. हे० १, १७०, कुमा०

पोमाढ. पुं० (पद्माट) पमाड़, पमार, चकवड़ का पेड. One of the species of trees. स० १४४.

पोमावई. स्त्री० (पद्मावती) छन्द विशेष. A kind of metre. पिंग०.

पोर. पुं० (पुतर) जल में होने वाला क्षुद्र-जन्तु. Watery-insects. हे० १, १७०; कुमा०

पोरव. पुं० (पौरव) राजा पुरु की संतान. Descendants of king Puru. अभि० ६४.

पोरवाड. पुं० (पौरवाट) एक जैन श्रावक कुल. A lineage of Jain Shravakas. ती० २.

पोराण. त्रि० (पौराण) (१) पुराण-सम्बन्धी. Relating to the Puranas. (२) पुराण शास्त्र का ज्ञाता. Versed in puranic tales. राज०

पोरिस. न० (पौरुष) (१) पुरुषत्व, पुरुषार्थ. Manliness, exertion. प्रासू० १७; (२) पराक्रम. Heroism, valour. कुमा०

पोरिस. त्रि० (पौरुषेय) पुरुष-जन्य, पुरुष प्रणीत. Derived from a man, made or propounded by a man. धर्मसं० ८६२ टी.

पोलिआ. स्त्री० (पौलिका) खाद्य-विशेष, पूरी. Puri, or a loaf fried in butter or ghee. उप० ७२८ टी; राज०

पोह. पुं० (प्रोथ) अश्व के मुख का प्रान्त भाग. The nose or nostrils of a horse. गउड०

फ

फ. पुं० (फ) ओष्ठ-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण विशेष. A particular labiale consonant. प्राप्र०

फंद. पुं० (स्पन्द) किञ्चित् चलन. Tremor, vibration. षड्० सण०

फंदणा. स्त्री० (स्पन्दना) किञ्चित् चलन. Tremor, vibration. सूयनि० ८ टी.

फंस. पुं० (स्पर्श) स्पर्श, छुआवट. Touch. पाअ० प्राप्र० प्राकृ० २७; गा० २६६.

फंसण. न० (स्पर्शन) छूना, स्पर्श करना. Touching. उप० ४३० टी; धर्मवि० ४३; मोह० २६.

फंसण. त्रि० (पांसन) अपशद, अधम. Low, mean, wicked. 'कुलफंसणो' सुख० २, ६; स० १६८; भवि०

फक्किया. स्त्री० (फक्किका) ग्रन्थ का विषम

स्थान, कठिन स्थान. Seat of the sacred books, a difficult position. सर० १६, २४७.

फग्गु. त्रि० (फल्गु) असार, निरर्थक, तुच्छ. Useless, vain. सुर० ८, ३; संबोध० १६; गा० ३६६ अ०

फग्गुण. पुं० (फाल्गुन) अर्जुन, मध्यम पाण्डु पुत्र०. Arjuna, the third Pandava. वज्जा० १३०.

फग्गुरक्खिय. पुं० (फल्गुरक्षित) एक जैन मुनि. A Jaina saint. आव० १.

फग्गुसिरि. स्त्री० (फल्गुश्री) इस अवसर्पिणी काल के पंचम आरे में होने वाली अन्तिम जैन साध्वी. Name of the last female saint present at the end of the fifth era of Avasarpini. विचार० ५३४.

फडाल. त्रि० (फटावत्) फन वाला. Having a hood. हे० २, १५६; चंड०

फडिअ. त्रि० (स्फटित) खोदा हुआ. Dug. 'फडिया झडत्ति', सुपा० ६१३.

फडिह. पुं० (परिघ) (१) अर्गला, आगल. A wooden bolt. से० १३, ३८; (२) कुठार. Axe, hatchet. से० ५, ५४.

फणि. पुं० (फणिन्) (१) दो कला या एक गुरु अक्षर की संज्ञा. A sign of a word of two syllables. पिंग०; (२) प्राकृत पिंगल का कर्ता, पिंगलाचार्य. Pingalacharya, author of Prakrit prosody. पिंग०

फणिंद. पुं० (फणीन्द्र) पिङ्गलकार. The author of Pingala. पिंग०

फणिपहु. पुं० (फणिप्रभु) (१) नागकुमार देवों का एक स्वामी, धरणेन्द्र. Dharanendra, lord of Nagakumar gods. ती० ३; (२) शेष नाग. An epithet of the serpent demon Sesha. धर्मवि० ५७.

फणिराय. पुं० (फणिराज) (१) शेष नाग. King of serpents, a ruling dynasty was also known by this name in ancient India. कुप्र० २७२.(२) पिंगल-कर्ता. The author of Pingala. पिंग०

फणिलआ. स्त्री० (फणिलता) नाग-लता. वल्ली विशेष. An insect. कप्पू०

फणिवइ. पुं० (फणिपति) (१) इन्द्र विशेष, धरणेन्द्र. Dharanendra. सुपा० ३१; (२) नाग राज. The serpent-king. मोह० २६; (३) पिङ्गलकार. The author of Pingala. पिंग०

फणिसेहर. पुं० (फणिशेखर) प्राकृत पिङ्गल का कर्ता. The author of Prakrit posody. पिंग०

फद्ध. पुं० (स्पर्ध) स्पर्धा, हिर्स. Emulation, rivalry. कुमा०

फद्धा. स्त्री० (स्पर्धा) स्पर्धा, हिर्स. Rivalry, competition. दे० ८, १३; कुमा० ३ १८.

फद्धि. त्रि० (स्पर्धिन्) स्पर्धा करने वाला. Rivalling, emulating. प्राकृ० २३.

फरअ. पुं० न० (स्फरक) अस्त्र-विशेष. A kind of missile. 'फरएहिं छाइऊणं' धर्मवि० ८०.

फरिसिय. त्रि० (स्पृष्ट) छुआ हुआ. Touched. कुप्र० १६; ४२.

फल. पुं० न० (फल) (१) उद्देश्य. Intention. (२) प्रयोजन. Aim, purpose. (३) त्रिफला. A particular medicine. (४) जायफल. Nutmeg. (५) बाण का अग्रभाग. The point or head of an arrow. (६) फाल. Ploughshare.

crop, produce. (७) दान. Gift, alms. (८) मुष्क, अण्डकोष. Testicles. (६) ढाल. Shield. (१०) कक्कोल, गन्ध द्रव्य-विशेष. A fragrant substance. हे० १, २३.

फलण. न०(फलन) फलना. Fructifying. सुपा० ६.

फलहिश्रा-फलही. स्त्री० (फलहिका-फलही) काठ आदि का तख्ता. A board, plank. ती० ११; सुर० १, १५१.

फलावह. त्रि० (फलावह) फलप्रद, फल को धारण करने वाला. Bearing fruits. पउम० १४, १४.

फलिश्र. त्रि० (फलित) विकसित. Blown, blossomed. 'फुडिअं फलिअं' पाअ०

फलिणी. स्त्री० (फलिनी) प्रियंगु वृक्ष. A creeper. दे०१,३२; ६, ४६; पाअ० कुमा० गा० ६६३.

फलिह. पुं० (परिघ) (१) अस्त्र विशेष, लोहे का मुगद्र आदि अस्त्र. An iron club. (२) गृह, घर. House. (३) काच-घट. A glass pitcher. (४) ज्योतिष शास्त्र प्रसिद्ध एक योग. An astrological conjunction. हे० १, २३२; प्राप्र०

फलिह. पुं० (स्फटिक) एक विमानावास, देव विमान विशेष. A celestial aeroplane. देवेन्द्र० १३२; इक०; (२) कुण्डल पर्वत का एक कूट. A summit of the mount Kundala. (३) रुचक पर्वत का एक शिखर. A summit of the mountRuchaka. राज०;—गिरि. पुं० (गिरि) कैलाश पर्वत. Name of a mountain. पाअ०

फलिहंस. पुं० (फलिहंसक) वृक्ष विशेष. A kind of a tree. दे० ४, १२.

फली. स्त्री० (फली) काठ आदि की छोटी तख्ती. A small wooden stab. सुपा० ३८५.

फल्ल. त्रि० (फल्य) सूत का वस्त्र, सूती कपड़ा. A cotton garment. बृह० १.

फाय. त्रि० (स्फीत) (१) वृद्ध. Old, aged. (२) विस्तीर्ण. Expanded. (३) ख्यात. Famous, renowned. विशे० २५०७.

फार. त्रि० (स्फार) (१) प्रचुर, बहुत. Numerous, copious. धर्मवि० ५५; (२) विशाल, विपुल. Vast; (३) बिस्तृत, फैला हुआ. Spread. सुर० २, २३६; काप्र०१७०; सुपा० १६४; कुप्र० ५१.

फारक्क. त्रि० (स्फारक) स्फरकास्त्र को धारण करने वाला. One who undertakes travells. 'फारक्का नमुद्दवयणओ' धर्मवि० ८०.

फाला. स्त्री० (फाला) फलाङ्ग, लांफ. Leap, jump. कुप्र० २७८; कुलक० ३२.

फालिहद्द पुं० (पारिभद्र) (१) फरहद का पेड़. A particular tree; (२) देवदारु का पेड़. A Devadar tree. (३) निम्ब का पेड़. A Nim tree. हे० १, २३२.

फास. पुं० न० (स्पर्श) (१) रोग. Disease. (२) ग्रहण. Holding. (३) युद्ध, लड़ाई. War, battle. (४) गुप्तचर, जासूस. detective. (५) वायु,पवन. Air, wind. (६) दान. Donation. (७) 'क' से लेकर 'म' तक के अक्षर. A consonant of any of the five classes of letters, (from क to म). (८) स्पर्श करने वाला. Touching. हे० २, ६२.

फासकीव. पुं० (स्पर्शक्लीब) क्लीब का एक भेद. A kind of an impotent person. निशी० चू० ४.

फासणया-फासणा. स्त्री० (स्पर्शना) (१) स्पर्श-क्रिया. Touching. ठा०६; स०१५६; जीवस० १८१; (२) प्राप्ति. Acquisition, obtaining. राज०

फासिअ. त्रि० (स्पर्शिक) स्पर्श करने वाला, One who touches. विशे० १००१.

फासिअ. त्रि० (स्पृष्ट) प्राप्त. Obtained, acquired. 'फासियं तयं', प्रव० ४.

फासिअ. त्रि० (स्पर्शित) (१) स्पर्श-युक्त, स्पृष्ट. Touched. (२) प्राप्त. Obtained, acquired. प्रव० ४.

फिट्ट. त्रि० (भ्रष्ट) विनष्ट. Destroyed, perished, 'न फिट्टा' गा० ६३; भवि०

फिरिय. त्रि० (गत) गया हुआ. Gone. 'अगगओ फिरिया' धर्मवि० १३६.

फुंकार. पुं० (फुङ्कार) फुफकार, कुपित सर्प आदि की आवाज. Hissing of an angry serpent. सुर० २, २३७.

फुक्कार. पुं० (फूत्कार) फुफकार. फूं फूं की आवाज. Hissing. कुप्र० ४८; सण०

फुक्किय. त्रि० (फूत्कृत) फुफकारा हुआ. Hissed. आव० ४.

फुट्टण. न० (स्फुटन) (१) फूटना, टूटना. Breaking, bursting. कुप्र० ४१७. (२) फूटने वाला, विदीर्ण होने वाला. Rending, tearing. दे० ४, ४२२.

फुट्टिअ. त्रि० (स्फुटित) विदारित. Burst, broken open. 'फुट्टिअमोहो' कुमा० ७, ६४.

फुट्टिर. त्रि० (स्फुटितृ) फूटने वाला. Breaking open, bursting forth. सण०

फुडिअ. त्रि० (स्फुटित) विकसित, खिला हुआ. Budded, blown. पाअ० गा० ३६०.

फुडिआ. स्त्री० (स्फोटिका) छोटा फोड़ा, फुनसी. A small tumor. सुपा० १३८.

फुरण. न० (स्फुरण) स्फूर्ति. Throbing, trembling. सुपा० ६; वज्जा० ३४; सम्मत्त० १६१.

फुरिअ. त्रि० (स्फुरित) (१) कम्पित, हिला हुआ, फरका हुआ, चलित. Trembled, shaken. दे० ६, ८४; सुर० ४, २२६; गा० १३७; (२) दीप्त. Glittering, shining. दे० ६, ८४.

फुल्ल. न० (फुल्ल) (१) फूल, पुष्प. Flower. कुमा० धर्मवि० २०; सम्मत्त० १४३; दसनि० १; —मालिया. स्त्री० (मालिका) फूल बेचने वाली, मालाकार की स्त्री. A flower-girl. सुर० ३, ७४.

फुल्लंधय. पुं० (फुल्लन्धय-पुष्पन्धय) भ्रमर, भमरा. Wasp. उप० ९८६ टी.

फुल्लण. न० (फुल्लन) विकास. Blowing, expanding. वज्जा० १४२.

फुल्लविय-फुल्लाविय. त्रि० (फुल्लित) फुलाया हुआ. Blown, expanded. सम्मत्त० १४०; विक्र २३.

फुल्लिअ. त्रि० (फुल्लित) पुष्पित, विकसित. Blown, Blossomed. स० ३०३; सम्मत्त० १४०; २२७.

फुल्लिम. पुं० स्त्री० (फुल्लता) विकास, फूलन. Blowing, expanding. 'फुल्लिमसमए विकासिमा', सुर० ३, ४४.

फुल्लिर. त्रि० (फुल्लितृ) फूलने वाला, प्रफुल्ल. Blowing, expanding, blossoming. सम्मत्त० २१४.

फुसिअ. त्रि० (मृष्ट) पोंछा हुआ. Cleansed, purified. उप० पृ० ३४५; सुपा० २३१; कुप्र० २३१.

फुसिय. त्रि० (भ्रमित) घुमाया हुआ. Moved round. कुमा० ७, ४.

फूमिय. त्रि० (फूत्कृत) फूंका हुआ. Blown. उप० पृ० १४१.

फेक्कार. पुं० (फेत्कार) (१) शृगाल की आवाज. A howl. सुर० ६, २०४; (२) आवाज, चिल्लाहट. A shriek. कप्पू०

फेक्कारिय. न० (फेत्कारित) देखो 'फेक्कार' शब्द. Vide फेक्कार. स० ३७०.

फेडण. न० (स्फेटन) (१) विनाश. Destruction. (२) अपनयन. Carrying, Taking away. प्रव० १३५.

फेडणया. स्त्री० (स्फेटना) देखो 'फेडण' शब्द. Vide फेडण; पिंड० ३८७.

फेडिअ. त्रि० (स्फेटित) (१) त्याजित. Abandoned. सिरि०६५५; (२) उद्घाटित. Opened. स० ७८.

फोड. पुं० (स्फोट) (१) वर्ण-विशेष, शब्द भेद. A particular consonant. राज०; (२) भक्षक. Eater; one who eats or devours. 'बहुफोडो' ओघभा० १६१.

फोडविय. त्रि० (स्फोटित) (१) तोड़वाया हुआ. Caused to break or split (२) खुलवाया हुआ. Caused to open. 'फोडाविया संपुडा' स० ४६०.

फोडिअ. त्रि० (स्फोटित) फोड़ा हुआ, विदारित. Broken, splitted. स० ४७२. (२) राई आदि से बघारा हुआ. Seasoned by mustard etc. वव० १.

फोडिअय. त्रि० (स्फोटित) राई से बघारा हुआ, शाकादि. Seasoned by mustard. दे० ६, ८८.

फोडिया. स्त्री० (स्फोटिका) छोटा फोड़ा. A small tumor. उप० ७६८ टी.

फोरण. न० (स्फोरण) निरन्तर प्रवर्तन. Constant quivering. उपर० ७४.

फोरविअ. त्रि० (स्फोरित) निरन्तर प्रवृत्त किया हुआ. Perpetually engaged in. 'नियनियसत्ती फोरविया' सम्मत्त० २२७; हम्मीर० १४.

फोसणा. स्त्री० (स्पर्शना) स्पर्श क्रिया. Act of touching. जीवस० १६६.

ब

ब. पुं (ब) ओष्ठ स्थानीय व्यञ्जन वर्ण विशेष. A particular palatal consonant. प्राप०

बंग. पुं (बङ्ग) (१) भगवान् आदिनाथ के एक पुत्र का नाम. Name of a son of Lord Adinath. ती० १४; (२) देश विशेष, बंगाल देश. Bengal. उप० ७६५; ती० १४; (३) बंग देश का राजा. A king of Bengal. पिंग०

बंगाल. पुं० (बङ्गाल) बङ्गाल देश. Bengal, 'बंगालदेसवइणो' सुपा० ३७७.

बंदि-बंदिण. पुं० (बन्दिन्) स्तुति-पाठक, मंगल पाठक, मागध. A bard or panegyrist. पाअ०उप०७२८टी; धर्मवि० ३०; स० ५७६.

बंदी. स्त्री० (बन्दी) (१) हठ-हत स्त्री, बाँदी. A maid servant. दे०२, ८४; गउड० १०५; ८४३; (२) पुं० कैद किया हुआ मनुष्य. Prisoner, captive. गउड० ४२६; गा० ११८.

बंदीकय. त्रि० (बन्दीकृत) कैद किया हुआ बाँध कर आनीत. Jailed, imprisoned. गउड०

बंदुरा. स्त्री० (बन्दुरा) अश्व-शाला. Stable. 'निरुवेहि बंदुराओ', स० ७२५.

बंध. पुं० (बन्ध) छन्द-विशेष. A kind of a metre. पिंग०

बंधई. स्त्री० (बन्धकी) पुंश्चली, असती स्त्री. An unchaste woman. नाट-मालती० १०६.

बंधणी. स्त्री० (बन्धनी) विद्या-विशेष. A kind of magical skill. पउम० ७,१४१.

बंधु. पुं० (बन्धु) (१) माता. Mother. (२) पिता. Father. (३) मित्र, दोस्त. Friend. (४) स्वजन, नातीदार. Relations, kins-

man. कुमा॰ महा॰ प्रासू॰ १०८; सुपा॰ १६८; २४१; (५) छन्द विशेष. A kind of a metre. पिंग॰

बंधुदत्त. पुं॰ (बन्धुदत्त) (१) एक श्रेष्ठी का नाम. Name of a wealthy man. महा॰ (२) एक जैन मुनी का नाम. Name of a Jaina saint. राज॰

बंधुर. त्रि॰ (बन्धुर) नम्र, अवनत. Bent, inclined, bowed. गउड॰ २०५.

बंधुरिय. त्रि॰ (बन्धुरित) (१) पिंडीकृत. Made into a lump or ball. गउड॰ ३८३; (२) नम्रीभूत, नमा हुआ. Bent, inclined, bowed. गउड॰ ५५६; (३) मुकुटित, मुकुट-युक्त. Crowned. (४) विभूषित. Adorned, ornamented. गउड॰५३३.

बंधुल. पुं॰ (बन्धुल) वेश्या पुत्र, असती पुत्र. Bastard. मृच्छ॰ २००.

बंधुय. पुं॰ (बन्धूक) वृक्ष-विशेष, दुपहरिया का पेड़. Name of a tree. स॰ ३१२.

बंभ. पुं॰ (ब्रह्मन्) (१) भगवान् शान्तिनाथ का शासनाधिष्ठायक देव. A presiding god of teaching of Lord Shanti Nath. संति॰ ७; (२) ज्योतिष शास्त्र प्रसिद्ध एक योग. An astrological conjunction. पउम॰ १७, १०७; (३) ब्राह्मण, विप्र. Brahamna. कुवक॰ ३१; (४) छन्द-विशेष. A kind of a metre. पिंग॰ (५) योग शास्त्र प्रसिद्ध दशम द्वार. Well known tenth door, or house. कुमा॰; —चरण. न॰ (चरण) ब्रह्मचर्य. Chastity, continence. कुम्म॰ ४६१. —सुत्त. न॰ (सूत्र) उपवीत, यज्ञोपवित. The sacred thread. मोह॰ ३०; सुख॰ २, १३; —हिअ. पुं॰ (हित) एक विमानावास, देव विमान विशेष. A celestial aerial car. देवेन्द्र॰ १३४.

बंभणिआ. स्त्री॰ (ब्राह्मणिका) पञ्चेन्द्रिय जन्तु-विशेष. A worm having five senses. पुष्फ॰ २६७.

बंभणण-बंभणणय. न॰ (ब्रह्मण्यक) (१) ब्राह्मण-समूह. A group of Brahmanas. (२) ब्राह्मण-धर्म. Brahmanic religion or Dharama. 'बंभणणकज्जेसु सज्जा' सम्मत्त॰ १४०; कप्प॰

बंभभूइ. पुं॰ (ब्रह्मभूति) एक राजा, द्वितीय वासुदेव का पिता. Name of a king, father of second Vasudeo. पउम॰ २०, १८२.

बंभरुइ. पुं॰ (ब्रह्मरुचि) स्वनाम ख्यात एक ब्राह्मण, नारद का पिता. Name of a Brahamana, father of Narada. पउम॰ ११, ५२.

बंभलिज्ज. न॰ (ब्रह्मलीय) एक जैन मुनि कुल. A group of Jaina saints. कप्प॰

बंभी. स्त्री (ब्राह्मी) (१) कल्प-विशेष. A serious thought. सुपा॰ ३२४; (२) सरस्वती देवी. Sarasvati, the goddess of learning. सिरि॰ ७६४.

बंहि. पुं॰ (बर्हिन्) मयूर, मोर. Peacock. उत्तर॰ २६.

बक्कर. न॰ (बर्कर) परिहास. Joking, jesting. दे॰ ६, ८६; कुम्म॰ १६७; कप्पू॰

बगदादि. पुं॰ (बगदादि) देश-विशेष, बगदाद-देश. Name of a country. हम्मीर॰ ३४.

बढर. पुं॰ (बठर) मूर्ख छात्र. A foolish pupil. कुम्म॰ १६.

बप्पहट्टि. पुं॰ (वप्पभट्टि) एक सुविख्यात जैन आचार्य. Name of a well-known Jaina preceptor. विचार॰५३३; ती॰७.

बप्फ. न॰ (बाष्प) नेत्र-जल, अश्रु. Tears. 'बप्फं बाहो' पाअ॰ स॰ ५६१; स्वप्न॰ ८५.

बब्बूल. पुं०(बब्बूल) वृक्ष विशेष, बबूल का पेड़. The Babul tree. उप० ८३३ टी; महा०

बब्भागम. त्रि० (बह्वागम) बहु श्रुत, शास्त्रों का अच्छा जानकार. Well-versed in scriptures. कस०

बब्भिश्रायण. न० (बाभ्रव्यायन) गोत्र-विशेष. A particular lineage. इक०

बम्हतरु पुं०(ब्रह्मतरु) पलाश का पेड़. The Palasa tree. कुमा०

बय. पुं० (बक) (१) पक्षि-विशेष, बगुला. An Indian crane. (२) कुबेर. An epithet of Kubera. (३) महादेव. An epithet of Mahadeva. (४) पुष्प-वृक्ष विशेष, मल्लिका का गाछ. A kind of tree. श्रा०२३; (५) राक्षस विशेष. Name of a giant. श्रा० २३; (६) असुर विशेष, बकासुर. Name of a demon killed by Bhima. वेणी० १७७.

बरह. न० (बर्ह)(१) मयूरपिच्छ. Peacock's tail. स० ५००;(२) पत्र. Leaf, feather (३) परिवार. Train, retinue. प्राकृ०२८.

बल. पुं०(बल) (१) बलदेव, हलधर, वासुदेव का बड़ा भाई. Baladeo. पउम०२०,८४; पाश्र० (२) छन्द-विशेष. A kind of a metre. पिंग०; (३) न० खाद्य विशेष. A kind of eatable. (४) अष्टम तप, लगातार तीन दिनों का उपवास. Three fasts at a time. संबोध० ५८; —छिछ्छ. त्रि० (च्छिद्) (१) बल का नाशक. Harmful to physical strength. (२) ज़हर, विष. Poison. से० २, ११; —महणी. स्त्री० (मथनी) विद्या विशेष. A particular magical skill, पउम० ७, १४२.

बलकार-बलक्कार. पुं०(बलात्कार) जबरदस्ती. Using violence, employing force. पउम० ४६, २१; दे० ६, ४१; अभि० २१७; स्वप्न० ७१.

बलभद्द. पुं० (बलभद्र) (१) राजा भरत का प्रपौत्र. A grandson of Bharata. पउम० ५, ३; (२) देव-विमान विशेष. A celestial aerial car. देवेन्द्र० १३३.

बलभाणु. पुं० (बलभानु) राजा बलमित्र का भागिनेय. A sister's son of king Balamitra. काल०.

बला. स्त्री० (बला) (१) दृष्टि विशेष, योग की एक दृष्टि. A seasoned eye, or a considerate observation. (२) भगवान कुन्थुनाथ की शासन देवी, अच्युता. A governing goddess of Lord Kunthunatha. राज०.

बलामोडि. स्त्री० (बलामोटि) बलात्कार. Using violence, employling force. दे० ६, ९२.

बलामोडिश्र. श्र० (बलादामोट्य) बलात्कार से, ज़बरदस्ती से. Forcibly, violently. 'बलामोडिश्र तेण' काप्र० १६७; उत्तर० १०३; पि० २३८.

बलि. पुं० (बलि) (१) स्वनाम-प्रसिद्ध एक राजा. Name of a king. गा०४०६; (२) एक दानव, दैत्यविशेष. Name of a demon. कुमा०; (३) पूजा, अर्चा, सपर्या. Worship, adoration. (४) राज-ग्राह्य-भाग. Tax, tribute. (५) चँवर का दण्ड. The handle of a whisk. (६) उपप्लव. Calamity, distress. हे० १, ३६. (७) छन्द विशेष. A kind of a metre. पिंग० —उट्ठ पुं० (पुष्ट) काक, कौआ. Crow. पाश्र०; —मुह. पुं० (मुख) बन्दर, कपि. Monkey. पाश्र०.

बलि. त्रि० (बलिन्) (१) बलवान्, बलिष्ट. Strong, powerful, Mighty. सुपा० ४५१; कुप्र० २७७; (२) पुं० रामचन्द्र का

एक सुभट. A warrior of Ramachandra. पउम० ५६, ३८.

बलिअ. त्रि० (बलित) (१) जिसको बल उत्पन्न हुआ हो, सबल. Strong, mighty. कुम्र० २७७; (२) पुं० छन्द-विशेष. A kind of a metre. पिंग०

बलिअंक पुं० (बलिताङ्क) छन्द-विशेष. A particular metre. पिंग०

बलिट्ठ. त्रि० (बलिष्ठ) बलवान, सबल. Powerful, strong. मासू० १५४.

बलिस. न० (बडिश) मछली पकड़ने का कांटा. Fish-snare. हे० १, २०२.

बलीअ. त्रि० (बलीयस्) अधिक बल वाला. बलिष्ठ. Strongest, most powerful. अभि० १०१.

बल्ल. न० (बाल्य) बालत्व, बालकपन, शिशुता. Boyhood, childhood. कुमा० ३, ३५.

बहड. त्रि० (बृहत्) बड़ा, महान्. Large, great; —आइच्च. न० (आदित्य) नगर विशेष. Name of a city. ती० ३५.

बहल. त्रि० (बहल) पुष्कल, अत्यन्त. Copious, abundant, Plentiful. कप्पू०

बहलिम. पुं० स्त्री० (बहलता) (१) स्थूलता, मोटाई. Thickness. (२) सातत्य, निरंतरता. Continuity, Permanence. वज्जा० ५२; गा० ७५५.

बहस्सइ. पुं० (बृहस्पति) (१) राजनीति प्रणेता एक ऋषि. A sage, author of politics. (२) नास्तिक मत प्रवंतक एक विद्वान्. A learned man, propounder of Atheism. हे० २, १३७.

बहिणिआ-बहिणी. स्त्री० (भगिनी) (१) बहिन. Sister. अभि० १३७; कप्पू०, पाअ० पउम० ६, ६; हे० २, १२६; कुमा०; (२) सखी, वयस्या. Female friend. संक्षि० ४७; —तणअ. पुं० (तनय) भगिनी पुत्र. Sisiters' son. दे०

बहिर. त्रि० (बाह्य) बहिर्भूत, बाहर का. Outward, external. प्राकृ० ३८.

बहिरिय. त्रि० (बधिरित) बधिर किया हुआ. Made deaf. सुर० २, ७५.

बहुचूड. पुं० (बहुचूड) विद्याधर वंश का एक राजा. A king of Vidyadhar lineage. पउम० ५, ४६.

बहुणाय. न० (बहुनाद) नगर-विशेष. Name of a city. पउम० ५५, ५३.

बहुला. स्त्री०(बहुला) गौ, गैया. Cow. पाअ०; —वण. न० (वन) मथुरा नगरी का एक प्राचीन वन. An ancient forest of Muttra. ती० ७.

बहुलि. पुं० (बहुलिन्) स्वनाम-ख्यात एक राज पुत्र. Name of a prince. उप० ६३७.

बहूअ. त्रि० (प्रभूत) बहुत, प्रचुर. Much, abundant, copious. गउड०

बाण. पुं० (बाण) पांच की संख्या. Number of five. सुर० १६, २४६; —वत्त. न० (पात्र) तूणीर, शरधि. Uiver. से० १, १८.

बाधा. स्त्री० (बाधा) विरोध. Objection. धर्मसं० ११७.

बाधिय. त्रि० (बाधित) विरोध-वाला, प्रमाण विरुद्ध. (In logic) contradicted, contradictory. धर्मसं० १५६.

बाय. न० (बाक) बक-समूह. A multitude of cranes. आ० २३.

बारवई. स्त्री० (द्वारवती) भगवान् नेमिनाथ की दीक्षा-शिबिका. A palanquin of Lord Neminatha at the time of initiation. विचार० १२६.

बाल. पुं० (बाल) (१) बाल, केश. Hair. उप० ८३४; (२) स्वनाम ख्यात एक विद्याधर राजा. Name of a Vidyadhar king.

पउम० १० २१; —कइ पुं० (कवि) तरुण कवि, नया कवि. A young poet. कप्पू० —क्क. पुं० (अर्क) उदित होता सूर्य. The newly risen sun. कुमा०

बाला. स्त्री० (बाला) छन्द-विशेष. A particular metre. पिंग०

बालि. त्रि० (बालिन्) बाल-प्रधान, सुन्दर केश वाला. Having beautiful hair. बृह० १.

बाह. पुं० (बाध) विरोध. Objection, contradiction. भास० ३४.

बाहग. त्रि० (बाधक) विरोधी. Contradicted. 'अब्भुवगयबाहगा नियमा' श्रावक० १६२.

बाहल. पुं० (बाहल) देश-विशेष. Name of a country. श्रावम०

बाहा. स्त्री० (बाधा) (१) हरकत, हरज. Objection. (२) विरोध. Contradiction, refutation. सुपा० १२६.

बाहा. स्त्री० (बाहु) हाथ, भुजा. Arm. हे० १, ३६; कुमा० महा०

बाहुल्ल. त्रि० (बाष्पवत्) अश्रु वाला. Having tears, shedding tears. कुमा० सुपा० ४६०.

बिअ. न० (द्विक) दो का समुदाय, युग्म, युगल. Couple, pair. क० गं० १, ३३; प्रासू० ११.

बिइज्ज. त्रि० (द्वितीय) (१) दूसरा. Second. हे० १, २४८; प्रासू० ५१; (२) सहार-मदद करने वाला. Companion, partner. पाअ० सुर० ३, १४; ७, १४५.

बिउण. त्रि० (द्विगुण) दुगना. Twice, two-fold, double. हे० १, ६४; २, ७६; गा० २८६.

बिंदावण. न० (वृन्दावन) मथुरा के पास का एक वैष्णव तीर्थ. Name a holy place near Muttra. प्राकृ० १७.

बिंदु पुं० न० (बिन्दु) (१) बिन्दी, अनुस्वार. A zero or cypher. (२) दोनों भ्रू का मध्य भाग. Centre of the two eyebrows. (३) रेखागणित का एक चिन्ह. A special feature of the science of palmistry. हे० १, ३४; कप्प० उप० १०२२; स्वप्न०३६; कस० कुमा०; —कला. स्त्री० (कला) अनुस्वार, बिन्दी. Dot, point. सिरि० १६६.

बिंदुइअ. त्रि० (बिन्दुकित) बिन्दु-युक्त, बिन्दु-विलिप्त. Having a dot or point. पाअ० गउड०

बिंदुइज्जंत. त्रि० (बिन्दूयमान) बिन्दुओं से व्याप्त. Abundant in dots. से० ११, १२५.

बिंब. न०(बिम्ब) (१) छन्द-विशेष. A particular metre. पिंग० (२) सूर्य तथा चंद्र का मण्डल. The disc of the sun or moon. गउड० कप्पू०

बिंबि. स्त्री० (बिम्बी) लता विशेष, कुन्दरुन का गाछ. Creeper. कुमा०; —फल. न० (फल) कुन्दरुन का फल. Fruit. सुपा० २६३.

बिंहिअ. त्रि० (बृंहित) पुष्ट, उपचित. Grown, increased. हे० १, १२८.

बिज्जउर. न० (बीजपूर) फल विशेष, एक तरह का नीबू. A species of citron. सुपा० ६३०.

बिडाल. पुं० (बिडाल) मार्जार, नर बिल्ली. Cat. पि० २४१.

बिडालिआ-बिडाली. स्त्री० (बिडालिका) बिल्ली, मार्जारी. Cat. सम्मत्त० १२२; पि० २४१.

बिद्ल. न० (द्विदल) चना आदि वह धान्य जिसके दो टुकड़े बराबर के होते हैं. Gram.

or the grain that can be divided into two pieces equally.

बिब्बोअ. न० (बिब्बोक) उपधान, ओसीसा. Pillow, cushion. गच्छ० ३, ८.

बिराड. पुं० (बिडाल) (१) पिंगल प्रसिद्ध मध्य लघुक पाँच मात्रा वाला अक्षर समूह. A word with five signs or syllables. (२) छन्द-विशेष. A particular metre. पिंग०

बिरुद. न० (बिरुद) इल्काब, पदवी. Title. सम्मत्त० १४१.

बिस. न० (बिस) कमल आदि के नाल का तन्तु, मृणाल. The fibrous stalk of a lotus. कुमा० पाअ०; —**कंठी.** स्त्री० (कण्ठी) बलाका, बक पक्षी की एक जाति. Crane. दे० ६, ६३.

बिसि. स्त्री० (वृषि) ऋषि का आसन. The seat of an ascetic or holy person. ने० १, ८३; पि० २०६.

बिसिणी. स्त्री० (बिसिनी) कमलिनी, कमलका गाछ. The lotus plant. पि० २०६.

बिह. त्रि० (बृहत्) बड़ा, महान्. Large, great. —**णार.** पुं० (नल) छन्द-विशेष. A particular metre. पिंग०

बीअऊरय. न० (बीजपूरक) फल-विशेष, एक तरह का नीबू. A species of citron. मा० ३६.

बीआ. स्त्री० (द्वितीया) (१) तिथि विशेष, दूज. The second day of a lunar fortnight. सम० २६; आ० २६; रयण० २; नाया० १, १०; सुपा० १७१; (२) द्वितीया विभक्ति. (In gram.) The accusative case. चेइय० ५०६.

बीडग. न० (बीटक) बीड़ा, पान का बीड़ा. A roll of betel-leaf. सुपा० ३३६.

बीडि-बीडी. स्त्री० (बीटि-टी) देखो 'बीडग' शब्द. Vide 'बीडग'. धर्मवि० १४०.

बीभच्छ-बीभत्थ. पुं० (बीभत्स) रावण का एक सुभट. A warrior of Ravana. पउम० ५६, २.

बीहविय. त्रि० (भीषित) डराया हुआ. Frightened, terrified. सम्मत्त० ११८.

बीहिअ. त्रि० (भीत) (१) डरा हुआ. Frightened, terrified. हे० ४, ५३; (२) न० भय, डरना. Fear. श्रा० १४.

बीहिर. त्रि० (भेतृ) डरने वाला. Fearing. कुमा० ६, ३५.

बुंध. न० (बुध्न) (१) वृक्ष का मूल. The foot of a tree. (२) कोई भी मूल, मूलमात्र. The lowest part. हे० १, २६; षड्०

बुक्का. स्त्री० (गर्जना) गर्जन, गर्जारव. Roar. पउम० ६, १०८; गउड०.

बुक्कार. पुं० (बूत्कार) गर्जन, गर्जना. Roar. पउम० ७, १०५; गउड०

बुक्किअ. त्रि० (गर्जित) जिसने गर्जना की हो. Thundered; roared. 'अह बुक्किआतुह' कुमा०

बुज्झविय-अ. त्रि० (बोधित) (१) जिसको ज्ञान कराया गया हो. Advised, instructed. (२) जगाया हुआ. Awakened. कुम० ६४; सुपा० ४२५; प्राकृ० ६८.

बुज्झिअ. त्रि०(बुद्ध) ज्ञात, विदित. Known, understood; perceived. पाअ०

बुज्झिर. त्रि० (बोद्धृ) (१) जानने वाला. Knowing, Perceiving. (२) जागने वाला. Awaken. प्राकृ० ६८.

बुडुण. न० (ब्रुडन) डूबना. Drowning, sinking. संबे० २; कप्पू०

बुड्ढ. त्रि० (वृद्ध) बूढ़ा. Old, aged. पिंग०

बुद्ध. त्रि० (बौद्ध) (१) बुद्ध-भक्त. A devotee to Buddha. (२) बुद्ध-सम्बन्धी.

Relating to Buddha. तीo ७; सम्मत० १११.

बुद्धि. (बुद्धि) (१) देव प्रतिमा विशेष. Intelligent. नाया० १, १, टी; (२) छन्द-विशेष. A particular metre. पिंग०; (३) तीर्थंकरी. A female Tirthankara.(४) साध्वी. A female saint. राज०; (५) पुं० इस नाम का एक मन्त्री. Name of a minister. उप० ८४४.

बोहिय. त्रि० (बोधित) (१) तीर्थंकरी-स्त्री-तीर्थंकर-से प्रतिबोधित. Instructed by the Tirthankara. (२) सामान्य साध्वी से बोधित. Advised by Tirthankra. राज०; —सिद्ध. पुं० (सिद्ध) बुद्धि में सिद्ध-हस्त, संपूर्ण बुद्धि वाला. Perfect, well-versed, learned. आवम०; —सुंदरी. स्त्री०(सुन्दरी) एक मन्त्रि-कन्या. Daughter of a minister. उप० ७२८ टी.

बुद्धिल. पुं०(बुद्धिल) एक स्वनाम ख्यात श्रेष्ठी. Name of a wealthy man. महा०

बुभुक्खा. स्त्री० (बुभुक्षा) भूख, खाने की इच्छा. Desire to eat, hunger. अभि० २०७.

बुसिआ. स्त्री० (बुसिका) यव आदि का कंडगर, भूसा. Chaff of barley etc. दे० २, १०३.

बुहुक्खिअ. त्रि०(बुभुक्षित) भूखा. Hungry, starving, pinched with hunger. कुमा०

बेमासिय. त्रि० (द्वैमासिक) दो मास का, दो महीने का सम्बन्ध रखने वाला. Connected only for two months. पउम०२२,२८.

बोक्कस. पुं० (बोक्कस) अनार्य देश विशेष. A non-aryan country. प्रव० २७४.

बोक्किय. न० (बूत्कृत) गर्जन, गर्जना. Roar. पउम० ५१, ५४.

बोद्ध. त्रि०(बौद्ध) बुद्ध-भक्त. A devotee to Budha. संबोध० ३४.

बोधिअ. त्रि० (बोधित) ज्ञापित, अवगमित. Made known, informed. धर्मसं० ५०१.

बोधिसत्त. पुं० (बोधिसत्त्व) सम्यग् दर्शन का प्राप्त प्राणी, अर्हत् देव का भक्त जीव. A soul having right belief. मोह०३.

बोलिअ. त्रि० (ब्रोडित) डुबाया हुआ. Immersed, drowned. वज्जा० ९८,

बोल्लणअ. त्रि० (कथयितृ) बोलने के स्वभाव वाला. Talkative. हे० ४, ४४३.

बोल्ला, स्त्री० (कथा) वार्ता, बात. Tale, story. उप० १०१५.

बोल्लिअ. त्रि० (कथित) (१) उक्त. Said, told. (२) न० उक्ति. Speech. भवि० हे० ४, ३८३.

बोहिअ. पुं० (बोधिक) चुराने वाला, चोर. Thief. निसी चू० १; चेइय० ४४६.

बोल्लअ. पुं० (कथन) बोल, कथन. Word. गा० ६०३.

बोल्लाविय. त्रि० (कथित) बुलवाया हुआ. Called. स० ४६१, ६६६.

भ

भ. पुं० (भ) (१) ओष्ठ स्थानीय व्यञ्जन वर्ण विशेष. A particular palatal consonant. प्राप० प्रामा०; (२) पिंगल-प्रसिद्ध आदि गुरु और दो ह्रस्व अक्षरों की संज्ञा, भगण. Mentioned in Pingala's treatise on poetry. पिंग० (३) न० नक्षत्र. A constellation. सुर०१६, ४३. —आर. पुं० (कार) (१) 'भ' अक्षर. The word 'भ' (२) भगण. A particular metre having long and short, short

syllabless. पिंग० —गण. पुं० (गण) भगण. पिंग०

भइरव. त्रि०(भैरव) (१) भयंकर, भीषण. Terrible, frightful. पाअ०सुपा० १८२; (२) पुं० नाट्यादि प्रसिद्ध एक रस, भयानक रस. The sentiment of terror. (३) महादेव, शिव. Mahadeo, Shiva. (४) राग विशेष, भैरव राग. Name of a Ragini in the Hindu musical system. (५) नदी-विशेष. Name of a river. हे० १. १५१; पाअ०

भइरवी. स्त्री० (भैरवी) शिव-पत्नी, पार्वती. Parvati. गउड०

भइरहि. पुं०(भगीरथि) सगर चक्रवर्ती का एक पुत्र, भगीरथ. Bhagiratha, son of Sagara Chakravarti. पउम० ५,१७५.

भंकार. पुं० (भङ्कार) भनकार, अव्यक्त आवाज़ विशेष. An indistinct sound. उप० पृ० ८६.

भंकारि. त्रि०(भङ्कारिन्) भनकार करने वाला. Destroyer. सण०

भंग. पुं० (भङ्ग) (१) रचना. A kind of arrangement. कप्प०; (२) पराजय. Defeat. (३) पलायन. Running, flight. पिंग०; —रय. न० (रत) मैथुन विशेष. A special method of copulation. वज्जा० १०८.

भंगरय. पुं० (भृङ्गरज-भृङ्गारक) (१) पौधा विशेष, भृङ्गराज, भँगरा. A kind of creeper. (२) न० भँगरा का फूल. A particular flower. वज्जा०१०८; सुपा० १२४.

भंगा. स्त्री० (भङ्गा) वाद्य-विशेष. A kind of musical instrument. विक्र०८७.

भंगि. स्त्री० (भङ्गि) (१) प्रकार, भेद. Kind, sort. हे० ४, ३३६; ४११.(२) व्याज, छल, बहाना. Pretence. गा० ६१३; (३) विच्छित्ति, विच्छेद. Dividing, separation. राज०; (४) पुं० स्त्री० देश विशेष. A particular country. प्रव० २७५; विचार० ४६.

भंगिअ. न० (भाङ्गिक) शास्त्र-विशेष. The sacred books. 'भंगिध सुत्ते किरिया' चेइय० २४५.

भंगिल्ल. त्रि० (भंगवत्) प्रकार-वाला, भेद पतित. Having varieties. 'पउम-भंगिल्ला' संबोध० ३२.

भंगुर. त्रि० (भङ्गुर) कुटिल, वक्र. Crooked, bent. 'कुडिलं वंकं भंगुरं', पाअ०

भंगुरावत्त. पुं० न० (भङ्गुरावर्त) पलायन. Running, flight. भवि०.

भंजअ-ग. त्रि० (भञ्जक) भांगने वाला, भङ्ग करने वाला. Divider. गा० ५५२.

भंजाविअ-भंजिअ. त्रि० (भञ्जित) (१) भंगाया हुआ, तुड़वाया हुआ. Caused to break. स० ५४०; (२) भगायाँ हुआ. Caused to run. पिंग०. (३) आक्रान्त. Surpassed. तंदु० ३८.

भंड. पुं० (भण्ड) विट, भडुआ. Pimp, procurer. प्रव० ३८; (२) भांड, बहुरुपिया, मुख आदि के विकार से हंसाने का काम करने वाला. Jester. आव० ६.

भंडिअ. पुं० (भाण्डिक) भंडारी, भंडार का अध्यक्ष. Treasurer. सुख० २, ४५.

भंत. त्रि०(भजत्) सेवा करता हुआ. Serving. विशे० ३४४६.

भंत. त्रि० (भात-भ्राजत्) चमकता हुआ, प्रकाशता हुआ. Bright, Glittering. विशे० ३४४७.

भंत. त्रि० (भवान्त) भव का-संसार का अन्त करनेवाला, मुक्ति का कारण. Overcoming worldly existence. विशे० ३४४३.

भंत. त्रि० (भ्रान्त) (१) घूमा हुआ. Wandered, roamed about. 'भंतो जसो' पउम०३०,६८; (२) भ्रम जनक, भ्रान्ति युक्त. Perplexed, confused. (३) अपेत, अनवस्थित. Unsteady, unsettled. विशे०३४४८; (४) पुं० प्रथम नरक का तीसरा नरकेन्द्रक, नरकावास विशेष. The third abode of the first hell. देवेन्द्र० ३.

भंत. त्रि० (भयान्त) भय-नाशक. That which removes fear. विशे०३४४६.

भंति. स्त्री० (भ्रान्ति) भ्रम, मिथ्याज्ञान, Delusion, Wrong notion. धर्मसं० ७२१; ७२३; सुपा० ३१२; भवि०

भंस. पुं० (भ्रंश) (१) स्खलना. Falling off, slipping. (२) विनाश. Destruction, ruin. सुपा० ११३; सुर० ४, २३०; 'संपाडइ संपयाभंसं' कुप्र० ४१.

भंसग. त्रि० (भ्रंशक) विनाशक. Destructive. वव० १.

भक्खग. त्रि० (भक्षक) भक्षण करने वाला. One who eats. कुप्र० २६.

भक्खर. पुं० (भास्कर) (१) अग्नि, वह्नि. Fire. (२) अर्क-वृक्ष. A particular tree. चंड०.

भक्खावण. न० (भक्षण) खिलाना. Feeding. उप० १५० टी.

भग. पुं० न० (भग) (१) ऐश्वर्य. Affluence. (२) रूप. Beauty. (३) श्री. Wealth, riches. (४) यश, कीर्ति. Fame, glory. (५) धर्म. Religion. (६) प्रयत्न. Effort, exertion. विशे० १०४४; चेइय० २८८; (७) सूर्य, रवि. Sun. (८) माहात्म्य. Dignity. (९) वैराग्य. Absence of desire, indifference to worldy objects. (१०) मुक्ति, मोक्ष. Eternal bliss. (११) वीर्य. Semen virile. (१२) इच्छा. Desire, wish. कप्प०टी. (१३) ज्ञान. Knowlede. प्राभा०.

भगदत्त. पुं० (भगदत्त) नृप-विशेष. Name of a king. हे० ४, २६३.

भगिरहि-भगीरहि. पुं० (भगीरथि) सगर चक्रवर्ती का एक पुत्र. A son of Sagara Chakravarti. पउम० ५, १७६; २१५.

भग्ग. त्रि० (भग्न) (१) पराजित. Routed, Defeated. (२) पलायित, भागा हुआ. Rnu away. हे० ४, ३७६; ३५४; महा० वव० २.

भग्ग. न० (भाग्य) नसीब, दैव. Fortune, luck. सुर० १३, १०५.

भग्गव. पुं० (भार्गव) (१) ग्रह विशेष, शुक्र-ग्रह. The planet venus. पउम० १७, १०८. (२) ऋषि-विशेष. The preceptor of asuras. समु० १८१.

भच्छिअ. त्रि० (भर्त्सित) तिरस्कृत. Censured, abused. दे० १, ८०; कुमा० ३,८६.

भञ्जिर. त्रि० (भङ्क्तृ) भांगने वाला. One who breaks. धर्मवि० ५५; सण०

भट्ट. पुं० (भट्ट)(१) मनुष्य-जाति विशेष, स्तुति पाठक की एक जाति, भाट. A particular race of human-beings, bard, panegyrist. सिरि० १५५; सुपा० २७१; उप०पृ०१२०;(२) वेदाभिज्ञ, पण्डित, ब्राह्मण, विप्र. Learned man, versed in Vedas. उप०१०३१टी; (३) स्वामित्व,मालिकी. Mastership, ownership. प्रति०७.

भट्टारग-य. पुं० (भट्टारक) (१) पूज्य, पूजनीय. Venerable, revered. आव० ३, महा०; (२) नाटक की भाषा में राजा. A sir-name for a king in a drama or theatre. प्राकृ० १५.

भट्टिणी. स्त्री० (भर्त्री) स्वामिनी, मालिकिन. Masteress, a wife of an owner. स० १३४.

भड. पुं० (भट) (१) म्लेच्छों की एक जाति. A barbarian race. (२) वर्णसंकर जाति विशेष. A tribe of mixed castes. (३) राक्षस. Demon. हे० १, १६५.

भडित्त. न० (भटित्त) शूल-पक्व मांसादि, कबाब. Roasted meat etc. स० २६२; कुमा०४३२.

भणण. न० (भणन) कथन, उक्ति. Speaking, speech. उप० ५५३; सुपा० २८३; संबोध० ३.

भणाविश्र. त्रि० (भाणित) कहलाया हुआ. Sent a message. सुपा० ३५८.

भणिइ. स्त्री०(भणिति) उक्ति, वचन. Speech. सुर० ६, १४५; सुपा० २१४; धर्मवि० ५८.

भत्त. पुं० न० (भक्त) (१) ओदन, भात. Rice. प्रामा० (२) लगातार सात दिन का उपवास. Seven fasts at a time. संबोध० ५८. (३) भक्ति युक्त, भक्तिमान्. Devoted. उप० पृ० ६६; महा०

भत्त. त्रि० (भूत) उत्पन्न, संजात. Produced. दे० ४, ६०.

भत्ति. स्त्री० (भक्ति) (१) एकाग्र वृत्ति विशेष. A kind of meditation. आव० २. (२) कल्पना, उपचार. Thought. धर्मसं० ७४२; (३) अनुराग. Affection. धर्म० १; (४) अवयव. Limb. (५) श्रद्धा. Faithfulness. हे०१५१.

भत्था. स्त्री० (भस्त्रा) चमड़े की धौंकनी. Bellows. उप० ३२० टी; धर्मवि० १३०.

भत्थी. स्त्री० (भस्त्री) भाथी, चमड़े की धौंकनी. Bellows. कुम० २६६.

भद्द. न० (भद्र) (१) सुवर्ण, सोना. Gold. (२) मुस्तक, मोथा, नागरमोथा. Grass. हे० २, ८०; (३) दो उपवास. Two fasts at a time. संबोध०५८; (४) छन्द विशेष. A particular metre. पिंग०

भद्दगुत्त. पुं० (भद्रगुप्त) स्वनाम-प्रसिद्ध एक जैन आचार्य. Name of a Jaina Acharya. सार्ध० २३; —गुत्तिय. न० (भद्रगुप्तिक) एक जैन मुनि कुल. A group of Jaina saints. कप्प०

भद्ददारु. न० (भद्रदारु) देवदारु, देवदार की लकड़ी. Pinewood. उत्तनि० ३.

भद्दा. स्त्री० (भद्रा) (१) रावण की एक पत्नी. A queen of Ravana. पउम० ७४,६; (२) छन्द विशेष. A particular metre. पिंग०

भद्दास. न० (भद्राश्व) नगर विशेष. Name of a city. इक०

भद्दिज्जिया. स्त्री० (भद्रीया-भद्रीयिका) एक जैन मुनि-शाखा. A group of Jaina saints. कप्प०

भम. पुं० (भ्रम) भ्रान्ति, मोह, मिथ्या-ज्ञान. Misapprehension, delusion. से० ३, ४८; कुमा०

भमग. न० (भ्रमक) लगातार एकत्तीस दिनों का उपवास. Thirty-one fasts at a time. संबोध० ५८.

भमडिश्र. त्रि० (भ्रान्त) (१) घूमा हुआ, फिरा हुआ. Wandered, roamed about. स० ४७३; (२) भ्रान्ति युक्त. Erring, being under adelusion. कुमा०

भमया. स्त्री० (भ्रू) भौं, नेत्र के ऊपर की केश-पंक्ति. Brow, eyebrow. हे० २, १६७; कुमा०

भमर. पुं०(भ्रमर)(१) छन्द-विशेष. A special metre. (२) विट, रंडीबाज. Libertine. कप्पू०

भमरावलि. स्त्री०(भ्रमरावलि)(१) छन्द विशेष.

Name of a metre. पिंग० (२) भ्रमर-पंक्ति. Row of bees.

भमरिया. स्त्री० (.भ्रमरिका) जन्तु-विशेष, बर्र. A kind of insect. जी० १८.

भमाइअ. (भ्रमित) घुमाया हुआ, फिराया हुआ. Revolved, moved round or in a circle. से० ३, ६१.

भमाड. पुं० (भ्रम) भ्रमण, घूमना, चक्कर. Moving or roaming about, roving. ओघ० भा० २६ टी; ८३ टी.

भमाडण. न० (भ्रमण) घुमाना. Revolution, to take a round. उप०पृ०२७८.

भमाडिअ. त्रि० (भ्रमित) घुमाया हुआ, फिराया हुआ. Revolved, moved in a circle. पउम० ११, २५.

भमि. स्त्री० (भ्रमि) चित्त भ्रम करने की शक्ति, Revolution, an uneasy mind. विशे० १६५३; (२) रोग विशेष, चक्कर. Giddiness, a kind of a disease, whirling of the head. हम्मीर० २८.

भयण. न० (भजन) (१) सेवा. Service, adoration, worship. राज०; (२) विभाग. Division, share. सम्म० ११३.

भयजणणी. स्त्री० (भयजननी) (१) त्रास उत्पन्न करने वाली. A terrible woman. बृह० १; (२) विद्या विशेष. Science of magic. पउम० ७, १४१.

भयवाह. पुं० (भयवाह) राक्षस वंश का एक राजा, एक लंका-पति. A king of demon-family. पउम० ५, २६३.

भयाणय. त्रि० (भयानक) भयंकर, भय-जनक. Horrible, terrible. स० १२१.

भयालु. त्रि० (भीरु) भीरु, डरपोक. Timid, cowardly, timorous. दे० ६, १०७; नाट०

भर. पुं० (भर) (१) गुरुतर कार्य्य. Hard task. विशे० १६६ टी; वा० ४, ४ टी. (२) पूर्णता, सम्पूर्णता. Completeness, Perfectness. कुम्र० ६; (३) मध्य भाग. Middle portion. (४) जमावट. Arrangement. स० ५३०.

भरड. पुं० (भरट) व्रती-विशेष, एक प्रकार का साधु. Monk. सम्मत्त० १४५.

भरण. न० (स्मरण) स्मृति. Remembrance, recollection. गा० २२२; ३७७.

भरण. न० (भरण) (१) पोषण. Nourishment. गा० ५२७; (२) शिल्प-विशेष, वस्त्र में बेल बूटा आदि आकार की रचना. A kind of art, working flowers on cloth, needle-work. 'सीवणं तुन्नणं भरणं' गच्छ० ३, ७.

भरह. पुं० (भरत) (१) राजा रामचन्द्र का छोटा भाई. Name of a Rama's brother. पउम० २५, १४; (२) नाट्य-शास्त्र का कर्ता एक मुनि. Name of an ancient sage who is suppossed to have been the founder of the science of music and dramaturgy. सिरि० ५६; (३) शबर. A mountain dweller (४) तन्तुवाय. Weaver. (५) नृप विशेष, राजा दुष्यन्त का पुत्र. Name of the son of Dushyanta. (६) भरत के वंशज राजा. A king of Bharata family. है० १, २१४; षड्०; (७) देव-विशेष. A special deity or god. —सत्थ. न० (शास्त्र) भरत मुनि-प्रणीत नाट्य शास्त्र. Dramaturgy founded by Bharata Muni. सिरि० ५१.

भरहेसर. पुं० (भरतेश्वर) (१) संपूर्ण भारत वर्ष का राजा, चक्रवर्ती. Chakravarti. (२) चक्रवर्ती भरत. Bharata Chakravarti. कुमा० २, १७; पडि०

भरिअ. त्रि० (स्मृत) याद किया हुआ. Remembered, recollected. 'भरिअं लुडिअं' पाअ० कुमा० भवि०

भरिउल्लट्ट. त्रि० (भृतोल्लुठित) भर कर खाली किया हुआ. Emptied. दे० ७, ८१; पाअ०

भरिली. स्त्री० (भरिली) जन्तु-विशेष. An insect having four senses. राज०

भरुअच्छ. पुं० (भृगुकच्छ) गुजरात का एक प्रसिद्ध शहर. A well-known city of Gujarata. काल० पडि०

भलाविअ. त्रि० (भालित) सौंपा हुआ, सम्हालने के लिये दिया हुआ. Entrusted. श्रा० १६.

भल्ल-भल्लय. त्रि० (भद्र) भला, उत्तम, श्रेष्ठ. Excellent. कुमा० हे० ४, ३५१; भवि०; —त्तण-प्पण. न० (त्व) भलमनसी, भलाई. Goodness. कुमा०

भल्लिम. पुं० स्त्री० (भद्रत्व) भलाई, भद्रता. Kindness, gentleness. सुपा० १२३; कुम० १०८.

भल्ली. स्त्री० (भल्ली) भाला, बर्छी, अस्त्र-विशेष. A kind of spear, dagger. सुर० २, २८; कुम० २७४; सुपा० ५३०.

भव. पुं० (भव) संसार का कारण. Cause birth. सम्म० १; (२) महादेव, शिव. An epithet of Shiva. पाअ०; (३) उत्पन्न. Produced. सुपा० ५८४; (४) न० देव-विमान विशेष. A kind of celestial aerial car or ship. —अभिणं (णं) दि. त्रि० (अभिनन्दिन्) संसार को पसंद करने वाला, संसार को अच्छा मानने वाला. Worldly man. राज० संबोध ८, ५३; —ओवग्गाहि. न० (ओपग्राहिन्) कर्म-विशेष. A particular action. धर्मसं० १२११; —जिण. त्रि० (जिन) रागादि को जीतने वाला. A master of tunes or sounds. 'सासयं जिणाणं भवजिणाणं' सम्म० १; —त्थकेवलि. त्रि० (स्थकेवलिन्) जीवन्मुक्त. Liberated from life. सम्म० ८६.

भवण. न० (भवन) (१) उत्पत्ति, जन्म. Production, birth. धर्मसं० १७२; (२) सत्ता. Power. विशे० ६६.

भवभूइ. पुं० (भवभूति) संस्कृत का एक प्रसिद्ध कवि. Name of a celebrated poet. गउड०

भवाणी. स्त्री० (भवानी) शिव-पत्नी, पार्वती. Name of Parvati, wife of Shiva. पाअ० समु० १६७; —कंत. पुं० (कान्त) महादेव. An epithet of Shiva. पिंग०

भवारिस. त्रि० (भवादृश) तुम्हारे जैसा, आपके तुल्य. Like you, like your honour. हे० १, १४२; चंड० सुपा० २७६.

भवि. पुं० (भविन्) भव्य-जीव, मुक्ति-गामी-प्राणी. A soul fit to be liberated. भवि०

भविअ. त्रि० (भव्य) (१) सुन्दर. Beautiful, handsome. कुमा०; (२) श्रेष्ठ, उत्तम. Best, excellent. संबोध० १.

भवित्ती. स्त्री० (भवित्री) होने वाली. About to occur, future. पिंग०

भसग. पुं० (भसक) एक राजकुमार, श्रीकृष्ण के बड़े भाई जरत्कुमार का एक पौत्र. A prince, grandson of Jarat-kumar, elder brother of Shri Krishna. उत्त०

भसण. न० (भषण) (१) कुत्ते का शब्द. Dog's barking. श्रा० २७; (२) पुं० श्वान, कुत्ता. Dog. पाअ० सिरि० ६२२.

भसम. पुं० (भस्मन्) (१) ग्रह-विशेष. A particular planet. सट्ठि० ४२ टी. (२) राख, भभूत. Ashes. महा० सम्मत्त० ७६.

भस्स. पुं० (भस्मन्) (१) ग्रह विशेष. A particular planet. (२) राख. Ashes. हे० २, ५१.

भस्सिअ. त्रि० (भस्मित) जलाकर राख किया हुआ, भस्म किया हुआ. Burnt to ashes. कुमा०

भा. स्त्री० (भा) दीप्ति, प्रभा, कान्ति, तेज. Splender, lustre. कुमा०

भाअ. पुं० (भाग) (१) योग्य-स्थान. A suitable place. से० १३, ६; (२) भाग्य, नसीब. Fortune. सार्ध० ८०;—धेअ-हेअ. पुं० न० (धेय) (१) भाग्य, नसीब. Destiny, luck. से० ११, ८५; स्वप्न० ५१; हम्मीर० १४; अभि० १६७; (२) कर, राजदेय. Tax, tribute. (३) दायाद, भागीदार. Partner. प्राकृ० ८८; नाट-चैत० ६०.

भाइअ. त्रि० (भाजित) (१) विभक्त किया हुआ, बांटा हुआ. Divided, Shared. पिंड० २०८; (२) खण्डित. Broken. पंच० २, १०.

भाइअ. त्रि० (भीत) (१) डरा हुआ. Feared, frightened. (२) न० डर, भय. Fear, terror. हे० ४, ५३.

भाइर. त्रि० (भीरू) डरपोक. Timid, coward. दे० ६, १०४.

विद्दाण. त्रि० (विद्राण) (१) म्लान, निस्तेज, फीका. Pale. सुर० ६, १२४; यति० ४३; कुम० ११५; (२) शोकातुर, दिलगीर. Sorry, agonized by grief. स०४७३; उप० १०४; उप० ३२० टी.

विद्दाय. त्रि० (विद्रुत) (१) विनष्ट. Ruined, destroyed. कुमा०; (२) पलायित. Run away. (३) द्रव युक्त, द्रव प्राप्त. Melted. हे० १, १०७;षड्०

विद्दुम. पुं० (विद्रुम) उत्तम वृक्ष. The coral tree. से० २, २६.

विद्दुमाभ. पुं० (विद्रुमाभ) नववें बलदेव का पूर्व-जन्म का गुरु. Name of the spiritual teacher of the ninth Baldeo of the previous life. पउम० २०, १६३.

विद्देसण. न० (विद्वेषण) एक प्रकार का अभिचार-कर्म, जिससे परस्पर में शत्रुता होती है. A variety of Karma. स० ६७८.

विद्देसि. त्रि० (विद्वेषिन्) द्वेष-कर्ता. Hating, inimical. कुम० ३६७.

विद्देसिअ. त्रि० (विद्वेषित) द्वेष-युक्त. Hating, inimical. भवि०

विद्धंसित. त्रि० (विध्वंसित) विनाशित. Destroyed. चंड० ३, ५.

विद्धि. स्त्री० (वृद्धि) (१) अधिकता. More, excess. (२)व्याकरण-प्रसिद्ध स्वर का विकार. Grammatical changes or vowels or consonents. विशे० ३४८२; (३) औषधि-विशेष. A kind of medicine. राज०

विधम्मिय. त्रि० (विधर्मित) तिरस्कृत. Censured, condemned. विशे० २३४६.

विधुर. त्रि० (विधुर) (१) व्याकुल, विह्वल. Confused, perturbed. कुम० ५४; (२) विषम, असमान. Adverse. धर्मसं० १२२३; १२२४.

विनडण. न० (विनटन)(१) व्याकुल करना. Confusing. (२) विडम्बना. Ridiculousness, mockery. सुपा० २०८.

विनडिअ. त्रि० (विनटित) (१) व्याकुल बना हुआ. Confused. (२) विडम्बित. Ridiculed. सम्मत्त० १५६; सुपा० २६०.

विनमि. पुं० (विनमि) भगवान् ऋषभदेव का एक पौत्र. Name of a grandson of Lord Rishabhadeo. पण्ण० १४.

विनिबद्ध. त्रि० (विनिबद्ध) संबद्ध, बँधा हुआ. Bound, fastened. महा०

विनिमय. पुं० (विनिमय) व्यत्यय, परस्पर

बदलना. Exchange, barter. कुमा०

विनिरय. त्रि० (विनिरत) लीन, आसक्त. Absorbed in. कुम० ६६.

विन्नवण. न० (विज्ञपन) निवेदन, विज्ञापन. Request. सुपा० २६७.

विन्नविय. त्रि० (विज्ञापित) निवेदित. Respectfully told or informed. महा०

विन्नाण. न० (विज्ञान) (१) कला, शिल्प. Art, skill. कुमा० प्रासू० ४३; ११२; (२) मेधा, मति, बुद्धि. Wisdom, intelligence. पाअ०

विन्नास. पुं० (विन्यास) रचना, विच्छित्ति. Arrangement, adjustment. पाअ० स० ३०१; सुपा० १७; २६६; महा०

विन्नासण. न० (विन्यासन) संस्थापन. Placing, establishing. स० ३१८.

विन्नासिअ. त्रि० (विन्यासित) संस्थापित. Placed, established. स० ५६०.

विन्हु. पुं० (विष्णु) एक जैन मुनि. Name of a Jaina saint. कप्प०

विन्हुपअ. न० (विष्णुपद) आकाश. Sky, atmosphere. समु० १५०.

विन्हुपदी. स्त्री० (विष्णुपदी) गंगा-नदी. The Ganges. समु० १५०.

विपक्क. त्रि० (विपक्व) पका हुआ. Fully ripened or matured. उप० पृ० २११.

विपक्खिय. त्रि० (विपक्षिक) विरोधी, दुश्मन. Enemy. संबोध० ५६.

विपच्चमाण. त्रि० (विपच्यमान)(१) जो पकाया जाता हो. That which is cooked. आ० २०; सं० ८६; संबोध० ४४; (२) दग्ध होता हुआ, जलता हुआ. Burning. रयण० ४१.

विपराहुत्त. त्रि० (विपराङ्मुख) विशेष पराङ्मुख, अतिशय उदासीन. Having the face turned away or averted. पउम० ११५, २२.

विपरिकुंचि. त्रि० (विपरिकुञ्चिन्) विपरिकुंचित-नामक वन्दन दोष वाला. One who is faulty in salutations. बृह० ३.

विप्प. पुं० (विप्रुष्) (१) मूत्र और विष्ठा के बिन्दु. A drop of urine and ordure. (२) विष्ठा और मूत्र. Feces and urine. विशे० ७८१; ओव० महा०

विप्पओअ-विप्पओग. पुं० (विप्रयोग) अलहदगी, जुदाई, विरह, वियोग. Separation. उत्तर० १५; स० २८१; चंड० पउम० ४५, ४६; जी० ४३; महा०

विप्पगरिस. पुं० (विप्रकर्ष) दूरी, आसन्नता का अभाव. Distance, remoteness. धर्मसं० १२१७.

विप्पगालिअ. त्रि० (विप्रगालित) नाशित. Destroyed, ruined. कुमा०

विप्पगिट्ठ. त्रि० (विप्रकृष्ट) दूरवर्ती, दूरी पर स्थित. Distant, remote. स० ३२६.

विप्पजढिय. त्रि० (विप्रहीण) परित्यक्त. Abandoned. पि० ५६५.

विप्पडिपह. पुं० (विप्रतिपथ) विपरीत मार्ग. Wrong road or path. उप० १०३१ टी.

विप्पडिवत्ति. स्त्री० (विप्रतिपत्ति) (१) विरोध. Opposition. विरो० २४८०; (२) प्रतिज्ञा-भंग. Falling short of one's determinations or promises. उप० ५१६.

विप्पडिसिद्ध. त्रि० (विप्रतिषिद्ध) आपस में असंमत. To disagree. उवर० ३.

विप्पडीव. त्रि०(विप्रतीप) प्रतिकूल. Unfavourable. माल० १७७.

विप्पणास. पुं० (विप्रणाश) विनाश. Destruction, ruin. धर्मवि० ५७.

विप्पयारणा. स्त्री० (विप्रतारणा) वंचना, ठगाई. Deceit, cheating. कुम० ७५; मोह० ६४.

विप्पयारिश्र त्रि० (विप्रतारित) वञ्चित, ठगा हुआ. Deceived, cheated. मोह० १०१.

विप्परियासणा. स्त्री० (विपर्यासना) व्यत्यय करना. To change. निसी० चू० ११.

विप्परुद्ध. त्रि० (विप्ररुद्ध) तिरस्कृत. Censured, disdained. पउम० ८, ८५.

विप्पलंभ. पुं० (विप्रलम्भ) (१) वञ्चना, ठगाई. Deceiving, deceit. उप० २४; (२) शृंगार की एक अवस्था. The feeling or sentiment of love in separation. सुपा० १६४; (३) विपर्यास, व्यत्यय. Change, contrariety, reverse. धर्मसं० ३०४; (४) विरह, वियोग. Separation, disunion. कप्पू०

विप्पलंभश्र. त्रि० (विप्रलम्भक) प्रतारक, ठगने वाला. Cheater, impostor. मृच्छ० ४७.

विप्पलंभिश्र. त्रि० (विप्रलम्भित) (१) प्रतारित. Deceived, defrauded. (२) विरहित. Separated, disunited. सुपा० २११.

विप्पलद्ध. त्रि० (विप्रलब्ध) वञ्चित, प्रतारित. Deceived. चारु० ४५; स० ४१८, ६८०.

विप्पलोहण. त्रि० (विप्रलोभन) लुभाने वाला. Attracting, alluring, tempting. स० ७६३.

विप्पव. पुं० (विप्लव) (१) देश का उपद्रव, क्रान्ति. Revolution. (२) दूसरे राजा के राज्य आदि से भय. Danger from an enemy. हे० २, १०६; (३) शरीर की विसंस्थुलता, अस्वस्थता. Confusion, perplexity. कुमा०

विप्पवास. पुं० (विप्रवास) प्रवास, देशान्तरगमन. Staying abroad, dwelling in a foreign country. प्रति० १००.

विप्पहय. त्रि० (विप्रहत) आहत, जखमी. Wounded. सुर० ३, २२१.

विप्पिश्र. पुं० न० (विप्रिय) अपराध, गुनाह. Offence. पाश्र० —**आरय.** त्रि० (कारक) (१) अप्रिय कारक. Disagreeable, unfriendly. (२) अपराध कर्ता. Offender, guilty. हे० ४, ३४३.

विप्पुश्र. त्रि० (विप्लुत) उपद्रुत, उपद्रव युक्त. Confounded, disturbed. दे० ६, ७६.

विप्फंदिश्र. त्रि० (विस्पन्दित) इधर उधर भटका हुआ, परिभ्रान्त. Wandered hither and thither. पउम० ६५, ५२.

विप्फारस. पुं० (विस्पर्श) विरुद्ध स्पर्श. Unfavourable touch. प्राप्र०

विप्फारिय. त्रि० (विस्फारित) (१) विस्तारित. Spread, extended. उप० पृ० १५२; (२) विकासित. Expanded, opened. सुपा० ८३.

विप्फुड. त्रि० (विस्फुट) स्पष्ट, व्यक्त. Clear, manifest, plain. रंभा०

विप्फुरण. न० (विस्फुरण) (१) विजृम्भण, विकास. Expansion. श्रावक० २४५; सुर० २, २३७; (२) स्पन्दन, हिलन. Trembling. गउड०

विप्फुल्ल. त्रि० (विफुल्ल) विकसित, प्रफुल्ल. Blown, expanded. वज्जा० ४४.

विप्फोडश्र. पुं० (विस्फोटक) फोड़ा. Boid, tumour. नाट-शकु० २७; पि० ३११; प्राप०

विबंधग. त्रि० (विबन्धक) विशेष रूप से बांधने वाला. One who binds, binder. पंच० २, १.

विबाहग. त्रि० (विबाधक) विरोधी, बाधक. Contradictory, opposing. धर्मसं० ४११.

विबुद्ध. त्रि० (विबुद्ध) जागृत. Aroused, awakened. सिरि० ११५.

विबुहचंद. पुं० (विबुधचन्द्र) एक प्रसिद्ध जैनाचार्य. Name of a celebrated Jaina Acharya. सुपा० ११८.

विबुहपहु. पुं० (विबुधप्रभु) इन्द्र. An epithet of Indra. सुर० १, १७२.

विबुहपुर. न० (विबुधपुर) स्वर्ग. Heaven. सम्मत्त० १७५.

विबुहेसर. पुं० (विबुधेश्वर) इन्द्र. An epithet of Indra. श्रावक० ५६.

विबोहय. त्रि० (विबोधक) (१) विकासक. Expanding. कप्प० ३८ टि०; (२) ज्ञान-जनक. Instructing, teaching. विशे० १७४.

बिब्बोअ. पुं० (बिब्बोक) विलास, लीला. Playful or amorous gestures. पाअ०

विब्भंत. पुं० (विभ्रान्त) प्रथम नरक-भूमि का सातवां नरकेन्द्रक-स्थान-विशेष. The seventh abode of the first hell. देवेन्द्र० ४.

विब्भंस. पुं० (विभ्रंश) अतिपात, हिंसा, प्राण वियोजन. Killing. राज०

विब्भट्ठ. त्रि० (विभ्रष्ट) विशेष भ्रष्ट. Fallen off or away. प्रति० ४०.

विब्भम. पुं० (विभ्रम) (१) स्त्री की शृंगार के अं.भूत चेष्टा विशेष. Any amorous or sportive action of the woman. गउड० गा० ५; (२) संदेह. Doubt, apprehension. (३) आश्चर्य. Wonder. (४) शोभा. Beauty, grace. गउड०; (५) रावण का एक सुभट. A warrior of Ravana. पउम० ५६, २६.

विब्भल. त्रि० (विह्वल) (१) व्यासक्त, तल्लीन. Attached to, intent on. (२) पुं० विष्णु, नारायण. Vishnu. षड्० ४०; है० २, ५८.

विब्भलिअ. त्रि० (विह्वलित) व्याकुल किया हुआ. Confused, perturbed. कुमा०

विभंगुर. त्रि० (विभङ्गुर) विनश्वर. Perishable, transient. सुपा० १०५; प्रासू० ११; पुप्फ० २२०.

विभग्ग. त्रि० (विभग्न) भांगा हुआ, खण्डित. Broken. पउम० ११३, २६.

विभयणा. स्त्री. (विभजना) विभाग. Division. सम्म० १०१.

विभवन. न० (विभवन) विरूप-करण, खराब करना. Disfiguring. राज०

विभाय. न० (विभात) प्रकाश, कान्ति, तेज. Lustre, brilliance. सण०

विभाय. पुं० (विभाव) परिचय. Acquaintance, familarity. स० ११८.

विभावसु. पुं० (विभावसु) (१) सूर्य, रवि. Sun. (२) रविवार. Sunday. पउम० १७, १७७.

विभाविय. त्रि० (विभावित) विचारित. Thought over, conceived. सण०

विभासण. न० (विभाषण) व्याख्या, व्याख्यान. Explanation, exposition. विशे० १४२८.

विभासा. स्त्री० (विभाषा) (१) विज्ञापन, निवेदन. Statement. उप० ६८०; (२) विविध भाषण. Varied talks. पिंड० ४३८; (३) विशेषोक्ति. A lengthy description. देवेन्द्र० ३६७; (४) परिभाषा, संकेत. Terminology, technical phraseology. क० गं० १, २८-२६.

विभासिय. त्रि० (विभासित) प्रकाशित, उद्द्योतित. Made clear or manifest, displayed. सम्मत्त० ६२.

विभीसण. पुं० (विभीषण) (१) रावण का एक छोटा भाई. The younger brother of Ravana. पउम० ८, ६२; (२) विदेह-वर्ष का एक वासुदेव. Vasudeo of Videha. राज०

विभीसावण. त्रि० (विभीषण) भय-जनक, भयंकर. Frightening, terrifying. भवि०

विभीसिया. स्त्री० (विभीषिका) भय-प्रदर्शन. Terror. उप०

विभु. पुं० (विभु) (१) प्रभु, परमेश्वर. God. पउम० ५,११२; (२) नाथ, स्वामी, मालिक. Master. पउम० ७०,१२; (३) इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम. Name of a king of Ikshvaku lineage. पउम० ५, ७.

विभूइ. स्त्री० (विभूति) ठाटबाट, धूमधाम. Dignity, splendour. सुर० ३, ६२; महा०

विभेद-य. पुं० (विभेद) (१) भेदन, विदारण. Separation. धमसं० ८२६, गउड० उप० ७२८टी; (२) भेद, प्रकार. Division. चेइय० ६६४.

विभेयग. त्रि० (विभेदक) भेदन-कर्ता. To seperate. धर्मवि० ७६.

विमइ. स्त्री० (विमति) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०

विमइअ. त्रि० (विमतित) भर्त्सित, तिरस्कृत. Censured, reproached. दे० ७, ७१.

विमंतिय. त्रि० (विमन्त्रित) जिसके बारे में मसलहत की गई हो. Consulted, counselled. सुर० १२,६७.

विमंसिअ. त्रि० (विमर्शित) विचारित, पर्यालोचित. Thought. सिरि० १०४५.

विमग्गिअ. त्रि० (विमार्गित) (१) याचित, मांगा हुआ. Begged. सिरि० १२७, सुर० ४, १०७; (२) अन्वेषित, गवेषित. Searched, inquired. पाअ०

विमद्द. पुं० (विमर्द) (१) विनाश. Destruction, devastation. सुपा० ३८; गउड०; (२) संघर्ष. Friction. स० ७२२; कुम० ४६.

विमद्दण. पुं० (विमर्दन) देखो 'विमद्द' शब्द. Vide 'विमद्द' अभि०

विमल. पुं० न० (विमल) (१) लगातार छह दिनों का उपवास. Six fasts at a time. (२) लगातार सात दिनों का उपवास. Seven fasts at a time. संबोध० ५८.

विमलचंद. पुं (विमलचन्द्र) एक जैन आचार्य. Name of a Jaina Acharya. महा०

विमलण. न० (विमर्दन) मणि आदि को शाण पर घिसना, घर्षण. Rubbing of a jewel with a touch-stone. दे० १, १४८.

वमलप्पहा. स्त्री० (विमलप्रभा) भगवान् शीतलनाथजी की दीक्षा-शिविका. A palanquin of Lord Shitalnatha at the time of initiation. विचार० १२६.

विमलसामि. पुं० (विमलस्वामिन्) सिद्ध-चक्रजी का अधिष्ठायक देव. The presiding god of Sidha Chakraji. सिरि० २०४.

विमलसुंदरी. (विमलसुन्दरी) षष्ठ वासुदेव की पटरानी. A crowned queen of the sixth Vasudev. पउम० २०, १८६.

विमलिअ. (विमर्दित) जिसका मर्दन किया गया हो, घृष्ट. Crushed, rubbed. से० ६, ७.

विमलेसर. पुं० (विमलेश्वर) सिद्धचक्रजी का अधिष्ठायक देव. The presiding god of Siddh Chakraji. सिरि० ७७३.

विमाउ. स्त्री० (विमातृ) सौतेली मा. Stepmother. सत्त० ३५; १७१.

विमाण. पुं० न० (विमान) (१) अपमान, तिरस्कार. Insult, Censure, disrespect. (२) त्रि० मान-रहित, प्रमाण-शून्य. Destitute of authority. से० ६, ७२.

विमाणणा. स्त्री० (विमानना) अवगणना; तिरस्कार. Disrespect, Dishonour. चेइय० १३२.

विमिस्स. स्त्री० (विमृश्य) विचार करके. Powdered over. —गारि. त्रि० (कारिन्) विचार पूर्वक करने वाला. Considerete. स० १८४; ३२५.

विमिस्सण. न० (विमिश्रण) मिश्रण, मिलावट. Mixture. सम्मत्त० १७१.

विमीसिय. त्रि० (विमिश्रित) मिश्रित, विमिश्र. Mixed. भव०

विमुक्क. त्रि० (विमुक्त) परित्यक्त. Abandoned. 'विमुक्कजीवाण' महा० ७७,

विमुच्छिअ. त्रि० (विमूर्च्छित) मूर्च्छा-प्राप्त. Fainted. से० ११, ५६.

विमुयण. न० (विमोचन) परित्याग. Abandonment, Quitting. संबोध० १०.

विमुह. त्रि० (विमुख) (१) पराङ्मुख,उदासीन. Indifferent, unconcerned. गउड० सुपा०२८; भवि०; (२) पुं० एक नरक-स्थान. Name of an abode of the hell. देवेन्द्र० २८.

विमुहिअ. त्रि० (विमुग्ध) घबराया हुआ. Confused, bewildered. से० ४, ४४; गा० ७१२.

विमूढ. त्रि० (विमूढ) (१) घबराया हुआ. Confounded, bewildered. (२) अस्फुट, अस्पष्ट. Indistinct, not clear. गउड०

विमूरण. त्रि० (विभञ्जक) तोड़ने वाला, खण्डन कर्ता. Breaker. मंगल १०.

विमोडण. न०(विमोटन) मोड़ना. Bending. दे०

विमोहिअ. त्रि० (विमोहित) मोह-प्राप्त. Fascinated. महा० २३; ५२.

विम्ह. न० (वेश्मन्) गृह,घर. House. राज०

विम्हइअ. त्रि० (विस्मित) आश्चर्य-चकित, चमत्कृत. Astonished, amazed. सुर० १, १३०.

विम्हरावण. त्रि० (विस्मरण) विस्मरण कराने वाला, याद दिलाने वाला. Reminder. कुमा०

विम्हरिअ. त्रि० (विस्मृत) भूला हुआ, याद न किया हुआ. Forgotten. कुमा० पाअ०

विम्हारिअ. त्रि० (विस्मारित) भुलाया हुआ. Caused to forget. कुमा० आ० २८.

विम्हावण. स्त्री०(विस्मापना) आश्चर्य उपजाना, विस्मय-करण. Wonderful. निसी०चू०११.

विम्हावय. त्रि० (विस्मापक) विस्मयजनक. Astonishing. सम्मत्त० १७४.

विम्हाविअ. त्रि० (विस्मापित) आश्चर्यान्वित किया हुआ. Caused to astonish. धर्मवि० १४७.

विम्हिर. त्रि० (विस्मेर) विस्मय पाने वाला, चमत्कृत होने वाला. Surprising. आ० १२;२७.

विरइ. स्त्री०(विरति) छन्दः शास्त्र प्रसिद्ध विश्राम स्थान, यति. (In prosody) caesura. चेइय० ५०७.

विरंचि. पुं० (विरञ्चि) ब्रह्मा, विधाता. The creator, name of Brahma. कुम० ४०३; त्रि० ८७; सम्मत्त० ११२.

विरत्ति. स्त्री० (विरक्ति) वैराग्य, उदासीनता. Indifference, freedom from passion or worldly attachment. उप० पृ० ३२.

विरम. पुं० (विरम) विराम, निवृत्ति. Cessation, stop. गउड० गा० ४५६; ६०६; सुर० ७, १६३.

विरमालिअ. त्रि० (प्रतीक्षित) जिसकी प्रतीक्षा की गई हो. Waited for, Expected. पाअ०

विरय. न०(विरत) (१) विरति, विराम. Cessation, stop. (२) संयम, त्याग. Indifference to worldly attachments. दं० ४६; क० गं० २, २.

विरय. पुं०(विरजस्) एक देव विमान. Name of a celestial aerial car. देवेन्द्र० १२१.

विरया. स्त्री० (विरजा) (१) गो-लोक में स्थित

राधा की एक सखी. A female friend of Radha. (२) उसके शाप से बनी हुई एक नदी. A river which burst forth owing to the wrathful prayers. अच्चु० ८६.

विरल. त्रि० (विरल) (१) अनिबिड. Not thick or compact. (२) विच्छिन्न. Broken, severed. गउड० उव०

विरलिअ. त्रि० (विरलित) विरल बना हुआ, विरल किया हुआ. Rare, scarcely found. गउड०

विरल्लण. न०(तनन) विस्तार, फैलाव. Spreading, Extention. 'अट्ठमयविरल्लणे सया रमइ' उव०

विरस. पुं० (विरस) (१) राम-भ्राता भरत के साथ जैन दीक्षा लेने वाला एक राजा. A king initiated with Bharata, brother of Rama. पउम० ८५, ३; (२) न० तप-विशेष, निर्विकृतिक तप. A kind of religious austerity. संबोध० ५८.

विरसिय. त्रि० (विरसित) रस-हीन, रस-विरहित. Tasteless, insipid. हम्मीर ५१.

विरह. पुं० (विरह) (१) अन्तर, व्यवधान. Intervention, separation. (२) पुं० वृक्ष विशेष. A kind of tree. संबोध० ४७; श्रा० ३५; (३) अभाव. Absence. (४) विनाश. Destruction. गज०, (५) हरि-वंश में उत्पन्न एक राजा. A king born in Harivansa. पउम० २२, ६८.

विरह. त्रि० (विरथ) रथ रहित. Without a chariot. पउम० १०, ६३.

विरहि. त्रि० (विरहिन्) वियोगी, बिछुड़ा हुआ. Separated. कुमा०

विराइ. त्रि० (विरागिन्) विराग वाला, विरक्त, उदासीन. Indifferent, free from worldly attachment. नाट०

विराइ. त्रि०(विराजिन्) शोभने वाला, चमकने वाला. Irradiating, illuminating. से० २, २१.

विराइ. त्रि० (विराविन्) शब्द-युक्त, आवाज़ वाला. Crying, Shouting. से०२, २१.

विराम. पुं० (विराम) उपरम, निवृत्ति, अवसान. Cessation, discontinuance. गउड०

विराय त्रि०(विलीन) (१) विशीर्ण विगलित, नष्ट. Perished. से०७,६४; गउड० कुमा० ६, ३८; (२) पिघला हुआ. Melted, Dissolved, Liquified. पाअ०

विराव. पुं०(विराव) शब्द, आवाज़. Clamour, noise, sound. गउड०

विरावि. त्रि० (विराविन्) आवाज़ करने वाला. Crying. गउड०

विराहिअ. पुं० (विराधित) एक विद्याधर नरेश. Name of a Vidyadhar king. पउम० ७६, ७.

विरिअ. त्रि० (भग्न) भांगा हुआ, तोड़ा हुआ. Broken. कुमा०

विरिंच. पुं० (विरिञ्च) ब्रह्मा, विधाता. The creator, Brahma. पाअ०

विरिंचि. पुं०(विरिञ्चि) ब्रह्मा, विधाता. The Creator, Brahma. सुर० १२, ७८.

विरिक्क. स्त्री० (विरिक्त) जो खाली हुआ हो. Emptied, evacuated. पउम० ४५, ३२; सुपा० ४२२.

विरिक्त. त्रि० (विभक्त) (१) बांटा हुआ. Divided, partitioned. महा०, (२) जिसने भाग बांट लिया हो, अपना हिस्सा लेकर जो अलग हुआ हो. An ex-partner or one who might have seperated from the other after taking his share. ओघ० ४१४ टी.

विरुअ. न० (विरुत) ध्वनि, पक्षी की आवाज़, शब्द. Cry, sound of a bird. गा० ६४;

से० १, २१.

विरुअ. त्रि० (विरूप) (१) खराब, कुडौल, दुष्ट रूप वाला, कुत्सित. Awkward. दे० ७, ६३; भवि०, (२) विरुद्ध, प्रतिकूल. Adverse, unfavourable. षड्०

विरुट्ठ. पुं० (विरुष्ट) नरक स्थान विशेष. A particular abode of the hell. देवेन्द्र० २८.

विरुअ-व. त्रि० (विरूप) (१) कुप, भौंडा, कुडौल, खराब, कुत्सित. Deformed, ugly. गा० २१३; भवि० स्वप्न० ४४; सुर० १, २६; उप० ७२८ टी; (२) विरुद्ध, प्रतिकूल, उलटा. Unfavourable, unpropitious. सुर० ११,८०.

विरूढ. पुं० न० (विरूढ) अंकुरित, द्विदल-धान्य. Grown, germinated. प्रव० ४.

विरेअण. त्रि० (विरेचन) भेदक, विनाशक. Destroyer. स० २७८; ६६२.

विरोलिअ. त्रि० (मथित) विलोडित. Churned. पाअ० कुमा० भवि०

विरोहय. त्रि० (विरोधक) विरोध-कर्ता. Resisting, opposing. भवि०

विरोहि. त्रि० (विरोधिन्) दुश्मन, प्रतिपन्थी. Enemy. पि० ४०५; नाट० शकु० १६.

विरोहिय. त्रि० (विरोधिन्) विरोध-प्राप्त. Opposed, contradicted. वज्जा० ७०.

विलंघण. न० (विलङ्घन) उल्लंघन, अतिक्रमण. Transgressing, overstepping. उप० ५६७ टी.

विलंब. पुं० (विलम्ब) तप-विशेष, पूर्वार्ध तप. A religious austerity. संबोध० ५८.

विलंबि. न० (विलम्बिन्) (१) सूर्य ने भोग कर छोड़ा हुआ नक्षत्र. An asterism through which the planet Sun might have passed on. (२) सूर्य जिस पर हो उसके पीछे का तीसरा नक्षत्र. A last asterism, third from the first in which the sun may be present. वव० १.

विलंबिअ. त्रि० (विलम्बित) (१) विलम्ब युक्त. Delayed. कप्पू०; (२) नक्षत्र विशेष. Name of a constellation. वव० १.

विलक्ख. त्रि० (विलक्ष) (१) लज्जित, शरमिन्दा. Ashamed, abashed, disconcerted. से० १०,७०; सुर०१२, ६६; सुपा० १६८; ३२८; महा० भवि०; (२) प्रतिभा-शून्य, मूढ. Foolish, having no characteristics. से० १०, ७०.

विलक्ख. न० (वैलक्ष्य) विलक्षता, लज्जा, शरम. Shame. सुर० ३, १७६.

विलग्ग. त्रि० (विलग्न) (१) लगा हुआ, चिपटा हुआ, संलग्न Clinging, sticking. संबोध० १३; से० ४, २; ३, १४२; गा० १८८; ३२१; महा०; (२) अवलम्बित. Resting on. सुर० १०, ११४; (३) आरूढ. Mounted. सुख १, ३.

विलद्ध. त्रि० (विलब्ध) अच्छी तरह प्राप्त, सुलब्ध. Procured, obtained. पिंग०

विलप्प. पुं० (विलाप्यन्) एक नरक-स्थान. A particular abode of the hell. देवेन्द्र० २६.

विलय. पुं० (विलय) (१) विनाश. Destruction. कुम० ५१; सुपा० १६७; ती० ३; (२) तल्लीनता. Absorption in. ती० ३; (३) पुं० एक नरक-स्थान. A particular abode of the hell. देवेन्द्र० २६.

विलविर. त्रि० (विलपितृ) विलाप करनेवाला. Lamenting, wailing. कुमा० सण०

विलसण. न० (विलसन) (१) विलास, मौज. Sporting. उप० पृ० १८१; (२) मौज करने वाला. That experiences pleasures, voluptuous. सुर० १, २२१ टि.

विलसिय. न० (विलसित) दीप्ति, चमक. Glitter, gleam. मह.०

विलाविअ. त्रि० (विलापित) विलाप-युक्त. Wailing, lamenting. वै० ८६; भवि०

विलास. पुं०(विलास) दीप्ति, चमक. Flash, gleam. कुमा० गउड० —वई. स्त्री० (वती) स्त्री, नारी, महिला. A wanton or amorous woman. से० १०, ७१; गउड०

विलासपुर. न० (विलासपुर) नगर विशेष. Name of a city. सुपा० १२२.

विलासि. त्रि० (विलासिन्) (१) मौजी, शौकीन. Sportive, playful. हास्य० १३८; गउड०; (२) चमकने वाला. Shining, glittering.

विलासिणी. स्त्री० (विलासिनी) (१) नारी, स्त्री. Woman. (२) वेश्या. Wanton, harlot. गा० २६३; ८०३. अ० गउड० नाट-रत्ना० ६; पि० ३४६; ३८७.

विलिअ. न० (व्यलीक) (१) कंदर्प-संबन्धी अपराध, गुनाह. Fault, offence. कुमा० गा० ५३; (२) अकार्य. Any improper act. गा० ५३; (३) अप्रिय, विप्रिय. Anything disagreeable or displeasing गा०५३;पाअ०; (४) अनृत, असत्य. Falsehood. (५) प्रतारणा, ठगाई. Deception. (६)गति-विपर्यय. Inversion.(७)अपराधी. Guilty. (८) अकार्य-कर्ता. Evil-doer. (६) विप्रिय-कर्ता. A doer of disagreeable act. (१०) झूठ बोलने वाला. Lier. दे० १, ४६-१०१.

विलिअ. त्रि० (व्रीडित) लज्जित, शरमिन्दा. Ashamed, abashed. पाअ० षड्०

विलिहिअ. त्रि० (विलिखित) चित्रित. Pictured, painted. सुर० १२, २०.

विलीइर. त्रि०(विलीनृ) द्रवण शील, पिघलने वाला. Melting, dissolving. कुमा०

विलीण. त्रि० (विलीन) विनष्ट. Perished. भग० २५; पाअ० महा० भवि०

विलुंपिअ. त्रि० (काङ्क्षित) अभिलषित. Desired, wished. कुमा० ७, ३८; दे० ७, ६६.

विलुक्क. त्रि० (विलुम्चित) विमुण्डित, सर्वथा केश-रहित किया हुआ. Clean-shaved. पिंड० २१७.

विलुत्त. त्रि० (विलुप्त) (१) लुण्टित, लुटा हुआ. Robbed, plundered. सुर० ११, ४८; (२) विनष्ट. Perished. कप्पू०

विलूण. त्रि० (विलून) काटा हुआ, छिन्न. Cut or lopped off. सुपा० ६.

विलेविअ. त्रि० (विलेपित) विलेपन-युक्त. Smeared. सण०

विलेविआ. स्त्री० (विलेपिका) पान विशेष. Rice, gruel. राज०

विलेहिअ. त्रि०(विलेखित) चित्रित किया हुआ. Painted, pictured. सुर० १२, ११५.

विलोअ. पुं० (विलोक) आलोक, प्रकाश. Light, lustre. उप० पृ० ३५८.

विलोअण. पुं० न० (विलोचन) आंख, नेत्र. Eye. काप्र० १६१; गा० ६७०; सुपा० ५२६.

विलोअण. न० (विलोकन) (१) देखना, निरीक्षण. To looking at, to observe. (२) त्रि० देखने वाला. An observer. सुर० ४, ८६.

विलोट्ट-विलोट्टिअ. त्रि० (विसंवदित) (१) जो झूठा साबित हुआ हो. One who is proved false or a lier. कुमा० ६, ८८; (२) जो कहकर फिर गया हो, प्रतिज्ञा-च्युत. Traitor, cheat, one who falls from his promises or words. उप० ५६७ टी; (३) विरुद्ध बना हुआ. Contrary. सुपा० ४५२.

विलोडिय. त्रि० (विलोडित) मथित. Churned. कुम० ७८.

विलोल. त्रि० (विलोल) चंचल, अस्थिर. Unstable, unsteady. से० २, ११; गउड० कप्पू०

विलोव. पुं० (विलोप) लूट, डकैती. Plunder. 'सत्थविलोवे जाए' सुर० १५, १८.

विलोवण. न० (विलोपन) लूट, डकैती. Plunder, robbing. उव०

विलोहण. त्रि० (विलोभन) (१) आश्चर्य कारक. Surprising. (२) लुभाने वाला. Enticing, alluring श्रावक० १३२.

विवइ. स्त्री० (विपद्) विपत्ति, कष्ट, दुःख. Calamity, Mishap. उप० ७७१; हे० ४, ४००; —गर. त्रि० (कर) दुःख जनक. Painful, troublesome. कुमा०

विवइ. स्त्री० (विवृति) व्याख्या, विवरण, टीका. Manifestation, exposition, comment. कुम० ११.

विवइण्ण. त्रि० (विप्रकीर्ण) बिखरा हुआ. Spread about, scattered. पउम० ७८, २१; से० ५, ५२; १३, ८१.

विवंक. त्रि० (विवक्र) विशेष बांका. Bent. स० २५१.

विवंचिआ. स्त्री० (विपञ्चिका) वाद्य-विशेष, वीणा. A kind of musical instrument. पाअ०

विवक्ख. पुं० (विपक्ष) (१) विपरीत धर्म. A bad form of religion. (२)वैधर्म्य, विलक्षणता. Dissimilarity.ठा० १ टी.

विवच्छा. स्त्री० (विवत्सा) वत्स रहित स्त्री. Childless woman. राज०

विवज्जणया-विवज्जणा. स्त्री० (विवर्जना) परित्याग, परिहार, वर्जन. Relinquishment abandonment. दसचू० २, ५.

विवड्ढि. स्त्री० (विवृद्धि) बढ़ाव, वृद्धि. Growth, increase, development. पंचा० १८, १३.

विवणीय. त्रि० (व्यपनीत) दूर किया हुआ, हटाया हुआ Removed. कप्प०

विवण्ण. त्रि० (विवर्ण) निस्तेज, फीका, म्लीन. Pale, wan, pallid. से० ८, ८७.

विवण्ण. त्रि० (द्विपर्ण) (१) दो पत्र वाला. Having two leaves. (२) पुं० वृक्ष, पेड़. Tree. राज०

विवत्ति. स्त्री० (विपत्ति) (१) कार्य की असिद्धि. Failure. सुपा० २३५; उव० बृह० १; (२) मरण, मौत. Death, destruction. सुर० २, ५१; स० ११६.

विवत्तिअ. त्रि० (विवर्तित) फिराया हुआ घुमाया हुआ. Turned round, revolved. से० ६, ८०.

विवद्धि. स्त्री० (विवृति) (१) विवरण, टीका. Exposition, comment. (२) विस्तार. Expansion. संक्षि० ६.

विवद्धणा. स्त्री० (विवर्धना) वृद्धि, बढ़ाव. Increase, growth, augmentation. उप. ९७५.

विवया. स्त्री० (विपद्) कष्ट, दुःख. Calamity, mishap. उप. ७२८ टी.

विवरंमुह. त्रि० (विपराङ्मुख) विमुख, पराङ्मुख. Turned face. पउम ७३,३०; से. ६, ४२.

विवरिअ. त्रि०(विवृत) व्याख्यात. Expounded, explained. विशे०१३११;स०७१७.

विवरुक्ख-विवरोक्ख. त्रि० (विपरोक्ष) (१) परोक्ष, अप्रत्यक्ष. Out of, or beyond the range of sight, invisible. पउम० ६, ११; (२) न० अभाव. Absence. गउड० ७६;(३)परोक्षता,अप्रत्यक्षपन.Invisibility. गउड० ११०४.

विवलाअ. त्रि० (विपलायित) भागा हुआ.

Fled, retreated, run away. से० १, २; १४, ३०.

विवलिअ. त्रि० (विवलित) मोड़ा हुआ. परावर्तित. Bent, curved. गा० ६८०; गउड० ४२४; काप्र० ११५.

विवल्हत्थ. त्रि० (विपर्यस्त) विपरीत, उलटा. Contrary, opposite. से० ६, ८.

विवस. त्रि० (विवश) बाध्य, लाचार. Dependent, helpless. कुम० ११५.

विवाउग. त्रि० (विवादक) विवाद कर्ता. Dispute, contention. स० ४५१.

विवागि. त्रि० (विपाकिन्) विपाक वाला. Ripened, matured. अज्झ० ११३.

विवायण. त्रि० (विवादन) विवाद करना. Disputing, contending. धर्मवि० २०.

विवाहगणय. पुं० (विवाहगणक) ज्योतिषी, जोशी. Astronomer or astrologer. दे० ६, १११.

विवाहजन्न. पुं० (विवाहयज्ञ) विवाह-उत्सव. The marriage festival. मोह० ४४.

विवाहाविय. त्रि० (विवाहित) जिस की शादी कराई गई हो. Married. महा०

विविइसा. स्त्री० (विविदिषा) जानने की इच्छा, जिज्ञासा. Desire of knowing, curiosity. अज्झ० ६६.

विविण. न० (विपिन) वन, जंगल. Forest. गउड० नाट–चैत० ७२.

विवित्त. न० (विविक्त) (१) एकान्त, विजन. A lonely or solitary place, loneliness. स० ७४३; (२) विवेक-युक्त. Discriminating. (३) संविग्न, भव-भीरु. Renunciation of the world. वव० ४.

विवुअ. त्रि० (विवृत) (१) विस्तृत. Expanded, spread out. (२) व्याख्यात. Expounded, explained. संघि० ५.

विवेअ. पुं० (विवेप) विशेष कंप. Tremour, trembling. सुपा० १४.

विवेइ. त्रि० (विवेकिन्) विवेक वाला. Discriminating. सुपा० १४८; कुमा. सवा.

विस. न० (विष) पानी, जल. Water. से० ८, ६३. —हारिणी. स्त्री० (हारिणी) पानी भरने वाली स्त्री. A woman water-career. हे० ४, ४३६.

विस. पुं० (वृष) (१) बैल, सांढ, वृषभ. Bull. सु० १, २४८; सुपा० ३६३; ५६७; सुख० ८, १३; (२) ज्योतिष-प्रसिद्ध एक राशि. The sign Taurus of the zodiac. सुपा० १०८; विचार० १०७; (३) मूषक, चूहा. Rat. दे० ७, ६१; षड्०; (४) धर्म. Religion. (५) बल-युक्त. Strong or athletic man. (६) ऋषभ नामक औषध. A kind of medicine or drug. (७) पुरुष विशेष. Name of a particular man. सुपा० ३६३; (८) काम, कन्दर्प. The god of love, cupid. (९) शुक्र-युक्त, वीर्ययुक्त. Lacking in the only power. (१०) शृंग वाला कोई भी जानवर. Any animal having horns. सुपा० ५६७.

विसइ. त्रि० (विषयिन्) विषय वाला, विषय-युक्त. Sensual, carnel. विशे० २७६.

विसंक. त्रि० (विशङ्क) शङ्का-रहित, निःशंक. Doubtless. उप० १३६ टी.

विसंखल. त्रि० (विशृङ्खल) स्वच्छन्द, स्वैरी, निरंकुश, उद्धत. Unchecked, unrestrained. पाअ० स० १८०; से० ५, ६८.

विसंघट्टिय. त्रि० (विसंघट्टित) वियुक्त, विघटित. Separated. कुम० ६."

विसंजुत्त. त्रि० (विसंयुक्त) वियुक्त, जो अलग हुआ हो. Separated. सम्म० २२; सूयनि० १२१ टी.

विसंतप. पुं० (द्विषन्तप) शत्रु को तपाने वाला,

दुश्मन को हैरान करने वाला. One who harasses an enemy. हे० १, १७७.

विसंथुलिय. त्रि० (विसंस्थुलित) व्याकुल बना हुआ. Agitated, confounded. सत्था०

विसंधि. त्रि० (विसन्धि) बन्धन-रहित. Destitute of any bondage. राज०

विसंवइअ. त्रि० (विसंवदित) (१) सबूत रहित अप्रमाणित. Not authorized. पाअ० स० ५७६; (२) विघटित, वियुक्त. Separated. से० ११, ३१.

विसंवयण. न० (विसंवदन) विसंवाद, सबूत का अभाव. Absence of authority. उप० पृ० ३१८

विसंवाइ. त्रि० (विसंवादिन्) (१) विघटित होने वाला, विच्छिन्न होने वाला. Separating. कुमा० ६, ८१; (२) अप्रमाणित होने वाला, सबूत से सिद्ध नहीं होने वाला, असत्य ठहरने वाला. Something that can be illustrated or proved with cogent reasons. कुप० २१४; सम्मत्त० १२३.

विसंवाइअ. त्रि० (विसंवादित) विसंवाद युक्त. Inconsistent. दे० १,११४;से० ३,३०.

विसंवाय. पुं० (विसंवाद) (१) सबूत का अभाव, विरुद्ध सबूत, विपरीत प्रमाण. Absence of authority. संबोध० १७; सुपा० १०८; (२) व्याघात. Blow, stroke. गा० ११६; (३) विचलता. Movement. से० ३, ३०.

विसंवायग. त्रि० (विसंवादक) (१) सबूत-रहित, प्रमाण रहित. Devoid of authority. (२) ठगने वाला, वंचक. Cheater. सुपा० १०८.

विसंसरिय. त्रि० (विसंसृत) उड गया हुआ. Flown. स० ५३७.

विसकल. त्रि० (विशकल) टुकडा २ किया हुआ, खण्डित. Broken into pieces. राज०

विसकलिय. त्रि० (विशकलित) टुकडा २ किया हुआ, खण्डित. Broken into pieces. आवम०

विसग्ग. पुं० (विसर्ग) अक्षर विशेष विसर्जनीय वर्ण. A symbol in writing, representing a distinct hard aspiration and marked by two perpendicular dots: पिंग०

विसज्जणा. स्त्री० (विसर्जना) विदाई. Departure. वव० ४.

विसढ. त्रि० (विशठ) (१) अत्यंत दंभी, अतिशय मायावी. Hypocritical. पउम० १०२, ५२; (२) एक श्रेष्ठि-पुत्र. Name of a son of a noble man. सुपा० ५५०.

विसण. न० (वेशन) प्रवेश. Entrance. राज०

विसण्ण. त्रि० (विसंज्ञ) संज्ञा-रहित, चैतन्य-वर्जित. Destitute of consciousness. से० ६, १८.

विसद्द. पुं० (विशब्द) (१) विशिष्ट शब्द. A distinguished word. (२) त्रि० विशिष्ट शब्द वाला. A special phraseology. गउड०

विसन्ना. स्त्री० (विसंज्ञा) विद्या-विशेष. Magical skill. पउम० ७, १३१.

विसप्प. पुं० (विसर्प) एक नरक-स्थान. An abode of a hell. देवेन्द्र० २७.

विसप्पि. त्रि० (विसर्पिन्) फैलने वाला. Spreadable. सुपा० ४४७.

विसप्पिर. त्रि० (विसर्पितृ) फैलने वाला. Spreadable. सण०

विसम. त्रि० (विषम) सकडा, कम चौडा. Narrow. हे० १, २४१; षड्०

विसमक्खर. त्रि० (विषमाक्षर) अपसिद्धान्त,

वाला, असत्य निर्णय वाला. False-confidence, or a man with faulty determinations. से० ४, २४.

विसमलोश्रण. पुं० (विषमलोचन) महादेव, शिव. An epithet of Siva. वेणी०११७.

विसमबाण. पुं० (विषमबाण) कामदेव. An epithet of cupid. सण०

विसमसर. पुं० (विषमशर) कामदेव. An epithet of god of love. स०१; सुपा० १६३; सण०

विसमिश्र. त्रि० (विषमित) (१) बीच बीच में विच्छेदित. Made rough. से० ६, ८७; (२) विषम बना हुआ. Made difficult or in accessible. गउड०

विसमिश्र त्रि० (विस्मृत) भूला हुआ, अस्मृत. Forgotten. से० ६, ८७.

विसमिश्र. त्रि० (विश्रमित) विश्रान्त किया हुआ, विश्राम-प्रापित. Rested, reposed से० ६. ८७.

विसमिर. त्रि० (विश्रमितृ) विश्राम करने वाला. One who takes rest. गा० ५२; प्राकृ० ३०.

विसर. पुं० (विसर) समूह, यूथ, संघात. Collection, multitude. सुपा० ३; सुर० १, १८५; १०, १४.

विसरण. न० (विशरण) विनाश. Destruction, ruin. राज०

विसरिश्र. त्रि० (विस्मृत) याद नहीं आया हुआ. Forgotten. पि० ३१३.

विसलेस. पुं० (विश्लेष) जुदाई, वियोग, पृथग्भाव. Separation. चंड०

विसल्ल. त्रि० (विशल्य) शल्य रहित. Free from trouble or anxiety. पउम० ६३, ११; चेइय० ३८७.

विसल्ला. स्त्री०(विशल्या) (१) एक महौषधि. A kind of medicine. ती० ५; (२) लक्ष्मण की एक स्त्री. Name of a wife of Lakshamana. पउम० ६३, २१.

विससिय. त्रि० (विशसित) वध किया हुआ. जो मार डाला गया हो. Slaughtered, bedeaded. गउड० स०४७५; सम्मत्त० १४०.

विसह. त्रि० (विषह) सहन करने वाला, सहिष्णु. Able to bear or endure. कप्प०

विसहण. न० (विषहण) (१) सहन करना. Enduring, bearing. धर्मसं० ८१७; (२) त्रि० सहिष्णु. Able to endure. प्रव० ७३ टी.

विसहिश्र त्रि० (विषोढ) सहन किया हुआ. Endured. से० ६, ३३.

विसाइ. त्रि० (विषादिन्) विशाद-युक्त, शोक-ग्रस्त. Afflicted by grief. संबोध० ३६.

विसाण. न० (विषाण) (१) सूअर का दांत. A horn of a boar. उवा० (२) पुं० ब० देश-विशेष. Name of a country. पउम० ९८, ६५.

विसाय. त्रि०(विस्वाद) स्वाद-रहित. Tasteless. 'आमयकारि विसायं' विवे० १३६.

विसार. त्रि० (विसार) सार-रहित, निस्सार. Insignificant. गउड०

विसारणिय. त्रि० (विस्मारणिक) स्मारणा-रहित, जिसको याद न दिलाया गया हो. One who is not intimated or reminded of. काल०

विसारि. त्रि०(विसारिन्) फैलनेवाला, व्यापक. Spreading, diffusing. गउड०

विसाल. न० (विशाल) एक विद्याधर नगर. Name of a Vidyadhar city. इक०

विसाला. स्त्री०(विशाला)(१) जंबू वृक्ष विशेष, जिससे यह जंबूद्वीप कहलाता है. A Jambu tree. (२) राजधानी विशेष. Name of a particular capital. इक०

विसासण. त्रि० (विशासन) विघातक, विनाशक.

Destroyer. 'कुसमय विसासणं' सम्म० १.

विसासिअ. त्रि० (विशासित) (१) मारित, हिंसित, जिसका वध किया गया हो. Killed. (२) विशेष रूप से घर्षित. Specially rubbed. (३) विश्लेषित, वियुक्त किया हुआ. Separated. (४) मार भगाया हुआ. Vanquished. से० ८, ६३.

विसाह. पुं० (विशाख) स्कन्द, कार्तिकेय. Name of Kartikeya. पाअ०

विसाहा. स्त्री० (विशाखा) (१) व्यक्ति वाचक नाम, एक स्त्री का नाम. Name of a woman. वज्जा० १२२; (२) एक विद्याधर कन्या. Name of a Vidyadhar girl. महा०

विसाहिअ. त्रि० (विसाधित) (१) सिद्ध किया गया. Accomplished. (२) न० संसिद्धि. Completion, perfect accomplishment. हे० ४, ३८६; ४११.

विसिट्ठ. न० (विशिष्ट) लगातार छः दिनों का उपवास. Six fasts at a time. संबोध० ५८.

विसिट्ठि. स्त्री० (विसृष्टि) विपरीत क्रम. Reverse order. सिरि० ८७८.

विसिह. त्रि० (विशिख) शिखा-रहित. Crestless. गउड० ५३६.

विसी. स्त्री० (विंशति) बीस, बीस का समूह. Twenty, score. हास्य० १३६.

विसीइय. त्रि० (विशीर्ण) (१) जीर्ण, त्रुटित. Shattered. (२) न० टूटना, जर्जरित होना. Shattering. सुर० १२, १६६.

विसुत्त. त्रि० (विस्रोतस्) (१) प्रतिकूल. Unfavourable. (२) खराब, दुष्ट. Wicked. भवि०

विसुमरिअ. त्रि० (विस्मृत) जिसका विस्मरण हुआ हो. Forgotten. स० २६५; सुख० २, ३६; सर० १४, १७.

विसराविय. त्रि० (खेदित) खिन्न किया हुआ. Afflicted, pained. गउड० १११.

विसुव. न० (विषुवत्) रात और दिन की समानता वाला काल. The time of the equinox. दे० ७, ५०.

विसूरणा. स्त्री० (खेदना) खेद, अफसोस, दुःख. Sorrow, grief. से० ५, ३.

विसूरिअ. त्रि० (खिन्न) खेद-युक्त, दिलगीर. Sorrowful, grieved, distressed. से० १०, ७६.

विसेस. पुं० न० (विशेष) (१) पर्याय, धर्म, गुण. A peculiar attribute, the eternal distinguishing nature of the Dragas (in logic). विशे० २६७; (२) तिलक, A mark on the forehead. (३) साहित्य शास्त्र प्रसिद्ध अलंकार विशेष. (In Rhet.) A figure of speech. हे० १, २६०.

विसेस. पुं० (विश्लेष) पृथक्करण. Analysis. वव० १.

विसेसओ. स्त्री० (विशेषतस्) खास करके. Especially, particularly. महा०

विसेसण. न० (विशेषण) दूसरे से भिन्नता बताने वाला गुण आदि. A distinguishing feature or mark. उप० ४४४; भास० ८६; पंच० १, १२; विशे० ११५.

विसेसय. पुं० न० (विशेषक) तिलक, चन्दन आदि का मस्तक स्थित चिह्न. A mark on the forehead with sandal, saffron etc. पाअ० से० १०, ७४; वेणी० ४६; गा० ६३८; कुम्म० २५५.

विसोह. त्रि० (विशोभ) शोभा-रहित. Ugly. दे० १, १०.

विस्स. अ० (विश्व) (१) सर्व, सकल, सब. All, whole. विशे० १६०३; सुर० १२, ५६; (२) पुं० न० जगत्, दुनिया. Universe, World. सुपा० १३६; सम्मत्त, १६०; रंभा०

विस्सइ. पुं॰ (विश्वजित्) यज्ञ-विशेष. Name of a particular sacrifice. प्राकृ॰ ३५.

विस्संभण. न॰ (विश्रम्भण) विश्वास. Trust, confidence. माल॰ १६६.

विस्संभर. पुं॰ (विश्वम्भर) (१) इन्द्र. An epithet of Indra. (२) विष्णु, नारायण. An epithet of Vishnu. नाट-चैत॰ ३८.

विस्संभरा. स्त्री॰ (विश्वम्भरा) पृथिवी, धरती. Earth. कुम्र॰ २१३.

विस्सकम्म. (विश्वकर्मन्) शिल्पी-विशेष, देव-वर्धकि. Name of an architect of gods. स॰ ६००; कुम्र॰ १.

विस्सगंधि. त्रि॰ (विस्रगन्धिन्) आमगंधि, अपक्व मांस के समान गंध वाला. Having smell like that of raw meat. अभि॰ १८४.

विस्सपुर. न॰ (विश्वपुर) नगर-विशेष. Name of a city. सुपा॰ ६३५.

विस्सम. पुं॰ (विश्रम) विश्राम, विश्रान्ति. Rest, repose. स्वप्न॰ १०६.

विस्सरण. न॰ (विस्मरण) विस्मृति, याद न आना. Forgetfulness, oblivion. पभा॰ २४; कुल॰ १४.

विस्सरिय. त्रि॰ (विस्मृत) भुलाया हुआ. Forgotten उप॰ पृ॰ ११३.

विस्ससिअ. त्रि॰ (विश्वस्त) विश्वास-युक्त, भरोसा पात्र. Trusted, relied on. श्रा॰ १४; सुपा॰ १८३.

विस्साणिय. त्रि॰ (विश्राणित) दिया हुआ, अर्पित. Given away, bestowed. उप॰ १३८ टी.

विस्सामणा. स्त्री॰ (विश्रामणा) चम्पी, अंग-मर्दन आदि भक्ति, वैयावृत्य. Shampooing, kneading. नी॰ ८.

विस्सारण. न॰ (विसारण) विस्तारण, फैलाना. Spreading. प्रव॰ ३८.

विस्सावसु. पुं॰ (विश्वावसु) एक गन्धर्व, देव-विशेष. Name of a Gandharva. पउम॰ ७२, २६.

विस्साहल. पुं॰ (विश्वाहल) अंग-विद्या का जानकार चतुर्थ रुद्र पुरुष. The fourth Rudra knowing the Science of foretelling good or evil by the movements of limbs. विचार॰ ४७३.

विस्सेसर पुं॰ (विश्वेश्वर) काशी में स्थित महादेव की एक मूर्ति. An epithet of Siva. सम्मत्त॰ ७५.

विह. पुं॰ स्त्री॰ (विध) भेद, प्रकार. Kind, variety. कप्प॰

विहंजिअ. त्रि॰ (विभक्त) बांटा हुआ. Divided, separated. भवि॰

विहंडण. न॰ (विखण्डन) (१) विच्छेद, विनाश. Destruction, ruin. सम्मत्त॰ ३०; (२) त्रि॰ विच्छेद कर्ता, विनाशक. Destroyer. सण॰

विहंडण. त्रि॰ (विभण्डन) भांडने वाला, गालि-सूचक. One who uses abusive language. गा॰ ५१२.

विहंडिअ. त्रि॰ (विखण्डित) विनाशित. Destroyed. पिंग॰ सण॰.

विहट्टिअ. त्रि॰ (विघट्टित) खण्डित, द्विधाभूत. Broken. से॰ २,३२.

विहडण. न॰ (विघटन) (१) अलग होना, वियोग. Separation. सुपा॰ ११६, २४३; (२) अलग करना. To separate. (३) खोलना. Opening. वज्जा॰ ८८.

विहडणा. स्त्री॰ (विघटना) वियोजन, अलग करना. To separate. धर्मवि॰ ४२.

विहडा. स्त्री॰ (विघटा) विभेद, अनैक्य, फाटफूट. General disunion, anarchy. सुपा॰ ४२१.

विहडावण. न॰ (विघटन) वियोजन. To

separate. भवि०

विहडाविय. त्रि०(विघटित) वियोजित. Separated. सार्ध० ७१.

विहडिय. त्रि० (विघटित) खुला हुआ. Opened. महा० ३०, ३०.

विहत्थ. त्रि० (विहस्त) (१) व्याकुल, व्यग्र. Confused, bewildered. से०१२, ४६; कुप्र० ४०१; सिरी० ३८६, ८३६; सम्मत्त० १६१; (२) कुशल, दक्ष. Competent, expert, skilful. कुप्र० १०३,२०६; (३) विशिष्ट हाथ, किसी वस्तु से युक्त हाथ. Free from certain impurities. सिरि० ६६१; (४) क्लीब. Impotent. सम्मत्त० १०६१.

विहम्म. न० (वैधर्म्य) (१) विधर्मता, विरुद्धधर्मता. Difference in characteristics. (२) तर्कशास्त्र प्रसिद्ध उदाहरण-भेद, वैधर्म्य-दृष्टान्त. (In logic) A variety of illustration. सम्म० १५३.

विहल. त्रि० (विह्वल) व्याकुल, व्यग्र. Confused, perturbed. हे० २, ५८; प्राकृ० २४; पउम० ८,२००; से०५, ५८; गा० २८५; प्रासू० ५; हास्य० १४०; वज्जा० २४; षड्० गउड०

विहल. त्रि०(विफल) असत्य, झूठा. Untrue, wrong. पाअ०

विहलंखल-विहलंघल. त्रि० (विह्वलाङ्ग) व्याकुल शरीर वाला. Having a weak constitution. काप्र० १६६; स० २५५; सुख० १८, ३५; सुर० ३,१७३; सुपा० ४४७; सुर० १५, २०४.

विहलिअ. त्रि० (विह्वलित) व्याकुल किया हुआ. Confounded, distracted कुमा० ३,५३; प्राप० महा०

विहवण. न० (विधवन) विनाश. Destruction, ruin. राज०

विहवि. त्रि०(विभविन्) संपत्ति-शाली, धनाढ्य. Wealthy, rich. कुमा० सुपा०४२२; गउड०

विहसाविअ. त्रि० (विहासित) (१) हंसाया हुआ. Caused to laugh. (२) विकसित किया हुआ. Expanded. प्राकृ० ६१.

विहसिर. त्रि० (विहसितृ) खिलने वाला, विकसित होने वाला. Blowing, expanding. कुमा०

विहाइ. त्रि० (विधायिन्) कर्ता, करने वाला. Maker. चेइय० ४०३; उप० ७६८ टी; धर्मवि० ८३६.

विहाउ. त्रि० (विधातृ) कर्ता, निर्माता. Maker, creator. विशे० १२६७; पंचा० ६, ३६.

विहाड. त्रि० (विघाट) विकट. Frightful, horrible. राज०

विहाड. (विहाट) प्रकाश कर्ता. Disclosing, betraying. सम्म० २.

विहाडिअ. त्रि० (विघटित) (१) वियोजित, अलग किया हुआ. Separated. धर्मसं० ७४२; (२) विनाशित. Destroyed. उप० ५६७ टी.

विहाडिर. त्रि० (विघटयितृ) अलग करने वाला, वियोजक. Separater. सण०

विहाण. न० (विधान) (१) शास्त्रोक्त रीति. Sacred rule or precept. उप० ७६८; प्रव० ३५; (२) विशेष. Special. भग०१, १ टी; (३) रीति. Mode, manner. महा० (४) क्रम, परिपाटी. Order. वृह० १.

विहाण. न०(विहान) परित्याग. Abandonment, leaving. राज०

विहाय. पुं०(विघात) विरोधी, दुश्मन, परिपन्थी. Enemy. से० ८, ५४; स० ४१२.

विहाय. त्रि० (विभात) (१) प्रकाशित. Illuminated, enlightened. कुमा० २६८;

(२) न० प्रभात, प्रातःकाल. Day-break, dawn. से० १२,११.

विहावण. न० (विधापन) निर्मापन, करवाना. To get something do. चेइय० ६१.

विहावरी. स्त्री० (विभावरी) रात्रि, निशा. Night. पाअ० उप०७६८ टी; सुपा० ३६३.

विहावसु. पुं० (विभावसु) अग्नि, आग. Fire. पाअ०

विहाविअ. त्रि० (विभावित) दृष्ट, निरीक्षित. Observed, seen 'दिट्ठं विहाविअं', पाअ० गा० ५०७.

विहाविअ. त्रि०(विधावित) उल्लसित, प्रस्फुरित Happy, delighted. स० १७.

विहास. पुं० (विहास) हंसी, उपहास. Ridicule, derision. भवि०

विहि. पुं० (विधि) (१) ब्रह्मा, विधाता. The creator, Brahma. पाअ० अच्चु० ३७; धर्मसं० १२६; कुमा०; (२) नियोग, आदेश, आज्ञा. Order, command.(३) आज्ञा-सूचक वाक्य. A sacred precept or rule. (४) व्याकरण का सूत्र-विशेष. A rule of grammer.(५) कर्म. Karma destiny, fate. (६) हाथीके खाने का अन्न. The food of elephant. (७) नीति, न्याय. Policy.हे०१,३५, (८) कृति, करण. Doing, Performance. पंचा० ११; —वयण. न० (वचन) विधि-वाक्य विधिवाद. Sayings about the rites or ceremonies. चेइय० ७४४.

विहिण्ण-न्न. त्रि० (विभिन्न) (१) जुदा, अलग. Separate. से० ७,५३; १३, ८६; भवि० (२) खण्डित, भाग करके टुकड़ा २ बना हुआ. Broken-assunder. से०३, ६०.

विहीण. त्रि० (विहीन) त्यक्त. Abandoned, quitted. कुमा०

विहीर. त्रि० (प्रतीक्ष) प्रतीक्षा करने वाला. Waiting. कुमा० ७, ३८.

विहीरिअ. त्रि० (प्रतीक्षित) जिसकी प्रतीक्षा की गई हो. Waited for, expected, पाअ०

विहु. पुं० (विधु) (१) चन्द्र,चांद. Moon. पाअ०; (२) विष्णु, श्रीकृष्ण. Name of Vishnu. (३) ब्रह्मा. The creator, Brahma. (४) शंकर, महादेव. Name of Mahadeo. (५) वायु, पवन. Wind. (६) कपूर. Camphor हे० ३, ११.

विहुअ. त्रि० (विधुत) कम्पित. Shaken. गा० ६६०; गउड०

विहुणण. न० (विधूनन) (१) दूरीकरण. To remove. पउम० १०१, ११; (२) व्यंजन, पंखा. Fan. राज०

विहुर. त्रि० (विधुर) (१) विकल, व्याकुल, विह्वल. Confused, bewildered. स्वप्न० ६३; महा० कुमा० दे०१, १५; गउड० सुपा० ६२; (२) क्षीण Diminished, emaciated. गउड०१०३६; (३) विसदृश, विलक्षण, विषम. Having no characteristic marks. ओघ० ५१; (४) विश्लिष्ट, वियुक्त. Separated. गउड० ८३६; (५) न० व्याकुल भाव, विह्वलता. Anxiety स० ७१६; ३२; ६४; मासू० ५८; भवि० सण०

विहुराइअ. त्रि० (विधुरायित) व्याकुल बना हुआ.Confused, confounded. गउड० १११ टी.

विहुरिज्जमाण. त्रि० (विधुरायमाण) व्याकुल बनता हुआ. Perplexing, confusing. सुपा० ४११.

विहुरिय. त्रि० (विधुरित) व्याकुल बना हुआ. Perplexed, confused. सुर० २, २१६; ६, ११५; महा०

विहुरीकय. त्रि० (विधुरीकृत) व्याकुल किया हुआ. Confused. कुमा०

विहुल्ल. त्रि० (विफुल्ल) (१) खिला हुआ. Blown, expanded. (२) उत्साही. Zealous, energetic. भवि०

विहूअ. त्रि० (विधूत) (१) कम्पित. Shaken. माल० १७८;(२) वर्जित, रहित. Destitute of, free from. पउम० ४४, ४.

विहूसा. स्त्री० (विभूषा) (१) शोभा. Beauty, splendour. सुपा० ६२१; दे० ६, ८३; (२) अलंकार आदि से शरीर की सजावट. Ornamenting. पंचा० १०, २१.

विहूसिअ. त्रि० (विभूषित) विभूषा युक्त, अलंकृत. Adorned. decorated. भवि०

विहेढणा. स्त्री० (विहेठना) कदर्थना, पीड़ा. Affliction. उव०

विहोडिअ. त्रि० (ताडित) जिस का ताड़न किया गया हो. Beaten. कुमा०

वीआविय. त्रि० (वीजित) जिसकी पंखे से हवा कराई गई हो. Fanned. स० ४४६.

वीइक्कंत. त्रि० (व्यतिक्रान्त) जिसने उल्लंघन किया हो. Trangressed, violated. भग० १०, ३ टी.

वीडय. पुं० (व्रीडक) लज्जा, शरम. Shame. गउड० ७३१.

वीमंसय. त्रि० (विमर्शक) विचार-कर्ता. Discussing, thinker; उव०

वीमंसिय. त्रि० (विमर्शित) विचारित, पर्यालोचित. Discussed, Deliberated. सम्मत्त० ४४.

वीर. पुं० (वीर) (१) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग० (२) वैताढ्य पर्वत की उत्तर श्रेणी में स्थित एक विद्याधर नगर. A vidyadhar city stituated in the north of the mount Vaitadhya. इक०

वीरंगय. पुं० (वीराङ्गद) एक राजकुमार. Name of a prince. उप० १०२१ टी.

वीरमई. स्त्री० (वीरमती) एक चोर-भगिनी. A sister of a thief. महा०

वीरिअ. पुं० न० (वीर्य) (१) एक देव विमान. Name of a celestial aerial car. देवेन्द्र० १३१; (२) शरीर-स्थित एक धातु, शुक्र. Semen, virile. (३) तेज, दीप्ति. Splendour, lustre. हे० २, १०७; प्राप्र०

वीरुहा. स्त्री० (वीरुधा) विस्तृत लता. A spreading creeper. कुप्र० ६४; १३६.

वीवाहण. न० (विवाहन) विवाह-करण, विवाह-क्रिया. The marriage ceremony or rite. उव० ६८६ टी; सिरि० १२१.

वीवाहिग. त्रि० (वैवाहिक) विवाह-सम्बन्धी. Matrimonial, nuptial. धर्मवि० १४७.

वीवाहिय. त्रि० (विवाहित) जिस की शादी की गई हो. One who is married. महा०

वीसउरी. स्त्री० (विश्वपुरी) नगरी-विशेष. Name of a city. उप० ५६२.

वीसंत. त्रि० (विश्रान्त) विश्राम-प्राप्त, जिसने विश्रान्ति ली हो. Rested, reposed. कुप्र० ६२; पउम० ३३, १३; दे० ७, ८६; पाअ० सण० उप० ६४८ टी.

वीसंदण. नं० (विस्यन्दन) दही की तर और आटे से बनने वाला एक प्रकार का खाद्य. A kind of eatable. प्रव० ४; पभा० ३६.

वीसद्ध. त्रि०(विश्रब्ध) विश्वास-युक्त. Confided in, entrusted, confidential. गा० ३७६; अभि० ११६; भवि.

वीसमिर. त्रि० (विश्रमितृ) विश्राम करने वाला. Resting, reposing. सण०

वीससअ. त्रि० (विश्वसृज्) जगत्कर्ता. The creator. षड्०

वीससिय. त्रि० (वैस्रसिक) स्वाभाविक. Natural. आवम०

वीसा. स्त्री० (विश्वा) पृथिवी, धरती. Earth. नाट०

वीसाण. पुं० (विश्वाण) आहार, भोजन. Food, eating. हे० १, ४३.

वीसाम. पुं० (विश्राम) (१) विराम, उपरम. Rest. (२) प्रवृत्त व्यापार का अवसान, चालू क्रिया का अंत. Cessation, stoppage. हे० १, ४३; से० २, ३१; महा०

वीसारिअ. त्रि० (विस्मारित) भुलवाया हुआ. Caused to forget. कुमा०

वीसालिअ. त्रि० (मिश्रित) मिलाया हुआ. Mixed. कुमा०

वीसिया. स्त्री० (विंशिका) बीस संख्या वाला. Twenty. वव० १.

वीसुंभण. न० (विश्रम्भण) विश्वास. Trust, confidence. ठा० ५, २ टी.

वुअ वुःअ. त्रि० (वृत) (१) प्रार्थित. Prayed. (२) प्रार्थना आदि से नियुक्त. Appointed on a request. (३) वेष्टित. संचि० ४; Surrounded, encompassed. सुपा० ६३.

वुंताकी. स्त्री० (वृन्ताकी) बैंगन का पेड़. The plant of brinjals. दे० ७, ६३.

वुक्कंत. त्रि० (व्युत्क्रान्त) व्यतीत, गुजरा हुआ. Passed, elapsed. पाअ० (२) निष्क्रान्त, बाहर निकला हुआ. Gone out, come forth. निसी० चू० १६.

वुक्कंति. स्त्री० (व्युत्क्रान्ति) उत्पत्ति. Product. राज०

वुग्गह. पुं० (व्युद्ग्रह) धाड़, डाका. A sudden attack. उप० पृ० २४५.

वुच्छिन्न. न० (व्युच्छिन्न व्यवच्छिन्न) लगातार चौदह दिनों का उपवास. Fourteen fast at a time. संबोध० ५८.

वुज्झंत. त्रि० (उह्यमान) पानी के वेग से खींचा जाता हुआ, बह जाना. Flowing in water. पउम० १०२,२४; वै० ८२.

वुट्ठिय. त्रि० (व्युत्थित) जो उठ कर खड़ा हुआ हो. Roused up. भवि०

वुड्ढ. त्रि० (वृद्ध) (१) बड़ा महान्. Great. कुमा०; (२) अनुभवी, कुशल, निपुण. Expert, skilful. (३) पंडित, जानकार. Wish, learned. हे० १,१३१; २,४०-६०

वुड्ढत्त. न० (वृद्धत्व) बुढ़ापा, जरावस्था. Old age, सुपा० ३६०;२४२.

वुड्ढवाइ. पुं० (वृद्धवादिन्) एक समर्थ जैनाचार्य जो सुप्रसिद्ध कवि सिद्धसेन दिवाकर के गुरु थे. Name of a powerful Jaina Acharya who was a spiritual teacher of the celebrated poet named Siddhasena Divakara. सम्मत्त० १४०.

वुड्ढवाय. पुं० (वृद्धवाद) किंवदन्ती, कहावत, जनश्रुति. Proverb. स० २०६.

वुड्ढि. स्त्री० (वृद्धि) (१) समृद्धि, संपत्ति. Wealth, property.(२) व्याकरण-प्रसिद्ध एकार आदि वर्णोंकी एक संज्ञा.(In gram.) The increase or lengthening of vowels. सुपा० १०३; हे० १, १३१; (३) समूह. Collection, multitude. (४) कलान्तर, सूद. Interest; (५) औषधि विशेष. A kind of medicine. (६)पुं० गन्ध द्रव्य विशेष.A fragrant substance. हे० १,१३१. —धम्मय. त्रि० (धर्मक) बढ़ने वाला, वर्धनशील. Increasing.

वुड्ढिम. त्रि० (वृद्धिमत्) वृद्धि वाला. Having growth or development. विचार० ४१७,

वुत्त. त्रि० (उप्त) बोया हुआ. Sown, planted. उव०

वुत्त. न० (वृत्त) छन्द, कविता, पद्य. Metre, poem. पिंग०

वुसंत. पुं० (वृत्तान्त) खबर, समाचार, हकीकत. News, tidings, intelligence. स्वप्न० १४३; प्रश्न० हे० १, १३१; स० ६४.
वुत्थ. त्रि० (उषित) वसा हुआ, रहा हुआ. Lived, dwelt. पाश्र० उव० भग० ४३; उप० पृ० १२७; सुख० २,१७; से० ११, ८०; कुम्र० १८७.
वुदास. पुं० (व्युदास) निराश. Exclusion. विशे० ३४७४.
वप्पंत. त्रि० (उप्यमान) बोया जाता. Sowing. श्राक० २४; पि० ३३७.
वुसि, त्रि० (वृषिन्) संविग्न, साधु, संयमी, मुनि. Saint. "वुसि संविग्गो भणिश्रो", निसी० चू० १६.
वुसिम. त्रि (वश्य) वश में आने वाला, अधीन होने वाला. Capable of being subdued, controlable. निसी० चू० १६.
वूढ. त्रि० (व्यूढ) (१) उपचित, पुष्ट. Thriving, Fat. से० ६, ४०; (२) निःसृत, निकला हुआ. Come out. चेइय० ४.
वेश्र. न० (वेध) कर्म-विशेष, सुख तथा दुःख का कारणभूत कर्म. A particular Karma, causing happiness and unhappiness. क० गं० १, ३.
वेश्र. पुं० (वेग) (१) प्रवाह. Flow, stream. (२) रेतस्, वीर्य. Semen, virile. (३) मूत्र आदि निःसारण यन्त्र. Evacuation of the faces. (४) संस्कार विशेष. A particular cultivation. प्राकृ० ४१.
वेश्रंत. पुं० (वेदान्त) दर्शन-विशेष, उपनिषद् का विचार करने वाला दर्शन. The principal Darshana or system of Hindu philosophy. अच्चु० १
वेश्रडिश्र. त्रि० (खचित) जड़ा हुआ, जड़ाऊ. Inlaid, Studded. कुमा० पाश्र० भवि०
वेश्रडिश्र. पुं० (वैकटिक) मोती वेधने वाला शिल्पी, जौहरी. Jeweller. कप्पू०
वेश्रड्ढ. न० (वैदग्ध्य) विदग्धता, विचक्षणता. Skill, Dexterity. सुपा० ६२६.
वेश्रण. न० (वेपन) (१) कम्प, कांपना. Trembling, Tremor. चेइय० ४३४; नाट-उत्तर० ६१; (२) त्रि० कांपने वाला. One that trembles. चेइय० ४३४.
वेश्ररणी. स्त्री० (वैतरणी) विद्या-विशेष. A kind of magical skill. श्रावम०
वेश्रल्ल. न० (वैकल्य) विकलता, व्याकुलता. Agitation, flurry. गउड०
वेश्रस. पुं० (वेतस) वृक्ष विशेष, बेंत का पेड़. A kind of tree, the ratan. हे० १, २०७; षड्० गा० ६४४.
वेश्रागरण. त्रि० (वैयाकरण) व्याकरण सम्बन्धी, संदेह-निराकरण से संबन्ध रखने वाला. Grammatical. पंचभा०
वेश्राल. पुं० (वेताल) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०
वेश्रालग. त्रि० (विदारक) विदारण कर्ता. Divider. सूयनि० ३६.
वेश्रालि. पुं० (वैतालिन्) बन्दी, स्तुति-पाठक. Bard, minstrel. उप० ७२८ टी.
वेइ. स्त्री० (वेदि) परिष्कृत भूमि-विशेष, चौतरा. Altar. कुमा० महा०
वेइश्र. त्रि० (वैदिक) वेदों का जानकार. Well versed in the Vedas. दसनि० ४, ३४.
वेइश्रा. स्त्री० (वेदिका) अंगुलि-मुद्रा, अंगूठी. Ring. दे० ७, ७६ टी.
वेउव्व. त्रि० (वैक्रिय) विकृत, विकार-प्राप्त. Changed. विशे० २४७१ टी. —लद्धि. स्त्री० (लब्धि) शक्ति-विशेष, वैक्रिय शरीर उत्पन्न करने की सामर्थ्य. A particular power. पउम० ७०, २१.
वेंकड. पुं० (वेङ्कट) दक्षिण देश में स्थित एक पर्वत. Name of a mountain in the

deccan. अच्चु॰ १; —णाह. पुं॰ (नाथ) विष्णु की वेङ्कटाद्रि पर स्थित मूर्ति. An idol of Vishnu on the mountain. अच्चू॰ १,

वेंड. पुं॰ (वेतण्ड) हाथी, हस्ती. Elephant. प्राकृ॰ ३०.

वेकुंठ. पुं॰ (वैकुण्ठ) (१) विष्णु, नारायण. Vishnu, Narayana. (२) इन्द्र, देवाधीश. An epithet of Indra. (३) गरुडपक्षी. Name of Garuda. (४) अर्जक वृक्ष, सफेद बर्बरी का पेड़. A particular tree. (५) लोक-विशेष, विष्णु का धाम. The heaven of Vishnu. हे॰ १ १६६; (६) पुं॰न॰ मथुराका एक वैष्णव तीर्थ. A holy place of Vaishnavas in Mathura. ती॰ ७.

वेगवई. स्त्री॰ (वेगवती) एक नदी का नाम. Name of a river. ती॰ १५.

वेजयंती. स्त्री॰ (वैजयन्ती) (१) एक विद्याधर नगरी. A Vidyadhara city. सुर॰ ५, २०४; (२) रामचन्द्रजी की एक सभा. A particular Council of Ramachandra. पउम॰ ८०, ३.

वेज्ज. त्रि॰ (वेद्य) भोगने योग्य, अनुभव करने योग्य. To be experienced. संबोध॰ ३३.

वेज्ज. पुं॰ (वैद्य) (१) वृक्ष-विशेष. Name of a tree. (२) त्रि॰ पण्डित, विद्वान्. Learned. हे॰ १, १४८; २, २४.

वेज्झ. त्रि॰ (वेध्य) बींधने योग्य. Worthy to be pierced. नाट-साहित्य॰ १५८.

वेट्ठणग. पुं॰ (वेष्टनक) (१) सिर पर बांधी जाने वाली-एक तरह की पगड़ी. A kind of turban. (२) कान का एक आभूषण. An ornament of ear. राज॰

वेड्ढय. पुं॰(वेष्टक) छन्द-विशेष. Name of a metre. अजि॰ ६.

वेढण. न॰ (वेष्टन) लपेटना. Encircling, surrounding. से॰१, ६०; ६. ४३; १२. ६५; गा॰ ५६३; धमसं॰ ४६७.

वेणइय. न॰ (वैनयिक) मिथ्यात्व विशेष, सभी देवों और धर्मों को सत्य मानना. A kind of wrong belief. संबोध॰ ५२.

वेणि. स्त्री॰ (वेणि) (१) वाद्य विशेष. A kind of musical instrument. सण॰; (२) गंगा और यमुना का संगम-स्थान. The confluence of the Ganges and the Yamuna. राज॰

वेणिवच्छराय. पुं॰ (वेणिवत्सराज) एक राजा. Name of a king. कुप्र॰ ४३०.

वेण्णा. स्त्री॰ (वेणा) नदी-विशेष. Name of a river. —यड. न॰ (तट) नगर-विशेष. Name of a city. पउम॰ ४८,६३; महा.

वेत्तव्व. त्रि॰ (वेत्तव्य) जानने योग्य. Worthy to be known. प्राप्र॰

वेत्तिअ. पुं॰ (वैत्रिक) द्वारपाल, चपरासी. A door-keeper सुपा॰ ७३.

वेब्भल. त्रि॰ (विह्वल) व्याकुल. Confused, bewildered प्राप्र॰

वेमइअ. त्रि॰ (भग्न) भांगा हुआ, तोड़ा हुआ. Broken. कुमा॰ ६, ६८.

वेमणस्स. न॰ (वैमनस्य) मनमुटाव, भीतरी द्वेष. Distraction of mind. उव॰

वेमाउअ-वेमाउग. त्रि॰ (वैमातृक) विमाता की संतान, सौतेला. A child of a step-mother. सम्मत्त॰ १७१; मोह॰ ८८.

वेमाणि. पुं॰ स्त्री॰ (विमानिन्) विमान वासी देवता, एक उत्तम देव जाति. Gods residing in celestial aerial cars. दं॰२.

वेमाया. स्त्री॰ (विमात्रा) अनियत-परिमाण. Uncertain measure. भग॰ १,१० टी.

वेयंड. पुं॰ (वेतण्ड) हस्ती, हाथी. Elephant. स॰ ६३०; ७३५.

वेर. न० (द्वार) दरवाजा. Door. षड्०

वेलविश्र. त्रि० (वञ्चित) (१) प्रतारित, ठगा हुआ. Cheated, deceived. पाश्र० वज्जा० १५२; विवे० ७७; (२) पीड़ित, हैरान किया हुआ. Afflicted. खा० ११.

वेला. स्त्री० (वेला) (१) समुद्र का किनारा. The sea-shore. से० १, ६२; श्रावे०; (२) वार, दफा. Time. —वासि. पुं० (वासिन्) समुद्र-तट के समीप रहने वाला वानप्रस्थ. A Vanaprastha living near the sea-coast. पंचा० १२, २६.

वेलिल्ल. त्रि० (वेलावत्) वेला-युक्त. Subsiding tendency of the tide. कुमा०

वेल्लण. न० (वेल्लन) प्रेरणा. Instigation. गउड०

वेल्लिश्र. त्रि० (वेल्लित) (१) कंपाया हुआ. Trembled. से० ७, ५१; (२) प्रेरित. Instigated, incited. से० ६, ६५.

वेल्लिर. त्रि० (वेल्लितृ) कांपने वाला. Trembling. गउड०

तोअय. पुं० चातक पक्षी. A kind of bird which is supposed to live only on rain drops. दे० ४,१८.

तोंतडि. स्त्री० करम्ब, दही-भात की बनी हुई एक खाद्य वस्तु. An eatable thing made of rice and curd. दे० ४,४.

तोक्कय. त्रि० बिना ही कारण तत्पर होने वाला. One who becomes ready without any cause. दे० ६,१८.

तोडण. त्रि० असहन, असहिष्णु. Intolerable ; Unbearable. दे० ४,१८.

तोडर. न० टोडर, माल्य-विशेष. A kind of garland. सिरि० १०२३.

तोडहिआ. स्त्री० वाद्य-विशेष. A kind of musical instrument. आया० २,११.

तोमर. पुं० न० मधपुड़ा, मधुमक्खी का घर. A honey-comb ; A bee-hive. धर्मवि० १२४.

तोमरिअ. पुं० (१) शस्त्र का प्रमार्जन करने वाला. A weapon-cleaner. दे० ४,१८; (२) शस्त्र-प्रमार्जन. The cleaning of weapons. षड्०

तोमरिगुंडी. स्त्री० वल्ली विशेष. A kind of creeper. पाअ०

तोमरी. स्त्री० वल्ली, लता. A creeper. दे० ४,१७.

तोरविअ. त्रि० उत्तेजित. Encouraged. पाअ० कुप्र० १६२.

तोरामद्दा. स्त्री० नेत्र का रोग-विशेष. An eye-disease. महानि० ३.

तोलण. पुं० पुरुष, आदमी. A man ; A person. दे० ४,१७.

तोवट्ट. पुं (१) कान का आभूषण विशेष. An ornament of the ear. (२) कमल की कर्णिका. The pericarp of a lotus. दे० ४,२३.

तोस. न० धन, दौलत. Wealth ; Riches. दे० ४,१७.

थ

थइआ. स्त्री० थेली, कोथली. A small bag ; A purse. कुप्र० १२,८०.

थउडु. न० भल्लातक, वृक्ष-विशेष, भिलावा, A kind of tree ; The marking-nut plant. दे० ४,२६.

थंडिल्ल. न० मण्डल, वृत्त-प्रदेश. A round region. दे० ४,२५.

थंब. त्रि० विषम, अ-सम. Uneven ; Unequal. दे० ४,२४.

थक्क. पुं० थका हुआ, श्रान्त. Fatigued ; Tired. 'थक्कं सव्वसरीरं' सुर० ७,१८५; ४,११५.

थग्गया. स्त्री० चंचु, चोंच. A bill ; A beak. दे० ४,२६.

थग्घ. पुं० थाह, तला, पानी के नीचे की भूमि, गहराई का अन्त. A bottom. दे० ४,२४.

थग्घा. स्त्री० देखो 'थग्घ' शब्द. Vide 'थग्घ'. पाअ०

थट्ट. पुं० न० (१) ठठ, समूह, यूथ, जत्था. A crowd ; A multitude ; A throng. सुपा० २८८ ; सट्ठअ० ४; (२) ठाठ, सजधज, आडम्बर. Pomp. भवि०

थट्टि. स्त्री० पशु, जानवर. A beast ; A brute. दे० ४,२४.

थड. पुं० न० ठठ, यूथ, समूह. A crowd; A multitude. भवि०

थत्तिअ. न० विश्राम. A resting place; A place of repose. दे० ५,२६.

थव्भर. पुं० अयोध्या नगरी के समीप का एक ह्रद. The name given to a pit situated near the city of Ayodhya. ती० ११.

थमिअ. विस्मृत. Forgotten. दे० ५,२५.

थर. पुं० दही की तर, दही ऊपर की मलाई. Cream of curd. दे० ५,२४.

थलय. पुं० मंडप, तृणादि निर्मित गृह. A bower; An arbour. दे० ५,२५.

थलहिगा-या. स्त्री० मृतक-स्मारक, शव को गाड़ कर उस पर किया जाता एक प्रकार का चबूतरा. A memorial; A monument. स० ७५६; ७५७.

थव. पुं० पशु, जानवर. A beast. दे० ५,२४.

थवइल्ल. त्रि० जाँघ फैलाकर बैठा हुआ. Sitting in a posture having thighs stretched; Sat with stretched thighs. दे० ५,२६.

थवक्क. पुं० थोक, समूह, जत्था. A collection; A multitude. वज्जा० ६६.

थविअ. स्त्री० वीणा के अन्त में लगाया जाता छोटा काष्ठ विशेष. The little wooden key fixed at the end of a lute. दे० २,२५.

थस-थसल. त्रि० विस्तीर्ण. Vast; Extensive; Expansive. दे० ५,२५.

थह. पुं० निलय, आश्रय, स्थान. A hermitage; A place of shelter दे० ५.२५.

थागत्त. न० जहाज के भीतर घुसा हुआ पानी The inside-rushed water of the ship. सिरि० ४२५.

थाणय. न० (१) चौकी, पहरा. Watch; Ward. स० ५३७, ५४६; (२) पुं० चौकीदार, चौकी करने वाला आदमी. A warder; A watchman. स० ५३७.

थाणिज्ज. त्रि० गौरवित, सम्मानित. Dignified. दे० ४,५.

थाम. त्रि० (१) विस्तीर्ण. Extensive; Vast. दे० ५,२५; (२) न० स्थान, जगह. A place; A locality. संक्षि० ४७; स० ४६; ७४३.

थार. पुं० घन, मेघ. A cloud. दे० ५,२७.

थाला. स्त्री० धारा. An edge. षड्०

थाह. पुं० (१) स्थान, जगह. A place. (२) त्रि० अस्ताघ, गंभीर जल वाला. Having deep water. (३) विस्तीर्ण. Vast; Extensive. (४) दीर्घ, लम्बा. Long. दे० ५,३०.

थाहिअ. पुं० आलाप, स्वर विशेष. The seven notes in music. सुपा० ११.

थिंदिणी. स्त्री० छन्द-विशेष. A kind of verse. सम्मत्त० १४१.

थिन्न. त्रि० गर्वित, अभिमानी. Proud; Haughty. पाअ०

थिरणाम. त्रि० चलचित्त, चंचल-मनस्क. Active-minded. दे० ५,२७.

थिरणेस. त्रि० अस्थिर, चंचल. Active; Frisky. षड्०

थिरसीस. त्रि० अ० (१) निर्भीक, निडर. Undaunted; Intrepid. (२) निर्भर. Full. (३) जिसने सिर पर कवच बांधा हो वह. A helmeted man. दे० ५,३१.

थीहु. पुं० स्त्री० कन्द विशेष. A kind of tuberous root. उत्त० ३६,९९.

थु. अ० तिरस्कार सूचक अव्यय. An adverb denoting contempt. प्रति० ८१.

थुक्किअ. त्रि० उन्नत, ऊँचा. High; Lofty. दे० ५,२८.

थुडंकिअय. न० रोष-युक्त वचन. A wrathful word. पाअ०

थुडुंकिअ. न० (१) अल्प कुपित मुँह का संकोच, थोड़ा गुस्सा होने से होता मुँह का संकोच. Contraction of the face due to a little anger. (२) मौन, चुपकी. Silence. दे० ५,३१.

थुड्डहीर. न० चामर. A fly-driver. दे० ५,२८.

थुएण. त्रि० अभिमानी. Vain ; Self-conceited. दे० ५,२७.

थुरुणुल्लणय. न० शय्या, बिछौना. A bed दे० ५,२८.

थुलभ. पुं० पट-कुटी, तंबू, वस्त्र-गृह. A tent ; A pavilion. दे० ५,२८.

थुल्ल. त्रि० परिवर्तित, बदला हुआ. Changed ; Altered. दे० ५,२७.

थू. अ० निन्दा सूचक अव्यय. An Adverb showing censure दे० २,२००; कुमा०

थूण. पुं० अश्व, घोड़ा. A horse. दे० ५,२९.

थूथू. अ० घृणा सूचक अव्यय. An adverb denoting hatred. चंड०

थूरी. स्त्री० तन्तुवाय का एक उपकरण. A weaver's implement. दे० ५,२८.

थूलघोण. पुं० सूकर, वराह. A boar ; A pig. दे० ५,२९.

थूह. पुं० (१) प्रासाद का शिखर. The palace top. दे० ५,३२; पाअ० (२) चातक पक्षी. A kind of bird which is supposed to live only on rain drops. (३) वल्मीक. An ant-hill. दे० ५,३२.

थेरिणिल्लिअ. त्रि० (१) हृत, छीना हुआ. Snatched or taken by force. (२) भीत, डरा हुआ. Feared ; Afraid. दे० ५,३२.

थेर. पुं० ब्रह्मा, विधाता. The God Brahma ; The Creator. दे० ५,२९; पाअ०

थेरासण. न० पद्म, कमल. A lotus flower. दे० ५,२९.

थेरोसण. न० अम्बुज, कमल, पद्म. A lotus flower. षड्०

थेव. पुं० बिन्दु. A drop. दे० ५,२९; पाअ० षड्०

थेवरिअ. न० जन्म समय में बजाया जाता वाद्य. A musical instrument played upon at the time of birth. दे० ५,२९.

थोअ. पुं० (१) रजक, धोबी. A washer-man. (२) मूलक, मूला, कन्द-विशेष. A radish दे० ५, ३२.

थोल. पुं० वस्त्र का एक देश. The end of a garment. दे० ५,३०.

थोह. न० बल, पराक्रम. Valour ; Prowess ; Strength. दे० ५,३०.

द

द. पुं० दन्त स्थानीय व्यञ्जन वर्ण विशेष. A dental consonant. प्राप० प्रामा०

दअच्छुर. पुं० ग्राम का स्वामी, गांव का अधिपति. The leader of a village ; A chief. दे० ५,३५.

दअरी. स्त्री० सुरा, मदिरा, दारू. Wine ; Liquor. दे० ५,३४.

दइअ. त्रि० रक्षित. Protected ; Defended. दे० ५,३५.

दंडिआ. स्त्री० लेख पर लगाई जाती राज-मुद्रा. A state seal affixed on documents. बृह० १.

दंडिक्किअ. त्रि० अपमानित. Insulted ; Dishonoured उप० ६४८ टी.

दंडी. स्त्री० सूत्र-कनक. A necklace ; A kind of ornament. (२) सांधा हुआ वस्त्र युग्म. Sewn two clothes. दे० ५,३३; (३) सांधा हुआ जीर्ण वस्त्र. A sewn old garment नाया० १,१६; पराह० १,३.

दंत. पुं० पर्वत का एक देश. The particular portion of a mountain. दे० ५,३३.

दंतवरण. पुं० दतवन. A tooth-brush ; A tooth-stick. दस० ३,६.

दंताल. पुं० स्त्री० शस्त्र विशेष, घास काटने का हथियार. A scythe ; A sickle. सुपा० ५२६.

दंतिअ. पुं० शशक, खरगोश, खरहा. A hare ; A rabbit. दे० ५,३४.

दंतिक्क. न० चावल का आटा. A rice flour. बृह० १.

दंतिक्कग. न० मांस. Flesh ; Meat. धर्मसं० ६६६;

दक्खज्ज. पुं० गीध, पक्षि-विशेष. A vulture ; A large bird of prey. दे० ५,३४.

दच्छ. त्रि० तीक्ष्ण, तेज. Sharp ; Acute. दे० ५,३३.

दडवड. पुं० (१) धाटी, अवस्कन्द. A sudden attack. दे० ५,३५; हे० ४,४२२; भवि० (२) शीघ्र, जल्दी. Rapidity ; Velocity ; Haste. चंड०

दडि. स्त्री० वाद्य विशेष. A kind of musical instrument. भवि०

दड्डालि. स्त्री० दव-मार्ग. A way to the jungle. षड्०

दढगालि. स्त्री० वस्त्र-विशेष, धोया हुआ सदृश वस्त्र. A kind of garment. प्रव० ८४; दसनि० १,५६ टी०.

दत्थर. पुं० हस्त-शाटक, कर-शाटक A handkerchief. दे० ५,३४.

दप्प. पुं० (१) बल, पराक्रम, जोर. Valour ; Prowess ; Strength. से० ४,३. (२) अरुचि से काम का आसेवन. To copulate undesiredly. निसी० चू० १.

दय. न० शोक, अफसोस, दिलगीरी. Sorrow; Grief. दे० ५,३३.

दयाइअ. त्रि० रक्षित. Protected ; Defended. दे० ५,३५.

दयावरण-दयावन्न. त्रि० दीन, गरीब, रंक. Poor ; Needy. दे० ५,३५.

दरंदर. पुं० उल्लास. Delight ; Pleasure ; Joy. दे० ५,३७.

दरमत्ता. स्त्री० बलात्कार, जबरदस्ती. Force ; Violence. दे० ५,३७.

दरवलिअ. त्रि० उपभुक्त. Enjoyed. कुमा०

दरवल्ल. पुं० ग्राम-स्वामी, गाँव का मुखिया. The leader of a village ; A chief. दे० ५,३६.-गिहेल्लय. न० शून्य घर, खाली घर. An empty house. दे० ५,३७.

दरवल्ल-वल्लह. पुं० (१). दयित, प्रिय. A lover. दे० ५,३७; (२) कातर, डरपोक. A coward ; A poltroon. षड्०

दरवल्ल-विंदर, त्रि० (१) दीर्घ, लम्बा. Long. (२) विरल. Scarce ; Rare. दे० ५,४२.

दरुम्मिल्ल. त्रि० घन, निबिड. Thick ; Dense. दे० ५,३७.

दलिअ. त्रि० (१) निकूणिताक्ष, जिससे टेढ़ी नजर की हो वह. One with a side-long look ; A squint-eyed man. (२) उंगली. A finger. दे० ५,५२; (३) काष्ठ, लकड़ी. Wood ; Fuel. दे० ५,५२; पाअ०

दवर. पुं० तन्तु, डोरा, धागा. A thread ; A fibre. दे० ५,३५; आवम०

दवहुत्त. न० ग्रीष्म-मुख, ग्रीष्म काल का प्रारम्भ. The beginning of the summer. दे० ५,३६.

दसतीण. न॰ धान्य-विशेष. A kind of corn. पच॰ १.

दसु. पुं॰ शोक, दिलगीरी. Sorrow ; Grief. दे॰ ५,३४.

दसेर. पुं॰ सूत्र-कनक. A neck-lace ; A kind of ornament. दे॰ ५,३३.

दहवोल्ली. स्त्री॰ स्थाली. थलिया. A round vessel ; A platter. दे॰ ५,३६.

दहिउप्फ. न॰ नवनीत, मक्खन. Butter. दे॰ ५,३५.

दहिट्ठ. पुं॰ वृक्ष विशेष, कपित्थ. A wood-apple tree. दे॰ ५,३५.

दहित्थर-दहित्थार. पुं॰ दधिसर, खाद्य-विशेष. A kind of cake. दे॰ ५,३६.

दहिमुह. पुं॰ कपि, वानर. A monkey. दे॰ ५,४४.

दहिय. पुं॰ पक्षि-विशेष. A kind of bird. कुप्र॰ ४२७.

दाअ. पुं॰ प्रतिभू, जामीनदार. One who stands as security ; A bail. दे॰ ५,३८.

दाणि. स्त्री॰ शुल्क, चुंगी. A task ; A duty सुपा॰ ३६०; ५४८.

दावलिआ. स्त्री॰ अंगुली, उंगली. A finger. दे॰ ५,३८.

दामणी. स्त्री॰ (१) प्रसव, प्रसूति. Delivery ; A bringing forth. (२) नयन, आँख. An eye. दे॰ ५,५२.

दार. पुं॰ कटी-सूत्र, काँची. A waist-band. दे॰ ५,३८.

दारद्धंता. स्त्री॰ पेटी, संदूक. A box ; दे॰ ५,३८.

दारिआ. स्त्री॰ वेश्या, वारांगना. A prostitute ; A harlot. दे॰ ५,३८.

दालि. स्त्री॰ रजि, रेखा. A line. ओघ॰ ३२३.

दालिअ. न॰ नेत्र, आँख. An eye. दे॰ ५,३८.

दिअ. पुं॰ न॰ दिवस, दिन. A day. दे॰ ५,३६.

दिअज्झ. पुं॰ सुवर्णकार, सोनार. A goldsmith दे॰ ५,३६.

दिअधुत्त. पुं॰ काक, कौआ. A crow. दे॰ ५,४१.

दिअलिअ. त्रि॰ मूर्ख, अज्ञानी. Foolish ; Ignorant. दे॰ ५,३६.

दिअली. स्त्री॰ स्थूणा, खंभा, खूंटी. A peg. पाअ॰

दिअहुत्त. न॰ पूर्वार्द्ध का भोजन, दुपहर का भोजन. A dinner. दे॰ ५,४०.

दिआहम. पुं॰ भास पक्षी. A kind of bird. दे॰ ५,३६.

दिट्ठिआ. अ॰ (१) मंगल. An adverb denoting welfare. (२) हर्ष, आनन्द. Pleasure ; Joy. (३) भाग्य से. By fate. हे॰ २,१०४; स्वप्न॰ १६; अभि॰ ६५; कुप्र॰ ६५.

दिट्ठेल्लय. त्रि॰ देखा हुआ, निरीक्षित. Seen. आवम॰

दिप्पंत. पुं॰ अनर्थ. Calamity. दे॰ ५,३६.

दिलंदिलिअ. पुं॰ बालक, शिशु, लड़का. A baby. गा॰ ७४१.

दिल्लिंदिलिअ. पुं॰ बालक, शिशु, लड़का. A baby ; An infant. दे॰ ५,४०.

दिअसिअ. न॰ (१) सदा भोजन. To eat daily. दे॰ ५,४०; (२) अनुदिन, प्रतिदिन. Always ; Daily दे॰ ५,४०; पाअ॰

दीवड. पुं॰ जल-जन्तु-विशेष. An aquatic insect ; An insect of water. सुर॰ १०,१८८.

दीविआ. स्त्री॰ (१) उपदेहिका, क्षुद्र कीट-विशेष. An insect (२) व्याध की हरिणी, जो दूसरे हरिणों के आकर्षण करने के लिए रखी जाती है. A female deer of the hunter which is kept for attracting other deer.

दे० ५,४३; (३) व्याध-सम्बन्धी पिंजड़े में रखा हुआ तितिर पक्षी. A partridge kept in a cage for hunting. नाया० १,१७.

दीहजीह. पुं० शंख. The conch shell. दे० ५,४१.

दुअक्खर. पुं० षण्ढ, नपुंसक. An impotent person. दे० ५,४७.

दुंदुमिश्र. न० गले की आवाज. The sound of the throat; A laryngeal sound. दे० ५,४५; षड्०

दुंदुमिणी. स्त्री० रूप वाली स्त्री. A beautiful woman. दे० ५,४५.

दुंबवती. स्त्री० सरित्, नदी. A river. दे० ५,४८.

दुकर. न० माघ मास में रात्रि के चारों प्रहर में किया जाता स्नान. A bath taken in all the four Prahars (a period of three hours) during the night of the month of Magha. दे० ५,४२.

दुक्कह. त्रि० अरुचि वाला, अरोचकी. Distasteful. सुर० १,३६; जय० २७.

दुक्कणिआ. स्त्री० पीकदान, पीकदानी. A saliva dish. दे० ५,४८.

दुक्कुह. त्रि० (१) असहन, असहिष्णु. Intolerable; Unable to bear. (२) रुचि-रहित. Want of appetite; Distasteful. दे० ५,४४.

दुक्ख. न० जघन, स्त्री के कमर के पीछे का भाग. The thighs, the hind part of the loins of a woman; The hip; The loins; The buttocks. दे० ५,४२.

दुग्ग. न० (१) दुःख, कष्ट. Pain; Affliction. दे० ५,४३; षड्० पयह० १,३; (२) कटी, कमर. The waist; The loins. दे० ५,४३; (३) रण, संग्राम, युद्ध. A war; A battle. स० ६३६.

दुग्घुट्ट-दुग्घोट्ट. पुं० हस्ती, हाथी, करी. An elephant. दे० ५,४४; षड्० अभि०

दुच्चंडिश्र. त्रि० (१) दुर्ललित. Spoilt by fondling; Fondled too much (२) दुर्विदग्ध, दुःशिक्षित. Badly taught; Unskilled. दे० ५,५५; पाश्र०

दुच्चंबाल. त्रि० (१) कलह-निरत, झगड़ाखोर. Quarrelsome. (२) दुश्चरित, दुष्ट आचरण वाला. One having bad conduct. (३) परुष-भाषी. A harsh speaker. दे० ५,५४.

दुज्जाय. न० व्यसन, कष्ट, दुःख, उपद्रव. Trouble; Pain; Affliction. दे० ५,४४; से० १२,६३; पाश्र०

दुट्ठ. त्रि० द्वेष-युक्त. Envious. 'अरत्तदुट्ठस्स' कुप्र० ३७१; ओघ० ७५७; कस०

दुणिअत्थ. न० (१) जघन पर स्थित वस्त्र. A garment on the buttocks. (२) जघन, स्त्री के कमर के नीचे का भाग. The part of a woman's body which lies below her loins; The hip and the loins; The buttocks. दे० ५,४३.

दुणिक्क. त्रि० दुश्चरित, दुराचारी. Vicious; Licentious. दे० ५,४५.

दुणिक्खित्त. त्रि० (१) दुराचारी. Vicious; Licentious. (२) कष्ट से जो देखा जा सके. One which can be seen easily. दे० ५,४५.

दुत्ति. अ० शीघ्र, जल्दी. Swiftly; Rapidly; Soon. दे० ५,४१; पाश्र०

दुत्थ. न० जघन, स्त्री की कमर के नीचे का भाग. The lower part of a woman's body below the loins; The hip and the loins; The buttocks. दे० ५,४२.

दुत्थुरुहुंड. पुं० स्त्री० झगड़ाखोर, कलह-शील. Quarrelsome. दे० ५,४७.

दुत्थोश्र. पुं० दुर्भग, अभागा. An unfortu-

nate man. दे० ५,४३.

दुद्दोलना. स्त्री० गौ, गैया. A cow. षड्०

दुद्दोली. स्त्री० वृक्ष-पंक्ति. A line of trees. दे० ५,४३; पाअ०

दुद्धगंधिअमुही. स्त्री० छोटी लड़की. A female infant. पाअ०

दुद्धगंधिअमुह. पुं० बाल, शिशु, छोटा लड़का. A male infant. दे० ५,४०.

दुद्धिअ. न० कद्दू, लौकी. A white pumpkin. पाअ०

दुद्धिणिआ-दुद्धिणी. स्त्री० (१) तेल आदि रखने का भाजन. An oil pot. (२) तुम्बी. A gourd; A kind of fruit. दे० ५,४४.

दुद्धोलणी. स्त्री० गो-विशेष, जिसको एक बार दोहने पर फिर भी दोहन किया जा सके ऐसी गाय. A cow which can be milked more than once. दे० ५,४६.

दुन्नियत्थ. त्रि० विट का भेष वाला, निन्दनीय वेष को धारण करने वाला, केवल जघन पर ही वस्त्र पहिना हुआ. One who puts on a bad dress; One whose only private part is covered and the rest is bare. 'दुन्नियत्थमहवसणा' उव०

दुप्परिअल्ल. त्रि० (१) अशक्य. Impossible. दे० ५,५५; पाअ० से० ४,२६; ६,१८; गा० १२२; (२) द्विगुण, दुगुना. Double. (३) अनभ्यस्त, अभ्यास रहित. Practiceless. दे० ५,५५.

दुप्परिल्ल. त्रि० दुराकर्ष. Pulled with difficulty. 'दुप्परिल्लंपि वोढुं' गा० १२२.

दुब्बोल्ल. पुं० उपालम्भ, उलाहना. A reproach; A rebuke. दे० ५,४२.

दुमंताय. पुं० केश-बन्ध, धम्मिल्ल. A knot of hair. The braided and ornamented hair of a woman. दे० ५,४७.

दुमणी. स्त्री० सुधा, मकान आदि पोतने का श्वेत द्रव्य विशेष. A white substance to white-wash houses etc. दे० ५,४४.

दुम्मइणी स्त्री० झगड़ाखोर स्त्री. A quarrelsome woman. दे० ५,४७; षड्०

दुम्मुह. पुं० मर्कट, वानर, बन्दर. A monkey. दे० ५,४४.

दुरंदर. त्रि० दुःखसे उत्तीर्ण. Released from difficulty; Relieved from pain. दे० ५,४६.

दुरालोअ. पुं० तिमिर, अन्धकार. Darkness. दे० ५,४६.

दुरिअ. न० द्रुत, शीघ्र, जल्दी. Rapidity; Swiftness; Haste. षड्०

दुलि. पुं० स्त्री० कच्छप, कछुआ. A tortoise. दे० ५,४२; उप० पृ० १३५.

दुल्ल. न० वस्त्र, कपड़ा. A cloth; A garment दे० ५,४१.

दुल्लग्ग. त्रि० अघटमान, अयुक्त. Unfit; Improper. दे० ५,४३.

दुल्लसिआ. स्त्री० दासी, नौकरानी. A maid-servant दे० ५,४६.

दुव्वाली. स्त्री० वृक्ष-पंक्ति. A line of trees. पाअ०

दुसुरुल्लय. न० गले का आभूषण-विशेष. An ornament of the neck; A necklace. स० ७६.

दुहअ. त्रि० चूर्णित, चूर चूर किया हुआ. Cut into pieces. दे० ५, ४५.

दूण. पुं० हस्ती, हाथी. An elephant. दे० ५,४४; षड्०

दूणावेढ. त्रि० (१) अशक्य. Impossible. (२) पुं० तड़ाग, तालाब. A pond. दे० ५,४६.

दूयाकार. न० कला विशेष. A kind of art. स० १०३.

दूसल. त्रि० दुर्भग, अभागा. Unfortunate ; Unlucky दे० ५,४३; षड्०

दूहट्ट. त्रि० लज्जा से उद्विग्न. Embarrassed with shame. दे० ५,४८.

दूहल. त्रि० दुर्भग, मन्द-भाग्य. Unfortunate ; Unlucky. दे० ५,४३.

दे. अ० (१) संमुख-करण. An adverb denoting--To bring forward. (२) सखी को आमन्त्रण. An invitation to a female friend. हे० २,१९२.

देवउप्फ. न० पक्व फूल, पका हुआ फूल. A ripened flower. दे० ५,४४.

देहणी. स्त्री० पंक, कर्दम, कादा. Mud ; Mire. दे० ५,४८.

दोआल. पुं० वृषभ, बैल. An ox ; A bullock. दे० ५,४९.

दोंबुर. पुं० स्वर्ग-गायक. A songster of heaven ; A celestial chorister. षड्०

दोग्ग. न० युग्म, युगल. A couple ; A pair. दे० ५,४९; षड्०

दोग्घट्ट-दोग्घोट्ट-दोघट्ट. पुं० हाथी, हस्ती. An elephant. पि० ४३६; षड्० पाअ० महा० लहुअ० ४; स० १९१.

दोणअ. पुं० (१) आयुक्त, गांव का मुखिया. The leader of a village ; A chief. (२) हालिक, हलवाल, हल जोतने वाला. A husbandman ; An agriculturist ; A ploughman. दे० ५,४९.

दोणका, स्त्री० सरघा, मधुमक्खी. A bee. दे० ५,५१.

दोद्दिअ. पुं० चर्म-कूप, चमड़े का बना हुआ भाजन विशेष. A vessel made of leather or skin ; A leathern vessel. दे० ५,४९.

दोबुर. पुं० स्वर्ग-गायक. A celestial chorister. षड्०

दोर. पुं० (१) छोटी रस्सी. A small string. ओघ० २३२; १४ भा० (२) कटी-सूत्र. A waist-band. दे०५,३८.

दोरी. स्त्री० छोटी रस्सी. A small string. आ० १६.

दोवेली. स्त्री० सायंकाल का भोजन. A supper. दे० ५,५०.

दोस. पुं० अर्ध, आधा. A half. दे० ५,५६.

दोसणिज्जंत. पुं० चन्द्र, चन्द्रमा. The moon दे० ५,५१.

दोसाकरण. न० कोप, क्रोध. Anger ; Wrath. दे० ५,५१.

दोसाणिअ. त्रि० निर्मल किया हुआ. Purified ; Cleansed. दे० ५,५१.

दोसिणा. स्त्री० ज्योत्स्ना, चन्द्र-प्रकाश. The moonlight. ठा० २,४.

दोसिणाभा. स्त्री० चन्द्र की पटरानी. A queen of the moon. ठा० ४,१; इक; नाया० २.

दोसिणी. स्त्री० ज्योत्स्ना, चन्द्र-प्रकाश. The moon-light दे० ५.५०; कुम्म० ४३८.

दोसिल्ल. त्रि० द्वेष-युक्त, दोषी. Envious ; Jealous. विशे० १११०.

दोहणहारी. स्त्री० (१) दोहने वाली स्त्री. A female who milks a cow : A milk-maid. दे० १,१०८; ५,६; (२) पनिहारी, पानी भरने वाली स्त्री. A woman who fetches water. A water-woman. दे० ५,५६.

दोहणी. स्त्री० पंक, कादा, कर्दम. Mud ; Mire. दे० ५,४८.

दोहासल. न० कटी-तट, कमर. The waist. दे० ५,५०.

दोहूअ. पुं० शव, मृतक, मुरदा. A corpse ; A dead body. दे० ५,४९.

ध

धंग. पुं० भमर, भमरा. A wasp. दे० ४,४७.
धंत. न० अति, अतिशय, अत्यन्त. Extremely; Too much. पच्च० २६; विशे० ३०११;बृह०१.
धंधा. स्त्री० लज्जा, शरम. Shame. दे० ४,५७.
धंसाडिअ. त्रि० व्यपगत, नष्ट. Ruined. दे० ४,५९.
धगधिकय. त्रि० जलाया हुआ, अत्यन्त प्रदीपित. Kindled ; Inflamed. 'अग्गी धगधिकओ' आ० १४.
धड. न० धड़, गले से नीचे का शरीर. A headless trunk. सुपा० २४१.
धणिआ. स्त्री० (१) प्रिया, भार्या, पत्नी. A wife ; A beloved. दे० ५,५८; गा० ४८२; भवि० (२) धन्या, स्तुति-पात्र-स्त्री. A praiseworthy woman. षड्०
धणी. स्त्री० (१) भार्या, पत्नी. A wife. (२) पर्याप्ति. Fullness. (३) जो बंधा हुआ होने पर भी भय-रहित हो वह. Fearless though under bondage. दे० ५,६२; कुप्र० १८५.
धण्णाउस. त्रि० (१) जिसको आशीर्वाद दिया जाता हो वह. One who is blessed. (२) पुं० आशीर्वाद. A blessing ; A benediction. दे० ४,४८.
धत्त. त्रि० (१) निहित, स्थापित. Established. आवम० (२) पुं० वनस्पति-विशेष. A kind of vegetable. जीव० १.
धम्ममण. पुं० वृक्ष-विशेष. A kind of tree. उप० १०३१ टी; पउम० ४२,६.
धम्मय. पुं० (१) चार अंगुल का हस्त-व्रण. A four-inch wound in the hand. (२) चण्डी देवी का नर-बलि. The oblation of a human-being to Goddess Chandi. दे० ४,६३.
धय. पुं० नर, पुरुष. A man ; A male. दे० ५,५७.
धयण. न० गृह, घर. A house. दे० ४,४७.
धर. न० रूई. Cotton. दे० ४,५७.
धरग. पुं० कपास. Raw-cotton. दे० ४,५८.
धवक्किय. त्रि० धड़का हुआ, भय से व्याकुल बना हुआ. Throbbed ; Confused with fear. सण०
धवल. पुं० स्व-जाति में उत्तम. The best among one's own caste. दे० ४,५०.
धवलसउण. पुं० हंस. A swan ; A goose. दे० ४,४६; पाअ०
धव्व. पुं० वेग. Speed. दे० ४,४७.
धसक. पुं० हृदय की घबराहट की आवाज. The beat of a palpitating heart. आ० १४; कुप्र० ४३४.
धसक्किअ. त्रि० घबड़ाया हुआ. Very much confused. आ० १४.
धसल. त्रि० विस्तीर्ण. Spread. दे० ५,४८.
धाडय. त्रि० डाका डालने वाला. A plunderer ; A robber. सिरि० ११४६.
धाडि. त्रि० निरस्त, निराकृत. Abandoned ; Given up. दे० ४,५९.
धाडिअ. पुं० आराम, बगीचा. A garden. दे० ४,५६.
धाणूरिअ. न० फल-भेद. A kind of fruit दे० ४,६०.
धार. त्रि० लघु, छोटा. Small ; Diminutive. दे० ४,४६.
धारा. स्त्री० रण-मुख, रण-भूमि का अग्र भाग. The front part of the battlefield. दे० ४,४६; (२) वर्षा, वृष्टि. Rain, (३) एक

राज पत्नी. A queen. भावम ०

धारावास. पुं० (१) भेक, मेढ़क. A frog. दे० ५,६३; पइ० (२) मेघ. A cloud. दे० ५,६३.

धाहिय. त्रि० पलायित, भागा हुआ. A runaway; A fugitive. धम्म० ११ टी.

धिउल्लिया. स्त्री० पुतली. A doll स० ७३७.

धुअगाय. पुं० भ्रमर, भमरा. A wasp. दे० ५,५७; पाअ०

धुअराय. पुं० भ्रमरा, भमर. A wasp. पइ०

धुंधुमारा. स्त्री० इन्द्राणी, शची. The queen of God Indra. दे० ५,६०.

धुक्कुदुधुअ-धुक्कुदुधुगिअ. त्रि० उल्लसित, उल्लास-युक्त. Delighted. दे० ५,६०.

धुक्कोडिअ. न० संशय, संदेह. A doubt; A suspicion. वज्जा० ६०.

धुत्त. त्रि० (१) विस्तीर्ण. Spread दे० ५,५८; (२) आक्रान्त. Overpowered; Overcome. पइ०

धुहुअ. त्रि० पुरस्कृत, आगे किया हुआ. Brought forward. पइ०

धूण. पुं० गज, हाथी. An elephant. दे० ५,६०.

धूमंग. पुं० भ्रमर, भमरा. A wasp. दे० ५,५७.

धूमद्दार. न० गवाक्ष, वातायन. A window दे० ५,६१.

धूमद्धय. पुं० (१) तड़ाग, तलाब. A pond. (२) महिष, भैंसा. A he-buffalo. दे० ५, ६३.

धूमद्धयमहिसी. स्त्री० ब० कृत्तिका नक्षत्र. The Kritika constellation. दे० ५,६२.

धूमपलियाम. त्रि० गर्त में डाल कर आग लगाने पर भी जो कच्चा रह जाय वह A thing that remains uncooked on being exposed to fire in a pit. निसी० चू० १५.

धूममहिसी. स्त्री० नीहार, कुहरा, कुहासा. Dew; Frost. दे० ५,६१; पाअ०

धूमरी. स्त्री० नीहार, कुहासा. Dew; Frost. दे० ५,६१; (२) तुहिन, हिम. Snow; Ice. पइ०

धूमसिहा-धूमा. स्त्री० नीहार, कुहासा. Dew; Frost. दे० ५,६१; ठा० १०.

धूरिअ. त्रि० दीर्घ, लम्बा. Long. दे० ५,६२.

धूरिअवट्ट. पुं० अश्व, घोड़ा. A horse. दे० ५,६१.

धूलिहडी. स्त्री० पर्व विशेष, होली. The Holi festival. कुलक० ५.

धूलीवट्ट. पुं० अश्व, घोड़ा. A horse. दे० ५,६१.

प

पइअ. त्रि० (१) भर्त्सित, तिरस्कृत. Censured; Scorned; Looked down on (२) न० पहिया, रथ चक्र. The wheel of a chariot. दे० ६,६४.

पइट्ठ. त्रि० (१) जिसने रस को जाना हो वह. One who knows the tastes of. (२) विरल. Rare; Scarce. (३) पुं० मार्ग, रास्ता. A road; A way. दे० ६,६६; (४) प्रेषित, भेजा हुआ. Sent; Despatched. 'अभयपइट्ठं' संबोध० ३.

पइट्ठाण. न० नगर, शहर. A city; A town. दे० ६,२६.

पइहुंत. पुं० जयन्त, इन्द्र का एक पुत्र. Jayanta; The son of God Indra. दे० ६,१६.

पउअ. पुं॰ दिवस, दिन. A day. दे॰ ६,५.

पउट्ठ. न॰ (१) घर. A house. (२) पुं॰ घर का पिछला प्रदेश. The hind portion of a house. दे॰ ६,४.

पउण. पुं॰ (१) व्रण-प्ररोह. Germination of a wound. (२) नियम-विशेष. A kind of rule. दे॰ ६,६५.

पउत्थ. न॰ गृह, घर. A house. दे॰ ६,६६.

पउमाड. पुं॰ वृक्ष-विशेष, पमाड़ का पेड़, चकवड़. A kind of tree दे॰ ५,५.

पउमार. पुं॰ देखो 'पउमाड, शब्द. Vide. 'पउमाड' दे॰ ५,५ टी.

पऊढ. न॰ गृह, घर. A house. दे॰ ६,४.

पएर. पुं॰ (१) वृत्ति-विवर, बाड़ का छिद्र. An opening in a hedge (२) मार्ग, रास्ता. A way; A road. (३) कंठदीनार नामक भूषण विशेष. A kind of ornament. (४) गले का छिद्र. The gullet; The windpipe (५) दीन नाद, आर्त-स्वर. Piteous lamentation. (६) त्रि॰ दुःशील, दुराचारी. Licentious; Vicious. दे॰ ६,६७.

पएस. पुं॰ प्रातिवेश्मिक, पड़ौसी. A neighbour. दे॰ ६,३.

पएसिणी. स्त्री॰ पड़ौस में रहने वाली स्त्री. A neighbouring woman. दे॰ ६,३ टी.

पंखुडिआ-पंखुडी. स्त्री॰ पंख, पत्र. A wing. कुम॰ २१; दे॰ ६,८.

पंचंगुलि. पुं॰ एरण्ड वृक्ष, रेंडी का गाछ. The castor-oil seed-plant; A tropical plant *Ricinus Communis*. दे॰ ६,१७.

पंचावण्ण-न्न. स्त्री॰ न॰ (१) संख्या-विशेष, पचपन, ५५. Fifty-five (२) जिनकी संख्या पचपन होवे. One whose number is fifty-five. दे॰ २,१७४; दे॰ २,२७.

पंचेडिय. त्रि॰ विनाशित. Destroyed. भवि॰

पंजरिअ. पुं॰ जहाज का कर्मचारि-विशेष. An officer of a ship. सिरि॰ ४२७.

पंजिअ. न॰ यथेच्छ दान, मुँह-माँगा दान. To give what is asked for; An asked for gift. 'भमंतो पंजिअदाणं' सिरि॰ ११८.

पंडरंग. पुं॰ रुद्र, महादेव, शिव. Mahadeva; The God Shiva. दे॰ ६,२१.

पंडरंगु. पुं॰ ग्रामेश. गाँव का अधिपति. The leader of a village; The chief. षड्॰

पंडव. पुं॰ अश्व-रक्षक. A groom 'तासिंच पंडववयणेहिं' सम्मत्त॰ २१६.

पंडिविअ. त्रि॰ जलार्द्र, पानी से भीजा हुआ. Wet with water. दे॰ ६,२०.

पंति. स्त्री॰ वेणी, केश रचना. A braid of hair. दे॰ ६,२.

पंथुच्छुहणी. स्त्री॰ श्वसुर गृह से पहली बार आनीत स्त्री. A woman brought from her father-in-law's house the first time. दे॰ ६,३५.

पंपुअ. त्रि॰ दीर्घ, लम्बा. Long. दे॰ ६,१२.

पंफुल्लिअ. त्रि॰ गवेषित, जिसकी खोज की गई हो वह. Researched; Inquired; One who has been searched. दे॰ ६,१७.

पंसुल. पुं॰ (१) कोकिल, कोयल. A cuckoo. (२) जार, उपपति. A paramour. दे॰६,६६; (३) त्रि॰ बद्ध, रोका हुआ. Detained; Stopped. षड्॰

पक्क. त्रि॰ (१) दृप्त, गर्वित. Proud; Arrogant. (२) समर्थ, पक्का, पहुँचा. हुआ. Able; Powerful; Mature. दे॰ ६,६४; पाअ॰

पक्कग्गाह. पुं॰ (१) मकर, मगरमच्छ. An alligator. दे॰ ६,२३; (२) पानी में बसने वाला, सिंहाकार जल-जन्तु. An aquatic animal having the form of a lion. से॰ ५,४७.

पक्कण. त्रि॰ (१) असहन, असहिष्णु. Intolerable; Unable to bear. (२) समर्थ, शक्त.

Able ; Powerful. दे० ६,६६; (३) पुं०. चाण्डाल. A butcher. सं० ६३; (४) एक नीच जाति का घर, शबर गृह. The house of a lower caste. पंरा० ५२.

पक्कणउल. न० (१) चाण्डाल का घर. The house of a butcher. बृह० ३; (२) एक गर्हित कुल. A censured family. आव० ३.

पक्कणि. त्रि० (१) अतिशय शोभमान, खूब शोभता हुआ. Very good looking (२) भग्न, भांगा हुआ. Broken. (३) प्रियंवद, प्रिय-भाषी. Sweet-speaking. दे० ६,६५.

पक्कल. त्रि० (१) समर्थ, शक्त. Able. सुर० ११, १०४; हे० २, १७४; पाअ० वज्जा० ३४; (२) दर्प-युक्त, गर्वित. Proud ; Arrogant. सुर० ११,१०४; गा० ११८; (३) प्रौढ़. Full grown. गा० ८१२; पि० ४३६.

पक्कसावअ. पुं० (१) शरभ. A fabulous animal said to be stronger than a lion. (२) व्याघ्र. A tiger. दे० ६,७५.

पक्खडिअ. त्रि० प्रस्फुरित, विजृम्भित, समुत्पन्न. Quivering ; Trembling ; Tremulous दे० ६, २०.

पक्खर. न० (१) पाखर, अश्व-संनाह, घोड़े का कवच. An armour of a horse. कुम० ४४६; पिंग० (२) पुं० जहाज की रक्षा का एक उपकरण. An implement to protect a vessel. सिरि० ३८७.

पक्खरा. स्त्री० पाखर, अश्व संनाह. An armour of a horse. दे० ६,१०; विवा० १,२.

पगय. न० पग, पाँव, पर. A leg. महा०

पगल. त्रि० पागल, उन्मत्त. Mad ; Intoxicated. आकु० १०६.

पग्गेज्ज. पुं० निकर, समूह. A collection ; A multitude. दे० ६,१५.

पच्चड्डिया. स्त्री० मल्लों का एक प्रकार का करण. A kind of action or sleight of wrestlers. विशे० ३३५७.

पच्चत्तर. न० चाटु, खुशामद. Flattery ; False praise. दे० ६,२१.

पच्चवलोक. त्रि० आसक्त चित्त वाला, तल्लीन मनस्क. Having the mind fixed on some object. दे० ६,३४.

पच्चल. त्रि० (१) पक्का, समर्थ, पहुँचा हुआ. Able ; Acute. दे० ६.६६; सुपा० ३४; सुर० १,१४; कुप० ६६; पाअ० (२) असहन, असहिष्णु; Intolerable ; Unable to bear. दे० ६,६६.

पच्चवर. न० मुसल. A wooden pestle. दे० ६,१५.

पच्चालिय. त्रि० आर्द्र किया हुआ, गीला किया हुआ. Wetted ; Moistened. स० ३०८.

पच्चुच्छुहणी. स्त्री० नूतन सुरा, ताजा दारू. Fresh liquor. दे० २,३५.

पच्चुत्थ. त्रि० प्रत्युप्त, फिर से बोया हुआ. Sowed again. दे० ६,१३.

पच्चुद्धरिअ. त्रि० संमुखागत, सामने आया हुआ. Come in front. दे० ६,२४.

पच्चुद्धार. पुं० संमुख आगमन. To come in front. दे० ६,२४.

पच्चुहिअ. त्रि० प्रस्नुत, प्रक्षरित. Milked. दे० ६,२५.

पच्चूढ. न० भोजन करने का पात्र. A dining dish. दे० ६,१२.

पच्चूह. पुं० सूर्य, रवि. The sun. दे० ६,५; गा० ६०४; पाअ०

पच्चेड. न० मुसल. A wooden pestle. दे० ६,१५.

पच्चोणी. स्त्री० संमुख आगमन. To come in front. स० २१५, ३०२; सुपा० ६१, २२७; २७६.

पच्चोयड. (१) न० तट के समीप का ऊंचा प्रदेश. The raised place near a bank. जीवा० १; (२) आच्छादित. Covered. राय०

पच्चोवणिअ. त्रि० संमुख आया हुआ. Come in front. दे० ६,२४.

पच्चोवणी. स्त्री० संमुख आगमन. To come in front. दे० ६,२४.

पच्छंदि. त्रि० गमन करने वाला. A goer. कुमा०

पच्छाहुत्त. त्रि० पीछे की तरफ का. Of the back. सुपा० २८१.

पच्छि. स्त्री० पिटिका, पिटारी. A large box; A basket. दे० ६,१.

पच्छेणय. न० पोथय, रास्ते में निर्वाह करने की भोजन सामग्री. Provisions for a journey; Viaticum. दे० ६,२४.

पज्जण. न० पान, पीना. To drink. दे० ६,११.

पज्जतर. त्रि० दलित, विदारित. Destroyed; Ruined. षड्०

पज्जा. स्त्री० निःश्रेणि, सीढ़ी. A stair-case; A ladder. दे० ६,१.

पज्जुणसर. न० ऊख के तुल्य एक प्रकार का तृण. A kind of grass assimilating a sugar-cane. दे० ६,३२.

पज्झुत्त. त्रि० खचित, जड़ित, जड़ा हुआ. Set; Fixed. पाअ०

पट्टइल-ल्ल. पुं० पटेल, गाँव का मुखिया. The leader of a village; A chief. सुपा० २७३; ३६१.

पट्टाढा. स्त्री० पट्टा, घोड़े की पेटी, कसन. A horse-girth; A strap for a saddle. महा० कुम० १८,३७.

पट्टुया. स्त्री० पाद-प्रहार, लात. A kick. सुपा० २१७.

पट्टुहिअ. न० कलुषित जल. Dirty water. पाअ०

पट्टिअ. त्रि० अलंकृत, विभूषित. Decorated; Adorned. षड्०

पट्टिसंग. न० ककुद, बैल के कंधे का कुब्बड़. A humpback. दे० ६,२३.

पडंचा. स्त्री० ज्या, धनुष की डोर. The string of a bow. दे० ६,१४.

पडच्चर. पुं० साला जैसा विदूषक आदि. A clown like a brother-in-law. दे० ६,२५.

पडल. न० नीव्र, नरिया, मिट्टी का बना हुआ एक प्रकार का खपड़ा जिससे मकान छाये जाते हैं. An earthen tile used for roofing. दे० ६,५; पाअ०

पडवा. स्त्री० पट-कुटी, पट-मण्डप, वस्त्र-गृह. A tent; A pavilion. दे० ६,६.

पडहत्थ. त्रि० पूर्ण, भरा हुआ. Filled; Full. स० १८०.

पडाली. स्त्री० (१) पङ्क्ति, श्रेणी. A line; A row. दे० ६,६; (२) घर के ऊपर की चटाई आदि की कच्ची छत. A roof made of mats etc; The thatched roof of a house. वव० ७.

पडिअ. त्रि० विघटित, वियुक्त. Separated; Parted. दे० ६,१२.

पडिअंतअ. पुं० कर्मकर, नौकर. A servant. दे० ६,३२.

पडिअग्गिअ. त्रि० (१) परिभुक्त, जिसका परिभोग किया गया हो वह. One enjoyed; One worshipped or satisfied. (२) जिसको बधाई दी गई हो वह. One who is congratulated. (३) पालित, रक्षित. Protected. दे० ६,७४.

पडिअज्झअ. पुं० उपाध्याय, विद्या-दाता गुरु. A preceptor. दे० ६,३१.

पडिअट्टलिअ. त्रि० घृष्ट, घिसा हुआ. Rubbed; Worn out. से० ६,३१.

पडिअर. पुं० परिकर, परिवार. Retinue; Family. कुम० ४७.

पडिअलि. त्रि० त्वरित, वेग युक्त. Speedy; Quick; Hasty. दे० ६,२८.

पडिउंचरण. न० अपकार का बदला. Recompense of ingratitude. पउम० ११,१८; ४४,१६.

पडिएल्लिअ. त्रि० कृतार्थ, कृत-कृत्य. One who has accomplished the object of existence. दे० ६,३२.

पडिक्कय. पुं० प्रतिक्रिया, प्रतीकार. Resistance; Opposition. दे० ६,११.

पडिक्खर. त्रि० (१) क्रूर, निर्दय. Cruel; Pitiless. दे० ६,२५; (२) प्रतिकूल. Unfavourable; Contrary. षड्०

पडिखंध. न० जल-वहन, मशक. A leathern water bag. (२) जलवाह, मेघ. A cloud. दे० ६,२८.

पडिखंधी. स्त्री० देखो 'पडिखंध' शब्द. Vide 'पडिखंध' दे० ६,२८.

पडिखद्ध. त्रि० हत, मारा हुआ. Killed. महा०

पडिच्छंद. पुं० मुख, मुंह. A mouth. दे० ६,२४.

पडिच्छय. पुं० समय, काल. Time. दे० ६,१६.

पडिच्छिआ. स्त्री० (१) प्रतिहारी. A female door-keeper. (२) चिरकाल से ब्यायी हुई भैंस. A buffalo that has grown-up offspring; A long calved buffalo. दे० ६,२१.

पडिच्छिर. त्रि० सदृश, समान. Similar; Like दे० २,१७४.

पडिणिअंसण. न० रात में पहनने का वस्त्र. A night dress. दे० ६,३६.

पडित्थिर. त्रि० समान, सदृश. Similar; Like. दे० ६,२०.

पडिपिंडिअ. त्रि० प्रवृद्ध, बढ़ा हुआ. Increased; Grown. दे० ६,३४.

पडिभेअ. पुं० उपालम्भ. A reproach; A rebuke. पाअ०

पडियर. पुं० चूल्हे का मूल भाग. The bottom of a fire-place. दे० ६,१७.

पडिरंजिअ. त्रि० भग्न, टूटा हुआ. Broken. दे० ६,३२.

पडिरिग्गअ. त्रि० देखो 'पडिरंजिअ' शब्द. Vide 'पडिरंजिअ' षड्०

पडिलग्गल. न० वल्मीक, कीट-विशेष, कृत मृत्तिका स्तूप. An anthill. दे० ६,३३.

पडिल्ली. स्त्री० (१) वृति, बाड़. A hedge; A fence; An enclosure. (२) यवनिका, परदा. A veil; A curtain. दे० ६,६५.

पडिवेस. पुं० विक्षेप, फेंकना. To throw. दे० ६,२१.

पडिसंत. त्रि० (१) प्रतिकूल. Unfavourable; Unpropitious. (२) अस्तमित, अस्त प्राप्त. Set; Declined below the horizon. दे० ६,१६.

पडिसाइल्ल. त्रि० जिसका गला बैठ गया हो वह, घर्घर कण्ठ वाला. A hoarse-throated; One whose throat is hoarse. दे० ६,१७.

पडिसाय. पुं० घर्घर कण्ठ, बैठा हुआ गला. A hoarse throat. दे० ६,१७.

पडिसार. पुं० (१) पटुता, निपुणता. Skill; Dexterity. (२) त्रि० निपुण, पटु. Proficient; Skilled; Detxerous. दे० ६,१६.

पडिसारिअ. त्रि० स्मृत, याद किया हुआ. Remembered. दे० ६,३३.

पडिसारी. स्त्री० जवनिका, परदा. A veil; A curtain. दे० ६,२२.

पडिसिद्ध. त्रि० (१) भीत, डरा हुआ. Feared (२) भग्न, त्रुटित. Broken. दे० ६,७१.

पडिसिद्धि. स्त्री० प्रतिस्पर्धा. Rivalry; Emulation. षड्०

पडिसुत्ति. त्रि० प्रतिकूल. Unfavourable. दे० ६,१८.

पडिसूर. त्रि० प्रतिकूल. Unfavourable; Unpropitious. दे० ६,१६; भवि०

पडिसोत्त. त्रि० प्रतिकूल. Unfavourable. षड्०

पडिहच्छ. त्रि० पूर्ण. Quite full. सण०

पडिहत्थ. त्रि० (१) प्रतिक्रिया, प्रतिकार. Resistance; Opposition. (२) वचन, वाणी. A word; A speech. दे० ६,११; (३) अपूर्व, अद्वितीय. Extraordinary; Uncommon; Remarkable; Unrivalled. षड्०

पडिहत्था. स्त्री० वृद्धि. Growth; Increase. दे० ६,१७.

पडीर. पुं० चोर-समूह, चोरों का यूथ. A band of thieves. दे० ६,८.

पडुआलिअ. त्रि० (१) निपुण बनाया हुआ. Made proficient. (२) ताड़ित, पिटा हुआ. Beaten. (३) धारित. Held. दे० ६,७३.

पडुजुवइ. स्त्री० युवति, तरुणी. A young woman; A juvenile woman. दे० ६,३१.

पडुल्ल. न० (१) लघु पिठर, छोटी थाली. A small dish. (२) त्रि० चिरप्रसूत. A female who gives birth after a long time; A female who gets pregnant after a long time. दे० ६,६८.

पडुवइअ. त्रि० तीक्ष्ण, तेज. Pointed; Sharp. दे० ६,१४.

पडुवत्ती. स्त्री० जवनिका, परदा. A veil; A curtain. दे० ६,२२.

पडोअ. त्रि० बाल, लघु, छोटा. Small; Diminutive. दे० ६,६.

पडोयार. पुं० परिकर. A collection; A multitude. ओघ० ३४२.

पडोयार. पुं० उपकरण. An implement. पिंड० २८.

पडोहर. न० घर का पीछला आँगन. The hind court of a house. दे० ६,३२; गा० ३११; काप्र० २२४.

पड्ड. त्रि० धवल, सफेद. White. दे० ६,१.

पड्डंस. पुं० गिरि-गुहा, पहाड़ की गुफा. The cave of a mountain. दे० ६,२.

पड्डच्छी. स्त्री० भैंस. A buffalo. ओघ० ८७.

पड्डत्थी. स्त्री० (१) बहुत दूधवाली. Giving much milk. (२) दोहने वाली. A female milker; A milkmaid. दे० ६,७०.

पड्डय. पुं० भैंसा. A he-buffalo. महा०

पड्डला. स्त्री० चरण-घात, पाद-प्रहार. A kick. दे० ६,८.

पड्डस. त्रि० सुसंयमित, अच्छी तरह से संयमित. Well-restrained; Well-controlled. दे० ६,६.

पड्डाविअ. त्रि० समापित, समाप्त कराया हुआ. Finished; Completed. षड्०

पड्डिया. स्त्री० (१) छोटी भैंस. The young one of a buffalo. (२) छोटी गौ, बछिया. A calf; The young one of a cow. विवा० १,२; (३) प्रथम प्रसूता गौ. A newly calved cow. (४) नव प्रसूता महिषी. A buffalo first delivered. बव० ३.

पड्डी. स्त्री० प्रथम-प्रसूता. A female who delivered first time. दे० ६,१.

पड्डुआ. स्त्री० चरण-घात, पाद-प्रहार. A kick. दे० ६,८.

पणअसिअ. त्रि० प्रकटित, व्यक्त किया हुआ. Published. दे० ६,३०.

पणाय. पुं० पंक, कर्दम. Mud; Mire. दे० ६,७.

पणवण्णा. स्त्री० न० पचपन. Fifty-five. दे० ६,२७; पन्न०

पणामणित्रा. स्त्री० स्त्री विषयक प्रणय. Love pertaining to a woman. दे० ६, ३०.

पणिश्र. त्रि० प्रकट, व्यक्त. Open; Clear; Public. दे० ६,७.

पणिआ. स्त्री० करोटिका, सिर की हड्डी. The bone of the brain. The head-bone. दे० ६,३.

पणिलिश्र. त्रि० हत, मारा हुआ. Killed पन्न०

पण्णाग. त्रि० दुर्गन्धी. Putrid; Bad smelling. राज०

पत्तउर. पुं० वनस्पति विशेष, एक जात का गाछ. A kind of vegetable. पन्न० १.

पत्तट्ठ. त्रि० सुन्दर, मनोहर. Beautiful; Handsome. दे० ६,६८.

पत्तण. न० (१) इषु फलक, बाण का फल. The blade of an arrow. (२) पुंख, बाण का मूल भाग. The feathered part of an arrow. दे० ६,६४; गा० १०००.

पत्तणा. स्त्री० (१-२) देखो पत्तण शब्द. Vide पत्तण. गउड० से० १२,७३; (३) पुंख में की जाती रचना विशेष. A kind of decoration in the feathered part of an arrow. से० ७,४२.

पत्तपसाइआ. स्त्री० पत्तियों की एक तरह की पगड़ी, जिसे भील लोग पहनते हैं. A kind of turban made of leaves which is worn by Bheels. दे० ६,२.

पत्तपिसालस. न० देखो 'पत्तपसाइआ' शब्द. Vide. 'पत्तपसाइआ' दे० ६,२.

पत्तल. त्रि० (१) तीक्ष्ण, तेज. Pointed; Sharp. दे० ६,१४; वज्जा० ६०; (२) पतला, कृश. Thin; Slender. दे० ६,१४; वज्जा० ४६.

पत्तली. स्त्री० कर विशेष, एक प्रकार का राज-देय. A kind of tax. सुपा० ४९३.

पत्तिसमिद्ध. त्रि० तीक्ष्ण. Sharp; Pointed. दे० ६,१४.

पत्ती. स्त्री० पत्रों की बनी हुई एक तरह की पगड़ी, जिसे भील लोग सिर पर पहनते हैं. A kind of turban made of leaves worn by Bheels. दे० ६,२.

पत्थर. न० पाद-ताडन, लात. A kick. पन्न०

पत्थरभल्लिश्र. न० कोलाहल करना. To make a noise; To bustle. दे० ६,३६.

पत्थरा. स्त्री० चरण घात, लात. A kick. दे० ६,८.

पत्थरिश्र. पुं० पल्लव. A skirt; A border. दे० ६,२०.

पत्थारी. स्त्री० (१) निकर, समूह. A collection; A multitude. दे० ६,६४; (२) शय्या, बिछौना. A bed. दे० ६,६४; पात्र. सुपा० ३२०.

पत्थिश्र. त्रि० शीघ्र, जल्दी करने वाला. Speedy; Quick. दे० ६,१०.

पत्थी. स्त्री० पात्र, भाजन. A vessel. गा० २४० अ०

पत्थीण. न० (१) स्थूल वस्त्र, मोटा कपड़ा. A coarse garment. (२) त्रि० स्थूल, मोटा. Large; Great; Coarse. दे० ६,११.

पद्द. न० (१) ग्राम स्थान. A village-locality. दे० ६,१; (२) छोटा गाँव. A small village. पाश्र०

पद्धर. त्रि० ऋजु, सरल, सीधा. Easy. दे० ६,१०; (२) शीघ्र. Speedy; Hasty. 'पद्धरपएहिं' सिरि० ४३२.

पद्धार. त्रि० जिसका पूंछ कट गया हो वह, पूंछ-कटा. Having a cut tail; Tailless. दे० ६,१३.

पप्पीश्र. पुं० चातक पक्षी. The name of

a bird which is supposed to live only on rain drops. दे० ६,२.

पप्फाड. पुं० अग्नि विशेष. A kind of fire. दे० ६,६.

पप्फिडिअ. त्रि० प्रतिफलित. Fruitful. दे० ६,२२.

पप्फुअ. त्रि० (१) दीर्घ, लम्बा. Long. (२) उड्डीयमान, उड़ता. Flying. दे० ६,६४.

पम्मि. पुं० पाणि, हाथ, कर. A hand. पइ०

पम्हर. पुं० अपमृत्यु, अकाल मरण. A premature death. दे० ६,३.

पम्हल. पुं० किंजल्क, पद्म आदि का केसर. Pollen of a lotus. दे० ६,१३; पइ०

पम्हार. पुं० अपमृत्यु, अनमौत मरण. A premature death. दे० ६,३.

पम्हुट्ठ. त्रि० (१) नष्ट, नाश प्राप्त. Ruined; Destroyed. हे० ४,२५८; (२) विस्मृत. Forgotten. 'पम्हुट्ठ विम्हरिअं' पाअ० नाया० १,८.

पयडि. स्त्री० मार्ग, रास्ता. A road; A way. सट्टि० १४२.

पयड्डणी. स्त्री० (१) प्रतीहारी. A door-keeper. (२) आकृष्टि, आकर्षण. Attraction. (३) महिषी. A buffalo. दे० ६,७२.

पयण. न० अनिश, निरन्तर. Continuity, Constant. दे० ६,६.

पयल. पुं० नीड, पक्षि-गृह. The nest of a bird. दे० ६,७.

पयलाइया. स्त्री० हाथ से चलने वाले जन्तु की एक जाति. A kind of worm that walks with hands. सूय० २,३,२५.

पयलाय. पुं० (१) हर, महादेव. Mahadeo; The God Shiva. दे० ६,७२; (२) सर्प, साँप. A serpent; A snake दे० ६,७२; पइ०

पयलायभत्त. पुं० मयूर, मोर. A pea-cock. दे० ६,३६.

पयवई. स्त्री० सेना, लश्कर. An army; A force; A troop. दे० ६,१६.

पया. स्त्री० चुल्ली, चुल्हा. A fire-place. राज०

पयाम. न० अनुपूर्व, क्रमानुसार. According to order. दे० ६,६; पाअ०

परक. न० छोटा प्रवाह. A streamlet. दे० ६,८.

परडा. स्त्री० सर्प-विशेष. A kind of serpent. दे० ६,५; 'गुरुय परडाए' सुपा० ६२०.

परद्ध. त्रि० (१) पीड़ित, दुःखित. Afflicted; Distressed; Pained. दे० ६,७०; पाअ० सुर० ७,४; १६,१४४; उप० पृ० २२०; महा० (२) पतित. Fallen; Disgraced. (३) भीरु, डरपोक. Timid; Cowardly. दे० ६,७०; (४) व्याप्त. Pervaded; Spread. 'जीइ परद्धा' धम्मो० १४.

परभत्त. त्रि० भीरु, डरपोक. Timid; Fearful; Timorus. पइ०

परभाअ. पुं० सुरत, मैथुन. Sexual intercourse; Coition. दे० ६,२७.

परमुहत्त. पुं० वृक्ष, पेड़, दरख़्त. A tree. दे० ६,२६.

पराहुत्त. त्रि० विमुख, पराङ्मुख. That has turned his face away. ग० २५५; से० १०,६४; उप० पृ० ३८८; ओघ० ५१४; वज्जा० २६; 'महविणयपराहुत्तो; पउम० ३३,७४; सुख० २,१७.

परि. स्त्री० गीति, गीत. A song; A hymn. कुमा०

परिअट्ट. पुं० रजक, धोबी. A washerman. दे० ६,१५.

परिअट्टलिअ. त्रि० परिच्छिन्न. Separated from. दे० ६,२६.

परिअट्टविअ. त्रि० परिच्छिन्न. Separated from ; Divided off. षड्०

परिअडि. स्त्री० (१) वृति, वाड. A hedge ; (२) त्रि० मूर्ख, बेवकूफ. Foolish ; Silly. दे० ६,७२.

परिअड्डिअ त्रि० प्रकटित, व्यक्त किया हुआ. Published. षड्०

परिअत्त. त्रि० प्रसृत, फैला हुआ. Spread. हे० ४,२६२.

परिअर. त्रि० लीन, निमग्न. Absorbed in ; Engrossed in. दे० ६,२४.

परिअल-परिअलि. पुं० स्त्री० थाल, थलिया, भोजन पात्र. A big dish ; A large plate. भवि० दे० ६,१२.

परिआल. त्रि० परिवृत, परिवेष्टित. Encircled ; Encompassed गउड०

परिउत्थ. त्रि० प्रोषित, प्रवास में गया हुआ. Gone for travelling. दे० ६,१२.

परिओस. पुं० विशेष द्वेष. Much rancour ; Malice. भवि०

परिक्खाइअअ. त्रि० परिक्षीण. Vanished ; Decayed. षड्०

परिखंध. पुं० काहार, कहार, जलादि वाहक नौकर. A palanquin-bearer. दे० २,२७.

परिखिअ. त्रि० उत्क्षिप्त, ऊपर फेंका हुआ. Thrown up. षड्०

परिच्छूढ. त्रि० (१) उत्क्षिप्त, फेंका हुआ. Thrown. दे० ६,२५; नमि० ६; (२) परित्यक्त. Abandoned ; given up. से० १३,१७.

परिपिरिया. स्त्री० वाद्य विशेष. A kind of musical instrument. भग० ५,४.

परिपुंगल. त्रि० श्रेष्ठ, उत्तम. Best; Excellent. 'परिपुंगलु होसइ' भवि०

परिभंत. त्रि० (१) निषिद्ध, निवारित. Prohibited ; Forbidden. (२) भीरु, डरपोक. Timid ; Fearful ; Timorous. दे० ६,७२.

परिमास. पुं० नौका का काष्ठ विशेष. The particular wood of a boat. नाया० १,६.

परिमोक्कल. त्रि० स्वैर, स्वच्छन्दी. Wanton ; Unrestrained. भवि०

परिलिअ. त्रि० लीन, तन्मय. Absorbed in ; Engrossed in. दे० ६,२४.

परिल्लवास. त्रि० अज्ञात-गति. One whose gait is unknown. दे० ६,३३.

परिवारिअ. त्रि० घटित, रचित. Composed ; Made ; Moulded; Formed. दे० ६,३०.

परिवास. पुं० खेत में सोने वाला पुरुष. One who sleeps in the field ; A field-sleeper. दे० ६,२६.

परिवाह. पुं० दुर्विनय, अविनय. Impoliteness; Uncivilisation ; Rudeness. दे० ६,२३.

परिह. पुं० रोष, गुस्सा. Wrath ; Anger. दे० ६,७.

परिहच्छ. पुं० मन्यु, रोष, गुस्सा. Anger ; Wrath. दे० ६,७१.

परिहट्टि. स्त्री० आकृष्टि, आकर्षण, खींचाव. Attraction. दे० ६,२१.

परिहण. न० वस्त्र, कपड़ा. A garment. दे० ६,२१; पाअ० हे० ४,३४१; सुर० १,२५; भवि०

परिहत्थ. पुं० जलजन्तु विशेष. A kind of insect of water ; An aquatic insect. 'परिहत्थमच्छपुंछच्छडअच्छोडणपोच्छलं' सुर० १३,४१; 'परिहत्थभमं' नाया० १,१३.

परिहलाविअ. पुं जल-निर्गम, मोरी, पनाला. A gutter ; A drain. दे० ६,२३.

परिहाइअ. त्रि० परिक्षीण. Vanished ; Decayed. षड्०

परिहाय. त्रि० क्षीण, दुर्बल. Weak ; Feeble. दे० ६,२५; पाअ०

परिहारिणी. स्त्री० देर से ब्याई हुई भैंस. A buffalo which gave birth to a young

long ago ; A long calved buffalo. दे० ६,३१.

परिहाल. पुं० जल-निर्गम, मोरी. A gutter; A drain. दे० ६,२१.

परिहेरग. न० आभूषण विशेष. A kind of ornament. ओव०

परीयल्ल. पुं० वेष्टन. A wrapper. 'तिपरीयल्लमणिस्सइ' ओघ० ७०६.

परेअ. पुं० पिशाच. A demon ; An evil spirit दे० ६, १२; पाअ० षड्०

परेवय. न० पाद-पतन. A kind of salutation. दे० ६,१६.

पल. न० स्वेद, पसीना. Sweat ; Perspiration. दे० ६,१.

पलक. त्रि० लम्पट. Lustful ; Addicted to licentious pleasures. 'इय विसयपलकओ' कुप्र० ४२७; नाट०

पलस. न० (१) कर्पास-फल. Cotton-pods. (२) स्वेद, पसीना. Sweat ; Perspiration. दे० ६,७०.

पलसु. स्त्री० सेवा, पूजा, भक्ति. Worship ; Devotion. दे० ६,३.

पलहि. पुं० स्त्री० कपास. Raw-cotton. दे० ६,४; पाअ० बजा० १८६; हे० २,१७४.

पलहिअ. त्रि० (१) विषम, असम. Difficult (२) पुं० न० आवृत जमीन का वास्तु. The ceremony of entering the enclosed place. दे० ६,१५.

पलहिअअ. त्रि० मूर्ख, पाषाण-हृदय. Foolish ; Hard-hearted. षड्०

पलाअ. पुं० चोर, तस्कर. A thief. दे० ६,८.

पलासि. स्त्री० भल्ली, छोटा भाला, शस्त्र विशेष. A small spear. दे० ६,१४.

पलिहअ. त्रि० मूर्ख, बेवकूफ. Foolish ; Silly. दे० ६,२०.

पलिहइ. स्त्री० क्षेत्र, खेत. A field. 'मियपलिहईइ दोहिपि' सुर० १५,२०१.

पलिहस्स. न० ऊर्ध्व दारु, काष्ठ-विशेष. A kind of wood. दे० ६,१६.

पलिहाय. पुं० देखो 'पलिहस्स' शब्द. Vide 'पलिहस्स' दे० ६,१६.

पलोट्टजीह. त्रि० रहस्य-भेदी, छानी बात को प्रगट करने वाला. A revealer of secrets. दे० ६,३५.

पल्लट्ट. पुं० पर्वत विशेष. The name of a mountain. पण्ह० १,४.

पल्लवाय. न० क्षेत्र, खेत. A field. दे० ६,२६.

पल्लविअ. त्रि० लाक्षा-रक्त Red. दे० ६,११ पाअ०

पल्लिअ. त्रि० (१) आक्रान्त. Overpowered ; Overcome. निसी० चू० २; (२) ग्रस्त. Seized ; Eclipsed. निसी० चू० १. (३) प्रेरित. Instigated : Excited. 'पल्लहा पल्लिआरहइव' धण० ४७.

पल्लित्त. त्रि० पर्यस्त. Given up, Abandoned. षड्०

पल्लोट्टजीह. त्रि० देखो 'पलोट्टजीह' शब्द. Vide 'पलोट्टजीह' षड्०

पवंगुल पुं० न० मच्छी पकड़ने का जाल-विशेष. A fishing net. विवा० १,८.

पवत्तिया. स्त्री० संन्यासी का एक उपकरण. The implement of an ascetic. कुप्र० १७२.

पवड्ढ. पुं० घन, हथौड़ा. A large hammer. दे० ६,११.

पवरंग. न० सिर, मस्तक. The head. दे० ६,२८.

पवहाइअ. त्रि० प्रवृत्त. Engaged in ; Embarked upon. दे० ६,३४.

पविआ स्त्री० पक्षी का पान-पात्र. A water-drinking vessel for birds. दे० ६,७; ८,१२; पाअ०

पविग्ग. त्रि० विस्मृत. Forgotten. षड्०

पविरइअ. त्रि० त्वरित. शीघ्रता-युक्त. Speedy ;

Quick. दे० ६,२८.

पविरंजव. त्रि० स्निग्ध, स्नेह-युक्त. Loving; Affectionate. षड्०

पविरंजिअ. त्रि० (१) स्निग्ध, स्नेह-युक्त. Loving. (२) कृत-निषेध, निवारित. Prohibited; Forbidden. दे० ६,७४.

पव्वइसेल्ल. न० बाल-मय. कंडक, तावीज. A particular ornament worn round the arm etc. viewed generally as an amulet. दे० ६,३१.

पव्वज्ज. पुं० (१) नख. A nail. (२) शर, बाण. An arrow. (३) बाल मृग. A young deer. दे० ६,६६.

पव्वावण. न० प्रयोजन. A purpose; An object पिंड० ४१.

पव्विद्ध. त्रि० प्रेरित. Urged; Incited. दे० ६,११.

पसंडि. न० कनक, सुवर्ण. Gold. दे० ६,१०.

पसय. पुं० (१) मृग-विशेष. A kind of deer. दे० ६,४; पण्ह० १,१; भवि० सण० महा० (२) मृग-शिशु. The young of a deer. विवा० १,४.

पसरेह. पुं० किंजल्क. A tendril; The clasper of a vine. दे० ६,१३.

पसल्लिअ. त्रि० प्रेरित. Incited. षड्०

पसवडक्क. न० विलोकन. Observation; Inspection. दे० ६,१०.

पसाइआ. स्त्री० भिल्ल के सिर पर का पर्ण-कुट, भिल्लों की पगड़ी. A Bheel's turban. दे० ६,२.

पसिअ. न० पूग-फल, सुपारी. A nut. दे० ६,६.

पसिंडि. न० कनक, सुवर्ण. Gold. पाअ०

पसुहत्त. पुं० वृक्ष, पेड़. A tree. दे० ६,२६.

पसूअ. न० पुष्प, फूल. A flower. दे० ६,६; पाअ० भवि०.

पहएल्ल. पुं० पूप, पूआ, खाद्य-विशेष. Fattened parched rice. दे० ६,१८.

पहट्ठ. त्रि० (१) दृप्त, उद्धत. Obstinate; Stubborn. दे० ६,६; षड्० (२) अचिरतर दृष्ट, थोड़े ही समय के पूर्व देखा हुआ. Seen before a short time; Just seen. षड्०

पहण. न० कुल, वंश. A Family; A generation. दे० ६,५.

पहणि. स्त्री० संमुखागत का निरोध, सामने आए हुए का अटकाव. Detention of the front come. दे० ६,५.

पहद. त्रि० सदा दृष्ट. Always seen. दे० ६,१०.

पहम्म. न० (१) सुर-खात, देव-कुण्ड. A basin consecrated to a deity. दे० ६,११; (२) खात-जल, कुण्ड. A basin. (३) विवर, छिद्र. A hole. से० ६,४३.

पहयर. पुं० निकर, समूह, यूथ. A collection; A multitude. दे० ६,१५; जय १३; पाअ०

पहिअ. त्रि० मथित, विलोडित. Churned. दे० ६,६.

पहिल. त्रि० पहला, प्रथम. First. संक्षि० ४७; भवि० पि० ४४६.

पहेणय. न० उत्सव. A festival. दे० ६,७३.

पहोइय. त्रि० (१) प्रवर्तित. Diffused; Spread. (२) प्रभुत्व. Greatness. दे० ६,२६.

पाइअ. न० वदन विस्तार, मुँह का फैलाव. Extension of the mouth. दे० ६,३६.

पाउ. पुं० स्त्री० (१) भक्त, भोजन. Diet; Food (२) इक्षु, ऊख. A sugar-cane. दे० ६,७५.

पाउअ. न० (१) हिम, अवश्याय. Snow. दे० ६,३८; (२) भक्त. Diet; Food. (३)

इक्षु. A sugar-cane. दे० ६,७५.

पाउक्क. त्रि० मार्गीकृत, मार्गित. Definite path made out; Definite line marked for future advance. दे० ६,४१.

पाउग्ग. त्रि० सभ्य, सभासद. A member. दे० ६,४१; सया०

पाउग्गिअ. त्रि० (१) जूआ खेलाने वाला. One who causes to gamble. (२) सोढ, सहन किया हुआ. Endured. दे० ६,४२; पाअ०.

पाउरण. न० कवच, वर्म. Armour. षड्०

पाउरणी. स्त्री० कवच, वर्म. Armour. दे० ६,४३.

पाउहारी. स्त्री० भक्त को लाने वाली, भात-पानी ले आनेवाली. A woman who fetches food. गा० ६६४ अ०

पाए. अ० प्रभृति, 'वहां से' शुरू करके. Having begun. ओघ० १६६; बृह० १.

पांडविअ. त्रि० जलार्द्र, पानी से गीला. Wet by water. दे० ६,२०.

पाडच्चर. त्रि० आसक्त चित्त वाला. Having the mind fixed on any object. दे० ६,३५.

पाडल. पुं० (१) हंस, पक्षि-विशेष. A swan; A goose. (२) वृषभ, बैल. An ox; A bullock (३) कमल. A lotus. दे० ६,७६.

पाडलसउण. पुं० हंस, पक्षि-विशेष. A Swan; A goose. दे० ६,४६.

पाडवण. न० पाद-पतन, पैर में गिरना, प्रणाम-विशेष. A kind of salutation. दे० ६,१८.

पाडहुक. त्रि० प्रतिभू, मनौतिया, जामिनदार. A bail. षड्०

पाडिअग्ग. पुं० विश्राम. A resting place; A place of repose. दे० ६,४४.

पाडिअज्झ. पुं० पिता के घर से वधू को पति के घर ले जाने वाला. One who fetches a wife from her father's house and carries her to her husband's दे० ६,४३.

पाडिपिद्धि. स्त्री० प्रतिस्पर्धा. Rivalry; Competition. षड्०

पाडिसार. पुं० (१) पटुता, निपुणता. Skill; Dexterity. (२) त्रि० पटु, निपुण. Clever; Sharp; Acute. दे० ६,१६.

पाडिसिद्धि. स्त्री० (१) स्पर्धा. Rivalry; Competition. दे० ६,७७; कप्पू० कुप्र० ४६; (२) समुदाचार. Proper practice or usage. (३) त्रि० सदृश, तुल्य. Equal to; Like; Similar to. दे० ६,७७.

पाडिसिरा. स्त्री० खलीन-युक्ता. A female having reins. दे० ६,४२.

पाडिहच्छी–पाडिहत्थी. स्त्री० शिरो-माल्य, मस्तक स्थित पुष्प-माला. A garland of the head. दे० ६,४२; राज०

पाडी. स्त्री० भैंस की बछिया. The female young of a buffalo. गा० ६५.

पाडुंकी. स्त्री० व्रणी-जखम वाले-की पालकी. A palanquin of the wounded; A stretcher for the patient. दे० ६,३६.

पाडुंगोरि. त्रि० (१) विगुण, गुण-रहित. Devoid of virtues. (२) मद्य में आसक्त. Devoted to drinking. (३) स्त्री० मजबूत वेष्टन वाली वाड़. A strong hedge. 'पाडुंगोरी च' दे० ६,७८.

